फाल्गुन, कृष्ण पक्ष 3, वर्ष 12, अंक 3, पृष्ठ 16, मूल्य: 5.00

वाराणसी, बुधवार, 8 फरवरी, 2023


# जनसंदेश टाइम्स

परख सच की

वाराणसी, लखनऊ, कानपुर, गोरखपुर एवं प्रयागराज से प्रकाशित



**अंदर - तुम ये कैसे जुदा हो गए, हर तरफ हर जगह हो गए**



**अन्दर : ऑस्ट्रेलियाई टी20 टीम के कप्तान फिंच ने खेल को अलविदा कहा**

डाक/ नगर संस्करण

E-paper : www.jansandeshtimes.net | Portal : www.jansandeshtimes.news



# किशोरी से रेप के आरोपी को दस साल की सजा

कार्रवाई

## घर पर नहीं था कोई, नौकरानी का बेटा लेकर हुआ था फरार

जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** विशेष न्यायाधीश (पाक्सो एक्ट प्रथम) त्रिभुवन नाथ की अदालत ने 14 वर्षीय छात्रा के अपहरण व दुष्कर्म के मामले में चेतगंज के पियरिया पोखरी निवासी अभियुक्त देवा चौहान उर्फ गोलू को दोषी पाते हुए दस वर्ष के कड़ी कैद व 28 हजार रुपये जुर्माना की सजा सुनाई है।

विशेष लोक अभियोजक आदित्य नारायण सिंह व वादी के अधिवक्ता पंकज कुमार सिंह के मुताबिक वादी ने चेतगंज थाने में दर्ज कराई प्राथमिकी में कहा था कि उसकी 14 वर्षीय पुत्री कक्षा 9 की छात्रा है। उसकी पुत्री 2 जनवरी 2016 को सुबह 9 बजे से घर से लापता है। वादी पत्नी के साथ फैजाबाद गया था और घर पर उसके छोटे भाई की पत्नी व उसके तीनों बच्चे मौजूद थे।

आरोप लगाया की उसके पड़ोस में रहने वाली पूर्व नौकरानी व उसका पुत्र देवा उर्फ गोलू व एक अन्य महेश चौहान उसकी पुत्री को बहला फुसलाकर घर से बाहर ले गए, तभी से उसका कहीं पता नही चल पा रहा है। अदालत ने इस मामले में विचारण के दौरान अभियोजन की तरफ से सात गवाह पेश किए गए। अदालत ने अपहरण व दुष्कर्म का दोषी पाते हुए अभियुक्त देवा को दोषी पाया और उसे सजा सुनाई। वहीं एक अन्य आरोपित को बाल अपचारी होने पर उसकी पत्रावली किशोर न्याय बोर्ड भेज दी गई। जबकि महिला आरोपित बिट्टन को साक्ष्य के आभाव में संदेह का लाभ देते हुए दोषमुक्त कर दिया गया।

### छात्रों के दो गुटों में जमकर मारपीट 5 पर मुकदमा

**चौबेपुर।** सुभाष इंटर कॉलेज चौबेपुर से पढ़कर लौट रहे एक छात्र पर बलुआ रोड के आरा मशीन के पास युवकों ने मारपीट कर घायल कर दिया। घायल छात्र को एक निजी अस्पताल में भर्ती करवाया गया। घायल छात्र अखिलेंद्र यादव पुत्र राकेश यादव निवासी खुटहना गांव का निवासी बताया गया है। छात्र के परिजनों ने पुलिस को तहरीर दी कि अखिलेंद्र यादव कॉलेज से पढ़कर सोमवार की दोपहर दो बजे लौट रहा था तभी बलुआ रोड के आरा मशीन के पास करण यादव, राहुल यादव ,अभि प्रीत, गुंजन एवं उसके साथियों ने हमला कर दिया। जिससे उसको गंभीर चोट आई। परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

## वाहन सवार बदमाशों ने चालक खलासी को लूटा

**मिर्जामुराद।** डंगहरिया गांव के पास हाइवे पर रविवार को तड़के करीब चार बजे काले रंग की स्कार्पियो सवार अज्ञात बदमाशों ने दूध लदे ट्रक के चालक व खलासी को मारपीट कर केबिन व जेब में रखा दस हजार नकदी और दो मोबाइल फोन लूट लिया। चितईपुर के कन्दवा निवासी ट्रक मालिक संदीप सिंह की तहरीर पर सोमवार की रात थाना में प्राथमिकी हुई। भदोही जिले के गोपीगंज कोतवाली अंतर्गत गोराई निवासी चालक नन्दलाल यादव ट्रक पर कानपुर स्थित अमूल की फैक्ट्री से दूध लेकर वाराणसी आ रहा था। रूपापुर से बिना नम्बर की काले रंग की स्कार्पियो सवारों ने ट्रक का पीछा कर उसे डंगहरिया के पास रोक लिया। इसके बाद स्कार्पियो सवार के कुछ अन्य साथी भी वहां आ गए। चालक व खलासी अवधेश को ट्रक से नीचे उतार खेत में ले जाकर मारने-पीटने के साथ ही जेब व ट्रक के केबिन में रखा नगदी रुपया व मोबाइल छीन ले गए थे।

## साल्वर गिरोह के दो मेंबर समेत तीन को एसटीएफ ने दबोचा

**वाराणसी।** कर्मचारी चयन आयोग (एसएससी) की ओर से आयोजित जीडी कांस्टेबल की भर्ती परीक्षा में धांधली का प्रयास करने वाले गिरोह के दो सदस्य और एक सॉल्वर को सोमवार को पांडेयपुर से एसटीएफ ने गिरफ्तार कर लिया। सदस्यों की शिनाख्त प्रयागराज के नवाबगंज थाना के पचदेवरा अट्रामपुर के शंभू कुमार सरोज और बिहार के जमुई जिले के खैरा थाना के झुंडों गांव के सौरभ कुमार यादव के रूप में हुई है। वहीं, सॉल्वर की शिनाख्त नालंदा जिले के लच्छू विगहा महानंदपुर निवासी अजीत कुमार के तौर पर हुई है। आरोपियों के पास से एक फर्जी प्रवेशपत्र, तीन मोबाइल फोन, दो फर्जी आधार कार्ड और 1160 रुपये बरामद किया गया है। लालपुर पांडेयपुर थाने में मुकदमा दर्ज कराके आरोपियों को पुलिस को सौंप दिया गया है।

13 जिलों के 61 परीक्षा केंद्रों में बीते 10 जनवरी से एसएससी की ओर से जीडी कांस्टेबल की ऑनलाइन भर्ती परीक्षा कराई जा रही है। एसटीएफ की वाराणसी इकाई के एडिशनल एसपी विनोद कुमार सिंह ने बताया कि गोरखपुर इकाई के इंस्पेक्टर सत्यप्रकाश सिंह को सूचना मिली थी कि प्रयागराज निवासी दिलीप कुमार उर्फ डीके और सलमान ने परीक्षा में मूल अभ्यर्थियों की जगह सॉल्वर बैठाया है। दोनों को गिरोह का सरगना बताया जा रहा है। यह भी सामने आया कि छह फरवरी को पांडेयपुर स्थित देवा महिला महाविद्यालय में बनाए गए परीक्षा केंद्र में मूल अभ्यर्थी की जगह सॉल्वर परीक्षा देगा। सूचना के आधार पर ही इंस्पेक्टर पुनीत परिहार, अरविंद सिंह, दरोगा आलोक सिंह और कमांडो धीरेंद्र चौबे की टीम ने परीक्षा केंद्र पर छापा मारा और सॉल्वर अजीत कुमार को पकड़ लिया। अजीत अभ्यर्थी मोहम्मद नफीस की जगह परीक्षा दे रहा था। अजीत कुमार की निशानदेही पर परीक्षा केंद्र के बाहर से ही सौरभ कुमार यादव और शंभू कुमार सरोज को गिरफ्तार किया गया।

## संक्षेप

### प्रोफेसर ने बाइक सवार को मारी टक्कर

**वाराणसी।** बीएचयू परिसर में स्थित पुराना पेट्रोल पंप के समीप मंगलवार देर शाम अनियंत्रित फोर्ड फिगो कार सवार एग्रीकल्चर विभाग के प्रोफेसर ने एक मोटरसाइकिल सवार को टक्कर मार दी। इसके बाद भागने के चक्कर में दूसरे मोटरसाइकिल सवार को भी टक्कर मार दिया। जिसके बाद वहां छात्रों ने दौड़ाकर प्रोफेसर को पकड़ा उनके कार का शीशा तोड़ दिया। और उन पर जमकर पिटाई कर प्रॉक्टोरियल बोर्ड के हवाले कर दिया। सूचना मिलने पर लंका पुलिस भी मौके पर पहुंची पुलिस ने बताया कि हादसे में घायलों को मामूली चोट आई जिनका ट्रामा सेंटर में इलाज कराया गया। प्रोफेसर के खिलाफ तहरीर मिलते ही कार्रवाई की जाएगी।

### 92.82 प्रतिशत दुकानों का नवीनीकरण हुआ

**वाराणसी।** सत्र 2023-24 के लिए देशी शराब, विदेशी मदिरा, बीयर एवं मॉडलशाप व भाँग की दुकानों का नवीनीकरण कराया जा रहा है। नवीनीकरण प्रक्रिया के अन्तर्गत सात फरवरी को 12:00 बजे तक देशी शराब की दुकान - 381 में से 355 दुकान, विदेशी मदिरा की दुकान 184 में से 165 दुकान, बीयर की दुकान 164 में से 160 दुकान एवं मॉडलशाप की 13 में से 12 भाँग की दुकान-94 में से 84 दुकानों का नवीनीकरण कराया जा चुका है। इस प्रकार जनपद में दुकानों की कुल संख्या-836 में से 776 अर्थात 92.82 प्रतिशत दुकानों का नवीनीकरण कराया जा चुका है। शेष 60 दुकानों की ई-लाटरी के माध्यम से व्यवस्थापन कराया जायेगा जिसमें अधिक से अधिक आवेदन आने की सम्भावना है। प्रथम ई-लाटरी की प्रक्रिया 20 फरवरी से प्रारम्भ होगी और 28 फरवरी को ई-लाटरी करायी जायेगी। जिसमें शेष दुकानों का व्यवस्थित होना अतिसम्भावी है।

### पत्नी ने पति पर दर्ज करायी दहेज प्रताड़ना की रपट

**वाराणसी।** भेलूपुर थाना क्षेत्र के बजरडीहा इलाके में स्थित देवपोखरी मोहल्ले में रहने वाली सीमा सिंह ने पति रामबली सिंह के खिलाफ दहेज उत्पीड़न और घर में बंदकर मारपीट करने के मामले में रपट दर्ज करायी। पति बीएलडब्ल्यू में कर्मचारी है और शराब का आदी है और आए दिन मारपीट के साथ ही प्रताड़ित करता है। जिसकी शिकायत पूर्व में भी पुलिस से की जा चुकी है। इसके बाद भी बीते रविवार की सुबह पिटाई करने लगा। जिसकी सूचना पुलिस चौकी पर देने जाने के लिए घर से बाहर निकलने पर जबरी घर में ले जाकर बंद कर दिया। इंस्पेक्टर भेलूपुर ने बताया कि आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी पहले भी कई बार उसे समझाया जा चुका है।

### वाहन के धक्के से महिला की मौत

**चोलापुर।** चोलापुर थाना क्षेत्र के उदयपुर चौकी क्षेत्र के चमरहा बाजार में मंगलवार दोपहर सड़क पार करते समय एक महिला की वाहन के धक्के से मौत हो गई। उसके गोद में डेढ़ वर्ष की बच्ची गंभीर रूप से घायल हो गई। रमेरेपुर पहड़िया निवासिनी साधना राजभर (28) अपने माता प्रभावती देवी के साथ गोपपुर गांव में अपने बीमार नान को देखने गई थी। मंगलवार दोपहर वापस अपने मायका पहाड़पुर जाने के लिए चमरहा बाजार में स पार कर रही थी। वाराणसी-आजमगढ़ हाइवे पर तेज रफ्तारवाहन की चपेट आने से साधना की मौत हो गई। वही उसकी गोद में रही बच्ची गंभीर रूप से घायल हो गई।

### अज्ञात वाहन से कुचलकर अधेड़ की मौत

**रामनगर।** रामनगर थाना अंतर्गत विश्व सुंदरी पुल पर मंगलवार भोर में अज्ञात वाहन से कुचलकर लगभग 42 वर्षीय अधेड़ की मौत हो गई। राहगीरों की सूचना पर भीटी चौकी पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर शिनाख्त का प्रयास किया लेकिन जानकारी नहीं हो पासी। पुलिस ने लाल बहादुर शास्त्री चिकित्सालय स्थित मोर्चरी में शव को रखवा दिया है। भीटी चौकी पुलिस ने बताया के म?तक के शरीर पर मात्र एक आसमानी शर्ट और ग्रीन छींटदार स्वेटर थी। देखने से लगता था कि मृतक के शव को कई वाहनों ने कुचल दिया।

### दुधिया ने ट्रेन के सामने कूदकर दी जान

**जंसा।** जंसा थाना क्षेत्र के गहरपुर खडौरा गांव के सामने मंगलवार को दोपहर बाद दुधिया ने साइकिल खड़ी कर मालगाड़ी के सामने कूदकर जान दे दी। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। मृतक की शिनाख्त शिनाख्त जितेंद्र कुमार यादव (52) वर्ष निवासी कुड़ी थाना बड़ागांव के तौर पर हुई। परिजनों के अनुसार अधेड़ दोपहर 12 बजे दूध लेकर सत्तनपुर खमौना स्थित डेरी पर देने गया था उसके बाद घर नहीं पहुंचा। किसी ने सूचना दी कि ट्रेन के सामने कूदकर जितेंद्र ने आत्महत्या कर ली है। आत्महत्या का कारण नहीं चल पाया।

# इंस्पेक्टर भेलूपुर को सीजेएम ने भेजा नोटिस

नितेश हत्या काण्ड

**वाराणसी।** हत्या के मामले में दर्ज मुकदमे की विवेचना की प्रगति आख्या रिपोर्ट न देने के मामले में सीजेएम कोर्ट ने इंस्पेक्टर भेलूपुर को नोटिस जारी की और रिपोर्ट मांगी। बीते साल 12 जुलाई को थाना भेलूपुर अंतर्गत सुंदरपुर के शुकुलपुरा में मेडिकल प्रतियोगी छात्र नितेश मिश्र निवासी ग्राम शेखपुर अठगावां कोतवाली पट्टी जनपद प्रतापगढ़ की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई थी। इस मामले में मृतक के चाचा रवींद्र कुमार मिश्र ने भेलूपुर थाने में 11 नामजद एक अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कराया था। जिसमें विवेचक इंस्पेक्टर रमाकांत दुबे ने 18 दिन में ही फाइनल रिपोर्ट लगाकर अदालत में दाखिल कर दिया। इसके बाद पीड़ित ने इस मामले में सीजेएम की कोर्ट में प्रोटेस्ट दाखिल किया। जिस पर अदालत ने 20 अक्टूबर 2022 को अग्रिम विवेचना का आदेश दिया। लेकिन लगभग पांच माह से विवेचना की प्रगति की कोई जानकारी अदालत को प्राप्त नहीं हुई। जिस पर आख्या जानने के लिए कोर्ट ने कई बार विवेचक को पत्र भेजकर मामले की जानकारी मांगी। लेकिन विवेचक द्वारा कोई प्रगति आख्या अदालत में प्रस्तुत नहीं की गई। जिस पर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट अश्वनी कुमार ने नाराजगी जाहिर करते हुए सोमवार को नोटिस जारी कर 16 फरवरी को इंस्पेक्टर भेलूपुर को प्रगति रिपोर्ट न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने का आदेश दिया है।

### युवती गायब, रपट दर्ज

**मिर्जामुराद।** खजुरी पुलिस चौकी अंतर्गत पड़ने वाले एक गांव निवासिनी 16 साल की लड़की शनिवार को गायब हो गई। स्वजनों द्वारा खोजबीन करने के बाद सोमवार की रात किशोरी के भाई ने थाने में तहरीर दी और राजातालाब के टोडरपुर गांव निवासी प्रदीप राय पर बहन को घर से बहका-फुसलाकर भगा ले जाने का आरोप लगाया।

# राष्ट्रपति के आगमन से पूर्व सीपी ने जांची सुरक्षा





राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू काशी विश्वनाथ मंदिर व गंगा आरती के देखने को लेकर सुरक्षा की जानकारी लेते अधिकारी व समीक्षा बैठक करतीं डीसीपी वरुणा जोन आरती सिंह

जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू काशी विश्वनाथ मंदिर व गंगा आरती के देखने के कार्यक्रम में मद्देनजर मंगलवार पुलिस आयुक्त मुथा अशोक जैन व जिला बेकारी एस. राजलिंगम, डीसीपी काशी जोन आरएस गौतम, एसीपी दशाश्वमेध अवधेश पाण्डेय ने चप्पे चप्पे का निरीक्षण किया।

इस दौरान अतिक्रमण हटाया गया। आरती के संदर्भ में गंगा सेवा निधि अध्य, शांत मिश्रा व महासचिव हनुमान यादव से वार्ता की गई। इसके बाद डीसीपी काशी जोन आरएस गौतम ने मतहतों संग बैठक कर आगामी पर्व और राष्ट्रपति के कार्यक्रम के बाबत रूपरेखा खींची। जी-20 को लेकर डीसीपी काशी जोन आरएस गौतम ने भी मातहतों संग समीक्षा बैठक कर दिशा निर्देश दिया। उन्होंने संबन्धित विभाग से कोआर्डिनेशन कर अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाने को कहा। 18 फरवरी को महाशिवरात्रि पर जुटने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा के बाबत निर्देश दिया। होली पर्व को लेकर थानेदारों को होलिका स्थल का निरीक्षण करने को कहा साथ वहां व्याप्त समस्या को संबन्धित विभाग से मिलकर निस्तारण करने को कहा। राष्ट्रपति के आगमन को लेकर होटल लॉज आदि में चेकिंग बढ़ाने का निर्देश दिया।

### अपराधियों पर कसें नकेल, लंबित मामले का हो निस्तारण

**वाराणसी।** डीसीपी वरुणा जोन आरती सिंह ने मंगलवार को मातहतों संग अपराध समीक्षा की। बैठक में वरुणा जोन के तहत आने वाले कैण्ट, शिवपुर, लालपुर पाण्डेयपुर, सारनाथ, चौबेपुर, चोलापुर, रोहनियां, मंडुवाडीह, लोहता के थाना प्रभारी मौजूद रहे। उन्होंने मातहतों को स्पष्ट निर्देश दिया कि काम के प्रति संवेदनसील रहे। हत्या, लूट, चोरी, डकैती, नकबजनी की घटनाओं का खुलासा साथ ही अपराधियों के प्रति कड़ी कार्रवाई करने को कहा। लंबित विवेचना, महिला सम्बन्धी अपराधों की समीक्षा की। महिला हेल्प डेस्क में नियुक्त महिला कर्मियों को शिकायतकर्ता महिलाओं के साथ सरल व्यवहार करने को कहा। पैदल गश्त बढ़ाने, साइबर अपराध के रोकथाम, मिशन शक्ति, एण्टीरोमियों टीम को प्रभावी कार्रवाई करने को कहा।

### अज्ञात वाहन की चपेट में आने से मजदूर की मौत

**चौबेपुर।** चौबेपुर थाना क्षेत्र के बहादुरपुर गांव के समीप सोमवार की देर रात पैदल आ रहे मजदूर की अज्ञात वाहन की चपेट में आने से मौत हो गई। चौबेपुर के रामपुर गांव निवासी माया शंकर राम सोमवार की देर रात घर से पैदल चौबेपुर की तरफ आ रहा था। बहादुर गांव के पास रोड क्रास करते वक्त किसी अज्ञात वाहन ने धक्का मार दी। घटना स्थल पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव को थाने लाकर सोमवार की सुबह पोस्टमार्टम रिपोर्ट के लिए भेज दिया। मृतक पेशे से मजदूर था।

जनसंदेश टाइम्स
वर्गीकृत
सूचना

पहले मेरा नाम संजय कुमार राय था अब संजय कुमार राम पुत्र फूलचन्द ग्राम+पो0-किशुनदासपुर, थाना कंधरापुर, आजमगढ़ है। इसी से जाना पहचाना जाय।

मेरे पासपोर्ट पर LUCKY NISHAD S/o KAMLESH KUMAR NISHAD अंकित है जो गलत है। सही नाम HIMANSHU NISHAD S/o KAMLESH KUMAR NISHAD निवासी- नालापार, केराकत, पोस्ट-केराकत, जिला-जौनपुर के नाम से जाना व पहचाना जाये।

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पति के पेंशन (पी.पी.ओ.) रिकार्ड में मेरा नाम दुर्गावती देवी (DURGA WATI DEVI) अंकित है जब कि मेरा सही नाम दुर्गावती सिंह (DURGAVATI SINGH) है यह आधार कार्ड सहित अन्य अभिलेखों में भी दर्ज है। मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाय। दुर्गावती सिंह पत्नी स्व. सन्तविजय सिंह ग्राम-अन्नूपार, पोस्ट- केरमा, जनपद-मऊ।

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पुत्री का नाम शैल सिंह है जो उसके शैक्षणिक अभिलेख एवं आधार संख्या 496299693813 में अंकित है। पुत्री का स्वास्थ्य ठीक न होने के कारण ज्योतिषी परामर्श के अनुसार मैंने अपनी पुत्री का नाम शैल सिंह से बदलकर पृषा सिंह रख दिया है। भविष्य में मेरी पुत्री को पृषा सिंह पुत्री संदीप कुमार सिंह के नाम से जाना व पहचाना जाय। संदीप कुमार सिंह वर्तमान पता-फ्लैट संख्या-1051, ब्लाक ए, लायन इन्क्लेव, नेवादा, सुन्दरपुर, वाराणसी।

## संक्षेप

### बाबूलाल व ममता पाल विजेता



**सेवापुरी।** ओलम्पियन एवं एशिया चैम्पियन रहे मैराथन धावक गुलजारा सिंह की 20वीं पुण्यतिथि पर ओलम्पियन गुलजारा सिंह एथलेटिक्स ऐकेडमिक के बैनर तले मंगलवार को कपसेठी स्थित एक कॉलेज में बालक और बालिका वर्ग की क्रासकन्ट्री दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। शुभारंभ राष्ट्रीय खिलाड़ी विनय शंकर राय ने हरी झंडी दिखाकर किया। बालक वर्ग में चंदौली के बाबूलाल प्रथम, बढैनी के किशन कुमार द्वितीय, जौनपुर के मंगला प्रसाद तृतीय, भदोही के माता चरण बिंद चतुर्थ व वाराणसी के अभिषेक प्रजापति पंचम स्थान पर रहे। जबकि बालिका वर्ग में बढैनी की ममता पाल प्रथम, कुंवारी कलां की बेबी द्वितीय, बढैनी की वंदना राय तृतीय, भदोही की वर्तिका पटेल चतुर्थ व कोमल पटेल पंचम स्थान पर रहीं। विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। इस दौरान सचिव प्यारेलाल, डॉ. विजय नारायण वर्मा, डॉ. आरके पाल, कैलाश नाथ पाल, श्याम बिहारी मौर्य, बच्चा लल वर्मा, पप्पू पाल, रामनरेश पाल आदि थे।

### प्रदेश अध्यक्ष रीबू श्रीवास्तव का जोरदार स्वागत



**वाराणसी।** समाजवादी पार्टी महिला सभा का प्रदेश अध्यक्ष बनने पर प्रथम काशी आगमन के दौरान मंगलवार को रीबू श्रीवास्तव कार्यकर्ताओं ने जगह-जगह जोरदार स्वागत किया। प्रदेश अध्यक्ष सड़क मार्ग से लखनऊ से चलीं और सुल्तापुर, जौनपुर होते हुए बाबतपुर चौराहे पर पहुंची तो कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। उनका काफिला काजीसराय, हरहुआ, वाजिदपुर, तरना, शिवपुर, गिलट बाजार, भोजूबीर होते हुए अर्दली बाजार स्थित कार्यालय पहुंचा। यहां कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने मुझे जो जिम्मेदारी सौंपी है, उसका निर्वहन पूरी ईमानदारी से करूंगी। पूरे प्रदेश में जिला स्तर पर नयी कमेटी बनाकर महिलाओं को जागरूक किया जाएगा। जब तक महिलाएं जागरूक नही होंगी, तब तक प्रदेश का समुचित विकाश नही होगा। स्वागत करने वालों में निवर्तमान जिलाध्यक्ष सुजीत यादव लक्कड़, निवर्तमान महानगर अध्यक्ष विष्णु शर्मा, पूर्व राज्यमंत्री मनोज राय धूपचंडी, पूर्व विधायक कैलाश सोनकर, वरिष्ठ नेता प्रदीप कुमार मौर्य, निवर्तमान जिला प्रवक्ता संतोष यादव बबलू, जितेंद्र यादव, राजबहादुर पटेल, पुतुल यादव, केशर यादव, शिवप्रकाश सिंह, बाबूलाल यादव, हर्ष राजभर, रेखा पाल, किसमिस गुरु, ऊदल पटेल आदि शामिल थे।

### दो दिवसीय दौरे पर नौ को आयेंगे सपा प्रमुख अखिलेश यादव

**वाराणसी।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं नेता प्रतिपक्ष विधानसभा अखिलेश यादव का दो दिवसीय वाराणसी दौरे पर नौ फरवरी को आयेंगे। वे नौ फरवरी को पूर्वाह्न बाबतपुर एयरपोर्ट पहुंचेंगे, जहां से गाजीपुर व बलिया में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेने चले जायेंगे। वहां से लौटकर वे रात्रि विश्राम यहां करेंगे। फिर 10 फरवरी को वे सारनाथ में पूर्व एमएलसी काशीनाथ यादव एवं शशिकांत सिंह के आवास पर जायेंगे। निवर्तमान जिलाध्यक्ष सुजीत यादव लक्कड़ ने बताया कि उसी दिन वे दोपहर में चार्टर प्लेन से दिल्ली चले जायेंगे।

### नकदी सहित चोर गिरफ्तार

**सारनाथ।** फरीदपुर रिंग रोड के पास से पुलिस ने मंगलवार को नकदी सहित चोर को गिरफ्तार कर लिया। उससे पूछताछ कर जेल भेज दिया। आशापुर चौकी प्रभारी अखिलेश वर्मा ने बताया कि मुखबीर से सूचना मिली कि चोरी का एक वांछित फरीदपुर रिंग रोड पुलिया खड़ा है, कहीं भागने के फिराक में है। घेराबंदी कर उसे पकड़ लिया गया। उसके पास 21 हजार 160 रुपया बरामद किया गया। पूछताछ में उसने अपना नाम पांडेयपुर निवासी राजेन्द्र कुमार बताया। चौकी प्रभारी ने बताया कि राजेन्द्र कुमार 31 अक्टूबर को अकथा तिराहे के समीप स्थित शांति नगर कालोनी निवासी दरोगा राम सिंह के यहां चोरी की घटना में शामिल था।

### झंडी दिखाकर प्रचार प्रसार रैली रवाना

**वाराणसी।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वाधान में मंगलवार को जनपद न्यायाधीश / अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण डा० अजय कृष्ण विश्वेश व नोडल अधिकारी, लोक अदालत संजीव कुमार सिन्हा ने संयुक्त रुप से झण्डा दिखाकर राष्ट्रीय लोक अदालत प्रचार प्रसार के लिए वाहन रैली को रवाना किया। इस अवसर पर प्रीलिटिगेशन लोक अदालत के संयोजक अनूप कुमार श्रीवास्तव व इण्डियन बैंक के मुख्य प्रबन्धक राकेश चन्द्रा व विधि अधिकारी मयूरी दत्ता आदि लोग उपस्थित रहे।

# उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक पहुंचे गड़ौली धाम, स्थापना दिवस की दी बधाई

## प्रदेश के खेल व युवा कल्याण मंत्री करेंगे आज त्रिदिवसीय खेल महोत्सव का शुभारंभ



उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक का स्वागत करते सुनील ओझा

**वाराणसी।** उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक आज सायँ काल सुख,शांति और आध्यात्म के केंद्र गड़ौली धाम (काशी क्षेत्र) पहुंचे और ओ एस बालकुन्दन फाउंडेशन के संस्थापक एवं प्रदेश भाजपा के सह प्रभारी सुनील ओझा को धाम के प्रथम स्थापना दिवस की बधाई दी। 12 फरवरी को प्रथम स्थापना दिवस पर आयोजित 1008 कन्यादान महायज्ञ की शुभकामना दी।

इस दौरान उपमुख्यमंत्री ने गौ,गंगा और गौरीशंकर के पावन संगम तट गड़ौली धाम का चक्रमण कर देखा और बालेश्वर महादेव का दर्शन पूजन किया। इस दौरान ओ एस बालकुन्दन फाउंडेशन के संस्थापक सुनील ओझा ने उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक को धाम के प्रथम स्थापना दिवस के अवसर पर धाम में 08 फरवरी से प्रारंभ होने वाले 5 दिवसीय बृहद आयोजन को विस्तार से बताया।

इस खेल महोत्सव में बॉली-वाल,कबड्डी और कुश्ती दंगल होगा। 08 फरवरी को बॉली-वाल प्रतियोगिता का शुभारंभ, ओ एस बालकुन्दन फाउंडेशन के संस्थापक सुनील ओझा की उपस्थिति में प्रदेश सरकार के खेल व युवा कल्याण मंत्री गिरीश चंद्र यादव करेंगे।

प्रतियोगिता का समापन औराई विधानसभा क्षेत्र के विधायक दीनानाथ भास्कर की उपस्थिति में होगा।

### बीएसएनएल उपभोक्ता अपना केवाईसी अपडेट करा लें

**वाराणसी।** बीएसएनएल के उपभोक्ताओं को अपने मोबाइल के लिए अपना केवाईसी अपडेट करा लेने की सलाह दी गई है। उपभोक्ता अपना केवाईसी अपने नजदीकी बीएसएनएल अथवा रिटेलर के यहां जाकर अपडेट करा सकते हैं। ऐसा इसलिए किया जा रहा है कि आजकल बहुत ज्यादा फ्राड किया जा रहा है। इस पर रोक लगाने के लिए उपभोक्ताओं को अपना केवाईसी अपने नजदीकी बीएसएनएल अथवा रिटेलर के यहां जाकर अपडेट कराने को कहा गया है। बीएसएनएल के पीआरओ अनीस सिंह ने बताया कि यह कार्य बहुत पहले से ह0ी चल रहा है। जिन उपभोक्ताओं का कनेक्शन पहले का था और उनका आधार कार्ड नहीं था। काफी उपभोक्ता ऐसे भी थे जिन्होंने बिना आधारकार्ड के ही सिम ले लिया था। ऐसे उपभोक्ताओं के लिए जल्द ही केवाईसी अपडेट कराने को कहा गया है। उपभोक्ता चाहे प्राइवेट हो या सरकारी उसको लिंक कराना आवश्यक है। यह सब फ्राड से बचने के लिए किया जा रहा है। अब तो जब तक आधार कार्ड वेरीफाई नहीं होगा तब तक किसी भी उपभोक्ता को सिम नहीं दिया जायेगा। सिम लेने के लिए आधार वेरीफाई कराना होगा।

# शोधार्थियों का कंट्रोलर ऑफिस पर बेमियादी धरना जारी

आंदोलन

### कहा-सात महीने पहले मिला था प्रवेश पर अब निरस्त होने का भय

**वाराणसी।** बीएचयू में पीएचडी छात्र धरने पर बैठे हैं। कैंपस में सेंट्रल ऑफिस स्थित परीक्षा नियंत्रक कार्यालय के बाहर, छात्रों का बेमियादी धरना मंगलवार को भी जारी रहा। धरनारत सभी शोध छात्र हिंदी विभाग से हैं।

आंदोलनकारी छात्रों का कहना है कि उनकी प्रवेश परीक्षा निरस्त किए जाने की योजना चल रही है। यहां पर उसी का विरोध हो रहा है। हिंदी विभाग में जुलाई-2022 सत्र में पीएचडी एडमिशन हुए थे। सेलेक्शन के बाद कुछ लोगों ने पीएचडी की प्रवेश प्रक्रिया में गड़बड़ी का आरोप लगा दिया। बाद में इसकी जांच के लिए विश्वविद्यालय प्रशासन ने एक फैक्ट-फाइंडिंग कमेटी गठित की। रिपोर्ट तो सार्वजनिक नहीं की गई है, मगर इसमें कुछ शोध छात्रों के एडमिशन को निरस्त करने जैसा आदेश शामिल है। छात्रों ने कहा कि सात महीने से क्या उनको अंधेरे में रखा गया। इतने समय बाद प्रवेश निरस्तीकरण करना सही फैसला नहीं होगा। छात्रों ने मांग की कि फैक्ट फाइंडिंग कमेटी की रिपोर्ट सार्वजनिक की जाए। किसी भी तरह का संशोधन या प्रवेश निरस्तीकरण न किया जाए।



बीएचयू के कंट्रोलर ऑफिस पर धरना देते छात्र

यूनियन बैंक ऑफ इंडिया Union Bank of India

मर्यादपट्टी, मुख्य रोड, भदोही - 221401 (उत्तर प्रदेश)

सूचना

यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, एस एन आई भदोही शाखा, मर्यादपट्टी, भदोही द्वारा निम्नलिखित लॉकर धारकों को सूचित किया जाता है कि हमारे शाखा में जो अपने लॉकर सुविधा ले रखी है, उनका परिचालन पिछले तीन साल से नहीं हो रहा है और इसमें वार्षिक सेवा शुल्क का भुगतान भी पिछले तीन साल से नहीं हुआ, इस बाबत आपको पत्र के माध्यम द्वारा सूचित किया गया है। अतः समाचार पत्रों द्वारा आपको सूचित करना है कि यदि अगले पंद्रह दिन में आपके द्वारा इस बाबत कोई सूचना नहीं दी जाती है या शाखा से संपर्क नहीं किया जाता है तो जो लॉकर आपको आवंटित किए गये है को बैंक नियमानुसार तोड़ दिया जायेगा, जिसका सारा खर्च आपके द्वारा वहन किया जाएगा/लिया जाएगा, जिसके लिए आप स्वयं और स्वयं जिम्मेदार होंगे। लॉकर के ब्रेक ओपेन के बाद बैंक किसी भी तरह जिम्मेदार नहीं होगा और किसी भी तरह के लॉकर में रखे समान के लिए बैंक जिम्मेदार नहीं होगा।

मुख्य प्रबन्धक

| NAME OF LOCKER HOLDER | ADDRESS OF LOCKER HOLDER |
| --- | --- |
| SAMAR AZHAR ANSARI | 2156 Mother Care Nursing Home Chauri Road Bhadohi 22 |
| Muneeruddin | Bhadohi S R N Bhadohi |
| Shiv Chandra Dubey Shohan Prasad Dubey | Jagdishpur Parsipur Bhadohi |
| Prakash Narain Singh | Domainpur, Naibazar Bhadohi, Sant Ravidas Nagar |
| Sarojana and Ajay Singh | Bhadohi S R N Bhadohi |
| Rainbow Sales | Jamnipur Main Road Bhadohi Distt Bhadohi Uttar Pradesh |
| Subuktagin Ansari | Bora, Bhadohi, SRN |
| Ram Prasad Pandey | Mishri, Baraut, Allahabad |
| Anil Kumar Mishra | Ram Raipur Kariyav Bhadohi |
| Shiv Prasad and Mala Devi | Jagdishpur, Kaniyaina |
| Magadev Kumar and Purnima Singh | Bhadohi S R N Bhadohi |
| Nadim Ahmad Siddique | Gauriyana, Bhadohi |
| Raj Kumar Singh | Bhadohi S R N Bhadohi |
| Mithai Lal Ram | Bhadohi S R N Bhadohi |
| Ram Chandra Rai | Bhadohi S R N Bhadohi |
| Devi Prasad Pandey | Bhadohi, SANT Ravidas Nagar |
| Ram Narain Yadav and Jai Prakash | Bhadohi, SANT Ravidas Nagar |
| Jamil Ahmad Ansari | Bhadohi S R N Bhadohi |
| Brijes Kumar Yadav S/o Mishrilal Yadav | Kajipur Bhadohi S R N Bhadohi |
| Ramachal Mishra | 258, Nhariyanva, Hariyavan SANT Ravidas Nagar, Bhadohi |
| Chandra Prasad Mishra and Jayanti Devi | Kamalpur, Domanpur, Bhadohi |
| Lal Chandra Pandey | Bhadohi S R N Bhadohi |
| Manmohan Datt Harsh | Bhadohi S R N Bhadohi |
| Jai Shamsher Mishra | Bhadohi S R N Bhadohi |
| Harish Chandra Yadav | Raya, Bhadohi |
| Sabhajit Mata Saran Pandey | Mayee Rampur, Jaunpur |
| Arjun S/o Jai Narayan | Bhadohi S R N Bhadohi |
| Moolchand Gupta and Vinay Kumar Gupta | Sadarganj, Mariahu Jaunpur, Uttar Pradesh |
| Radha Rani and Rai Sahab Singh | Bhadohi S R N Bhadohi |
| Kailash Nath Pathak | Bhadohi S R N Bhadohi |
| Rajendra Prasad Upadhyah | Bhadohi S R N Bhadohi |
| Raja Ram Mishra | Chak Bhawani, Maudh |
| Nitu U/G Ram Lakhan | Daropur Sant Rvaidas Nagar |
| Shobha Nath | Bhadohi S R N Bhadohi |
| Yasmin Ansari | Bhadohi S R N Bhadohi |
| Shakeel Khan | Bhadohi S R N Bhadohi |
| Bhola Nath Shukla | Bhadohi S R N Bhadohi |
| Ganga Prasad | Monch, Bhadohi, SRN |
| Sharada Prasad and Rama Devi | Bhadohi S R N Bhadohi |
| Shadab Ansari | Bhadohi S R N Bhadohi |
| Jyotish Prasad Singh | Bhadohi S R N Bhadohi |
| Amerullah Khan | Bhadohi S R N Bhadohi |
| Shitala Prasad Pandey | Gyanpur, Bhadohi |
| Girish Chandra Gupta | Bhadohi S R N Bhadohi |
| Ram Lakahan Yadav | Oundila, Ashapara, Jaunpur |
| Bahadur Prasad Shukla | Bhadohi, Sant Ravidas Nagar |

फाल्गुन, कृष्ण पक्ष 3, वर्ष 12, अंक 3, पृष्ठ 16, मूल्य : 5.00

वाराणसी, बुधवार, 8 फरवरी, 2023


परख सच की

# जनसंदेश टाइम्स

वाराणसी, लखनऊ, कानपुर, गोरखपुर एवं प्रयागराज से प्रकाशित

डाक/ नगर संस्करण

E-paper : www.jansandeshtimes.net | Portal : www.jansandeshtimes.news



अंदर - तुम ये कैसे जुदा हो गए, हर तरफ हर जगह हो गए



अन्दर : ऑस्ट्रेलियाई टी20 टीम के कप्तान फिंच ने खेल को अलविदा कहा







# 24 घंटे के अंदर 5 भूकंप के झटके

## 5000 से ज्यादा मौतें, तुर्किये के 10 राज्यों में 3 महीने के लिए इमरजेंसी

**जलजला**

### तुर्किये में 70 देशों ने मदद भेजने का किया ऐलान



**नई दिल्ली।** तुर्किये और सीरिया में सोमवार सुबह 4 बजे आए भूकंप में मरने वालों की संख्या 5,151 हो गई है। हजारों लोग अभी भी लापता हैं। इस बीच तुर्किये के राष्ट्रपति रिसेप तैयप एर्दोआन ने 10 राज्यों में तीन महीने के लिए इमरजेंसी लगा दी है। यह इलाके भूकंप से सबसे ज्यादा प्रभावित हुए हैं। एर्दोआन ने बताया कि तुर्किये में 70 देशों ने मदद भेजने का ऐलान किया है। इधर, भारत ने भी तुर्किये को मदद भेजी है। इंडियन एयरफोर्स का सी-17 विमान 2 एनडीआरफ टीमों, डॉक्टरों और राहत सामग्री के साथ वहां पहुंच चुका है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी तुर्किये के हालात पर चिंता जाहिर की। मोदी मंगलवार को भाजपा संसदीय दल की बैठक में पहुंचे। सूत्रों के मुताबिक मोदी ने कहा, 'आज तुर्किये जिस हालात से गुजर रहा है, उसे मैं समझ सकता हूं। 2001 में भुज में जब भूकंप आया था, तब मैं मुख्यमंत्री था। मुझे पता है कि रेस्क्यू ऑपरेशन में क्या दिक्कतें आती हैं।' भुज में आए भूकंप में 16 हजार से ज्यादा लोगों की जान गई थी। घायलों का आंकड़ा 68 हजार से ज्यादा था।

### राहत और बचाव तेज

☛13 फरवरी तक सभी स्कूल बंद रहेंगे ☛सभी सार्वजनिक भवनों का इस्तेमाल पीड़ितों के लिए (उनके आश्रय के लिए) किया जाएगा। ☛ भूकंप प्रभावित इलाकों में 54,000 टेंट, 1,02,000 बेड भेजे गए ☛क्षेत्र में बिजली का कोहराम मच गया है ☛बचाव और मदद के लिए 70 देश और 14 अंतरराष्ट्रीय संगठन आगे आए हैं ☛अपने देश के लिए नहीं बल्कि पूरी दुनिया के लिए मैं कह सकता हूं कि यह सबसे बड़ी आपदा है ☛तीन महीने तक आपात स्थिति रहेगी ☛हमने शेल्टर के तौर पर इस्तेमाल के लिए 10,000 कंटेनर तैयार किए हैं। जिन्हें आपदा क्षेत्र भेजा गया है।

### भूंकप पर भावुक हुए पीएम मोदी

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को तुर्कि और सीरिया में आए विनाशकारी भूकंप से हुई मौतों पर शोक व्यक्त किया। शोक व्यक्त करते समय पीएम मोदी काफी भावुक हुए और गुजरात के भुज में 2001 में आए शक्तिशाली भूकंप को याद किया, जिसमें हजारों लोगों की जान चली गई थीं। बजट सत्र की कार्यवाही से पहले भाजपा की संसदीय दल की बैठक बुलाई गई थी। बैठक को संबोधित करते हुए, पीएम मोदी ने भुज में आए विनाशकारी भूकंप को याद कर उस समय चलाए गए राहत व बचाव कार्यों में उत्पन्न चुनौतियों पर प्रकाश डाला। बता दें कि भुज में जब शक्तिशाली भूकंप आया था, तब नरेन्द्र मोदी गुजरात के मुख्यमंत्री थे।

# हत्या के दोषी गुड्डू को आजीवन कारावास

**फैसला**

### साढ़े 16 वर्ष पूर्व हुए ललई हत्याकांड का मामला

**सोनभद्र।** साढ़े 16 वर्ष पूर्व हुए ललई हत्याकांड के मामले में अपर सत्र न्यायाधीश द्वितीय सोनभद्र राहुल मिश्रा की अदालत ने मंगलवार को सुनवाई करते हुए दोष सिद्ध पाकर दोषी गुड्डू को उम्रकैद एवं 20 हजार रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड न देने पर एक वर्ष की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। वहीं तीन महिला आरोपियों को साक्ष्य के अभाव में दोषमुक्त करार दिया। कोर्ट ने लापरवाही मानते हुए तत्कालीन ओबरा एसओ रहे दिवाकर सिंह के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराने का एसपी को आदेश दिया है।

अभियोजन पक्ष के मुताबिक ओबरा थाना क्षेत्र के बिल्ली गांव निवासी राजबहादुर पुत्र ललई प्रसाद ने 17 अप्रैल 2006 को पुलिस अधीक्षक सोनभद्र को दिए लिखित प्रार्थना पत्र में अवगत कराया था कि 16 अप्रैल 2006 को शाम 4 बजे उसके पिता ललई प्रसाद को बिल्ली गजराजनगर निवासी गुड्डू, उसकी पत्नी, उसकी मां,उसका मामा व एक अन्य व्यक्ति ने लाठी, डंडे, सबल से मारा जिससे गंभीर रूप से घायल हो गए। जिनकी 17 अप्रैल 2006 को मौत हो गई। इसकी सूचना थाने में दी गई, लेकिन पुलिस कोई कार्रवाई नहीं कर रही है। इस तहरीर पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर मामले की विवेचना किया। विवेचक ने पर्याप्त सबूत मिलने पर गुड्डू पुत्र रामप्यारे समेत पांच लोगों के विरुद्ध न्यायालय में चार्जशीट दाखिल किया था। मामले की सुनवाई के दौरान अदालत ने दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं के तर्कों को सुनने, गवाहों के बयान एवं पत्रावली का अवलोकन करने पर दोषसिद्ध पाकर दोषी गुड्डू को उम्रकैद एवं 20 हजार रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई। इस मामले में अदालत ने ओबरा पुलिस की लापरवाही मानते हुए तत्कालीन ओबरा एसओ रहे दिवाकर सिंह के विरुद्ध आईपीसी की धारा 304 क के तहत एफआईआर दर्ज कराने का आदेश एसपी को दिया है।

# महिला जज पूनम त्यागी की मौत

**दुखद**

### आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस वे पर कार ट्रक में घुसी

### छुट्टी बिताने के बाद गाजियाबाद से कार से जा रही थीं मैनपुरी



**गाजियाबाद।** मंगलवार की सुबह आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस वे पर नगला खंगर थाना क्षेत्र अंतर्गत माइल स्टोन 65 के समीप मैनपुरी में तैनात जज पूनम त्यागी (एडीजे) मैनपुरी (46) की कार हादसे में मौत हो गई। दो दिन की छुट्टी बिताने के बाद पूनम त्यागी गाजियाबाद स्थित घर (गली न.1, मकान न. 71, राजननगर, मोदीनगर) से अपनी कार नंबर यूपी 14 ईयू, 8796 से मैनपुरी आ रही थीं। जब उनकी कार आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस वे पर 65.700 माइल स्टोन के समीप पहुंची, तभी चालक को नींद आ गई। जिससे कार आगे जा रहे ट्रक में पीछे से घुस गई। कार को सचिन पुत्र संतराम निवासी कस्तला थाना इंचोली जिला मेरठ चला रहा था। घायलों को पीजीआई सैफई भेजा, जहां डॉक्टरों ने पूनम त्यागी को मृत घोषित कर दिया। क्षतिग्रस्त कार पुलिस चौकी उरावर पर खड़ी करा दी गई है। अधिकारियों ने बताया कि पूनम के पति भी मेरठ न्यायालय में तैनात हैं।

## आफताब ने कबूला श्रद्धा का मर्डर

**नई दिल्ली।** श्रद्धा वालकर मर्डर केस में आरोपी आफताब पूनावाला ने कबूल कर लिया है कि उसने ही श्रद्धा का मर्डर किया था और बॉडी के टुकड़े-टुकड़े कर दिए थे। उसने श्रद्धा की पहचान छुपाने के लिए और भी कई काम किए थे ताकि किसी को पता ना चल सके कि शव श्रद्धा का है। आफताब ने कबूलनामे में यह बात भी स्वीकार की है कि उसने श्रद्धा की बॉडी के छोटे-छोटे टुकड़े करके उन्हें छतरपुर के पास महरौली के जंगलों में फेंक दिया था। इसके अलावा, वह लगातार श्रद्धा के इंस्टाग्राम को हैंडल करता रहा और एक्टिव रहा ताकि किसी को कोई शक ना हो और लोगों को लगे कि श्रद्धा जिंदा है, जबकि वह पहले ही उसकी हत्या कर चुका था। आज अपने कबूलनामे में उसने ये सारी बातें कबूल की हैं। उसने अपने कबूलनामे में कई चौंकाने वाले खुलासे किए हैं।

# संसद में राहुल ने पीएम को घेरा

**अडानी मामला गर्म**

### लोकसभा स्पीकर ने टोका-नहीं चलेगी सदन में पोस्टरबाजी

### लगाए कई आरोप, पूछा- देश जानना चाहता है पीएम से रिश्ता

### लोकसभा में एक के बाद एक कर दी सवालों की बौछार



नई दिल्ली। लोकसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर चर्चा के दौरान विपक्ष के आरोप उसकी पहले की तैयारियों से साफ नजर आ रहे थे। भारत जोड़ो यात्रा करके लौटे राहुल गांधी नए अंदाज में दिखे। उन्होंने गौतम अडानी और हिंडनबर्ग रिपोर्ट प्रकरण पर सरकार पर हमला बोला। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का नाम लेकर राहुल गांधी ने कहा कि कैसे हर बिजनेस में गौतम अडानी घुस जाते हैं? उन्होंने लोकसभा में सरकार से पूछा कि पीएम मोदी और अडानी के बीच क्या रिश्ता है? इस बीच सदन में हंगामा होने लगा तो लोकसभा स्पीकर ओम बिरला टोकते हुए बोले- सदन में पोस्टरबाजी नहीं। मंगलवार को लोकसभा की कार्यवाही सुबह शुरू होते ही दोपहर के लिए स्थगित हो गई थी। विपक्ष ने गौतम अडानी प्रकरण पर सरकार से जेपीसी जांच की मांग बरकरार रखी है। जिस पर सरकार ने मौन धारण किया है। दोपहर बाद शुरू हुई लोकसभा कार्यवाही में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर चर्चा शुरू हुई। इसमें विपक्ष की तरफ से कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने सरकार पर हमला बोला। उन्होंने आरोप लगाया कि राष्ट्रपति के अभिभाषण में महंगाई पर बात क्यों नहीं हुई?

राहुल गांधी ने लोकसभा में कहा कि गौतम अडानी साल 2014 से पहले अमीर बिजनेस मैन की लिस्ट में 609 नंबर थे लेकिन, मोदी जी के पीएम बनने के बाद अचानक क्या जादू हुआ कि अडानी दूसरे नंबर पर पहुंच जाते है। मुझे यह समझ नहीं आता कि हर बिजनेस में गौतम अडानी कैसे घुस जाते हैं? मुझे सरकार से पीएम मोदी और अडानी के बीच रिश्ता समझना है। राहुल गांधी ने पीएम मोदी पर गंभीर आरोप लगाए और गौतम अडानी प्रकरण पर सीधे पीएम मोदी को घसीटा। इस पर बीजेपी के सांसदों ने हंगामा करना शुरू कर दिया। बीजेपी सांसदों ने राहुल गांधी से माफी मांगने की मांग की। हंगामे के बीच लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने टोकते हुए कहा कि सदन में पोस्टरबाजी नहीं।

## राहुल ने बोला हमला तो रविशंकर का पलटवार

**नई दिल्ली।** संसद में मंगलवार को अडानी विवाद पर बहस के बीच कांग्रेस नेता राहुल गांधी के मोदी सरकार पर हमले को लेकर भारतीय जनता पार्टी ने कड़ा पलटवार किया है। भाजपा नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद ने राहुल गांधी को सावधान करते हुए कहा कि याद रखें, वह खुद, उनकी मां सोनिया गांधी और जीजा रॉबर्ट वाड्रा जमानत पर हैं। रविशंकर प्रसाद ने संसद में राहुल गांधी की ओर से मोदी सरकार पर लगाए गए आरोपों को बेबुनियाद बताते हुए उसकी निंदा की। उन्होंने राहुल गांधी को नेशनल हेराल्ड केस और अगस्ता वेस्टलैंड हेलीकॉप्टर घोटाला के बारे में पूछा कि इन मामले के बारे में उनका क्या कहना है? संसद के बाहर उन्होंने कहा कि राहुल गांधी ने पीएम मोदी के खिलाफ बेबुनियाद और शर्मनाक आरोप लगाए।



# पायलट के गढ़ में औवेसी की रैली कांग्रेस के अंदर बेचैनी बढ़ी



**टोंक।** राजस्थान में साल के अंत में होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर सियासी हलचलें तेज हो रही है। राजस्थान में लगातार सभी दलों के बड़े नेताओं का आना जाना लगा हुआ हैं। इस क्रम में टोंक जिले में एआईएम आईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी 19 फरवरी को जनसभा को संबोधित करने वाले हैं।

ओवैसी यहां की जामा मस्जिद में लोगों के बीच नमाज भी अदा करने वाले हैं। पार्टी के प्रदेश प्रभारी जमील कुरैशी ने इस संबंध में जानकारी दी है। पार्टी नेता का कहना है कि उनकी पार्टी विधानसभा चुनाव में 30 से 40 विधानसभा सीटों पर चुनाव लड़ेगी। राजनीति पंडितों का कहना है कि ओवैसी की पार्टी एआईएमआईएम राजस्थान में राजनीतिक जमीन तलाशने में जुटी है। ओवैसी खुद को मुसलमानों का हितैषी बताते हैं। इसके बाद उनकी कोशिश है कि ऐसी सीटों पर पार्टी को मजबूत बनाया जाए, जहां मुस्लिम मतदाताओं की संख्या ज्यादा है। टोंक में ओवैसी का पहुंचना भी इसी मायने में देखा जा रहा है। उनकी पार्टी के प्रदेश प्रभारी का भी कहना है, कि पार्टी के 1 लाख से ज्यादा सक्रिय सदस्य हैं। हम सब उन सीटों पर काम कर रहे हैं, जहां से पार्टी को चुनाव लड़ना है। बता दें कि राजस्थान कांग्रेस के दिग्गज नेता और पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सचिन पायलट टोंक सीट से विधायक है। इसके बाद कांग्रेस नेताओं में ओवैसी के आने से सियासी हलचल तेज है। ओवेसी की पार्टी यहां अल्पसंख्यक मतदाओं की की नब्ज टटोलेंगी। चूंकि मुस्लिम वोटर्स कांग्रेस के बड़े वोट बैंक के तौर पर देखे जाते हैं। इसके बाद इस राजनीतिक हलचल को लेकर प्रदेश में सियासी चर्चा तेज है।

## बजट में हर वर्ग के लिए कुछ ना कुछः प्रधानमंत्री



**नई दिल्ली।** एक फरवरी को पेश हुए बजट के बाद मंगलवार को भाजपा संसदीय दल की बैठक हुई। पीएम मोदी की अध्यक्षता में हुई बैठक में तमाम नेता शामिल हुए। इस दौरान पीएम मोदी ने कहा कि उनकी सरकार द्वारा पेश किए जाने वाले हर बजट में गरीबों का हित केंद्र में रहा है। इसके पहले लोकलुभावन बजट पेश करने के लिए भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने पीएम मोदी को माला पहनाकर उनका स्वागत भी किया। पीएम मोदी ने कहा कि कोई भी इस चुनावी बजट नहीं कह रहा है, हालांकि यह अगले लोकसभा चुनाव से पहले आखिरी पूर्ण बजट था। मोदी ने कहा कि समग्र विकास और समाज के हर वर्ग के हितों ने इसके प्रस्तावों को संचालित किया है। केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी ने पीएम मोदी के भाषण का हवाला देकर कहा, यहां तक कि जो लोग वैचारिक रूप से भाजपा के विरोधी रहे हैं, उन्होंने भी बजट का स्वागत किया है। सूत्रों ने कहा कि पीएम मोदी ने पार्टी के साथी सांसदों को संबोधित करते हुए मुश्किल समय में बजट लाने के लिए अपनी सरकार के प्रयास की सराहना की। पीएम ने कहा कि बजट में समाज के हर वर्ग के लिए कुछ न कुछ है। उन्होंने सभी सांसदों से बजट को लोगों तक ले जाने के लिए भी कहा।

## टीवी देखना जल्द महंगा होगा

**नई दिल्ली।** प्राप्त जानकारी के अनुसार डायरेक्ट टू होम और डीटीएच सर्विस जल्द ही महंगी होने वाली है। महंगाई की मार अब टेलीविजन देखने पर भी पड़ने वाली है। सूत्रों के अनुसार नया टैरिफ जल्द जारी कर दिया जायगा। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार डीटीएच सर्विस की कीमत एक बार में नहीं बढ़ाई जाएगी। ऐसे किस्तों में क्रमशः बढ़ाकर 50 रुपए तक महंगा किया जाएगा। एफआईसीसीआई -इवाई- 2022 की रिपोर्ट के अनुसार अभी टेलीविजन देखने वाले औसतन ?223 प्रति माह खर्च करता है। रिपोर्ट के अनुसार इस बिल में 5 से 6 फीसदी की वृद्धि की जाना है। यह वृद्धि क्रमशः की जाएगी। आशंका है कि डीटीएच के दाम यदि एक साथ बढ़ाए गए, तो दर्शक ओटीपी प्लेटफार्म पर शिफ्ट हो सकते हैं।

# सांसद जोशी के बयान पर विपक्षी सांसदों का हंगामा

**लोकसभा**

### विपक्ष का आरोप, सती जैसी कुप्रथा का किया था समर्थन



**नई दिल्ली।** लोकसभा में मंगलवार को विपक्ष ने जमकर हंगामा किया। विपक्ष का आरोप था कि भाजपा सांसद चंद्रप्रकाश जोशी ने सती जैसी कुप्रथा का समर्थन किया है। इसका विरोध जताकर विपक्षी सदस्य सदन के वेल तक पहुंच गए। तेज विरोध के बीच स्पीकर ओम बिरला ने कुछ समय के लिए सदन को स्थगित कर दिया। इसके बाद रिकॉड्र्स चेक किए गए। जोशी राजस्थान के चित्तौड़गढ़ से सांसद हैं। जोशी ने राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर बहस की शुरूआत की थी। इस दौरान उन्होंने मेवाड़ की रानी पद्मावती का जिक्र किया था। रानी पद्मावती के बारे में माना जाता है कि उन्होंने आक्रमणकारी अलाउद्दीन खिलजी से सम्मान की रक्षा के लिए आत्मदाह कर लिया था। विपक्षी सांसदों एनसीपी से सुप्रिया सुले, डीएमके से कनिमोझी, दयानिधि मारन और ए राजा, कांग्रेस से के मुरलीधरन व एआईएमआईएम से इम्तियाज जलील ने इसका जमकर विरोध किया। उनका कहना था कि सांसद जोशी ने सती जैसी कुप्रथा का महिमामंडन किया है।

# अंतर्कलह से परेशान, कांग्रेस को फिर नुकसान

## कांग्रेस ने महाराष्ट्र में एमएलसी की एक सीट गंवाई

**सियासत**

### कांग्रेस नेता बालासाहेब थोराट ने इस्तीफा दिया



**मुंबई।** महाराष्ट्र के एमएलसी चुनाव में नासिक सीट से कांग्रेस के ही नेता रहे सत्यजीत तांबे ने टिकट न मिलने पर निर्दलीय पर्चा दाखिल किया था। इसके बाद नतीजा आया तब वह महाविकास अघाड़ी उम्मीदवार को हराकर बड़े अंतर से जीते। इसतरह कांग्रेस ने टिकट बंटवारे में गलती करके एमएलसी की एक सीट खो दी। इतना ही नहीं पार्टी में इस लेकर कलह इतनी तेज हो गई है कि दिग्गज नेता बालासाहेब थोराट ने इस्तीफा दे दिया है। तांबे उनके भतीजे ही हैं, इस लेकर वहां प्रदेश अध्यक्ष नाना पटोले से नाराज चल रहे हैं। पटोले को अध्यक्ष पद से हटाने की मांग करते हुए थोराट ने मल्लिकार्जुन खड़गे को चिट्ठी भी लिखी थी।

थोराट पहले भी नाराज रहे हैं। उनका कहना रहा है कि पार्टी में राज्य में क्या फैसले लिए जाते हैं। इस बारे में उन्हें कोई जानकारी नहीं मिलती। कांग्रेस में यह कलह उस वक्त में हुई, जब 2024 के लोकसभा चुनाव दूर नहीं हैं। महाराष्ट्र में एनसीपी, शिवसेना के साथ कांग्रेस की एकता का फायदा मिलने की उम्मीद है। लेकिन जिस तरह कांग्रेस आपसी कलह में उलझी है, उससे यह संभावना कमजोर होती दिख रही है। महाराष्ट्र में कांग्रेस के पास सुशील कुमार शिंदे, पृथ्वीराज चव्हाण, अशोक चव्हाण कई सीनियर नेता मौजूद हैं। लेकिन कलह के चलते पार्टी यहां सालों से कमजोर है।

एक दौर था जब एनसीपी के साथ कांग्रेस सीनियर पार्टनर हुआ करती थी, लेकिन अब वह महाविकास अघाड़ी में सबसे छोटी साझीदार के रूप में दिखती है। हाल ही में महाराष्ट्र से राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा गुजरी थी। इस यात्रा में एनसीपी और शिवसेना के नेता भी शामिल हुए थे। गठबंधन की एकता और राहुल गांधी की मेहनत के भरोसे कांग्रेस आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर उम्मीद लगाए हुए है। लेकिन उससे पहले हुई कलह ने माहौल बिगाड़ने का काम किया है। इसके बाद देखना होगा कि कैसे हाईकमान संकट से निपटता है।कांग्रेस का आलम यह है कि जम्मू-कश्मीर से शुरू करें तब केरल तक कलह खत्म नहीं होती। जम्मू-कश्मीर में गुलाम नबी आजाद जैसे सीनियर नेता पार्टी से बाहर हैं। पंजाब में नवजोत सिंह सिद्धू जेल में हैं, तब चन्नी, रंधाना जैसे नेताओं में नहीं बनती। हरियाणा में हुड्डा और शैलजा कैंप के बीच टकराव जारी हैं, तब राजस्थान में पायलट और गहलोत के बीच रार जारी है। इसके अलावा छत्तीसगढ़ में भी टीएस सिंह देव और भूपेश बघेल के बीच तलवारें खिंची रहीं हैं। मध्य प्रदेश में जहां पूर्व सीएम कमलनाथ खुद को सीएम चेहरे के तौर पर पेश करने की कोशिश करते हैं, तब एक धड़ा उनके विरोध में है। इस तरह राज्य दर राज्य कांग्रेस अंतर्कलह की शिकार नजर आ रही है।

### हिलेरी क्लिंटन करेंगी काशी दर्शन



**वाराणसी।** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति बिल क्लिंटन की पत्नी और पूर्व विदेश मंत्री हिलेरी क्लिंटन नौ फरवरी को वाराणसी आएंगी। जिलाधिकारी एस राजलिंगम ने बताया कि उनके आगमन की सूचना मिली है। पूरे कार्यक्रम की जानकारी अभी प्राप्त नहीं हुई है। वे नौ फरवरी को पूर्वाह्न 11 बजे एयरपोर्ट पहुंचेगी। अमेरिका की पूर्व विदेश मंत्री हिलेरी क्लिंटन काशी की संस्कृति से रूबरू होंगी। वहीं श्री काशी विश्वनाथ धाम, सारनाथ, दशाश्वमेध घाट व अंतरराष्ट्रीय कन्वेंशन सेंटर देखेंगी। हिलेरी के आगमन के मद्देनजर अमेरिकी सुरक्षा एजेंसी के अधिकारी वाराणसी पहुंच चुके हैं। सूत्रों की मानें तो हिलेरी महाराष्ट्र के औरंगाबाद से चार्टेड प्लेन से वाराणसी आएंगी। बाबतपुर एयरपोर्ट पर उनका विमान उतरेगा। वे नदेसर स्थित ताज गैंगेज पैलेस में रुकेंगी। वहीं से तीन दिनों तक काशी का भ्रमण कर यहां की सभ्यता, संस्कृति को जानेंगी।

# संघ प्रमुख के बयान से ब्राह्मणों में गुस्सा

**अक्रोश**

### माफी मांगें वरना हिंसात्मक कार्रवाई, कानपुर में ब्राह्मण महासभा के अध्यक्ष की दो टूक



**कानपुर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत के ताजा बयान के बाद से कई जगह विवाद नजर आ रहा है। ब्राह्मणों पर दिए संघ प्रमुख के बयान को लेकर बेहद रोष देखने को मिला है। हालांकि, आरएसएस की ओर से इस पर सफाई भी आ गई है। भागवत ने अपने बयान में कहा था कि जाति व्यवस्था ईश्वर ने नहीं बनाई है, बल्कि ये ह्यपंडितोंह्ण के द्वारा बनाई गई है। इस बयान पर आरएसएस ने स्पष्टीकरण देकर कहा कि संघ प्रमुख ने जिस ह्यपंडितह्ण शब्द का उपयोग किया था, उसका मतलब ह्यबुद्धिजीवियोंह्ण से है, न कि ब्राह्मणों से है। कानपुर महानगर में भी ह्यमैं ब्राह्मण महासभा द्वारा भागवत के खिलाफ धरना दिया गया। यहां हनुमान चालीसा पाठ कर उनकी सद्बुद्धि के लिए प्रार्थना की गई। इसके साथ ही संगठन के अध्यक्ष दुर्गेश मणि त्रिपाठी ने कहा कि, संघ प्रमुख भागवत को अपना बयान वापस लेना चाहिए।

दरअसल भागवत ने मुंबई के कार्यक्रम में वर्ण व्यवस्था से जुड़ा एक बयान दिया था। जिसमें उन्होंने कहा था कि पंडितों ने जाति में लोगों को बांटा है जो गलत था। इस बयान के बाद से ब्राह्मण भागवत के खिलाफ मुखर नजर आ रहे हैं। ह्यमैं ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष त्रिपाठी ने कहा कि जो बयान आरक्षक प्रमुख मोहन भागवत ने दिया है, उस बयान से पूरे ब्राह्मण समाज में रोष व्याप्त है। अगर उन्होंने अपना बयान नहीं वापस लिया, तब हिंसात्मक कार्रवाई भी हो सकती है। लोग सड़कों पर उतरकर और उनके खिलाफ प्रदर्शन होगा। वहीं, जेएनयू में लिखा गया ब्राह्मण भारत छोड़ो पर भी महासभा ने कहा कि यह भी आरएस एस और बीजेपी की मानसिकता को दिखाता है। संघ प्रमुख मोहन भागवत के दिए गए बयान को लेकर बिहार के मुजफ्फरपुर की एक अदालत में उनके खिलाफ मंगलवार को एक परिवाद पत्र दायर किया गया है। मुज्जफरपुर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी की अदालत में आरएसएस प्रमुख के रविदास जयंती के मौके पर पंडितों को लेकर दिए गए एक बयान को लेकर स्थानीय अधिवक्ता सुधीर कुमार ओझा ने परिवाद पत्र दायर किया गया है। परिवाद पत्र में आरोप लगाया गया है कि उन्होंने एक कार्यक्रम में कहा कि जातियां भगवान ने नहीं बल्कि ब्राह्मणों (पंडितों) ने बनाया है।

# पूर्वांचल-दक्षिणांचल में डैमेज हुए 538 ट्रांसफॉर्मर

जनसंदेश न्यूज

**लापरवाही**

**अकेल पूर्वांचल में विद्युत विभाग को हुआ 96.77 लाख का नुकसान**

**यूपीपीसीएल के चेयरमैन ने नाराजगी जताते हुए निदेशकों पर कसा पेंच**

**पूर्वांचल-दक्षिणांचल डिस्कॉम के निदेशक को जारी किया कारण बताओ नोटिस**

**वाराणसी।** पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम एवं दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम में विभिन्न कारणों से 538 ट्रांसफॉर्मर डैमेज हुए। ट्रांसफॉर्मरों की क्षतिग्रस्तता के चलते उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन लि. (यूपीपीसीएल) के चेयरमैन एम. देवराज खासे नाराज है। उन्होंने पूर्वांचल-डिस्कॉम के निदेशक (तकनीकी) पीपी सिंह एवं दक्षिणांचल-डिस्कॉम के निदेशक (तकनीकी) बृजमोहन शर्मा को कारण बताओ नोटिस जारी करते हुए अविलम्ब स्पष्टीकरण तलब किया है। संतोषजनत जवाब न मिलने पर दोनों अधिकारियों के खिलाफ विभागीय कार्यवाही हो सकती है।

यूपीपीसीएल सूत्रों की मानें तो चेयरमैन एम. देवराज ने ट्रांसफॉर्मर खराब होने और बचाव के लिए ठोस कार्यवाही न किये जाने पर 29 जनवरी से लेकर दो फरवरी तक लगातार समीक्षा की। तत्पश्चात एक फरवरी से छह फरवरी के मध्य पूर्वांचल-डिस्कॉम के निदेशक को पांच पत्र लिख कर स्पष्टीकरण मांगा था। जवाब न मिलने पर कारण बताओ नोटिस जारी किया है। सूत्रों का कहना है कि ओवरलोड, कम तेल और अनबैलेंसिंग के कारण 29 जनवरी से दो फरवरी के मध्य 538 ट्रांसफॉर्मर खराब हुए। इसमें पूर्वांचल-डिस्कॉम में 364 ट्रांसफॉर्मर खराब हुए, जिसको बचाने के लिए निदेशक (तकनीकी) ने कोई ठोस कार्यवाही नहीं की। इससे विभाग को 96.77 लाख रुपये की हानि हुई। जबकि दक्षिणंचल-डिस्कॉम में 174 ट्रांसफॉर्मर खराब हुए हैं।

यूपीपीसीएल सूत्रों की मानें चेयरमैन एम. देवराज ने पूर्वांचल-डिस्कॉम के निदेशक (तकनीकी) पीपी सिंह को लिखे पत्र में कहा है कि बार-बार निर्देश दिये जाने के बावजूद ट्रांसफॉर्मरों को बचाने के लिए कोई ठोस कार्यवाही नहीं की गयी। इससे स्पष्ट होता है कि इसमें घोर लापरवाही बरती गयी। जिसके चलते पूर्वांचल-डिस्कॉम को आर्थिक क्षति उठानी पड़ी और उपभोक्ताओं को विद्युत आपूर्ति बाधित होने की स्थिति में दुश्वारियां झेलनी पड़ी। यदि स्पष्टीकरण का जवाब निर्धारित समय में नहीं मिला तो यह माना जाएगा कि निदेशक (तकनीकी) को कुछ नहीं कहना है और इस संबंध में आवश्यक कार्यवाही कर दी जाएगी। चेयरमैन ने चेतावनी दी है कि यदि भविष्य में वितरक ट्रांसफॉर्मर के डैमेट रेट पर तत्काल नियंत्रण नहीं लगाया गया तो कठोर कार्यवाही की जाएगी।

**इसी माह निदेशक का हो रहा कार्यकाल समाप्त**

यूपीपीसीएल सूत्रों की मानें तो पूर्वांचल-डिस्कॉम के निदेशक (तकनीकी) का इसी माह कार्यकाल समाप्त हो रहा है। इस पद को पाने के लिए विशेष कार्याधिकारी जुगाड़ में लग गये हैं। वैसे यह भी आम चर्चा है कि पावर कारपोरेशन में विशेष कार्याधिकारी का कोई संवैधानिक पद नहीं है।

# संविधान आधारित सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में बच्चे पुरस्कृत



**आयोजन**

**बच्चों को संविधान की सामान्य जानकारी से अवगत कराने की पहल**

**चौबेपुर।** संविधान के बारे बच्चों को सामान्य जानकारी से अवगत कराने के उद्देश्य से विभिन्न विद्यालयों के कक्षा आठवीं और नौवीं के छात्रों के लिए सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन सामाजिक संस्था आशा ट्रस्ट की ओर किया जा रहा है। इस क्रम में अब तक कुल 22 विद्यालयों के लगभग 4000 बच्चे प्रतियोगिता में शामिल हो चुके हैं। मंगलवार को चौबेपुर क्षेत्र के तीन विद्यालयों आश्रम कन्या इंटर कॉलेज, सोनबरसा पूर्व माध्यमिक विद्यालय चौबेपुर एवं जिला पंचायत कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चौबेपुर के प्रतियोगिता में चयनित कुल 43 बच्चों को संस्था की तरफ से प्रशस्ति पत्र एवं पुस्तक उपहार देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर आशा ट्रस्ट के समन्वयक वल्लभाचार्य पाण्डेय ने कहा कि बच्चों को संविधान की प्रमुख विशेषताओं को जानना चाहिए। जिससे वे बड़े होकर जनहित में आम जन को जागरूक कर सकें। पूर्व माध्यमिक विद्यालय चौबेपुर के प्रधानाध्यापक नागेन्द्र यादव ने कहा कि संविधान में निहित प्रमुख तत्वों को विद्यार्थी जीवन से ही अवगत कराने की दिशा में संस्था का यह प्रयास उल्लेखनीय है। कार्यक्रम में दीन दयाल सिंह, मनोज यादव और अनीता देवी की विशेष भूमिका रही।

## संक्षेप

### रोवर्स एवं रेंजर के प्रवेश प्रशिक्षण शिविर का समापन

वाराणसी। उदय प्रताप स्वायत्तशासी कॉलेज में मंगलवार को रोवर्स एवं रेंजर के प्रवेश प्रशिक्षण शिविर का समापन हुआ। जिसमें छात्र-छात्राओं को दीक्षा एवं मेडल प्रदान किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बलदेव पीजी कॉलेज के पूर्व प्राचार्य प्रो. बब्बन सिंह थे। जिन्होंने विजेताओं को पुरस्कृत करते हुए उन्हें शिविर के नियमों के बारे में बताया। कार्यक्रम में प्राचार्य प्रो. धर्मेंद्र कुमार सिंह ने भी संबोधन किया। रेंजर लीडर प्रो. अंजू सिंह एवं रोवर लीडर डॉ. अंकित सिंह ने लगभग 60 छात्र-छात्राओं को दीक्षा प्रदान किया गया।

### अनुसंधानोपाधि समिति की बैठक अगले आदेश तक स्थगित : प्रो. रामकिशोर

वाराणसी। संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय में अनुसंधानोपाधि समिति की बैठक अगले आदेश तक स्थगित कर दी गई। कुलसचिव प्रो. रामकिशोर त्रिपाठी ने मंगलवार को बताया कि विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित पीएचडी प्रवेश परीक्षा- 2021-22 में उत्तीर्ण समस्त अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि 15 से 20 फरवरी तक मौखिक परीक्षा कराने के लिए होने वाली अनुसंधानोपाधि समिति की बैठकें छह फरवरी को आए उच्च न्यायालय के आदेश के बाद अगले आदेश तक स्थगित कर दी गई है।

### गली में बह रहा सीवर का पानी, लोग झेल रहे दुश्वारी

मंडुवाडीह। गांव से निगम में शामिल मड़ौली (नई बस्ती) इलाके में स्थित एक गली में सीवर का पानी लगने से लोग दुश्वारियां झेल रहे हैं। सीवर के पानी से लोगों को गंभीर बीमारियों का खतरा भी बना हुआ है। स्थानीय लोगों का कहना है कि गली जब बनी तो बिना जल निकासी की व्यवस्था किये ही चौका बिछा दिया गया। जल निकासी की व्यवस्था न होने से लोगों के घरों का पानी सीधे गली में जा रहा है। जबकि गली से गंदा पानी निकलने की कोई व्यवस्था नहीं है। स्थानीय लोग इसी गंदे पानी से आने जाने को मजबूर है। लोगों का कहना है कि कई बार निगम के अधिकारियों से समस्या के निदान के लिए गुहार लगायी, लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई।

### छात्रों ने अर्धनग्न होकर मांगी भीख

वाराणसी। मैदागिन स्थित श्री हरिश्चन्द्र स्नातकोत्तर महाविद्यालय छात्रों ने मंगलवार को छात्रसंघ चुनाव की तिथि जारी न किए जाने का विरोध किया। विरोध कर रहे छात्रों ने अर्धनग्न होकर महाविद्यालय परिसर में आंदोलन के दूसरे दिन प्रचार्य, चुनाव अधिकारी, शिक्षक, कर्मचारी और अन्य छात्रों से भिक्षाटन किया। प्रथम दिन सोमवार को भी छात्रों ने थाली पिटकर अपना विरोध दर्ज कराया था। इस दौरान छात्रनेता अंकित पांडेय, वर्तमान महामंत्री सर्वेश तिवारी, राहूल सिंह, आनंद मौर्या, रवि गुप्ता, शिवम पटेल, मोनू कुमार, उत्कर्ष तिवारी अमन विश्वकर्मा, विवेक कुमार और गौरव गुप्ता के साथ अन्य छात्र मौजूद रहें।

### अतिथि व्याख्याता का साक्षात्कार आठ व 10 को

वाराणसी। संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. रामकिशोर त्रिपाठी ने मंगलवार को बताया कि शैक्षणिक सत्र 2022-23 में अध्ययन अध्यापन की सुविधा को ध्यान में रखते हुए अधोलिखित संकायों के अंतर्गत आने वाले विभागों में शासनादेश रोस्टर के अनुसार अतिथि व्याख्याताओं का पैनल तैयार करने के लिए अतिथि व्याख्याता साक्षात्कार आठ से 10 फरवरी को सुबह 10:30 बजे से कुलपति के कैंप कार्यालय में होगा। इसकी संपूर्ण जानकारी विविश्वविद्यालय के वेबसाईट पर उपलब्ध है।

### वीडीए ने दो बीघा अवैध प्लाटिंग किया ध्वस्त

वाराणसी। विकास प्राधिकरण (वीडीए) की प्रवर्तन टीम ने मंगलवार को दो बीघा अवैध प्लाटिंग के विरुद्ध ध्वस्तिकरण की कार्यवाही की। जैतपुरा वार्ड अंतर्गत रवि पहलवान कालोनाइजर द्वारा नक्खीघाट, रेलवे लाइन के किनारे बिना ले-आउट स्वीकृत कराये लगभग एक बीघा व बरकतउल्ला हाजी कालोनाइजर द्वारा पंप हाउस के निकट, नक्खीघाट, रेलवे लाइन के किनारे, लगभग एक बीघा में अवैध प्लाटिंग विकसित की गयी थी। जिसे प्रवर्तन टीम व पुलिस बल के सहयोग से ध्वस्त किया गया। कार्यवाही के दौरान जोनल अधिकारी चंद्रभान दीक्षित और अवर अभियंता आरके सिंह के साथ स्थानीय पुलिस बल मौजूद रही।

### स्वामी प्रसाद मौर्य पर से मुकदमा वापस लेने की मांग

वाराणसी। अखिल भारतीय कोइरी महासभा की बैठक में मंगलवार को कोईरी समाज के नेताओं को उत्तर प्रदेश और बिहार में प्रताड़ित व परेशान करने पर चिंता व्यक्त की गई। बैठक में कहा गया कि उत्तर प्रदेश में स्वामी प्रसाद मौर्या का पुतला दहन, जीभ एवं सिर काटने पर इनाम का ऐलान करने वाले संविधान विरोधी कृत कर रहे हैं, जिसे महासभा अब सहन नहीं करेगी। उन्होंने स्वामी पर से मुकदमा वापस लेने की मांग की। बैठक में राजेंद्र गांधी कुशवाहा, राजेश कुमार कुशवाहा, चंद्रमा प्रसाद मौर्य, मोहनलाल कुशवाहा, अशोक कुशवाहा, मनबोध मौर्य, अवधेश कुमार वर्मा, नवीन कुमार मौर्य, दीपक वर्मा, कमलेश मौर्य आदि मौजूद रहे।

### गोविंद श्रीवास्तव का निधन



वाराणसी। विभिन्न समाचार पत्रों से जुड़े रहे गोविंद श्रीवास्तव का सोमवार की रात्रि आठ बजे निधन हो गया। वो विगत कुछ दिनों से अस्वस्थ्य चल रहे थे। उनकी अंत्येष्टि मंगलवार को मणिकर्णिका घाट पर संपन्न हुई। मुखाग्नि उनके पुत्र रजत श्रीवास्तव ने दी। वे अपने पीछे एक पुत्र, दो पुत्रियां व एक पत्नी का भरा पूरा परिवार छोड़ गये हैं। शवयात्रा में सुशांत श्रीवास्तव, एलके झा, शिवकुमार सिंह, भगवानदास अढ़तिया, टीबी सिंह, सुजीत कुमार सिंह एवं अन्य मीडिया कर्मी व गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

### सड़क खुदाई से पेयजल के लिए तरस रहे लोग

मंडुवाडीह। पिछले एक हफ्ते से गांव से नगर निगम की सीमा में शामिल हुए उत्तरी ककरमत्ता व हसनपुर क्षेत्र में पेयजल के लिए हाहाकार मचा हुआ है।क्षेत्र में बिजली विभाग द्वारा पुराने बिजली के तार हटाकर नए एबीसी कंडक्टर केबिल और नए पोल गाड़ने का ठेका दिया गया है। आरोप है कि ठेकेदार द्वारा पोल लगाने में अब तक क्षेत्र में पांच जगह पर पेयजल पाइपलाइन टूट गई है। जिसकी वजह से क्षेत्र में पेयजल आपूर्ति बंद करनी पड़ती है। लोगों का आरोप है कि पाइपलाइन मरम्मत में एक-दो दिन लग जाता है। जिसके कारण स्थानीय लोगों को एक एक बूंद पानी के लिए तरसना पड़ रहा है। पूर्व प्रधान पति वकील अंसारी ने आरोप लगाया है की दोनों विभागों में सामंजस्य न होने का खामियाजा यहां की जनता को भुगतना पड़ रहा है।

# आप कार्यकर्ताओं व पुलिस में नोकझोंक



आप कार्यकर्ताओं की पुलिस से नोक-झोंक

**झड़प भी**

**पीएम के संसदीय कार्यालय पर अडानी के खिलाफ विरोध प्रदर्शन**

**वाराणसी।** आम आदमी पार्टी (आप) के कार्यकर्ताओं ने अडाणी ग्रुप के खिलाफ मंगलवार को रैली निकाली और जवाहर नगर कॉलोनी स्थित प्रधानमंत्री के संसदीय कार्यालय को घेर लिया। इस दौरान पुलिसकर्मियों और कार्यकर्ताओं के बीच जमकर धक्का-मुक्की, नोक-झोंक और झड़प हुई। पुलिस ने आप कार्यकर्ताओं को गाड़ियों में भरकर विरोध स्थल से दूर भेजवाया। वहीं, श्रवण कुमार नामक घायल कार्यकर्ता को एंबुलेंस से भेलूपुर अस्पताल भेजा, जहां से उसे बीएचयू रेफर कर दिया गया।

विरोध प्रदर्शन करने वाले कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि संसदीय कार्यालय की ओर से पुलिस ने हम पर लाठीचार्ज किया। हमारे आंदोलन को पुलिस के बल पर दबाया गया। कपड़े फाड़े गए। एक कार्यकर्ता के पेट पर लाठी से मारा गया, वह बेहोश है। इन्हें तत्काल अस्पताल भेजवाया गया। वहीं, पुलिस अधिकारियों ने कहा कि हमने किसी पर लाठी-डंडे नहीं चलाए। पेट दर्द की वजह से एक आंदोलनकारी को अस्पताल भिजवाया गया।

आप कार्यकर्ताओं के रैली के दौरान बड़ी संख्या में पुलिस फोर्स पहले से ही संसदीय कार्यालय के इर्द-गिर्द तैनात थी। कार्यकर्ताओं के आगे आते ही पुलिस उन्हें रोकने का प्रयास करने लगी। कार्यकर्ता अपनी शिकायत कार्यालय में सीधे दर्ज कराना चाहते थे। लेकिन, पुलिस अधिकारी इसके लिए तैयार नहीं थे। इस बीच पुलिस और कार्यकर्ताओं के बीच जमकर धक्का-मुक्की होने लगी। वहीं कार्यकर्ता पुलिस प्रशासन मुर्दाबाद के नारे लगाने लगे। एक कार्यकर्ता की तबियत बिगड़ने पर मामला शांत हुआ। आप कार्यकर्ताओं ने कहा कि देश में अब तक का सबसे बड़ा घोटाला सामने आया है। इसमें लाखों-करोड़ों निवेशकों का पैसा डूब गया। बैंकों और एलआईसी जैसी संस्थाओं पर भी गहरा असर पड़ा है। देश के सबसे बड़े आर्थिक घोटाले के खिलाफ सरकार और प्रधानमंत्री का मौन रहना इस ओर इशारा करता है कि सरकार को भी इसकी जानकारी थी।

कार्यकर्ताओं ने कहा कि देश के आम जनता का पैसा बैंक और एलआईसी जैसी संस्था में सुरक्षित नहीं है। अडानी को बचाने में मोदी और उनका पूरा मंत्रिमंडल लगा है? अब ईडी कहां है? ईडी इस घोटाले को संज्ञान में लेकर जांच क्यों नहीं कर रहा है? गौतम अडानी की गिरफ्तारी क्यों नहीं हो रही है? इतना बड़ा घोटाला सामने आया है और सब संस्थाएं क्यों मौन हैं? महा घोटालेबाज अडाणी की गिरफ्तारी क्यों नहीं हो रही है? कार्यकर्ताओं ने कहा कि आमजन से मोदी का कोई सरोकार नहीं हैं बल्कि पूंजीवाद व्यवस्था को बढ़ावा दिया जा रहा है।

कार्यकर्ताओं ने मांग की कि जेपीसी का गठन कर महाघोटाले की जांच करायी जाए। कार्यक्रम में काशी प्रांत के अध्यक्ष पवन तिवारी, पूर्वांचल प्रांतीय प्रभारी अभिनव राय, जिलाध्यक्ष रमाशंकर पटेल, महानगर अध्यक्ष अखिलेश पांडेय, मनोज गुप्ता, कैलाश पटेल, घनश्याम पांडेय, देवकांत वर्मा, अनुराग अग्रवाल, पल्लवी वर्मा, गुलाब सिंह राठौर, रेखा जायसवाल, अरविंद पटेल, ओमप्रकाश पटेल, अभिषेक सिंह, शारदा टंडन, मनीष गुप्ता, डॉ. अहिल्या, रामजी सिंह, रामेश्वर पटेल, माया शंकर पटेल,अमर सिंह पटेल, अनुराग अग्रवाल, विनोद वर्मा आदि शामिल थे।

# बैंक सखियां बीमा कराने में करेंगी सहयोग

**बैठक**

**ग्रामीण क्षेत्रों में बढ़ेगा बीमा का कारोबार : सीडीओ**

**अधिक से अधिक लोग उठा सकेंगे बीमा का लाभ**



बैंक, बीमा कंपनियों आदि की बैठक करते सीडीओ हिमांशु नागपाल

**वाराणसी।** बैंकर्स, बीमा कंपनियों एवं उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत प्रशिक्षित बैंक सखियों के साथ ग्रामीण क्षेत्र में बीमा को बढ़ावा देने, अधिक से अधिक लोगों को विभिन्न प्रकार के बीमा-जीवन बीमा से जोड़ने, संपत्तियों का बीमा, फसल बीमा, स्वास्थ्य बीमा व मोटर बीमा आदि से आच्छादित करने के लिए मंगलवार को विकास भवन सभागार में बैठक हुई। मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु नागपाल ने कहा कि बैंक सखियां बीमा कराने में सहयोग करेगी। इससे ग्रामीण क्षेत्रों में बीमा कारोबार भी बढ़ेगा। सीडीओ हिमांशु नागपाल ने सभी बैंको एवं बीमा कंपनियों को अपने-अपने बीमा उत्पादों से समूह की महिलाओं एवं आम जनमानस को बैंक सखियों के माध्यम से लाभान्वित कराने हेतु निर्देशित किया गया` इस कार्य से बैंक सखियों की आय में वृद्धि के साथ-साथ बीमा का कवरेज भी बढ़ेगा। उन्होंने सभी बैंकों को अपने मुख्यालय को पत्राचार कर उक्त स्वीकृति लेने एवं बैंक सखियों को बीमा कार्य में लीड रोल निभाने के लिए भी बैंकर्स को सुझाव दिया। अग्रणी जिला प्रबंधक अभय श्रीवास्तव ने बीमा कंपनियों एवं बैंकर्स से इस अभिनव पहल पर आगे आकर बैंक सखियों के माध्यम से बीमा कवरेज को बढ़ावा देने का आह्वान किया। बताया कि 20 फरवरी को बृहद क्रेडिट कैम्प लगाया जाएगा।

स्टार यूनियन डायची बीमा कंपनी के अमित व सुनंदा ने बैंक सखियों को प्रशिक्षण देकर उनकी आईडी बनाने एवं उनसे आगे कार्य लिए जाने की बात कहीं। स्टेट बैंक आफ इण्डिया के जिला समन्वयक विवेक सिंह ने कहा कि बैंक सखियां बैंक से जुड़ कर लीड रोल अदा कर सकती है। बड़ौदा यूपी ग्रामीण बैंक के समन्वयक राकेश ने बताया कि बैंक सखी डायरेक्ट बैंक में प्रधानमंत्री जीवन ज्योति, बीमा सुरक्षा योजना एवं अटल पेंशन योजना का आवेदन जमा करेगीं, बदले में बैंक उन्हें इंसेंटिव देगा। बैठक में समूहों के क्रेडिट लिंकेज कराने में आ रही समस्याओं को उपायुक्त (स्वतः रोजगार) दिलीप सोनकर ने अवगत कराया। इस पर सीडीओ ने सभी को निर्देशित किया कि गाइडलाइन के अतिरिक्त कोई अन्य अनावश्यक अभिलेक समूहों से न मांगा जाय और उन्हें बार-बार बैंक न बुलाया जाय। जिस दिन समूह की महिलायें आएं, उसी दिन उनका कार्य पूर्ण किया जाएं। बैठक में जिला मिशन प्रबंधक श्रवण कुमार सिंह, इण्डियन बैंक की प्रतिनिधि रश्मि, बैंक आफ इण्डिया के पवन गुप्ता, यूनियन बैंक के गौरव, विभिन्न विकास खंडों के ब्लॉक मिशन प्रबंधक व बैंक सखियां उपस्थित रहीं।

## मृत गाय को हटाने की सूचना के बाद भी निगम की हीलाहवाली

**रामनगर।** साहित्य नाका क्षेत्र में दो दिनों से बिमारी से मृत पड़ी गाय का शव हटाने के लिए विश्व हिंदू महासंघ गौ रक्षा प्रकोष्ठ के उपाध्यक्ष व स्थानीय सभासद मनोज यादव को धरना देना पड़ा। मनोज ने बताया कि दो दिनों से मृत पड़ी गाय को हटाने के लिए निगम के टोल फ्री नंबर पर सूचना दी गई। लेकिन दो दिन बीत जाने के बाद भी कोई असर नहीं हुआ तो मजबूर होकर मंगलवार को धरना देना पड़ा। निगम कर्मचारियों पर आरोप लगाया कि सूचना के बाद भी कोई काम नहीं हो रहा है। मौके पर पहुंचे विश्व हिंदू गौ रक्षा प्रकोष्ठ के नेताओं ने चेतावनी देते हुए कहा कि नगर पालिका को नगर निगम में विलय के बाद नगर में कोई सुनने वाला नहीं, यदि जल्द से जल्द मृत गाय को नहीं हटाया गया तो सड़क पर आंदोलन के लिए बाध्य होना पड़ेगा। तब जाकर आनन फानन में जेसीबी से मृत गाय को हटाया गया। वहीं नेताओं ने यह भी आरोप लगाया कि निगम के टोल फ्री नंबर सूचना देने के बाद भी दो तीन दिनों तक कोई कार्रवाई नहीं होती। विरोध करने वालों में अवध संभाग प्रभारी दिनेश कुमार मौर्या, राजु, आशीष राज गुप्ता, नागेंद्र सिंह, मनोज यादव, राहुल गुप्ता आदि सहित दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# फार्मेसिस्ट विरोधी रवैये को लेकर आक्रोश

जनसंदेश न्यूज



**वाराणसी।** फार्मेसिस्ट फेडरेशन जनपद शाखा वाराणसी के तत्वावधान में मंगलवार को मण्डलीय अस्पताल में संघ के प्रांतीय अध्यक्ष के दौरे के अवसर पर आयोजित स्वागत के पश्चात हुए संगोष्ठि में वक्ताओं ने शासन - प्रशासन के फार्मेसिस्ट विरोधी रवैये पर आक्रोश व्यक्त किया।

वक्ताओं ने कहा कि बीते माह प्रदेश व्यापी जन- जागरण को फार्मेसिस्ट अधिकार दिवस के रूप में मनाते हुए अपनी प्रांतीय माँगे मुख्यमंत्री के माध्यम से शासन -प्रशासन के समक्ष प्रस्तुत की ,परन्तु आज तक उन पर कोई सकारात्मक पहल नहीं की गयी। प्रान्तीय अध्यक्ष डा. सुनील यादव ने शासन -प्रशासन का ध्यान आकृष्ट करते हुए,कल्याण कारी शासन-प्रणाली में शिक्षा एवं स्वास्थ्य को देश के जनता -जनार्दन को सस्ता एवं प्रभावी तंत्र विकसित कर ही प्रदान किया जा सकता है ,ऐसे में फार्मेसिस्ट संवर्ग के पदों को विघटित-समाप्त कर लक्ष्य से भटकाव होने का खतरा पैदा हो जायेगा। उन्होंने शासन से आग्रह किया कि फार्मेसिस्ट संवर्ग के कैडर को मजबूत करें तथा आज की जन -स्वास्थ्य से जुड़ी चुनौती को ध्यान में रखते हुए प्रदेश के चिकित्सालयों को मेडिकल कालेज में विकसित करने के क्रम में पूर्व के पदों को बहाल करते हुए फार्मेसिस्ट संवर्ग के कैडर को मजबूती प्रदान की जाय अन्यथा उ.प्र.की समस्त चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाओं पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा । इस अवसर पर डा. जे.के.सिंह , डा. अरूण कुमार सिंह ,डा. अनिल कुमार पाण्डेय ,डा. आशुतोष कुशवाहा, डा. राम करन चौधरी ,डा. जितेन्द्र कुमार पटेल , डा. आशुतोष जी ,डा. इश्तियाक अहमद ,डा. राजू बाबू ,डा. हरेन्द्र सिंह ,डा. जितेंद्र कुमार यादव सहित कई चिकित्सालयों फार्मेसिस्ट अधिकारी एवं कर्मचारियों ने अपने विचार व्यक्त किए । सभा की अध्यक्षता फार्मेसिस्ट फेडरेशन के जनपद अध्यक्ष डा जे. एस. उपाध्याय ने किया व धन्यवाद ज्ञापन डा. आर. के. सिंह मण्डल मंत्री राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद उ.प्र. वाराणसी मण्डल ने किया।

# स्वर्ण पदक जीतने पर आरती को दी बधाई



**हरहुआ।** लखनऊ में आयोजित राज्य सब जूनियर ओपन जूडो प्रतियोगिता में अंडर 48 किग्रा भार वर्ग में बनारस की आरती द्वारा स्वर्ण पदक जीतने पर विकास इंटर कालेज परमानंदपुर में खुशी का माहौल रहा। विद्यालय परिवार की ओर से आरती को बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। विकास इंटर कॉलेज परमानंदपुर के प्रधानाचार्य डॉ एके सिंह ने बताया की कक्षा छह तक उसने इसी कॉलेज में अध्ययन करने के साथ जूडो की ट्रेनिंग ली है। आरती के पिता छेदी लाल कॉलेज में ही चतुर्थ क्लास के कर्मचारी है। आरती वर्तमान समय में स्पोर्ट्स कॉलेज गोरखपुर में ट्रेनिंग ले रही है जो चेन्नई में 10 से 15 फरवरी तक आयोजित नेशनल जूडो प्रतियोगिता में उत्तर प्रदेश की तरफ से हिस्सा लेगी। उन्होंने बताया कि इस समय 200 बालक बालिका हॉकी, हैंडबॉल, जूडो और जिम्नास्टिक का ट्रेनिंग ले रही है।

# इंटर स्कूल प्रतियोगिता जी20-2023 संपन्न

**वाराणसी।** केराकतपुर स्थित वाराणसी पब्लिक स्कूल प्रांगण में मंगलवार को जी 20 शीर्षक पर आयोजित ललित कला प्रतियोगिता इंटर स्कूल समपन्न हुआ। मुख्य अतिथि अवध किशोर सिंह सहायक बेसिक शिक्षा अधिकारी, वाराणसी, विशिष्ट अतिथि धर्मेंद्र त्रिपाठी राजदूत जी-20 व डॉ. अर्चना पाण्डेय असिस्टेंट प्रोफेसर गंगापुर परिसर,म०गा०का०वि०, दृष्य कला संकाय ने सरस्वती जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलन कर इस प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया। प्रतियोगिता में वाराणसी पब्लिक स्कूल केराकतपुर, वाराणसी पब्लिक स्कूल माधोपुर, वाराणसी पब्लिक स्कूल चेतगंज, वाराणसी पब्लिक स्कूल बंगालीपुर व ज्ञानदायिनी गर्ल्स एकेडमी ने भाग लिया। इस प्रकार संपूर्ण बच्ची ने इस प्रतियोगिता में भाग लेकर इस प्रतियोगिता को पूर्ण किया। मुख्य अतिथि ने कहा जिस तरह जी20 पर कला प्रतियोगिता आज आयोजन हुआ, उसी तरह निबंध, स्लोगन और भी क्रिया-कलाप आगे होने चाहिए। विशिष्ट अतिथि जी 20 के वाराणसी शाशन द्वारा नामित राजदूत धर्मेन्द्र त्रिपाठी ने बच्चों व शिक्षक गण को शहर स्वच्छ रखने व अतिथियों के स्वागत हेतु अपने दुकान के आसपास रंग रोगन करने हेतु प्रेरित किया। मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि व अतिथिगण का स्वागत स्मृतिचिन्ह व अंगवस्त्रम तथा पुष्पगुच्छ भेंटे कर विद्यालय निदेशक पाण्डेय एवं उप निदेशक के के पाण्डेय आरएन जायसवाल, एसके गुप्ता द्वारा किया गया। संचालन विद्यालय की उपप्रधानाचार्या द्वारा किया गया।



# बिना मुआवजा कार्य शुरू होने पर भड़के किसान व व्यापारी

**आरओबी निर्माण**

**कांग्रेस के प्रांतीय अध्यक्ष के नेतृत्व में किसानों ने किया विरोध**

**पुलिस और प्रशासन के साथ हुई वार्ता, मिला आश्वासन तो काम शुरू**

जनसंदेश न्यूज



एसडीएम अंशिका दीक्षित से वार्ता करते पूर्व विधायक अजय राय

**पिंडरा।** बाबतपुर (मंगारी) में आरओबी के ठप पड़े कार्य को मंगलवार को शुरू कराने पहुंचे पुलिस प्रशासन को ग्रामीणों, किसानों व व्यापारियों के विरोध का सामना करना पड़ा। जिसको लेकर घंओं पुलिस प्रशासन और कांग्रेस के प्रदेश प्रांतीय अध्यक्ष व पूर्व विधायक अजय राय के बीच बातचीत चली। प्रशासन की तरफ से सकारात्मक आश्वासन मिलने पर किसान और व्यापारी माने, तब जाकर काम शुरू हो पाया।

बाबतपुर-चौबेपुर मार्ग पर निर्माणाधीन आरओबी स्थल पर पूर्वाह्न करीब 10 बजे ही पुलिस प्रशासन के लोग भारी संख्या में पहुंच गए थे। एसडीएम पिंडरा अंशिका दीक्षित, एसीपी अमित कुमार पांडेय व अन्य अधिकारियों के पहुंचने पर सेतु निगम के जेई और कर्मचारी पिलर बनाने के लिए सीमांकन करने लगे। तभी मुआवजे की मांग को लेकर ग्रामीण, किसान और व्यापारी एकत्र होकर विरोध करने लगे। उनकी मांग थी कि राजस्व रिकार्ड में अंकित चौड़ाई के हिसाब से सड़क बनाई जाए या फिर मुआवजा देने के बाद बनाने का काम शुरू हो। लेकिन प्रशासन के लोग बिना किसी ठोस आधार के मुआवजा देने को तैयार नही थे। इस पर लोग विरोध करने लगे तो पुलिस बल उन्हें खेदड़ने लगी। जब किसान कृपाशंकर सिंह ने विरोध किया तो उन्हें हिरासत में लेकर थाने भेज दिया।

सूचना पर पहुंचे कांग्रेस के प्रदेश प्रांतीय अध्यक्ष व पूर्व विधायक अजय राय ने प्रशासन से हिरासत में लिए किसान को छोड़ने तथा बिना मुआवजा कार्य न करने की चेतावनी दी। घंटे भर चली किचकिच के बाद एसडीएम के आश्वासन पर मामला शांत हुआ। तब जाकर दोपहर बाद काम शुरू हो पाया। पूर्व विधायक अजय राय ने कहा कि हिरासत में लिए गए किसान को छोड़ने तथा प्रशासन सर्वे के आधार पर नियमानुसार चार गुना मुआवजा देने के आश्वासन पर कार्य शुरू हुआ। आंदोलनकारी विकास के विरोधी नही है। लेकिन मुआवजा मांगना उनका हक है।

वही एसडीएम ने बताया कि ग्रामीणों को शिकायती पत्र के साथ समस्त अभिलेख कार्यालय में देने को कहा गया है। उसके बाद मुआवजा की राशि तय होगी। विरोध प्रदर्शन में श्रीप्रकाश सिंह, रामसनेही पांडेय, सुरेंद्र सिंह, संतोष सिंह, विवेक सिंह, श्यामबहादुर सिंह, बनवारी लाल गुप्ता, जोखू गुप्ता, विजय बहादुर सिंह आदि दर्जनों लोग शामिल थे।

# अभिषेक शर्मा बने जिला पर्यटन व संस्कृति परिषद के सदस्य

**वाराणसी।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संसदीय क्षेत्र काशी में पर्यटन एवं संस्कृति का केंद्र उभरकर सामने काशी आई है। काशी में जो बहुत लंबे समय से पर्यटन एवं धर्म संस्कृति के क्षेत्र में कार्य कर रहे हैं उन्हें एक मंच पर लाने का प्रयास किया गया है। स्वागतम काशी फाउंडेशन के संयोजक अभिषेक शर्मा को जिला एवं पर्यटन संस्कृति परिषद में सदस्य बनाया गया है। काशी में पिछले कई सालों से वह स्वागतम काशी फाउंडेशन संस्था के बैनर तले कार्य कर रहे हैं। जिसने पर्यटन धर्म संस्कृति मंदिरों का संरक्षण आदि के लिए कार्य किया जाता है। साथ में प्रतीक और सुषमा स्वराज पर्यटन पुरस्कार भी संस्था की ओर दिया जाता रहा है। संस्था की ओर से पर्यटकों व तीर्थयात्रियों के लिए समय-समय पर जागरूकता अभियान भी चलाया जाता है।

पूर्वोत्तर रेलवे
संशोधन
वरिष्ठ मण्डल कार्मिक अधिकारी

# इन्वेस्टर समिट: बलिया में होगा दो हजार करोड़ का निवेश

**आयोजन**

### विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े कुल 61 उद्योगपतियों ने एमओयू पर किए हस्ताक्षर

### जार्डन से आए कारोबारी ने सोलर प्लांट व मेडिसिन फैक्ट्री लगाने के दिए संकेत

**बलिया।** प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी इन्वेस्टर समिट का आयोजन मंगलवार को गंगा बहुद्देशीय सभागार में हुआ। इसमें देश के विभिन्न उद्यमियों के अलावा जार्डन से आए उद्यमी ने भी प्रतिभाग किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने अन्य अतिथियों के साथ दीप प्रज्वलित करके किया। इस समिट में आए कुल 61 उद्यमियों ने लगभग दो हजार करोड़ रुपये के एमओयू पर हस्ताक्षर किए। इसके अलावा जार्डन से आए कारोबारी रज्जाक शुकुर अल-ईबादी ने 120 करोड़ की मेडिकल फैक्ट्री लगाने के संकेत दिए। परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने कहा कि बलिया में औद्योगिक विकास की अपार संभावनाएं हैं। उसके लिए यहां पर्याप्त भूमि और सुरक्षित माहौल है। हमारा प्रयास होगा कि यहां के चीनी मिल को फिर से शुरू किया जाए और गन्ने से एथेनाल बनाया जाए। इस दिशा में पूरी गम्भीरता से पहल करूंगा। उन्होंने कहा कि गुजरात के कुछ निवेशक, जो सौर ऊर्जा से जुड़े है, उनको भी बलिया में आकर सौर ऊर्जा के क्षेत्र में कार्य करने की अपील किया हूं। सुरहाताल में फ्लोटिंग रिसोर्ट व पानी में तैरने वाला रेस्टोरेंट बन जाए तो पर्यटन के लिहाज से और बेहतर हो जाएगा। बलिया में गंगा नदी में तमाम डाल्फिन मिलती हैं। माल्देपुर में डाल्फिन प्वाइंट भी बनाया जा रहा है। कुल मिलाकर अब हर क्षेत्र में बलिया का विकास तेजी से हो रहा है। परिवहन मंत्री ने कहा कि कटहल नाला के दोनों तरफ पाथ-वे, बेंच, सोलर लाइट्स व अन्य व्यवस्था कर सुंदर बनाया जाएगा। बच्चों के मनोरंजन के साधन भी होंगे। मंत्री ने कम समय में बेहतर आयोजन के लिए जिलाधिकारी व उनकी पूरी टीम की सराहना की। विधायक केतकी सिंह ने कहा कि फूड प्रोसेसिंग के लिए कच्चा माल यहां आसानी से मिल जाएगा। लिहाजा क्षेत्र में भी अच्छा उद्योग विकसित किया जा सकता है।


इन्वेस्टर समिट का दीप प्रज्ज्वलित करके शुभारंभ करते परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह एवं अन्य


उद्यमियों को उपहार देते मंत्री दयाशंकर सिंह एवं विधायक केतकी सिंह


इन्वेस्टर समिट में उपस्थित व्यापारी

### उद्यमियों को उपहार स्वरूप दिए मोटे अनाज

**बलिया।** परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह और जिलाधिकारी सौम्या अग्रवाल ने इन्वेस्टर्स समिट में आए सभी अतिथियों को उपहार के रूप में जनपद में उत्पादित मोटे अनाज के पैकेट दिया। जिलाधिकारी ने कहा कि पूरा विश्व वर्ष-2023 को मिलेट ईयर के रूप में मना रहा है। हम सबका स्वास्थ्य सही हो, इसके लिए हमें मोटे अनाज की तरफ लौटना ही होगा। बलिया में विभिन्न किस्म के मोटे अनाज का पर्याप्त उत्पादन होता भी है। सब्जी के निर्यात के बाद अब मोटे अनाज के निर्यात के जरिए आर्थिक विकास की अपार संभावनाएं हैं।

### स्वागत को बनाई शानदार कलाकृतियां

**बलिया।** कला शिक्षक इफ्तेखार कान के नेतृत्व में राजकीय इंटर कालेज के कला के विद्यार्थियों ने शानदार कलाकृति के जरिए सबका स्वागत किया। इन्वेस्टर समिट का लोगो व स्वागत से जुड़े कलाकृति बनाई, जिसकी मंत्री और जिलाधिकारी के अलावा हर किसी ने सराहना की। कार्यक्रम में विधायक केतकी सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष जयप्रकाश साह, एसपी राजकरण नैय्यर सहित अन्य अधिकारी व उद्यमी गण मौजूद रहे।

### डीएम ने मंत्री व उद्यमियों के प्रति जताया आभार

**बलिया।** जिलाधिकारी सौम्या अग्रवाल ने इन्वेस्टर समिट में आए सभी उद्योगपतियों के प्रति आभार जताते हुए कहा कि आप लोगों की ओर से किए गए निवेश से निश्चित रूप से जनपद में औद्योगिक विकास होगा। उन्होंने कहा कि हमारे पास उद्योग-धंधों के लिए पर्याप्त जमीन है। सबसे अच्छी बात है कि जहां पर जमीन उपलब्ध है, वहां से एक्सप्रेस-वे और बड़े शहरों में आवागमन काफी सुगम है। उन्होंने बलिया में एक अलग विजन देने के लिए परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया। सीडीओ प्रवीण वर्मा ने उद्योग के लिहाज से बलिया की सुविधाओं के बारे में विस्तार से बताया। उप कृषि निदेशक इंद्राज ने बताया कि कृषि क्षेत्र में बलिया के विकास के लिए किसान उत्पादक संगठन (एफपीओ) काम कर रहे हैं।

# दो हेक्टेयर भूमि का कराया गया बैनामा

## ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस-वे को लेकर उत्साहित दिख रहे काश्तकार

**बैरिया।** ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस-वे सरकार एवं प्रशासन की शीर्ष प्राथमिकता में है। गाजीपुर-बलिया-मांझी घाट तक ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस-वे के बैनामा के लिए तहसील बैरिया अंतर्गत काश्तकारों में अत्यंत उत्साह व तेजी दिख रही है। तहसील परिसर में काफी संख्या में काश्तकार बैनामा करने हेतु पहुंच रहे है। मंगलवार को तहसील बैरिया अंतर्गत कुल दो हेक्टेयर जमीन का बैनामा कराया गया।

उप जिलाधिकारी आत्रेय मिश्र ने बताया कि बैनामा के क्रम में विगत सोमवार को भी दो हेक्टेयर जमीन का बैनामा कराया गया था। तहसील बैरिया में ग्रीन फील्ड परियोजना अंतर्गत 134 हेक्टेयर भूमि क्रय की जानी है। इसमें 37 हेक्टेयर भूमि काश्तकारों से, 36 हेक्टेयर सरकारी भूमि समेत कुल 73 हेक्टेयर भूमि क्रय की जा चुकी है। क्षेत्रीय लेखपाल लक्ष्मण गुप्ता द्वारा बताया गया कि मौजा सोनबरसा में लक्ष्य के सापेक्ष 80 फीसदी भूमि का बैनामा करा लिया गया है। इसी तरह क्षेत्रीय लेखपाल रामप्रताप राम द्वारा बताया गया कि मौजा रामपुर व केवा में 75 फीसदी भूमि का बैनामा करा लिया गया है। उप जिलाधिकारी न्यायालय, तहसीलदार न्यायालय एवं नायब तहसीलदार बैरिया, सुरेमनपुर न्यायालय में जो भी वाद ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस-वे की भूमि के संबंध में चल रहे है, उन्हें शीर्ष प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण किया जा रहा है। जो भी काश्तकार बाहर रह रहे हैं, उन्हें भी बुला कर समुचित ढंग से बैनामा कराया जा रहा है। नायब तहसीलदार सुरेमनपुर अजय सिंह को बैनामे की प्रक्रिया की देखरेख हेतु ओवर आल इंचार्ज नियुक्त किया गया है। काश्तकारों की सहूलियत के लिए यातायात की व्यवस्था यथा ई-रिक्शा, बोलेरो, टेंपो की व्यवस्था की गई है। अब तक कुल 900 काश्तकारों से भूमि क्रय की जा चुकी है। इसमें 850 काश्तकारों की धनराशि का भुगतान भी किया जा चुका है।


आत्रेय मिश्र

### विकास के नये द्वार खुलेंगे

**बैरिया।** एसडीएम आत्रेय मिश्र ने स्पष्ट किया है कि ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस-वे तहसील बैरिया के लिए मील का पत्थर साबित होगा। इससे विकास के नए द्वार खुलेंगे। अतः तहसील बैरिया अंतर्गत क्षेत्र के जो भी बचे हुए काश्तकार है, उनसे अपील है कि अन्य काश्तकारों की तरह यथाशीघ्र ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस-वे के लिए बैनामा करें तथा जनपद के विकास के लिए इस नई इबारत लिखने में भागीदार बने।

### व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने मंत्री से की वार्ता

**बलिया।** संयुक्त व्यापार मंडल के पदाधिकारी परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह से मिले और मृत गन व्यवसायी नंदलाल गुप्ता आत्महत्या प्रकरण में वार्ता की। मंत्री श्री सिंह ने आश्वासन दिया कि अब किसी के साथ गलत नहीं होगा। सूदखोरों का समूल नाश होगा। पुलिस अधीक्षक कार्यालय में एक बाक्स बनाया जाएगा, जिसमें लोग अपनी समस्या को रखेंगे और उसका पूरी तरह निवारण भी किया जाएगा। सूदखोरों के खिलाफ गैंगस्टर और रासुका जैसी कठोर कार्रवाई होगी। इस दौरान विधायक केतकी सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष जयप्रकाश साहू मौजूद रहे। वार्ता करने वाले में अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश उपाध्यक्ष अरविंद गांधी, प्रदीप वर्मा एडवोकेट, मंजय सिंह, राहुल गुप्ता, आकाश पटेल ,दिनेश तुरैहा आदि शामिल रहे। इसके बाद पदाधिकारियों ने कैम्प कार्यालय पर बैठक किया। इसमें सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि बुधवार को शाम सात बजे बलिया जनपद के बाजारों के सभी व्यापारी अपनी-अपनी दुकान पर स्व. नंदलाल गुप्ता को श्रद्धांजलि देने के लिए एक-एक मोमबत्ती जलाकर श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे।

# धरातल पर नहीं उतरी नमामि गंगे योजना

## लगातार प्रयास के बाद भी पूरा नहीं हो पाया लक्ष्य

**जनसंदेश न्यूज**

**बैरिया।** लग रहा है कि नमामि गंगे योजना धरातल पर नही उतरेगी। इस योजना के तहत गंगा के तटवर्ती सात किलोमीटर की परिधि में बागवानी के लिए भारत सरकार ने खजाना का मुंह खोल रखा है। बावजूद इसके यह योजना पूरी तरह परवान नहीं चढ़ रहा है।

उल्लेखनीय है कि पिछले साल जिला प्रशासन ने नमामि गंगे योजना के तहत दो हजार हेक्टेयर में बलिया जनपद के गंगा के तटवर्ती इलाके में बागवानी कराने का लक्ष्य निर्धारित किया था। जिला उद्यान विभाग ने इसके लिए लगातार प्रयास किया। बावजूद इसके करीब 70 हेक्टेयर में ही बागवानी हो पाई। हालांकि उद्यान विभाग ने प्रति किसान बागवानी करने वाले को तीन वर्षों तक एक हेक्टेयर पर तीन हजार रुपये प्रति महीना देने का निर्णय लिया है। पैसा सीधे बागवानी करने वाले किसानों के खाते में जा रहा है। बावजूद इसके अभी तक लक्ष्य पूरा नहीं हो पाया है। इस संदर्भ में प्रभारी जिला उद्यान अधिकारी शीतल प्रसाद ने बताया कि इस साल भी 100 हेक्टेयर में नमामि गंगे योजना के तहत बागवानी करवाने का प्रयास जारी है। 115 की संख्या में किसानों ने अपना पंजीकरण कराया है। यह संख्या अभी बढ़ेगी। इसके लिए लगातार प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने गंगा के तटवर्ती इलाके के लोगों से आग्रह किया है कि वे नमामि गंगे योजना के तहत पौधरोपण करें और बागवानी का लाभ लें। सरकार उन्हें तीन वर्षों तक अनुदान भी देगी। जिला उद्यान अधिकारी के अनुसार गंगा नदी से सात किलोमीटर की दूरी तक यह सुविधा उपलब्ध है। उन्होंने किसानों से बागवानी की तरफ हाथ बढ़ाने का आग्रह किया है।

## संक्षेप

### फ्लाइंग ऑफिसर साक्षी का हुआ सम्मान



**बलिया।** आरके मिशन स्कूल सागरपाली में साक्षी त्रिपाठी (फ्लाइंग आफिसर) को विद्यालय परिवार द्वारा सम्मानित किया गया। साक्षी त्रिपाठी पुत्री अजय त्रिपाठी व रीता त्रिपाठी निवासी मिड्ढी, बलिया ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा बलिया से उत्तीर्ण कर वनस्थली विद्यापीठ राजस्थान में प्रवेश लिया। उसके उपरांत उनका चयन एयरफोर्स में हुआ। ज्ञात हो कि साक्षी त्रिपाठी शुरू से ही मेधावी रही। आरके मिशन स्कूल के प्रबंधक हर्ष श्रीवास्तव ने साक्षी त्रिपाठी को स्मृति चिन्ह व दुपट्टा देकर सम्मानित किया। कहा कि नारी शक्ति का सम्मान सुसंस्कृत समाज का हिस्सा है। साक्षी त्रिपाठी ने कहा कि बालिकाओं के प्रति समाज में व्याप्त मानसिकता को शिक्षा व जागरूकता से ही दूर किया जा सकता है। मैंने प्रारंभ से ही एक अधिकारी बनना चाहा। लक्ष्य का पीछा करते-करते अपने सपने को साकार किया। अतः प्रत्येक बालिका को शिक्षित होकर राष्ट्र को प्रगति के पथ पर ले जाना चाहिए। वर्तमान में साक्षी त्रिपाठी की पोस्टिंग बंगलोर में है।

### आग से आधा दर्जन झोपड़ियां जलकर राख

**मझौवां।** रेवती थाना क्षेत्र के पचरुखिया गांव के चौधरी बस्ती में सोमवार की देर रात बिजली के शार्ट सर्किट से अचानक आग की लपटें उठने लगी। देखते ही देखते लगभग आधा दर्जन झोपड़ियां आग के लपेटे में आ गयी। जानकारी के अनुसार चौधरी बस्ती में सबसे पहले प्रभु चौधरी के घर से आग की लपटें उठनें लगी। जब तक लोग कुछ समझ पाते, तब तक आग की लपटें जितेन्द्र पटेल व धर्मेन्द्र पटेल के घर को अपने आगोश में ले लिया। इससे घरेलू सामान जल कर राख हो गया। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। आग में प्रभुनाथ चौधरी द्वारा अपनी लड़की की शादी के लिए घर मे रखें नकद 40 हजार रुपये समेत आभूषण, रोजमर्रा की चीजें, चौकी, कपड़े, बर्तन जलकर राख हो गया। बता दें कि प्रभुनाथ चौधरी के लड़की की शादी छह मई को है।

# आरोपी सूदखोर पुलिस की पकड़ से दूर

**कार्रवाई**

### डीएम के निर्देश पर सूदखोरों के प्रापर्टी की जांच शुरू

**बलिया।** गन व्यवसायी नंदलाल गुप्त के सुसाइड प्रकरण के सातवें दिन भी पुलिस की पकड़ से बाहर है आरोपी सूदखोर। हालांकि पुलिस ने तीन सूदखोरों के खिलाफ कार्रवाई कर जेल भेज दिया है। लेकिन अभी भी 10 से अधिक सूदखोर एसपी राजकरन नैयर की बनायी हुई टीम की पकड़ से दूर है।

गौरतलब हो कि एक फरवरी को गन व्यवयासी नंदलाल गुप्त ने अपने दुकान में बैठकर फेसबुक पर लाइव होकर अपने आपको गोली मार ली। जैसे ही इसकी जानकारी जिले में हुई, कोहराम मच गया। गन व्यवसायी के पास से मिले सुसाइड नोट के बाद भी जब मुकदमा कायम नहीं हुआ तो व्यापारियों ने नंदलाल का शव लेकर घर के पास ही बैठे रहे। उधर, जैसे ही सपा के नेताओं को इसकी जानकारी हुई, मौके पर पहुंच गये। तब जाकर कोतवाल तहरीर की नकल लेकर पहुंचे। इसके बाद नंदलाल के शव का अंतिम संस्कार हुआ। पुलिस अधीक्षक राजकरन नैयर ने आरोपी सूदखोरों को पकड़ने के लिये एएसपी और सीओ सिटी के नेतृत्व में चार टीमें गठित की, लेकिन अभी तक इस टीम को कोई बड़ी कामयाबी नहीं मिली। उधर, जिलाधिकारी सौम्या अग्रवाल के निर्देश पर सूदखोरों की प्रापर्टी की जांच शुरू हो गयी। विगत दिनों सिटी मजिस्ट्रेट डा. सुधीर के नेतृत्व में सीओ सिटी, कोतवाल और ईओ मौके पर पहुंचे और अजय सिंह सिंघाल और देवनारायण सिंह उर्फ पूना सिंह के मकानों एवं होटलों की जांच करते हुए किरायेदारों को घर खाली कराने का निर्देश दिया। साथ ही मकान का नक्शा और कागज भी मांगा है। लेकिन खबर लिखे जाने तक 48 घंटे से अधिक हो चुके है। प्रशासन ने 72 घंटे का अल्टीमेटम दिया है। अब देखना यह होगा कि आगे क्या होता है।

### कल पीड़ित परिवार से मिलेंगे सपा सुप्रीमो



**बलिया।** गन व्यवसायी नंदलाल सुसाइड प्रकरण को लेकर अभी भी बलिया में तनाव की स्थिति बनी हुई है। जानकारी यह मिल रही है कि नौ फरवरी को सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव बलिया आएंगे और गन व्यवसायी नंदलाल के परिजनों से मिलेंगे। सूदखोरों की प्रताड़ना से तंग व्यापारी आत्महत्या मामले को लेकर राजनीतिक गलियारों में चर्चा का यह विषय बना हुआ है कि सूदखोरों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कारवाई हो पाएगी अथवा नहीं। सभी विपक्षी दल इसे सरकार की नाकामी बता रहे है। आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होने से व्यापारी संगठनों द्वारा बलिया बंद की बात चल रही है।

### न जाने बलिया को किसकी लगी नजर

**बलिया।** बलिया ने धार्मिक, राजनीतिक, साहित्यिक व क्रांति बगाावत के क्षेत्र में महारत हासिल की है। ये वही धरती है, जिस धरती से जन्में चंद्रशेखर जी देश के प्रधानमंत्री बने और जनेश्वर मिश्र देश के कई सरकारों में केंद्रीय मंत्री रहे। वहीं, जयप्रकाश नारायण भी बलिया जनपद के निवासी रहे। क्रांति की क्षेत्र की बात करें तो मंगल पांडेय, चित्तू पांडेय, पंडित महानंद मिश्र, राजकुमार बाघ, जानकी देवी, पंडित तारकेश्वर पांडेय, पंडित रामदहिन ओझा सहित कई क्रांतिकारियों के नाम से बलिया बगावत के क्षेत्र से जाना जाता है। उसके बाद साहित्य के क्षेत्र की बात करें तो पंडित हजारी प्रसाद द्विवेदी, आचार्य परशुराम चतुर्वेदी इसी बलिया जनपद के निवासी रहे है। धार्मिक क्षेत्र की बात करें तो महर्षि भृगु के नाम से बलिया जाना जाता है। जब-जब बलिया में कोई बात आयी, तब-तब पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर जी के नाम से अपराधी-गुंडे सब डर से बलिया में कदम नहीं रखते थे। यहां तक की किसी की हिम्मत नहीं होती थी कि कोई माफिया व्यापारी से फिरौती मांग दें। लेकिन आज बड़े दुख के साथ कहना पड़ रहा है कि बलिया आज सूदखोरों के नाम से बदनाम होता जा रहा है। इसका जीता जागता उदाहरण गन व्यवसायी नंदलाल सुसाइड प्रकरण है। जिन्होंने बलिया के मान-सम्मान के लिये अपने प्राणों की आहूति दी और दुनिया से विदा हो गये। आज इसी धरती पर जन्में कुछ लोग अपने स्वार्थ के लिये बलिया को कलंकित कर रहे है। यदि यही हाल रहा तो फिर एक बार बलिया आंदोलन की राह अपना सकता है।



देवनारायण सिंह उर्फ पूना सिंह व अजय सिंह सिंघाल के संपत्ति की जांच करायी जा रही हैं। सिटी मजिस्ट्रेट से रिपोर्ट तलब की गयी है। यदि निर्माण अवैध होगा तो उसे ध्वस्त कराया जाएगा। ध्वस्तीकरण के लिये अधिकारियों को सतर्क किया गया है। जल्द ही विवरण मांगा गया है। सूदखोरों के नेटवर्क को ध्वस्त करने के लिये प्रशासन कड़े कदम उठाएगा।
**सौम्या अग्रवाल, जिलाधिकारी**



आरोपितों को पकड़ा जा रहा है। गन कारोबारी ने किससे रूपये लेकर अधिक ब्याज पर दिये थे, इसकी जांच करायी जा रही है। यदि डायरी मिल जाएं तो पुलिस को जांच में बहुत सहूलियत मिलेंगी। फिर भी पुलिस आरोपितों से सच निकलवाने की पूरी कोशिश कर रही है।
**राजकरन नय्यर, पुलिस अधीक्षक**

### सूदखोरों के नेटवर्क का पता लगा रही पुलिस

**बलिया।** सूदखोरों का नेटवर्क कहां-कहां तक फैला है? इसकी जानकारी अब पुलिस लगा रही है। पुलिस को कब कैसे कामयाबी मिलेगी? यह बताना जल्दबाजी होगा। वैसे मार्केट में चर्चा का विषय यह बना हुआ है कि सूदखोर नौकरशाहों और सफेदपोशों से कम दर पर लाखों रूपये लेकर उसे बाजार में सूद पर चलाते थे। वैसे इसके पीछे यह भी माना जा रहा है कि आवश्यकता से अधिक धन रखने वाले लोग बैंक में न रखकर पैसा कही न कहीं उसे ब्याज पर ही चला रहे है। अब यह सही है या गलत, यह भी एक जांच का विषय है।

### सूदखोरों के उत्पीड़न से दवा व्यापारी लापता

**बलिया।** अभी सूदखोरों के खिलाफ कार्रवाई चल ही रही है कि जिले में सूदखोरों के दलदल में फंसे कई व्यवसायी और आम लोग बेघर हो गये है। दबंग सूदखोरों की ओर से आये दिन मिल रही धमकी से व्यापारियों और आम लोगों का परिवार भयभीत है। शहर के बालेश्वर मंदिर मार्ग पर एक दवा व्यापारी सूदखोरों के उत्पीड़न से परेशान होकर दो माह से लापता है।

### शासन-प्रशासन तक है आरोपियों की पहुंच : लक्ष्मण



**बलिया।** पूर्व चेयरमैन लक्ष्मण गुप्त ने कहा कि घटना में शामिल सूदखोरों की जड़ें शासन-प्रशासन एवं सत्ता पक्ष में अंदर तक है। रजिस्ट्री विभाग की अगर जांच किया जाय तो पता चलेगा कि कानून को ताक पर रखकर किस तरह अनुचित धन का प्रवाह हो रहा है। ऐसे में सपा यह मांग करती है कि मृतक नंदलाल गुप्ता के परिवार को 50 लाख की आर्थिक सहायता दी जाय तथा परिवार को सरकारी नौकरी दिया जाय। आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी हो। रजिस्ट्रार को निलंबित कर उसकी भूमिका की जांच कर दोषी पाये जाने पर दंडात्मक कार्यवाही किया जाय। वैध सूदखोरों की सूची नियमावली प्रेस के माध्यम से जारी किया जाय। सूदखोरों से पीड़ितों को राहत दिलाने हेतु जिलास्तरीय सेल बनाया जाय, जिसका प्रभारी जिलाधिकारी स्वयं हो। अवैध रूप से किया गया एग्रीमेंट निरस्त किया जाय।

### व्यापारी आत्महत्या प्रकरण में दोषियों की हो गिरफ्तारी

**बलिया।** संयुक्त किसान मोर्चा बलिया के संयोजक परमात्मानंद राय ने नगर के गन व्यवसायी की आत्महत्या एवं सूदखोरों के कुकृत्य की निंदा की है। संयुक्त किसान मोर्चा के सभी घटकों अखिल भारतीय किसान सभा (माकपा), अखिल भारतीय किसान सभा (भाकपा), जिला किसान फ्रंट, लोकाधिकार मंच, भूमि बचाओ मोर्चा, किसान सभा (एसयूसीआई), विकास मंच आदि ने मांग किया कि व्यापारी आत्महत्या के गुनाहगारों को तत्काल गिरफ्तार किया जाय और पीड़ित परिवार की आर्थिक मदद किया जाय। कहा कि पूरा जनपद वर्षों से सूदखोरों की तपिश से झुलस रहा है। पुलिस प्रशासन सूदखोरों पर अंकुश लगाने एवं गिरफ्तारी की बात करता है, लेकिन असफल रहता है। मोदी सरकार में बड़े व्यापारियों एवं कारपोरेटों को जनता को लूटने की छूट मिली है। गरीब एवं मध्यमवर्गीय व्यवसायी के लिए बैंकों के दरवाजे बंद है। इस अवसर पर परमात्मानंद राय, जनार्दन सिंह, डा. सत्यनारायण, अशोक पांडेय, राघवेन्द्र, संतोष सिंह, बलवंत यादव, लक्ष्मण पांडेय, सत्यप्रकाश सिंह, तेजनारायण, फुलेश्वर वर्मा आदि मौजूद रहे।

# अपने गौरवशाली अतीत से प्रेरणा लें गोंड-खरवार


**बोले नाबा कुमार सरनिया**

### संसद सत्र में उठाया था जाति प्रमाण पत्र जारी करने का मुद्दा

**बलिया।** कोकराझार, असम के आदिवासी सांसद नाबा कुमार सरनिया सोमवार की रात बलिया पहुंचे। इस दौरान उन्होंने कहा कि भारत राजपत्र, संविधान (अनुसूचित जनजाति) आदेश संशोधन अधिनियम-2002 द्वारा बलिया जिले में निवास करने वाले गोंड-खरवार को अनुसूचित जनजाति के रूप में मान्यता दी गई है। इसका अनुपालन तहसीलदार एवं लेखपालों द्वारा नहीं किया जा रहा है।

कहा कि राजपत्र, संविधान एवं शासनादेश की घोर अवमानना की जा रही है। इस मुद्दे को हमने संसद सत्र में प्रमुखता से उठाया है। इसके क्रम में जनजाति कार्य मंत्रालय भारत सरकार अर्जुन मुंडा ने उप्र शासन के मुख्य सचिव को आवश्यक कार्यवाही करने हेतु निर्देश दिया है। पूर्वांचल के गोंड समुदाय के लोग जाति प्रमाण पत्र के लिए लगातार आंदोलित है। इसका संज्ञान प्रदेश सरकार द्वारा लिया जाना चाहिए। कहा कि आदिवासी जनजाति गोंड-खरवार समुदाय के लोगों को अपने गौरवशाली अतीत से प्रेरणा लेकर अपने संवैधानिक अधिकारों की रक्षा के लिए मजबूत राजनीतिक ताकत के रूप में एकजुट होने की आवश्यकता है।

इस अवसर पर गोंगपा के राष्ट्रीय महामंत्री अरविन्द गोंडवाना, संजय गोंड, आनंद शंकर गोंड, जितेन्द्र कुमार गोंड, धनंजय गोंड, राजाराम गोंड, टिंकू आदि मौजूद रहे।


प्रेसवार्ता करते कोकराझा, असम के सांसद नाबा कुमार सरनिया

# टमाटर की खेती से नहीं निकल रही लागत

**जनसंदेश न्यूज**


**बैरिया।** इस वर्ष टमाटर की फसल ने किसानों को मायूस कर रखा है। वैसे तो सभी हरी सब्जियों का सेंसेक्स गिरा हुआ हैं। किसानों की लागत तक नहीं आ रहा है। ऐसे में किसान खेती छोड़ कर कौन सा धंधा अपनाएं कि उनके परिवार का भरण-पोषण हो सके? जी हां, हम बात कर रहे हैं टमाटर के भाव का। यह खुले बाजार में दो से तीन रुपए किलो उपलब्ध है। फिर भी खरीदार नहीं है। खेत में किसान टमाटर छोड़ नहीं सकता। बाजार में टमाटर का खरीदार नहीं है। ऐसे में टमाटर की खेती करने वाले किसान क्या करें? उनकी समझ में नहीं आ रहा है।

उल्लेखनीय है कि बैरिया तहसील क्षेत्र के रामनगर, धतूरी टोला, दोकटी, बाजीतपुर, सोनबरसा, भोजापुर, मिर्जापुर, सुरेमनपुर व सिताब दियारा क्षेत्र में बड़े पैमाने पर टमाटर की खेती किसानों ने की है, किंतु उनका खरीदार इस समय नगण्य हो गए हैं। ना तो शौस या जैम बनाने वाली कंपनी टमाटर खरीद रही है और न हीं चिप्स बनाने वाले। व्यापारी भी बाहर से टमाटर खरीदने के लिए नहीं आ रहे हैं। टमाटर उत्पादक सोनबरसा निवासी महेंद्र ओझा, नीतू सिंह, विवेक सिंह, शुबेक सिंह सहित दर्जनों किसानों ने बताया है कि टमाटर किसी भी मूल्य पर नहीं बिक रहा है। ऐसे में किसानों का लागत भी निकलने की स्थिति नहीं है। सरकार भले किसानों की आमदनी दोगुना करने की बात कर रही हो, किंतु धरातल पर स्थिति बहुत ही खराब है।



लोगों का कहना है कि अगर सरकार तत्काल टमाटर उत्पादक किसानों के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाती है तो इस वर्ष टमाटर की खेती करने वाले किसानों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ेगा।


















# ठप पड़ी 10 करोड़ की कटान रोधी परियोजना शुरू

जनसंदेश न्यूज

**बलिया।** दुबेछपरा के पास पिछले वर्ष से ठप पड़े करीब 10 करोड़ के कटानरोधी परियोजना को कार्यदायी संस्था बाढ़ खंड ने शुरू करा दिया है। इससे वहां के लोग थोड़ी राहत महसूस कर रहे है। वहीं, सुघरछपरा के बचाव की परियोजना अब भी ठप पड़ी हुई है। इससे 50 से अधिक घरों की आबादी पर संकट बना हुआ है।

क्षेत्र के दर्जनों से अधिक गांवों के साथ ही एनएच-31 को गंगा की कटान से बचाव के लिये पिछले वर्ष करीब 50 करोड़ की लागत की पांच परियोजनाओं पर कार्य शुरू हुआ। बाढ़ आने से पहले मात्र तीन परियोजनाओं को ही विभाग जैसे-तैसे पूरा कर पाया। शेष दो परियोजनाओं के कार्य को बीच मझधार में छोड़कर चलते बने। अब दूबछपरा-टेंगरही रिंग बंधे के 450 मीटर की नौ करोड़ 89 लाख 90 हजार की लात से स्पर आदि की परियोजना पर विभाग ने एक बार फिर कार्य शुरू करा दिया है। हालांकि एचएन-31 के 27,990 से 28,570 मीटर के बीच 11 लाख 56 हजार रूपये की परियोजना के क्रियान्वयन की कवायद भी फिलहाल शुरू होते नहीं दिख रही है। यहां पर कुल नौ लेयर में रिवेटमेंट कार्य से होना है। लेकिन कही तीन लेयर तो कही चार लेयर से ही कार्य कर ठेकेदार पिछले वर्ष से चलते बने। इस कार्य के न होने से ग्राम सभा केहरपुर के पुरवा सुघरछपरा पर कटान का संकट मंडरा रहा है। गंगा की लहरें बस्ती से टकरा रही है। जिले में कार्यदायी संस्था की ओर से कार्य नहीं कराये जाने को लेकर कई तरह की चर्चाएं चल रही है। फिलहाल लोगों को उम्मीद है कि यह परियोजना जल्द ही पूरी हो जाएगी।

**पहल**

**पांच में से तीन परियोजनाओं को ही विभाग ने किया पूरा**

**ठेकेदारों को दी गयी है चेतावनी**

बलिया। इस संबंध में बाढ़ खंड बलिया के अधिशासी अभियंता संजय कुमार मिश्रा ने बताया कि ठप पड़ी परियोजनाओं के ठेकेदारों को कार्य शुरू कराने के लिये सख्त चेतावनी दी गयी है। एक सप्ताह के अंदर कार्य प्रारंभ नहीं होता है तो कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नहीं होगी। इस कार्य के पूरे हो जाने से तटवर्ती लोगों को राहत मिलेगी।

### सेमेस्टर परीक्षा में सात नकलची पकड़े गये

**बलिया।** जननायक चंद्रशेखर विश्वविद्यालय बलिया की ओर से गठित उड़ाका दल ने सेमेस्टर परीक्षा में कई केन्द्रों का दौरा किया। डॉ. अजय कुमार पाण्डेय, डॉ. त्रिपुरारी ठाकुर, डॉ. रूबी, डॉ. तृप्ति तिवारी की टीम ने अमरनाथ मिश्र पीजी कालेज दुबेछपरा में 02 तथा सुदृष्टीपुरी पीजी कालेज में 02 नकलचियों को अनुचित साधन का प्रयोग करते पकड़ा। प्रो. ममता वर्मा डॉ. ओपी यादव, डॉ. राम अवतार उपाध्याय, डॉ. दिलीप मद्धेशिया की टीम द्वारा श्री नरहेजी पीजी कॉलेज नरही में 01, मथुरा पीजी कॉलेज रसड़ा में 01 तथा श्री बजरंग पीजी कालेज दादरआश्रम सिकन्दरपुर में 01 नकलची अनुचित साधन का प्रयोग करते हुए पकड़े गए।

### विद्यालय से सोलर पैनल की चोरी

**बैरिया।** शिक्षा क्षेत्र बैरिया के रानीगंज बाजार में स्थित कम्पोजिट विद्यालय से सोमवार की रात अज्ञात चोरों ने दो सोलर पैनल चुरा लिया। इसे विद्यालय में रोशनी के लिए बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा लगाया गया था। सूचना पर मंगलवार की सुबह एसएचओ धर्मवीर सिंह पहुंचे। उन्होंने घटना स्थल का निरीक्षण के बाद आस-पास के लोगों से पूछताछ की। कहा कि सोलर पैनल चोरी करने वालो को जल्द पकड़ लिया जायेगा।

# नपा ने वसूली को तैयार की बकायेदारों की सूची

**बलिया।** एक बार फिर से नगर पालिका प्रशासन ने बकायेदारों पर वसूली के लिये शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। इसके लिये नगर पालिका ने शहर में बड़े बकायेदारों की सूची तैयार कर ली है। बड़े बकायेदारों को नोटिस भी जारी कर दी गयी है। चर्चा है कि शहर में गृहकर और जलकर जमा कराने के लिए नगर पालिका की ओर से सही कार्रवाई नहीं की जाती। नगर पालिका प्रशासन कभी-कभार ही बकायेदारों को सूचित करता है कि वह अपना टैक्स जमा कर दें। इसके बाद कुछ लोग तो टैक्स जमा कर देते हैं, लेकिन शेष बकायेदारों से वसूली के प्रयास भी नहीं किए जाते। वित्तीय वर्ष के अंत में मार्च आने से पहले टैक्स जमा कराने के लिए नगर पालिका की ओर से नोटिस जारी किए जाते हैं। नोटिस जारी करने के बाद नगर पालिका प्रशासन वसूली भूल जाता है। यही वजह है कि शहर में अब बकायेदारों की सूची लंबी होती जा रही है। अब तक दस बड़े बकायेदारों के अलावा 99 लोगों को चिह्नित किया गया है। ये वह लोग हैं, जिन्होंने वर्ष 1998 से टैक्स जमा नहीं किया है। इन लोगों से 25 साल में नगर पालिका प्रशासन वसूली नहीं कर पाया। अब डीएम ने कर वसूली के लिए सख्ती दिखाई है तो नगर पालिका प्रशासन नोटिस जारी कर कार्रवाई करने में जुटा है। नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी लगातार इसकी मानीटरिंग कर रहे हैं।

**शिकंजा कसेगा**

**गृह और जलकर जमा कराने को जारी किया जा रहा नोटिस**

> शहर में अब तक बकायेदारों को चिह्नित कर लिया गया है। उन्होंने वर्ष 1996 से गृह और जलकर जमा नहीं किया है। उनको आरसी जारी की गई है। इसके साथ ही अन्य बकायेदारों को भी चिह्नित किया जा रहा है। उनसे भी वसूली की जाएगी।
>
> **अवधेश सिंह, टीएस, नगर पालिका परिषद बलिया**


## संक्षेप

### राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत निपुण भारत मिशन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन



**नगरा।** भारत सरकार द्वारा संचालित राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत निपुर्ण भारत मिशन अन्तर्गत जागरूकता पैदा करने के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया गया। ब्लाक क्षेत्र के गोठाई चट्टी स्थित आमन्त्रण मैरेज हाल पर आंगनबाड़ी के नेतृत्व में मेरा आंगन मेरे बच्चे उत्सव का शुभारम्भ मुख्य अतिथि बीएसए मनीराम सिंह ने मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया। सरस्वती वन्दना, स्वागत गीत व मनभावन नृत्य नाट्य कला की प्रस्तुति प्राथमिक विद्यालय बहराइच के बच्चों ने किया। पूरे प्रदेश में चलाए जा रहे अभियान के अवसर पर उन्होंने कहा कि शासन द्वारा चलाई जा रही यह योजना बेसिक शिक्षा व बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग ने आयोजित कर नई शिक्षा नीति 2020 के आधार पर बाल विकास सेवा विभाग व बेसिक शिक्षा विभाग के मध्य संबन्ध स्थापित करते हुए 3 वर्ष से 6 वर्ष तक के बच्चों की कक्षा एक मे प्रवेश के लिए रुचिकर तैयार करना है। सीडीपीओ विशाल कुमार यादव ने बाल विकास विभाग द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में किए जा रहे महत्वपूर्ण कार्यक्रम का विस्तृत उल्लेख किया। खण्ड शिक्षा अधिकारी आरपी सिंह ने कार्यक्रम की जानकारी देते हुए कहा कि निपुण भारत पढ़ेगा नगरा बढेगा नगरा का नारा देकर सभी का उत्साह वर्धन किया। इसको धरातल पर मुर्तरुप देने के लिए बीईओ ने उपस्थित सभी शिक्षकों, आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को शपथ दिलाई तथा आंगनबाड़ियों द्वारा राष्ट्र गान गाया गया। बीएसए ने कार्य के उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बाल विकास कार्यकत्रियों, बच्चों, शिक्षकों को पुरस्कार से सम्मानित किया। इस मौके पर एआरपी दयाशंकर, वीरेन्द्र यादव, ओम्‌ प्रकाश, रजनीश दुबे, अजीत यादव, शैलेन्द्र प्रताप यादव, जयप्रकाश सिंह आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन रामकृष्ण मौर्य ने किया।

### जदयू के प्रदेश महासचिव पहुंचे नंदलाल के घर



**बलिया।** सूदखोरों के खिलाफ जहां एक तरफ शासन और प्रशासन पूरी गंभीरता से लगा हुआ है कार्यवाही को लेकर वहीं दूसरी तरफ विभिन्न राजनीतिक दलों के नेता भी स्व0 नंदलाल के घर पहुंच रहे हैं और उन्हें यह आश्वासन दे रहे हैं कि वह उनके हर दुख दर्द में शामिल हैं। सोमवार को जदयू के प्रदेश महासचिव अवधेश कुमार सिंह स्व0 नंदलाल के भाई से बातचीत की और उन्होंने भरोसा जताया कि वह उनके साथ हैं। उन्होंने शासन और प्रशासन से मांग की है कि नंदलाल की पत्नी का जो भी मांग है शासन और प्रशासन से उस पर तत्काल कार्यवाही में और तेजी हो ताकि पीड़ित परिवार को न्याय मिल सके।

### सड़क हादसे में दंपति समेत तीन घायल

**बैरिया।** अपने साढ़ू के पुत्री के शादी समारोह से वापस लौट रहे पति-पत्नी और उनकी अबोध बच्ची सड़क दुर्घटना में घायल हो गये। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सोनबरसा पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उनका उपचार किया। घटना राष्ट्रीय राजमार्ग-31 पर विद्युत उपकेंद्र ठेकहां (लोक धाम) के सामने मंगलवार की सुबह हुई। बताया जाता है कि छपरा के साहेबगंज निवासी जितेंद्र कुमार (35) अपनी पत्नी संगीता (30) और 04 वर्षीय पुत्री बेबी के साथ स्कूटी से बलिया के आर्य समाज रोड स्थित अपने साढ़ू के घर आयोजित शादी समारोह में भाग लेकर लौट रहे थे कि उनके स्कूटी के सामने अचानक सड़क पर कुत्ता आ गया। इससे वह असंतुलित होकर सड़क पर गिर पड़े और घायल हो गए। निकट ही चांद दियर पुलिस चौकी के सिपाही मौजूद थे। उन्होंने घायलों को सीएचसी सोनबरसा पहुंचाया। मोबाइल द्वारा सूचना दिए जाने पर सीएचसी सोनबरसा पहुंचे परिजन घायलों को बेहतर इलाज के लिए छपरा लेकर चले गए।

### पांचवें दिन मिला गंगा में डूबे युवक का शव

**बलिया।** हल्दी थाना क्षेत्र के चैनछपरा घाट पर विगत शुक्रवार की सुबह मुंडन संस्कार के दौरान स्नान करते समय डूबे हुए युवक का शव पांचवें दिन बिहार घाट पर उतराया मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने परिजनों को बुलाकर शव की शिनाख्त करायी। परिजनों द्वारा शव की शिनाख्त करने के बाद कोहराम मच गया। उसके बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये जिला अस्पताल भेज दिया। ज्ञात हो कि हल्दी थाना क्षेत्र सोनवानी गांव निवासी संजय कानु के लड़के का मुण्डन संस्कार मे गांव के ही टिंकु प्रजापति (18) पुत्र स्व.लक्ष्मण प्रजापति अपने दोस्तो के साथ गया था। स्नान करते समय दो दोस्तो को डूबते देखकर बचाने के चक्कर मे स्वंय गहरे पानी मे डूब गया। एनडीआरएफ और स्थानीय गोताखोरों द्वारा लगातार चार दिन तक शव की तलाश किया, लेकिन सफलता नहीं मिली। मंगलवर को शव बिहार घाट पर उतराया हुआ मिला। मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया। टिंकू पांच भाइयों में चौथे नंबर का था। इस घटना से उसके घर पर पर मातम छाया हुआ है।

# पाइप लाइन से उपलब्ध कराया जायेगा शुद्ध पेयजल

**बैरिया।** जल ही जीवन है कि अवधारणा को चरितार्थ करने एवं शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के लिए नगर पंचायत बैरिया के लोगों के लिए नया ओवरहेड टैंक का निर्माण होगा। पाइप लाइन के माध्यम से घर-घर आर्सेनिक मुक्त शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराया जाएगा। इसके लिए जल निगम ने महत्वाकांक्षी योजना अमृत 2.0 के तहत कार्य योजना तैयार किया है। यूं तो जनपद के सभी नगर निकायों में यह योजना लागू होना है, किंतु प्राथमिकता के तौर पर यह योजना बैरिया में क्रियान्वित की जाएगी। क्योंकि यहां की पानी टंकी जो पहले से बने हुए है, लगभग बंद पड़े हुए हैं और खराब है। इस बाबत जल निगम के अधिशासी अभियंता नगर अंकुर कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि सवा करोड़ रुपए की लागत से बैरिया में ओवरहेड टैंक का निर्माण कराया जाएगा। वही, घर-घर नल से जल पहुंचाने की योजना में जितना धन लगे, खर्च किया जाएगा। अधिकतम सीमा 40 करोड़ तक की है। अधिशासी अभियंता ने बताया कि सरकार की प्राथमिकता है कि क्षेत्र के हर घर तक शुद्ध पेयजल पहुंचे। इसके लिए सरकार गंभीर है। इसी उद्देश्य से भारी भरकम बजट सरकार ने जल निगम को दिया है। दूसरी तरफ देहात क्षेत्र में जल जीवन मिशन के तहत उन गांवों में जल्द ओवरहेड टैंक का निर्माण कराया जाएगा, जहां अभी तक ओवरहेड टैंक नहीं बना है। इसमें बैरिया तहसील क्षेत्र के लगभग दर्जनों गांव शामिल हैं।

**जल ही जीवन**

**नपं बैरिया में होगा नया ओवरहेड टैंक का निर्माण**

> शासन ने इसके लिए 800 करोड़ मंजूर किया है। हर राजस्व गांव में पानी टंकी बनाकर पाइप के माध्यम से हर घर तक आर्सेनिक मुक्त शुद्ध पेयजल पहुंचाना है। ओवरहेड टैंक बनवाने के बाद गांव में पाइप लाइन के माध्यम से हर घर तक शुद्ध पेयजल पहुंचाया जाएगा।
>
> **अमित कुमार, अधिशासी अभियंता, जल निगम**

# घर-घर खिलायी जायेगी फाइलेरिया रोधी दवा

जनसंदेश न्यूज

**बलिया।** जिले में फाइलेरिया से बचाव के लिए 10 फरवरी से एमडीए अभियान शुरू हो रहा है। इसके लिए सामुदायिक सहभागिता को बढ़ाने के लिए जन जागरूकता गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं।

मंगलवार को संचारी रोग नियंत्रण के नोडल अधिकारी डॉ० अभिषेक मिश्रा की अध्यक्षता में हॉली क्रॉस स्कूल अमृतपाली में कार्यक्रम किया गया। इसमें 2000 से अधिक छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों को 10 फरवरी से 27 फरवरी तक चलने वाले एमडीए अभियान के दौरान फाइलेरिया रोधी दवा के सेवन तथा फाइलेरिया रोग के कारण, लक्षण, बचाव आदि के बारे में जागरूक किया गया। साथ ही उनके प्रश्नों का भी समाधान किया गया। नोडल अधिकारी ने छात्र-छात्राओं को बताया कि फाइलेरिया मच्छर के काटने से होने वाला एक संक्रामक रोग है जिसे सामान्यतः हाथीपाँव के नाम से भी जाना जाता है। पेशाब में सफेद रंग के द्रव्य का आना जिसे काईलूरिया भी कहते हैं जो फाइलेरिया का ही एक लक्षण है। इसके प्रभाव से पैरों व हाथों में सूजन, पुरुषों में हाइड्रोसील (अंडकोष में सूजन) और महिलाओं में ब्रेस्ट में सूजन की समस्या आती है। उन्होंने बताया कि इस अभियान के तहत दो वर्ष से कम आयु के बच्चों, गर्भवती और गंभीर बीमारियों से ग्रसित व्यक्तियों को छोड़कर सभी को दवा खिलाई जाएगी। लगभग 30 लाख से अधिक लोगों को दवा खिलाए जाने का लक्ष्य है। इसके लिए जिले में 2772 टीमों का गठन किया गया है। पर्यवेक्षण के लिए 439 लोगों को लगाया गया है। उन्होंने जनमानस से अपील की कि दवा का सेवन स्वास्थ्य कार्यकताओं के सामने ही करे। यह दवा पूरी तरह से सुरक्षित है। डॉ. अभिषेक ने बताया कि इस बीमारी से हाथ, पैर, स्तन और अंडकोष में सूजन पैदा हो जाती है। सूजन के कारण फाइलेरिया प्रभावित अंग भारी हो जाता है और दिव्यांगता जैसी स्थिति बन जाती है। प्रभावित व्यक्ति का जीवन अत्यंत कष्टदायक एवं कठिन हो जाता है। यह एक लाइलाज बीमारी है। इस बीमारी से बचाव के लिए लगातार पांच साल तक साल में एक बार दवा खाने से इस बीमारी से बचा जा सकता है। स्कूल की प्राचार्य सिस्टर मैरी ने स्वास्थ्य विभाग का धन्यवाद ज्ञापन किया तथा आश्वस्त किया कि वे इस अभियान के सफल संचालन में अपना पूर्ण योगदान देंगी। इस अवसर पर पीसीआई संस्था के जिला समन्वयक संजय सिंह ने भी फाइलेरिया दवा सेवन का संकल्प दिलाया। इस मौके पर वेक्टर बॉर्न कंट्रोल डिजीज की पूरी टीम उपस्थित रही।

**तैयारी**

**आशा कार्यकर्ता अपने सामने खिलाएँगी दवा**

**फाइलेरिया उन्मूलन अभियान के लिए 2772 टीमें गठित**

**बचाव के लिए रखें साफ-सफाई, करें मच्छरदानी का प्रयोग**



# साठ लीटर देशी शराब के साथ दो अभियुक्त गिरफ्तार



जनसंदेश न्यूज

**मऊ।** मंगलवार को जनपद के विभिन्न थानों द्वारा देखभाल क्षेत्र व चेकिंग के दौरान थाना कोपागंज पुलिस द्वारा हिकमा चट्टी के पास से विकायल सोनकर पुत्र स्व0 झल्लू सोनकर निवासी शिवपुर गाढ़ा थाना कोपागंज के कब्जे से प्लास्टिक के जरिकेन में 40 लीटर अवैध देशी शराब, थाना मुहम्मदाबाद पुलिस द्वारा भुजही से सूरज कुमार पुत्र अनिल कुमार निवासी सरैया थाना मुहम्मदाबाद के कब्जे से प्लास्टिक के एक जरिकेन में 20 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद कर गिरफ्तार किया गया।

इस सम्बन्ध में उक्त अभियुक्तों के विरूद्ध थाना सम्बन्धित पर धारा 60 आबकारी अधिनिमय का अभियोग पंजीकृत कर चालान न्यायालय किया गया।

## तीन वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**मऊ।** मंगलवार को जनपद के विभिन्न थानों द्वारा देखभाल क्षेत्र व चेकिंग के दौरान थाना हलधरपुर पुलिस द्वारा पिलखी बरूआ से मु0अ0सं0 325/22 धार 363,366 भादवि0 व धारा 5/6 पोक्सो एक्ट में वांछित अभियुक्त प्रसाद उर्फ गुड्डू यादव पुत्र सुरेन्द्र यादव निवासी गोपालपुर थाना सुखपुरा जनपद बलिया, थाना सरायलखंसी पुलिस द्वारा कहिनौर रोड़ से मु0अ0सं0 29/23 धारा 147, 148, 149,492,323,506,308 भादवि0 में वांछित अभियुक्तगण अजय प्रजापति, कृष्णा प्रजापति पुत्रगण सुरेन्द्र प्रजापति निवासीगण नसीरपुर थाना सरायलखंसी जनपद मऊ को गिरफ्तार कर चालान न्यायालय किया गया।

# राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल आयोजन को लेकर प्री-ट्रायल बैठक का आयोजन

**मऊ।** 11 फरवरी को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल आयोजन हेतु दीवानी न्यायालय एवं राजस्व सम्बंधी अधिक से अधिक वादों के निस्तारण के सम्बन्ध में जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रामेश्वर की अध्यक्षता में मंगलवार को दीवानी न्यायालय के सभागार में प्री-ट्रायल बैठक आहूत की गई। जनपद न्यायाधीश द्वारा बैठक में उपस्थित न्यायिक अधिकारीगण एवं प्रशासनिक अधिकारीगण को निर्देशित किया गया कि सुलह-समझौते के आधार पर निस्तारित होने चाले अधिक से अधिक मामलों को चिन्हित किया जाय इस प्रकार चिन्हित यादों की सूची तैयार की जाय जिससे लोक अदालत में अधिक से अधिक वादों का निस्तारण हो सके। इस दौरान उपस्थित अपर पुलिस अधीक्षक को नोटिसों का तामिला करने हेतु निर्देशित किया गया बैठक में उपस्थित नोडल अधिकारी राष्ट्रीय लोक अदालत/अपर जनपद न्यायाधीश प्रथम श्री अशोक कुमार द्वारा आधिकाधिक मामालों के निस्तारण के संबंध में सुझाव दिए गये। अपर जनपद न्यायाधीश/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अभिनय कुमार मिश्रा द्वारा वादकारीगण एवं आमजन से अपील किया गया कि 11 फरवरी को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत में अन्य वादों के साथ-साथ दाम्पत्य विवाद का प्री-लिटिगेशन स्तर पर एवं आरबीट्रेशन के निष्पादन वादों का निस्तारण आपसी सामन्जस्य के आधार पर किये जायेंगे तथा 08 09 तथा 10 फरवरी 2023 को लघु अपराधिक वादों के निस्तारण हेतु आयोजित होने विशेष लोक अदालत में लघु अपराधिक मामलों के निस्तारण कराकर लाभान्वित होवे। साथ ही साथ वृद्धाश्रम गृह जमीन बरामदपुर मुहम्मदाबाद गोहना, मऊ में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया शिविर में उपस्थित वाक्ताओं द्वारा माता पिता एवं वरिष्ठ नागरिक भरण-पोषण अधिनियम-2007 के अंतर्गत वृद्धजनों को प्राप्त अधिकारों के प्रति विस्तृत जानकारी प्रदान की गयी तथा राष्ट्रीय लोक अदालत एवं स्थायी लोक अदालत तथा एडीआर तंत्र के प्रावधानों और लाभों के सम्बंध में जागरूक किया गया।

# मांगों को लेकर एसपी से मिला पत्रकारों का प्रतिनिधि मंडल

**मांग**

**पुलिस अधीक्षक बोले न्यायोचित होगी कार्रवाई, पत्रकारों की रहेगी मुकम्मल सुरक्षा**

जनसंदेश न्यूज



**मऊ।** ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन, मऊ के जिलाध्यक्ष हरिद्वार राय के नेतृत्व में पत्रकारों का प्रतिनिधि मंडल मंगलवार को पुलिस अधीक्षक से उनके कार्यालय में मिला और उन्हें 4 सूत्रीय मांग पत्र सौंपा। पुलिस अधीक्षक ने पत्रकारों को आश्वासन दिया कि न्यायोचित कार्रवाई होगी किसी के साथ अन्याय नहीं होगा।

प्रतिनिधिमंडल के मुखिया ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष हरिद्वार राय ने पुलिस अधीक्षक से मांग किया कि पत्रकार अमित चैहान के मुकदमे में उनका बयान तक नहीं हुआ है जबकि घटना से सम्बन्धित धारा कम कर दी गई हैं ऐसे में अमित चैहान का धारा 61 के तहत बयान कराकर मुकदमे में धारा की बढ़ोतरी कराई जाए। श्री राय ने कहा कि पत्रकारों के हितों के साथ कोई समझौता नहीं होगा उन्होंने कहा कि पत्रकारों की सुरक्षा का मुकम्मल ख्याल रखा जाए। श्री राय ने पुलिस अधीक्षक के समक्ष पत्रकारों की समस्याओं को रखा तदोपरांत पुलिस अधीक्षक अविनाश पांडेय ने प्रति मंडल को आश्वासन दिया कि उनकी मांगों पर त्वरित कार्रवाई किया जाएगा इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी उन्होंने कहा कि संवाद से ही बड़ी-बड़ी समस्याओं का निपटारा किया जा सकता है। प्रतिनिधिमंडल में मुख्य रूप से ग्रापए महामंत्री प्रदीप सिंह, विनोद सिंह, नागेन्द्र राय, आनन्द कुमार, मुहम्मद अशरफ, राम नरेश पांडेय, हरिओम राय, कमलेश कुमार, अप्पू सिंह, सरफराज आदि लोग मौजूद रहे।

# कलिकाल में करें भगवन नाम संकीर्तन

**बलिया।** डुमरी गांव में चल रहे भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के दौरान गोपालगंज, बिहार से पधारे मानस मर्मज्ञ पंडित अरविंद द्विवेदी ने कहा कि जो मनुष्य सत्कर्म करता है, उसकी सर्वत्र प्रशंसा होती है। अपने सत्कर्मों के दम पर वह मोक्ष की प्राप्ति करता है।

रात्रि प्रवचन के दौरान पंडित अरविंद द्विवेदी ने कहा कि सतयुग, त्रेता, द्वापर युग में भगवान के दर्शन के लिए कठिन तप करना पड़ता था, लेकिन कलिकाल में भगवन नाम संकीर्तन मात्र से सभी पाप नष्ट हो जाते हैं। कहा कि धन अर्जित करना अलग विषय है। वहीं, धर्म अर्जित करना अलग विषय है। कहा कि धन से सांसारिक उपभोग की वस्तुएं प्राप्त की जा सकती हैं, लेकिन धर्म करने से इस लोक से लेकर परलोक तक में सुख तथा शांति मिलती है। 'आदि भवानी जगदंबे, जग जननी के जय बोली' भजन के माध्यम से कहा कि मां की ममता सदा अपने भक्तों पर बनी रहती है। जरूरत है उन्हें सच्चे मन से याद करने की। पंडित द्विवेदी ने कहा कि मन, कर्म तथा वचन से एकाग्र होकर भगवन कथा सुनने एवं आत्मसात करने से असीम सुख एवं शांति प्राप्त होती है। कथा वाचक शिवजी उपाध्याय तथा चंग बाबा ने अपने कथा एवं भजन के माध्यम से लोगों को भक्ति भाव से विभोर कर दिया।

**बोले पं. अरविन्द द्विवेदी**

**धर्म करने से लोक-परलोक में मिलती है सुख-शांति**



# पदोन्नति मिलने के बाद प्रथम आगमन पर पुलिस अधीक्षक का स्वागत

**मुहम्मदाबाद गोहना, मऊ।** मुहम्मदाबाद गोहना कोतवाली थाना क्षेत्र के भदीड़ गांव निवासी अनिल सिंह सिसोदिया के पुलिस अधीक्षक के पद पर पदोन्नति मिलने के बाद गांव में प्रथम आगमन पर क्षेत्रवासियों ने उनका फूल मालाओं से भव्य स्वागत किया। इस बीच उन्होंने आए हुए आगंतुकों का आभार व्यक्त किया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अपर पुलिस अधीक्षक त्रिभुवन नाथ त्रिपाठी ने पुलिस अधीक्षक का माल्यार्पण कर बधाइयां दिया। इसके बाद क्षेत्र से आए हुए जनप्रतिनिधियों संभ्रांत लोगों ने बारी-बारी से एसपी का माला बनाकर स्वागत किया। कार्यक्रम में उपस्थित प्रतिष्ठितजनों को संबोधित करते हुए अपर पुलिस अधीक्षक ने कहा कि इंसान को कभी अपने लक्ष्य को नहीं छोड़ना चाहिए उसके लिए लगातार संघर्षशील बने रहना चाहिए। इस से बड़ी से बड़ी ऊंचाइयों पर पहुंच सकता है। पुलिस अधीक्षक अनिल सिंह सिसोदिया ने अपने जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि किसी भी इंसान को अपने पद एवं पावर का कभी अहंकार नहीं करना चाहिए क्योंकि यह कुछ समय के लिए ही मिलता है फिर हमें इसी समाज के बीच में जीवन यापन करना रहता है। यदि जिस किसी को भी पद और पावर मिले तो समाज में अत्यंत गरीब निर्धन पीड़ित लोगों की मदद करनी चाहिए और उन्हें न्याय दिलाने का भरपूर प्रयास रहना चाहिए। कहा कि मैं अपने नौकरी पेशे में जहां भी रहा हूं कोई भी पीड़ित मेरे पास आया है तो मैं अपने को पीड़ित समझकर मदद करने का अथक प्रयास किया हूं। कार्यक्रम के आखिर में एडिशनल एसपी एवं पुलिस सीओ डाक्टर अजय विक्रम सिंह को प्रधान प्रतिनिधि ने माला पहनाकर स्वागत किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता बंटी सिंह एवं संचालन प्रधान प्रतिनिधि अभिषेक सिंह ने किया। इस अवसर पर जिलाकमांडेंट होमगार्ड गुलाब सिंह, पूर्व सदस्य जिला पंचायत राम प्रताप यादव, पुरोहित बागीश चतुर्वेदी, बबलू सिंह प्रधान, लालता सिंह, नरसिंह बहादुर सिंह, सुरेंद्र सिंह, कृपा सिंह, जयनाथ सिंह, संजय सिंह, विरेंद्र सिंह, जगदंबा सिंह, रामभवन यादव आदि लोग रहे।



### यूपी और बिहार को आधुनिक और सबसे समृद्ध प्रदेश बनाएंगे: राजेश सिंह

**बलिया।** राष्ट्रीय दल यूनाइटेड के प्रवक्ता राजेश सिंह ने बताया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल राय भैय्या का सपना है कि हम यूपी और बिहार को देश का सबसे आधुनिक और सबसे समृद्ध प्रदेश बनाएंगे। आजादी के बाद यूपी और बिहार में सत्ता धारी दल के नेताओं ने जंगलराज कायम कर दिया है हर तरह से सम्पन्न यूपी और बिहार को लूट-खसोट कर जाति और धर्म की आड़ में केवल अपने विकास के लिए बर्बाद करने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ी है। आज भी देश के अन्य हिस्सों में पूर्वी यूपी और बिहार विकास के नजरों से दूर किया जा है जो कुछ भ्रष्ट नेताओं की देन है। राष्ट्रीय दल यूनाइटेड आने वाले लोकसभा चुनावों में यूपी और बिहार से सूपड़ा साफ करने जा रही है। हम जल्द ही यूपी बिहार में डोर टू डोर जाकर जनसंपर्क अभियान जागरूक अभियान के रुप में करेंगे। जनता को साथ लेकर यूपी और बिहार के इन भ्रष्ट नेताओं, माफियाओं को यूपी और बिहार से भगाने का काम करेंगे और ऐतिहासिक धरोहर वाले अपने यूपी और बिहार को फिर से सम्पन्न समृद्ध और देश का माडल प्रदेश बनाएंगे।

# मुख्य विकास अधिकारी ने ग्राम प्रधानों को दी प्रोत्साहन राशि



जनसंदेश न्यूज

**मऊ।** मंगलवार को जनपद के विकास खण्ड रानीपुर के अन्तर्गत ग्रामसभा ब्राह्मणपुरा उत्तर एवं विकास खण्ड घोसी के अन्तर्गत ग्राम कलाफनपुर के ग्राम सभाओं के ग्राम प्रधान अमित कन्नौजिया एवं गुलाबी देवी द्वारा आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत अपनी-अपनी ग्राम सभाओं में सभी लाभार्थियों का कार्ड बनाने का कार्य शत-प्रतिशत पूर्ण कराया गया। ग्राम प्रधानो के कार्यां की सराहना करते हुए मुख्य विकास अधिकारी प्रशान्त नागर द्वारा ग्राम प्रधानों को 5000-5000 रुपये की प्रोत्साहन राशि से सम्मानित किया गया। इस दौरान मुख्य चिकित्साधिकारी एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी उपस्थित रहें।

# मारपीट में घायल वृद्ध की इलाज के दौरान मौत

**दुखद**

**इस घटना में विपक्षी के खिलाफ मृतक ने स्वयं तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की थी**

**जनसंदेश न्यूज**



**कासिमाबाद।** कोतवाली क्षेत्र के बांका खास गांव में 29 दिसम्बर को जयराम मौर्य अपने पशुओं को चारा डाल रहे थे । मृतक के परिजनों का आरोप है कि उसी दौरान विपक्षी राम ध्यान अपने पुत्र अरविंद, जितेंद्र के साथ लाठी डंडे व राड से मारपीट कर घायल कर दिया। इसी दौरान मृतक को बचाने आए पुत्र सत्यम,और भवह चिंता देवी भी घायल हो गई।

घायल अवस्था में परिजन आनन-फानन में कासिमाबाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए जहां से जिला अस्पताल के लिए गए। जंहा हालत गंभीर देख ट्रामा सेंटर वाराणसी रेफर कर दिया गया। जहां इलाज के तदोपरांत जयराम मौर्य सोमवार की देर शाम दम तोड़ दी। यह जानकारी मिलते ही परिजनों में एक बार फिर आक्रोश बढ़ गया। ट्रामा सेंटर पर परिजनों को शव का पीएम करा कर सौंप दिया गया। मृतक के पुत्र अभिमन्यु मौर्या ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है । परिजनों ने बताया कि इस घटना में विपक्षी के खिलाफ मृतक ने स्वयं तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की थी। जिसमें पुलिस ने मारपीट मामले में तीनों अभियुक्तों के खिलाफ कार्रवाई की थी। जैसे ही घायल जय राम मौर्या की इलाज के दौरान मौत की सूचना मिलते ही परिजनों सहित ग्रामीणों में आक्रोश है।मृतक जयराम मौर्या होम्योपैथिक चिकित्सा का कार्य करता था। मृतक के पंकज और अभिमन्यु दो पुत्र हैं। मृतक की मौत की सूचना मिलते ही लालती देवी सहित परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। कासिमाबाद कोतवाली प्रभारी कमलेश पाल ने बताया कि परिजनों के द्वारा तहरीर मिलते ही अभियुक्त के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

# मॉर्निंग वाक पर निकले वृद्ध को वाहन ने रौंदा,मौत

**हादसा**

**घटना के बाद से ही गांव में पसरा सन्नाटा**

**सड़क किनारे औधें मुंह पड़े मृतक के शव को कब्जे में लेकर पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेजा**

**जनसंदेश न्यूज**

**सुहवल।** थाना क्षेत्र अन्तर्गत मेदिनीपुर गांव के समीप ताड़ीघाट बारा नेशनल हाईवे पर मंगलवार की सुबह करीब छह बजे अज्ञात वाहन के धक्के रामबदन राय (60) निवासी सुहवल की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घटना की जानकारी होते ही मौके पर राहगीरों की भीड़ इकठ्ठा हो गई।

जब इस हादसे की सूचना परिजनों को मिली तो उनमें जहां कोहराम मच गया।

वहीं गाँव में घटना के बाद से ही सन्नाटा पसरा हुआ है। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने सड़क किनारे औधें मुह पड़े मृतक के शव को कब्जे में लेकर पुलिस अभिरक्षा में पोस्टमार्टम के लिए भेंज दिया। इस घटना के बाद से ही मृतक की पत्नी शोभावती देवी का रो-रोकर बुरा हाल था।

पत्नी ने बिलखते हुए बताया कि उसके पति रोज की तरह दैनिक दिनचर्या के बाद मंगलवार की सुबह करीब चार बजे मार्निंग वाक के लिए पैदल ही निकल पड़े,वह टहलटे हुए घर से चार किमी दूर पश्चिम तरफ मेदिनीपुर के समीप पहुंचे थे कि किसी अज्ञात वाहन के धक्के से वह गम्भीर रूप से जख्मी हो गये।

जिन्हे लोगों की मदद से पुलिस ने उनके पति को जिला अस्पताल ले गई।

# अनियंत्रित ट्रक नाली में फंसा, हादसा टला

**दुर्घटना**

**नाले का पटिया टूटी और ट्रक की बीच का चक्का नाले में घुसा**

**ट्रक को बाजार में मोड़ते समय ट्रक चालक हुआ अनियंत्रित**

**जनसंदेश न्यूज**



विठ्ठल तिराहे के पास नाली में फंसा ट्रक।

**मुहम्मदाबाद।** स्थानीय कोतवाली अंतर्गत मंगलवार की भोर में तीन बजे विट्ठल तिराहे के पास टाइल्स से लदी एक ट्रक अनियंत्रित होकर नाले में घुस गई। यूसुफपुर बाजार के विट्ठल तिराहे पर पहुंची। जहां उसे टाइल्स उतारना था । ट्रक को बाजार में मोड़ते समय ट्रक चालक अनियंत्रित हो गया।

जिसके कारण ट्रक पीछे की ओर चल पड़ी और अचानक विट्ठल तिराहे की बड़े नाले में जाकर फंस गई। नाले का पटिया टूट गया और ट्रक का बीच का चक्का नाले में घुस गया। ट्रक के बाए विद्युत का खंभा था। जिस पर जाकर वह ट्रक अटक गई। इससे ट्रक पलट नहीं पाई लेकिन विद्युत पोल टेढ़ा हो गया। क्योंकि सुबह का समय था और आवागमन नहीं था। इसलिए कोई दुर्घटना नहीं हुई। थोड़ी देर बाद ट्रक चालक ने व्यापारी को सूचित किया तथा व्यापारी के आने के बाद टाइल्स उतारा गया और जेसीबी के साथ ट्रक को बाहर खींचा गया। अर्थात एक बहुत बड़ा हादसा होते होते टला।

# धान की बोरी को तत्काल ढकने का सुनाया फरमान



राईस मिल का निरीक्षण करते एसडीएम राजेश चौरसिया।

**सेवराई।** उपजिलाधिकारी सेवराई राजेश प्रसाद चौरसिया के नेतृत्व में क्षेत्रीय विपणन अधिकारी रितेश सिंह व खाद्य विपणन निरीक्षक राकेश तिवारी द्वारा जानकी राईस मिल बकसड़ा, बाबा विश्वनाथ राईस मिल रेवतीपुर का निरीक्षण किया गया।

वही राइस मिल मालिक से बातचीत कर उप जिलाधिकारी राजेश प्रसाद द्वारा धान और चावल के बारे में जानकारी हासिल कर खुले आसमान के नीचे रखे धान को तत्काल ढ़कने का निर्देश दिया। वही क्षेत्रीय वीपडन अधिकारी रितेश सिंह ने बताया की सरकारी धान जो राइस मिल पर रखा गया है और राइस मिल से चावल तैयार हो रहा है उसका निरीक्षण किया जा रहा है। अगर राइस मिल मालिक द्वारा प्राइवेट में धान स्टार्ट किया गया है। उसकी भी जांच किया जा रहा है। मंडी शुल्क जमा करने के बाद मिलर धान की कुटाई कर सकते हैं। सरकारी धान क्रय केंद्र से राइस मिल पर जो धान गया है उसकी जांच की जा रही है। इस संबंध में उप जिलाधिकारी सेवराई राजेश प्रसाद चौरसिया ने बताया कि राइस मिल का निरीक्षण किया गया है। जहां पर किसानों से एवं केंद्र के बारे में जानकारी ली गई है। मिल पर रखा गया धान खुले आसमान के नीचे होने पर फटकार लगाते हुए तत्काल प्लास्टिक से ढ़कने का निर्देश दिया गया।

# दिव्यांगों को मंत्री ने बांटा मोटराइज्ड ट्राई साइकिल

**गाजीपुर।** दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा निःशुल्क मोटराईज्ड ट्राई साइकिल वितरण कार्यक्रम का आयोजन आरटीआई मैदान नवीन स्टेडियम में किया गया।

कार्यक्रम में प्रदेश के स्टाम्प एवं पंजीयन मंत्री ने 100 दिव्यांगजनो को मोटराईज्ड ट्राई साइकिल वितरण कर उन्हे शुभकामना दी। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष सपना सिंह, जिलाधिकारी आर्यका अखौरी, पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह, पूर्व राज्य मंत्री संगीता बलवंत, जिलाध्यक्ष भाजपा भानु प्रताप सिंह, पूर्व एम एल सी केदार नाथ सिंह, पूर्व अध्यक्ष नगर पालिका परिषद सरिता अग्रवाल, मुख्य विकास अधिकारी श्रीप्रकाश गुप्ता, उप जिलाधिकारी सदर प्रतिभा मिश्रा, जिला विकास अधिकारी राजेश यादव, जिला दिव्यांग अधिकारी नरेन्द्र विश्वकर्मा, अपर मुख्य अधिकारी सुजीत कुमार मिश्रा,जिला समाज कल्याण अधिकारी राम नगीना यादव,एवं अन्य जनपद स्तरीय अधिकारी एवं जनप्रतिनिधिगण उपस्थित थे।

# विद्युत टीम का मॉर्निंग रेड बारह पर एफआईआर

**कार्रवाई**

**शाहनिंदा में मॉर्निंग रेड के अंतर्गत बकायेदारों एवं अवैध कनेक्शनधारियों के विरुद्ध चेकिंग अभियान चलाया**

**जनसंदेश न्यूज**



शाहनिंदा में विद्युत चेकिंग के दौरान टीम।

**मुहम्मदाबाद।** स्थानीय कोतवाली अंतर्गत विद्युत विभाग द्वारा शाहनिंदा में मंगलवार को मॉर्निंग रेड के दौरान कई गृह स्वामियों और व्यापारियों को विद्युत चोरी करते हुए पकड़ा गया। विद्युत विभाग द्वारा छापेमारी के चलते लोगों में हड़कंप मच गया। विद्युत वितरण उपखंड के एसडीओ सत्यम त्रिपाठी ने बताया कि शाहनिंदा में मॉर्निंग रेड के अंतर्गत बकायेदारों एवं अवैध कनेक्शनधारियों के विरुद्ध चेकिंग अभियान चलाया गया। इस विद्युत चेकिंग अभियान के दौरान अवैध रूप से मीटर बाईपास कर चोरी से विद्युत ऊर्जा का उपयोग कर रहे 12 लोगों पर प्राथमिकी दर्ज की गई और 11 उपभोक्ताओं द्वारा गलत तरीके से विद्युत ऊर्जा का उपयोग करने की अनियमितता दर्ज हुई। चेकिंग टीम में एसडीओ सत्यम त्रिपाठी, अवर अभियंता पंकज चौहान (विजिलेंस), अवर अभियंता चित्रसेन प्रसाद आदि रहें। एसडीओ ने बताया कि भविष्य में कोई विद्युत ऊर्जा का दुरुपयोग गलत तरीके से ना करें।

इसलिए यह गहन चेकिंग अभियान चलाया गया।

## आजमगढ़ समाचार

### सोनू सूद के बाद विधायक ने उठाया मासूम के इलाज का बीड़ा



मासूम पवन के साथ विधायक पूजा सरोज व समाजसेवी रामकुंवर यादव

**आजमगढ़।** रियल जिंदगी के एक्टर सोनू सूद के बाद विधायक पूजा सरोज ने मासूम पवन राजभर के इलाज का उठाया बीड़ा बताते चलें कि तरवां क्षेत्र के जमीरपुर गांव निवासी ब्लड कैंसर रोग से पीड़ित गरीब असहाय बालक पवन राजभर के घर देखने पहुंची मेंहनगर की सपा विधायक पूजा सरोज ने कहा कि अपनी विधायक निधि से पीड़ित मासूम बालक का कराऊंगी इलाज वहीं विधायक ने कहा कि समाज सेवा के क्षेत्र में एक अलग पहचान बनाने वाले सामाजिक कार्यकर्ता रामकुंवर यादव के सराहनीय कार्य और जज्बे के लिए धन्यवाद दिया। इस मौके पर हरी राजभर, सुनील यादव, रसीद अहमद, उमेश सिंह, राजेंद्र प्रसाद पांडेय, लालमन यादव अजीत यादव, शेरू यादव, राज यादव इत्यादि लोग उपस्थित थे।

### बजट में रोजगार के मिलेंगे अवसरः डॉ.अशोक सिंह





कार्यक्रम को संबोधित करते डा.अशोक सिंह।

**आजमगढ़।** पूर्वांचल पीजी कालेज, रामसुन्दरपुर रानी की सराय में अमृत काल के बजट पर मंगलवार को परिचर्चा हुई। समस्त छात्र छात्रओं व प्रशिक्षुओं को खुलकर बोलने का अवसर दिया गया। किसी भी राष्ट्र के निर्माण में वहां की अर्थ व्यवस्था की महती भूमिका होती है। इसी के संदर्भ में भारत सरकार द्वारा प्रस्तुत 2023-24 के बजट पर कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे डा.अशोक सिंह ने प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि इस बजट में छात्रों को रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे। विशिष्ट अतिथि अवनीश मिश्र, जिला उपाध्यक्ष भाजपा, आजमगढ़ ने अमृत काल के अमृत बाजार की बिन्दुओं और बजट की आवश्यकताओं पर ध्यानाकर्षण कराया। भाजपा युवा मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष शफीक सिद्दीकी वक्ता के रूप में मौजूद रहे। उन्होने बजट को युवाओं का बजट बताया। संचालन डा.उमेश पांडेय ने किया। इस अवसर पर अजीत, डा.विपिन दुबे, मन्दिर सिंह, सीमा दुबे, राकेश यादव, अवधेश यादव, आदि मौजूद रहे।

### 380 अभ्यर्थियों का रोजगार मेले में हुआ चयन



फीता काटकर रोजगार मेले का उद्घाटन करते राज्यमंत्री दानिश आजाद अंसारी।

**आजमगढ़।** वृहद रोजगार मेले का आयोजन मंगलवार को दारूल उलूम अहले सुन्नत मदरसा अशरफिया मिस्बाहुल उलूम मुबारकपुर (अशरफिया महाविद्यालय) में क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय, जिला अल्पसंख्यक कार्यालय, राजकीय आईटीआई, कौशल विकास मिशन के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। जिसका उद्घाटन राज्यमंत्री, अल्पसंख्यक कल्याण, मुस्लिम वक्फ एवं हज, उत्तर प्रदेश दानिश आजाद अंसारी ने फीता काट कर किया। रोजगार मेले में 1380 बेरोजगारों ने प्रतिभाग किया तथा 380 अभ्यर्थियों का चयन निजी कम्पनियों द्वारा मशीन आपरेटर, डाटाइन्ट्री आपरेटर, सेल्स एक्जीक्यूटिव, ट्रेनी आपरेटर, टेली कालर आदि पदों पर किया गया। इस अवसर पर सहायक निदेशक (सेवा.) राममूर्ति, अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी वर्षा अग्रवाल, अपर सांख्यिकी अधिकारी एमआर प्रजापति, अनुदेशक अवधेश कुमार, कार्यदेशक रवीन्द्र नाथ यादव, फतेहबहादुर वर्मा, सुशील कुमार राय आदि उपस्थित रहे।

### नियम उल्लंघन पर ड्राइविंग लाइसेंस होगा निरस्त



बैठक को संबोधित करते जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज।

**आजमगढ़।** जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक हुई।जिलाधिकारी ने कहा कि सड़क सुरक्षा से जुड़े प्रवर्तन सम्बंधी मुख्य अपराधों जैसे-हेल्मेट, सीटबेल्ट, मोबाइल फोन, ओवर स्पीडिंग, रांग साइड ड्राइविंग एवं ड्रंकन ड्राईविंग इत्यादि के सम्बन्ध में जागरूक करते हुए चालान करना सुनिश्चित करें। उन्होने कहा कि सुप्रीम कोर्ट कमेटी ऑन रोड सेफ्टी द्वारा निर्धारित नियम के अनुसार वाहन चलाते समय रेड लाइट जंम्पिंग, ओवर स्पीडिंग, मालवाहनों में व्यक्तियों को ले जाना, मोबाइल फोन का प्रयोग, ड्रंकन ड्राईविंग करते हुए पाये जाने पर ड्राईविंग लाइसेंस निलम्बित करना सुनिश्चित करें। उन्होने कहा कि अनधिकृत संचालन एवं मालवाहनों द्वारा ओवरलोडिंग तथा ऐसे माल वाहन एवं ट्रैक्टर-ट्राली जिसमें सवारियां बैठायी जा रही हो, के विरुद्ध कार्यवाही करना सुनिश्चित करें। उन्होंने जनपद में चिन्हित ब्लैक स्पाट्स एवं उन पर किये गये सुधारात्मक कार्यों की भी समीक्षा करते हुए कहा कि आवश्यक कार्यवाही एवं जागरूकता करते हुए दुर्घनाओं को कम करना सुनिश्चित करें। उन्होने कहा कि शहरों में जाम की समस्या को देखते हुए सड़कों से अतिक्रमण हटाना सुनिश्चित करें। शहरों में टैक्सी, आटो, ई रिक्शा, बसों की पार्किंग व्यवस्था बनाने के सम्बन्ध में संबंधित अधिकारी को निर्देश दिया कि जमीन का चिन्हांकन करते हुए वाहनों के पार्किंग की व्यवस्था सुनिश्चित करायी जाए। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रशासन अनिल कुमार मिश्र, एआरटीओ सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# विद्यालय पर धमकी जांच टीम विद्यार्थियों से किया सवाल

**जनसंदेश न्यूज**



रैंडम चेकिंग के दौरान ताड़ीघाट परिषदीय स्कूल में छात्रा से किताब पढ़ते डा. अशोक कुमार द्विवेदी।

**सुहवल।** पंडित गोविन्द बल्लभ पंत सामाजिक विज्ञान एवं शोध संस्थान प्रयागराज के रिसर्च आफिसर डाक्टर अशोक कुमार द्विवेदी एवं डीएन मिश्रा के नेतृत्व में दो सदस्यीय टीम मंगलवार को सीधे रेवतीपुर ब्लाक क्षेत्र अन्तर्गत ताड़ीघाट कम्पोजिट विद्यालय धमक पड़ा।

टीम के द्वारा निपुण लक्ष्य के सापेक्ष में उपलब्धि, कायाकल्प के तहत सभी 19 पैरामीटर्स, एमडीएम की गुणवत्ता आदि की बारिकी से जांच करना रहा। टीम के द्वारा सबसे पहले विद्यालय के अभिलेखों, परिसर, शौचालय, पेयजल बूथ आदि का अवलोकन करने के साथ ही विभिन्न कक्षाओं में छात्रों की शैक्षणिक स्तर भापने के लिए उनसे किताब पढ़वाने के साथ ही श्यामपट्ट पर उनसे सवाल भी हल कराए, टीम ने छात्रों के संख्या के हिसाब से हैंडवाश यूनिट न होने पर नाराजगी जताई। टीम ने बीईओ से उनके द्वारा किए गये निरीक्षण के समय अध्यापकों पर किए गये विभिन्न कार्यवाई का ब्यौरा सूचिबद्ध कर देने का निर्देश दिया।

जांच के लिए आई टीम ने निर्देशित किया कि शासन की योजनाओं से किसी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं किया जायेगा।निर्देशित किया कि निपुण लक्ष्य ,कायाकल्प के लक्ष्य को शतप्रतिशत हासिंल किया जाए,साथ ही कहा कि एमडीएम की गुणवत्ता से किसी स्तर पर समझौता बर्दाश्त नहीं किया जायेगा।इस अवसर पर बीईओ अशोक कुमार गौतम, एआरपी संत कुमार गुप्ता,प्रधानाध्यापक सतीश कुमार उपाध्याय आदि मौजूद रहे।

# ट्रेनें लेट : बना दस्तूर, सफर लगने लगे दूर

**गाजीपुर।** वाराणसी-छपरा रेल मार्ग पर ट्रेनों का लेट होना दस्तूर बन गया है। बलिया से वाराणसी तक की दूरी भी ट्रेनें दो से चार घंटे में तय कर रही हैं। कभी रास्ते में ट्रेनों को खड़ा कर दिया जाता है। हर दिन की परेशानी के कारण यात्रियों को नजदीकी स्टेशन भी दूर लगने लगे हैं। सोमवार देर रात गोंदिया एक्सप्रेस सिटी रेलवे स्टेशन पर साढ़े नौ घंटे देरी से पहुंची। इसी तरह पवन एक्सप्रेस चार घंटे विलम्ब से पहुंची। इसके अलावा रोजाना दर्जनों ट्रेनें देरी से चल रही हैं। कई बार तकनीकी कारणों से ट्रेनों को रास्ते में खड़ा कर दिया जाता है। तो वहीं कुछ स्टेशनों पर कोहरा अब भी बरकरार है। इन दोनों कारणों से ज्यादा मालगाड़ियों का प्रभाव यात्री ट्रेनों पर दिखता है।

यात्री ट्विटर के माध्यम से अपनी समस्या रेल अधिकारियों तक पहुंचाते हैं लेकिन कोई लाभ नहीं मिलता। यात्रियों को जवाब मिलता है कि संचालन संबंधी कारणों से ट्रेन हो रही है।

# श्रद्धालुओं ने निकाली कलश यात्रा



कासिमाबाद में कलश यात्रा में शामिल श्रद्धालु।

**कासिमाबाद।** कलश यात्रा के बीच मंगलवार को क्षेत्र के प्रभु नारायण सिंह महाविद्यालय परिसर में 24 कुंडीय गायत्री महायज्ञ एवं संस्कार महोत्सव का शुभारंभ हुआ। इस कलश यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं ने सिर पर कलश धारण कर यात्रा कासिमाबाद क्षेत्र के विभिन्न मार्गो का भ्रमण किया। इस कलश यात्रा में बड़ी संख्या में महिलाओं और छात्र-छात्राओं ने हिस्सेदारी ली। इसके बाद मंदिर परिसर में संगीतमय प्रवचन भी हुआ। अखिल विश्व गायत्री परिवार के तत्वधान में आयोजित 24 कुंडीय गायत्री महायज्ञ एवं संस्कार महोत्सव क्षेत्र के प्रभु नारायण सिंह महाविद्यालय के प्रांगण में 4 दिवसीय धार्मिक कार्यक्रमों की शुरूआत मंगलवार को भव्य कलश शोभायात्रा के साथ शुरू हुई । पहले दिन कलश यात्रा निकाली गई। जिसमें सैकड़ों महिलाओं छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया ।यह कलश यात्रा महायज्ञ स्थल से निकलकर कासिमाबाद चौराहा पुरानी बाजार सोनबरसा हरिशंकर होते हुए क्षेत्र के विभिन्न मार्गो का भ्रमण करते हुए वापस कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे। जहां भक्तों ने मां गायत्री पंडित श्रीराम शर्मा, वंदनीय माता भगवती देवी शर्मा के चित्र के सामने दीप प्रज्वलित कर पुष्प चढ़ाकर पूजन किया। वक्ताओं ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन से भारतीय संस्कृति को मजबूती मिलती है। इस कलश यात्रा में महिलाएं ,छात्र छात्राओं सहित क्षेत्र के सैकड़ों लोगों ने हिस्सेदारी ली।

# सीआरपीएफ जवान का इलाज के दौरान निधन

**जनसंदेश न्यूज**



सीआरपीएफ जवान रमेश यादव।

**सुहवल।** स्थानीय थाना अन्तर्गत बडौरा गांव निवासी एवं सीआरपीएफ में हवलदार के पद पर तैनात जवान रमेश यादव (52) का बीते देर रात्रि को झारखंड के चाईबासा में कमांड अस्पताल में इलाज के दौरान निधन हो गया। परिजनों को इसकी सूचना मंगलवार की सुबह सीआरपीएफ के अधिकारियों ने इस घटना की सूचना मृत जवान ने परिजनों को दी।

मौत की सूचना परिजनों को मिलते ही जहां कोहराम मच गया। वहीं गांव में घटना के बाद से ही सन्नाटा पसर गया। घटना के बाद से ही पत्नी रेखा व अन्य परिजनों का रो- रोकर बुरा हाल था। मृत सीआरपीएफ जवान के परिजनों के मुताबिक जवान का पार्थिव शरीर मंगलवार की देर रात तक आने की उम्मीद है। वहीं मृत जवान के पोस्टमार्टम की प्रक्रिया विभागीय कर्मियों के द्वारा देर शाम तक शुरू किए जाने की उम्मीद है। मृत जवान के पुत्र रजनीकांत ने बताया कि विभागीय अधिकारियों के मुताबिक पिछले कई दिनों से उसके पिता की तबियत खराब थी,इसी दौरान बीते सोमवार की दोपहर ड्यूटी के दौरान रमेश यादव गश खाकर जमीन पर अचानक असंतुलित होकर गिर पड़े।

जिसके तुरंत बाद जवानों व अधिकारियों ने उनके पिता को गम्भीर अवस्था में सीआरपीएफ के कमांड अस्पताल में भर्ती कराया। जिनका बीते सोमवार की देर रात्रि को इलाज के दौरान निधन हो गया। मृत जवान के पुत्र रजनीकांत ने बताया कि उसके पिता एक महीने पहले गाँव पर छुट्टी समाप्त होने के बाद अपने तैनाती स्थल पर चले गये थे।

# राम सिंहासन राय की मनी पुण्यतिथि

**जनसंदेश न्यूज**

**दिलदारनगर।** तहसील जमानिया के अंतर्गत ग्राम लहुवार के दक्षिण टोला मे कमला प्रसाद राय के दरवाजे पर सुप्रसिद्ध समाजसेवी स्वर्गीय राम सिंहासन राय की आठवीं पुण्यतिथि के अवसर पर श्रद्धांजलि एवं संगोष्ठी सभा का आयोजन किया गया। सभा का आयोजन वाराणसी के मशहूर होम्योपैथ चिकित्सक एवं उनके पौत्र डा.अम्बरीष कुमार राय के द्वारा किया गया था। सभा का कुशल संचालन श्री अरुण कुमार राय जी के द्वारा किया गया। इस अवसर पर गिरिजा शंकर राय, कम्मन प्रसाद राय, डा. सुरेश राय, रमेश चंद्र राय,अनिल राय, संपूणानंद राय,विशाल राय, शिवकुमार राय,भगवती प्रसाद राय आदि रहें।

कासिमाबाद कोतवाली क्षेत्र के बांका खास गांव में 29 दिसम्बर को दो पक्षों में मारपीट में घायल अधेड़ की सोमवार की देर शाम ट्रामा सेन्टर इलाज के दौरान मौत हो गई।

# भाजपा सरकार ने बेटियों का हाथ पीला करने का लिया संकल्प

**सामूहिक विवाह**

**आरटीआई मैदान में 455 जोड़े बंधे शादी के बंधन में**



आरटीआई मैदान में दुल्हन को वरमाला पहनाता दुल्हा।

**गाजीपुर।** मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अन्तर्गत सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन आरटीआई मैदान (नवीन स्टेडियम) में किया गया। शादी समारोह का शुभारभं प्रदेश के स्टॉम्प एवं पंजीयन मंत्री ने दीप प्रज्ज्वलित एवं मां सरवस्ती के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया। सामूहिक विवाह योजना में जनपद के समस्त विकास खंडों, नगर पालिका/नगर पंचायत के कुल 455 जोड़ों का विवाह विधि विधान के साथ सम्पन्न हुआ। जिसमें तीन मुस्लिम जोड़ों का भी निकाह कराया गया।

इस मौके पर नव विवाहित जोड़ो के खाते में ऑनलाईन माध्यम से बटन दबाकर 35-35 हजार रुपए की धनराशि हस्तान्तरित की गयी तथा नव दम्पति को विवाह प्रमाण पत्र एवं पौध रोपण हेतु फलदार वृक्ष का पौधा दिया गया। सामूहिक विवाह के अवसर पर उपस्थित समस्त जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने नव विवाहित वर-वधुओं को उनके वैवाहिक जीवन की मंगल कामना करते हुए शुभकामना दी और कहा कि नव विवाहित जोड़ो ने सात फेरे लेकर एक साथ रहने का जो संकल्प लिया है उसका आजीवन निर्वहन करे। मुख्यमंत्री ने इस योजना के माध्यम से गरीब, मजदूर एवं असहाय परिवारों को इसका लाभ दिया है। आभार मुख्य विकास अधिकारी श्रीप्रकाश गुप्ता एंव कार्यक्रम का संचालन सुभाष चन्द्र प्रसाद लेखा एवं कार्यक्रम सहायक नेहरू युवा केन्द्र ने किया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष सपना सिंह, जिलाधिकारी आर्यका अखौरी, पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह, पूर्व राज्य मंत्री संगीता बलवंत, जिलाध्यक्ष भाजपा भानु प्रताप सिंह, पूर्व एमएलसी केदार नाथ सिंह, पूर्व अध्यक्ष नगर पालिका परिषद सरिता अग्रवाल, मुख्य विकास अधिकारी श्रीप्रकाश गुप्ता, उप जिलाधिकारी सदर प्रतिभा मिश्रा, जिला विकास अधिकारी राजेश यादव, अपर मुख्य अधिकारी सुजीत कुमार मिश्रा,जिला समाज कल्याण अधिकारी राम नगीना यादव, जिला दिव्यांग अधिकारी नरेन्द्र विश्वकर्मा आदि मौजूद रहे।

## जनसंपादकीय

# शोरगुल में गुम आम आदमी की आवाज

**राजेश माहेश्वरी**



अदाणी समूह पर हिंडनबर्ग की रिपोर्ट को लेकर विपक्षी सांसदों के बार-बार हंगामे से संसद के दोनों सदनों का कामकाज ठप है। अडाणी प्रकरण पर विपक्षी दल लगातार केंद्र को घेरने का प्रयास कर रहे हैं। विपक्षी दलों ने आरोप लगाया है कि अडाणी समूह के शेयरों में हालिया गिरावट एक 'घोटाला' है जिसमें आम लोगों का पैसा शामिल है क्योंकि सार्वजनिक क्षेत्र के भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) और भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने उनमें निवेश किया है। वहीं, अडाणी समूह ने कहा है कि वह सभी कानूनों और सूचना प्रकट करने संबंधी आवश्यकताओं का अनुपालन करता है। विपक्ष इस मामले में उच्चतम न्यायालय की निगरानी में या किसी संयुक्त संसदीय समिति जेपीसी) द्वारा कराए जाने की मांग कर रहा है।

भारतीय रिजर्व बैंक ने बैंकों से अडाणी एंटरप्राइजेज लिमिटेड को दिए कर्ज की जानकारी मांगी है। वित्तीय संस्थानों और एलआईसी ने अपनी स्थिति साफ की है, बावजूद इसके विपक्ष हंगामे से बाज नहीं आ रहा है। बजट सत्र में राष्ट्रपति के अभिभाषण और बजट पर चर्चा की बजाय विपक्ष की राजनीति को हंगामा रास आ रहा है। हर रोज बजट सत्र हंगामे के भेंट चढ़ रहा है, थोड़ी-थोड़ी देर में सदन स्थगित हो जा रहा है। तो सवाल है कि आखिर जिम्मेदार कौन है और संसद चलाने की जिम्मेदारी किसकी है? संसद जनता के पैसे से चलती है और जनता के लिये चलती है। इसका मूल उद्देश्य देश भर से चुने गए जन प्रतिनिधियों के माध्यम से देश के हर गरीब, वंचित, शोषित और हर वर्ग का सर्वांगीण विकास और कल्याण है। यह हर सांसद का मूल दायित्व है। लेकिन विपक्ष द्वारा भारी हंगामे के कारण बजट सत्र हंगामे की भेंट चढ़ता नजर आ रहा है।

पिछले कुछ समय में संसद में कामकाज को लेकर सवाल उठते रहे हैं। खासकर संसद में होने वाले हंगामे और बहिष्कार को लेकर खराब होने वाले समय को लेकर। क्या आपको मालूम है कि संसद में एक घंटे की कार्यवाही पर कितना खर्च होता है। करीब 1.5 करोड़ रुपया यानि हर मिनट की कार्यवाही पर 2.5 लाख रुपया। पूरे 1 दिन का खर्च 9 करोड़ रुपये होता है। खुद अंदाज लगाया जा सकता है कि संसद के दोनों सदनों में होने वाले बॉयकाट और हंगामे से जनता का कितना पैसा बर्बाद हो जाता है। संसद का मानसून सत्र तय समय से चार दिन पहले ही खत्म हो गया था। सत्र महंगाई पर विपक्ष के हंगामे, सदस्यों के निलंबन और राष्ट्रपति व उपराष्ट्रपति चुनाव के कारण जाना जाएगा। हंगामे से दोनों सदनों की कार्य उत्पादकता 50 फीसदी से भी कम रही। संसद की कार्यवाही के लिए जो इतने पैसे खर्च किए जाते हैं वो कहां से आते हैं? वो आते हैं हमारी और आपकी कमाई से। दिनरात हम और आप जी तोड़ मेहनत करके पैसा कमाते हैं फिर सरकार उस पर टैक्स वसूलती है, जिससे सरकारी खजाना भरता है। उसी खजाने से संसद की कार्यवाही पर पैसा खर्च होगा है। लोकसभा और राज्यसभा सदस्यों को वैसे तो वेतन व अन्य भत्ते मिलते हैं, लेकिन संसद सत्र के दौरान उन्हें सदन की कार्यकवाही में हिस्सा लेने के ही 2000 रुपये मिलते हैं। अगर सांसद संसद भवन जाकर वहां रजिस्टर में हस्ताक्षर करते हैं तो उन्हें यह राशि मिलनी तय है।

फिर इसके बाद वह सदन में कोई?प्रश्न पूछे या हंगामा करे। काम हो या न हो उनका यह भत्ता उन्हें मिलता है। राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने सांसदों को संसदीय परंपरा के अनुरूप व्यवहार की नसीहत देते हुए कहा, यह बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है, जनता के पैसे की बबार्दी हो रही है और जनकल्याण के मुद्दे उठाने के बजाय सदस्य हंगामा कर रहे हैं। लेकिन विपक्ष का शोर थमने का नाम नहीं ले रहा। लेकिन इससे भी बड़ा नुकसान तब होता है जबकि बहुत सारी नीतिगत फैसले नहीं लिए जा पाते हैं, बहुत सारे कानून बन ही नहीं हो पाते हैं। सवाल यही है कि देश की जनता का इतना फिक्र करने वाली राजनीतिक पार्टियां इतनी आसानी से जनता का पैसा कैसे बर्बाद कर देती हैं?

आंकड़ों की तुलना करें तो पता चलता है कि 1952 से लेकर 1967 तक प्रत्येक तीन लोकसभाओं की औसतन 600 दिन बैठकें हुई। लेकिन 15 वीं लोकसभा (2009 से 2013) तक मात्र 365 दिन बैठक हुई। पहली लोकसभा में सदन के कामकाज के कुल समय में से 49 फीसदी समय विधेयकों पर चर्चा में लगाया गया था। यह आंकड़ा दूसरी लोकसभा में नीचे गिरकर 28 फीसदी पर आ गया और अब 15वीं लोकसभा में मात्र 23 फीसदी समय विधेयकों पर चर्चा में दिया गया। बैठकों और कामकाज के लिहाज से 14वीं और 15वीं लोकसभा का कार्यकाल सबसे कमजोर कहा जा सकता है।

यह आम धारणा रही है कि एनडीए सरकार के सत्ता में आने के बाद अडाणी समूह का साम्राज्य अप्रत्याशित रूप से बढ़ा है। विपक्ष के इस विरोध के मूल में आर्थिक अनुशासन कायम करने के बजाय मोदी सरकार को कठघरे में खड़ा करना प्राथमिकता नजर आता है। लगातार यह दलील दी जाती है कि अडाणी समूह की अप्रत्याशित सफलता के लिये सरकारी बैंकों से भारी ऋण उपलब्ध कराया गया है। जिससे जनता का पैसा दांव पर लगा है।

अमेरिका की वित्तीय शोध कंपनी 'हिंडनबर्ग रिसर्चश द्वारा गौतम अडाणी के नेतृत्व वाले समूह पर फर्जी लेनदेन और शेयर की कीमतों में हेरफेर सहित कई गंभीर आरोप लगाए जाने के बाद समूह के शेयर की कीमतों में भारी गिरावट आई है। हालांकि, अडानी समूह ऐसे किसी भी आरोप को खारिज करता रहा है और इसे भारतीय अर्थव्यवस्था पर बाहरी हमला बताता रहा है। लेकिन इसके बावजूद समूह को साख के अलावा अरबों का नुकसान हुआ है। निस्संदेह, इन परिस्थितियों में उम्मीद की जानी चाहिए कि सेबी और भारतीय रिजर्व बैंक जैसी नियामक संस्थाएं ऐसे मामलों में शीघ्र व निर्णायक रूप से पहल कर- के लोगों का विश्वास बहाल करें। रिजर्व बैंक एवं अन्य जिम्मेदार वित्तीय संस्थान इस मामले में पूरी तरह सक्रिय दिखाई दे रहे हैं। ऐसे में विपक्ष द्वारा देश की वित्तीय एवं अन्य संस्थाओं की विश्वसनीयता और कार्यशैली पर अविश्वास जताना कदापि उचित नहीं ठहराया जा सकता।

वास्तव में लोकतंत्र में जनता द्वारा, जनता के लिए, जनता का शासन होता है। जनता के प्रतिनिधि के रूप में सांसद जनता की आवाज संसद में उठाते हैं। लोग अपने प्रतिनिधियों को बोलने के लिए भेजते हैं, धरना पर बैठने के लिए नहीं, और न ही सदन में दिक्कतें पैदा करने के लिए। बाधा पैदा करने का मतलब है कि आप चोट पहुंचा रहे हैं, आप बहुमत की आवाज दबा रहे हैं। सिर्फ अल्पमत ही सदन के बीचों बीच आता है, नारेबाजी करता है, कार्यवाहियां रोकता है और ऐसे हालात पैदा करता है कि अध्यक्ष के पास सदन की कार्यवाही स्थगित करने के अलावा और कोई विकल्प नहीं होता।

सरकार और विपक्ष में आरोप-प्रत्यारोप की प्रथा कोई नयी नहीं है। इसमें दोनों को ही खूब आंनद भी आता है। हंगामे और राजनीति के मध्य आम जनमानस की भलाई से जुड़े गंभीर और अति महत्व के विषयों की घोर अनदेखी हो रही है। मौजूदा बजट सत्र विपक्ष के अड़ियल रवैये और तुच्छ राजनीति की भेंट चढ़ता दिखाई दे रहा है। संसद में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा शुरू करनी चाहिए। विपक्षी सांसद चर्चा के दौरान कुछ भी बोल सकते हैं, लेकिन लगता है कि वे सदन की कार्यवाही ही नहीं चलने देना चाहते हैं। उनका मंतव्य किसी न किसी बहाने सरकार को घेरना और उसकी छवि को ठेस पहुंचाना है। विपक्ष को संसद में हंगामे की बजाय लोकहित के मुद्दों को तरजीह देनी चाहिए। आखिरकर जनता ने उन्हें इसी काम के लिए चुनकर संसद में भेजा है।

**(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं।)**

(सत्ता सुख की चाह ने और प्रतिष्ठित होने की लालसा ने इस भरोसे पर अंतिम मुहर लगा दी है कि आप कितने समर्थ हैं- यह बेमानी है। महत्वपूर्ण यह है कि आप कितने 'उपयोगी' हैं, आप कितनी ऊंची आवाज में कोरस गा सकते हैं, कितनी दहाड़ के साथ आप आर्यावर्त की महिमा का पाठ कर सकते हैं, कितनी आसानी से आप सरनिगूं हो सकते हैं और कितनी सहजता से आप गुलेल या दगे हुए कारतूस की भूमिका में खड़े हो सकते हैं। आपकी उपयोगिता के यह कुछेक बुनियादी पैरामीटर हैं। दिमाग यहीं से बदले हैं। कालिदास अगर फिर आ जाएं इस धरती पर तो उन्हें अपनी वह उज्जयिनी नहीं दिखेगी, खुदा न खास्ता दिख भी गयी अपने भग्नावशेष में, तो भी उन्हें यहां कोई कवि नहीं मानेगा, राह चलता हर ऐरा- गैरा उनसे पूछ लेगा: तुम्हारे पास बेचने के लिए नया क्या है इस शहर में? )

# उज्जयिनी और दिल्ली का फर्क

## बात- बेबात

**मिथिलेश कुमार सिंह**



कालिदास ने कभी सोचा भी नहीं होगा कि जिस राह के वह मुसाफिर बनने जा रहे हैं और जो राह उन्हें उज्जयिनी लिये जा रही है, वह राह उनसे उनका स्वत्व छीन लेगी। वह राह उनसे उनका 'मेघदूत', ' कुमार संभवम', 'अभिज्ञान शाकुंतलम्' छीन लेगी। ऐसी राह उन्हें महाकवि के ओहदे से तो नवाज देगी। वह उन्हें सोने- चांदी और हीरे- जवाहरात से लकदक, अतर और फुलेल से गमकता- दमकता महाकवि साबित करने के लिए धरती और आसमान के कुलाबे तो एक कर देगी। वह नगाड़े बजायेगी और पूरे अवाम को यह सुनने पर मजबूर करेगी कि कोई है जो आ गया है। कोई है जो अब महाकवि है। पहले नहीं था, अब है.. क्योंकि हम कह रहे, क्योंकि चक्रवर्ती राज्य सत्ता कह रही, क्योंकि उज्जयिनी कह रही है। लेकिन चूक गये कालिदास। सत्ता सुख की चाह वैसे भी भरमाती है। वह भूल गये कि उनका ताप, उनकी ऊष्मा, वह शीतलता, वह विरलता, हवा के झोकों की गति में बजती वंशी और मादल की धुनों को पहचानने का उनका शऊर ..वह राह उनसे छीन लेगी। वह राह छीन लेगी उनसे उनकी मल्लिका भी।

हजारों साल पहले बनी और बसी उज्जयिनी की उस कहानी को अब थोड़ा विराम देते हैं। विराम इसलिए देते हैं क्योंकि उस राह ने अपनी दिशा बदल दी है जिसके सहयात्री हुआ करते थे कालिदास। जैसे नदियां बदल लेती हैं सैकड़ों- हजारों साल की महायात्रा में अपनी दिशा, जैसे पहाड़ बदल लेते हैं अपने स्मृतिचिन्ह, जैसे जंगल बदल लेता है जीवाश्म और वनस्पतियों के आकार- प्रकार, जैसे धरती बदल लेती है फसलों का आदिम स्वाद- कुछ ऐसा ही उज्जयिनी के साथ भी हुआ है। अब वह उज्जयिनी, उज्जयिनी में नहीं रहती। अब वह दिल्ली में रहती है। उज्जयिनी की वह राह अब दिल्ली से ही निकलती है और दिल्ली में ही खतम हो जाती है। दिल्ली से दिल्ली तक ही उसका हद्दोहुदूद है। अज दिल्ली ता पालम। मुगल साम्राज्य के आखिरी दिनों में दिल्ली की हद यही हुआ करती थी। इतिहास बदला, गणनाकार बदले, समय बदला तो हद भी बदल गयी। अब दिल्ली उज्जयिनी के बहाने समूचे देश में है। जो काम पहले उज्जयिनी करती थी, वह काम अब दिल्ली के जिम्मे है। लेकिन एक फर्क तब भी है। हम उस फर्क पर बाद में चर्चा करेंगे। पहले इतना जान लीजिए कि वह दिल्ली अब बेतरह लुभाती है। वह बेतरह खींचती है। वह बिछोह सहने का परवाना बांटती है। वह गदहों को कालिदास और कालिदासों को गदहा बनाने की कुव्वत रखती है। दिल्ली के जिम्मे समूचे देश की हवाएं हैं। समूचे देश के पानियों पर उसका कब्जा है। विक्रमादित्य या चंद्रगुप्त द्वितीय ने सपने में भी सोचा होगा कि वे जिस एक कालिदास को इनाम- एकराम और हीरा- मोती के बूते अपनी मल्लिका से, उसकी स्थानीयता से महरूम कर रहे हैं, जो उससे उसके होने का व्याकरण, उसकी बोलीबानी छीन रहे हैं- वह कालिदास सारे बंधन, सारी नाटकीयता, सारे नैरेटिव, राजपाट की तमाम चमक- दमक को मुंह बिराते हुए किसी रोज अलसुबह लौट जाएगा अपनी उसी दुनिया में जिसने उसे कालिदास बनने का मसाला दिया था, जिसने उसे कालिदास बनाया था और जहां की हवाओं, बारिशों और अंधड़ों को उसका बारहा इंतजार था? हम जब कालिदास की बात कर रहे हैं जो जाहिर है, हम तोता- मैना या शीत- बसंत की कहानी भर नहीं सुन या सुना रहे हैं। हमारी नजर 'उसके बाद क्या हुआ' पर भी है। उज्जयिनी से कालिदास तो लौट गये लेकिन दिल्ली में जो रेलमपेल है, जो गहमागहमी है, इनाम झटक लेने और राज्याश्रयी होने की जो चाह है, जो कामयाब रहे- उनकी कामयाबी की सौ खूबियां- खामियां हैं, इन सबके मुकाबले कालिदास जैसे लोग भला टिक पायेंगे कहीं? कल्पना कीजिए कि अगर आज कालिदास होते या विक्रमादित्य या चंद्रगुप्त द्वितीय होते तो वह दिल्ली में रचनाकर्म और संस्कृति की आड़ में फैले मौजूदा गिरहकट बाजार को किस रूप में स्वीकार कर पाते? इनाम, इनाम, इनाम। किसी को पद्मश्री चाहिए, किसी को पद्मभूषण, किसी को साहित्य अकादमी, किसी को संगीत नाटक अकादमी- जिसे जहां से जो भी मिल जाए। पुरस्कारों का इतना अवमूल्यन? कहते हैं, रचना लड़ना सिखाती है, वह बचने से बचना सिखाती है। हो रहा है इसका विलोम। 'वधस्थल से छलांग' लगाने वाले रणबांकुरे वधस्थल में छलांग लगा चुके हैं। कोई हिंदुत्व के मोहिनी मंत्र की बैसाखी के रास्ते साहित्य अकादमी झटकने में कामयाब हो जाता है, कोई लोगों को गांधी के बरक्स गोडसे का तर्क समझाने में अपनी साहित्यजीविता का इस्तेमाल करता है तो कोई और समझाने लगता है कि रचना और जीवन, दोनों में तटस्थ रहना क्यों जरूरी है। यह सारा कुछ दिल्ली का कमाल है। उज्जयिनी ने कभी दिमाग नहीं छीना। दिल्ली दिमाग पहले झटकती है, रेवड़ियां बाद में बांटती है। दिल्ली और उज्जयिनी में फर्क यही है और बहुत साफ फर्क है। लेकिन दिल्ली के साथ दो बातें और हुई हैं। पहली यह कि यहां लेखक या यहां का लेखक या रचनाधर्मी होने के लिए आपकी बुनियादी पात्रता की कोई सीमा नहीं है। पात्रता सीमाहीन हो गयी है। अब कोई भी लेखक हो सकता है। बिना लिखे- पढ़े भी। स्वयंभू भी चल जाएगा। दूसरी बात यह हुई कि अब दिल्ली का काम बंट गया है। नजर रखने का काम दिल्ली ने छोड़ दिया है। उसने इस काम का लोकतंत्रीकरण कर दिया है। उसने यह काम आउटसोर्स कर दिया है। अब दिल्ली की निगहबानी कम है, दिल्ली पर निगहबानी ज्यादा है। यह निगहबानी पटना से भी हो रही है, इलाहाबाद से भी, बनारस से भी, बंबई से भी, अलीगढ़ से भी और लखनऊ- देहरादून से भी। देश के छोटे कस्बों से भी। जो जहां है, वहीं से 'चांदमारी' कर रहा है। तरक्की के लिए श्रम की महत्ता का,जेन्युइनिटी का फंडा यहां फेल है क्योंकि सत्ता सुख की चाह ने और प्रतिष्ठित होने की लालसा ने इस भरोसे पर अंतिम मुहर लगा दी है कि आप कितने समर्थ हैं- यह बेमानी है। महत्वपूर्ण यह है कि आप कितने 'उपयोगी' हैं, आप कितनी ऊंची आवाज में कोरस गा सकते हैं, कितनी दहाड़ के साथ आप आर्यावर्त की महिमा का पाठ कर सकते हैं, कितनी आसानी से आप सरनिगूं हो सकते हैं और कितनी सहजता से आप गुलेल या दगे हुए कारतूस की भूमिका में खड़े हो सकते हैं। आपकी उपयोगिता के यह कुछेक बुनियादी पैरामीटर हैं। दिमाग यहीं से बदले हैं। कालिदास अगर फिर आ जाएं इस धरती पर तो उन्हें अपनी वह उज्जयिनी नहीं दिखेगी, खुदा न खास्ता दिख भी गयी अपने भग्नावशेष में, तो भी उन्हें यहां कोई कवि नहीं मानेगा, राह चलता हर ऐरा- गैरा उनसे पूछ लेगा: तुम्हारे पास बेचने के लिए नया क्या है इस शहर में? तुम्हारी रचनाएं, तुम्हारी उपमाएं, तुम्हारे रूपक, तुम्हारे छंदज्ञान- सब कुछ दो कौड़ी के हैं। पुराने, अब्सोलीट। जमाना बदल गया है कालिदास! हमने कहा था न-अब तुम्हारी उज्जयिनी कहीं और जा बसी है? लेकिन ध्यान रहे, उस दिल्ली ने सुनना बंद कर दिया है। आना हो तो सावधानी से आना। यह सोच कर आना कि अब वापसी नहीं होगी, जैसे भोरेभोर भागे थे तुम उस रोज- वैसा अब नहीं होगा। हरगिज नहीं होगा। इतिहास के पन्नों पर नजर दौड़ाओ कालिदास।

यहां तुम्हें राणा सांगा या स्पार्टाकस नहीं मिलेंगे। लेकिन इंद्र मिल जाएंगे हर कदम पर। उन्हें पुरुरवा की तलाश है। उन्हें पुरुरवा का वध करना है। उन्हें पुरुरवा को नर्तक और भांड़ और व्यभिचारी साबित करना है। पुरुरवा वही था जिसने इंद्र की सत्ता को चुनौती दी थी और इंद्र के बने रहने के औचित्य पर सवाल उठाया था। इंद्र कोई देवता नहीं था कालिदास। इंद्र एक वृत्ति का नाम है। बने और बचे रहने की राह में रोड़ा बनने वाले किसी भी जेन्युइन की हत्या वृत्ति का। यह वृत्ति अब चतुर्दिक फूल- फल रही है। आटा पोत कर भंडारी बनने का यह दौर है कालिदास! 'दिखते तो हैं' का यह दौर है कालिदास! जैसे अकबर की तरह दिखे थे पृथ्वीराज कपूर 'मुगलेआजम' में और पूरे देश ने, पूरी हिंदी पट्टी ने मान लिया कि अकबर ऐसा ही रहा होगा।

**( लेखक कवि और यायावर हैं, संपर्क 79037 72108)**

विक्रमादित्य या चंद्रगुप्त द्वितीय ने सपने में भी सोचा होगा कि वे जिस एक कालिदास को इनाम- एकराम और हीरा- मोती के बूते अपनी मल्लिका से, उसकी स्थानीयता से महरूम कर रहे हैं, जो उससे उसके होने का व्याकरण, उसकी बोलीबानी छीन रहे हैं- वह कालिदास सारे बंधन, सारी नाटकीयता, सारे नैरेटिव, राजपाट की तमाम चमक- दमक को मुंह बिराते हुए किसी रोज अलसुबह लौट जाएगा अपनी उसी दुनिया में जिसने उसे कालिदास बनने का मसाला दिया था, जिसने उसे कालिदास बनाया था और जहां की हवाओं, बारिशों और अंधड़ों को उसका बारहा इंतजार था।

# तुम ये कैसे जुदा हो गए, हर तरफ हर जगह हो गए

## स्मरण

**जाहिद खान**



'वे अपने अंदाज के वाहिद फनकार थे। अब उनकी टक्क़र का कोई दूसरा फनकार नहीं होगा।....बतौर कलाकार उन्होंने गजल गायकी को लोगों की जुबान तक पहुंचा दिया।.....उनकी आवाज में एक बेस था, एक मिठास थी, जो सिर्फ.अभ्यास से हासिल नहीं हो सकती। जगजीत सिंह और उनकी जादुई आवाज, गजल गायकी पर ये खयाल हैं, गुलाम अली के जो खुद्र इस फन के आला उस्ताद हैं। जब एक आला उस्ताद अपने समकालीन पर इस तरह की टिप्पणी करता है, तो उसके एक अलग ही मायने होते हैं। वेलवेट वॉयस यानी मखमली आवाज के मालिक और गजल गायकी का एक अनोखा अंदाज जगजीत सिंह को खास बनाता था। उन्होंने अपनी पुर-सोज आवाज में जो भी गाया, उसे अमर कर दिया। देश-दुनिया में लाखों लोग जगजीत सिंह की गजल गायकी के मुरीद थे और आज भी उनका यह जादू कम नहीं हुआ है। उनकी एक नहीं, बल्कि कई ऐसी फिल्मी-गैर फिल्मी गजलें हैं जो उनके चाहने वालों के हर दम लबों पर रहती हैं। जगजीत सिंह की गायी कई ऐसी नायाब गजलें है, जो बीते पांच दशकों से लोगों को अपना दीवाना बनाए हुए हैं। उनकी मकबूलियत जरा सी भी कम नहीं हुई है। उन्होंने हर दौर और हर उम्र के लोगों के दिलों पर अपनी गायकी के गहरे अक्स छोड़े हैं। मुल्क में ऐसी मकबूलियत बहुत कम गजल गायकों के हिस्से आई है। जगजीत सिंह जैसा कोई दूसरा नहीं। सिर्फ. हिंद उपमहाद्वीप में ही नहीं, पूरी दुनिया में उनकी गजलों के चाहने वाले हैं।

8 फरवरी, 1941 को राजस्थान के श्रीगंगानगर में जन्मे जगजीत सिंह को उनके वालिद आइएएस अफसर बनाना चाहते थे, मगर जगजीत को बचपन से ही मौसीकी से मुहब्बत थी। पंडित छन्नूलाल शर्मा और उस्ताद जमाल खान से उन्होंने शास्त्रीय संगीत की बारीकियां सीखीं। राग-रागनियों पर काबू पाया। उर्दू जबान सीखी। ताकि गायकी में तलफ़्फ़ुज़ साफ-साफ निकले। जब नवीं क्लास में थे, तब उन्होंने पहली बार मंच पर गाया। उसके बाद ये सिलसिला शुरू हो गया। पढ़ाई के साथ-साथ जगजीत सिंह का संगीत का सफर चलता रहा। मंज़िल-ए-माबूद उनकी एक ही थी, गायन में अपना एक अलग मुकाम बनाना। अपने इस ख़्वाब की ताबीर के वास्ते बीती सदी में साठ के दशक में वे मायानगरी मुंबई पहुंचे। मुंबई पहुंचना आसान है, मगर यहां किसी भी मैदान में पैर जमाना उतना ही मुश्किल। खास तौर पर जब आप फिल्मों में या संगीत में खुद्र को आजमाना चाहते हो। बहरहाल, अपने ख़्वाब को पूरा करने के लिए जगजीत सिंह को काफी जद्दोजहद करनी पड़ी। उन्होंने प्राइवेट पार्टियों और होटलों में फिल्मी नगमों, गजलों का गायन किया। फिल्म संगीतकारों और म्यूजिक कंपनियों के चक्कर लगाए, पर बात नहीं बनी। आखिरकार, साल 1976 में चित्रा सिंह के साथ आई 'अनफॉऱगेटेबल' वह एलबम थी, जिसने उन्होंने बुलंदियों पर पहुंचा दिया। इस एलबम में 'बात निकलेगी तो दूर तलक जाएगी', 'सरकती जाए है रुख से नकाब' और 'दोस्त बन-बनके मिले हैं मुझे मिटाने वाले' समेत दस गजलें थीं और सभी खूब्र मकबूल हुईं। इस कामयाबी के बाद जगजीत सिंह ने फिर पीछे मुड़कर नहीं देखा। आगे चलकर चित्रा सिंह, जगजीत सिंह की ज़िंदगी की हमसफर बनीं और उनकी कई गजल एलबम साथ आईं। सुर साम्राज्ञी लता मंगेशकर के साथ आया उनका एक गैरफिल्मी एलबम 'सजदा' भी काफी पसंद किया गया।

गजल एलबम, स्टेज शो की तरह जगजीत सिंह को फिल्मों में भी कामयाबी मिली। 'अविष्कार', 'साथ-साथ', 'अर्थ', 'प्रेमगीत' वे फिल्में हैं, जिनकी गजलें खूब पसंद की गईं। साल 1982 वह साल था, जिसमें 'साथ-साथ' और 'अर्थ' फिल्में आईं। जगजीत सिंह की गजलों का करिश्मा था कि ये दोनों फिल्में सुपरहिट हुईं। उन्होंने कुछ हिंदी और पंजाबी फिल्मों में संगीत भी दिया। फिल्म 'अर्थ' में जगजीत सिंह को ब्रेक देने वाले निर्देशक महेश भट्ट ने जगजीत सिंह की गायकी के बारे में कहा है, 'उनके संगीत में जो विविधता है, उसमें पूरा हिंदुस्तान बोलता है। बिना भारत की संस्कृति को जाने कोई भी इस तरह से गजलें नहीं गा सकता।' महेश भट्ट की इस बात में सच्चाई भी है। जगजीत सिंह की गायकी में एक अजब सी मुग्ध करती रवानगी थी। एक कशिश, जो हर एक के दिल को छूती थी। उन्हें मंत्रमुग्ध कर देती थी। जगजीत सिंह ने सारी दुनिया में स्टेज शो, लाइव गजल कंसर्ट किए। जो बेहद कामयाब रहे। लाइव कंसर्ट में जब वे आंखें बंद कर, हारमोनियम पर पानी की तरह उंगलियां चलाते हुए गजल गाते, तो सामयीन भी उनके साथ-साथ गुनगुनाते। इन प्रोग्रामों में जगजीत सिंह एक के बाद एक गजल गाते रहते। सामयीन की न तो फरमाइश खत्म होती और न ही उनकी प्यास बुझती।

जगजीत सिंह ने गजल गायकी में नये-नये प्रयोग किए। तानपुरा, सारंगी, सितार, संतूर, तबला, ढोलक जैसे देशी वाद्ययंत्रों के साथ-साथ उन्होंने गजल गायकी में गिटार, वायलिन जैसे विदेशी साज का इस्तेमाल किया। उनके इन प्रयोगों पर कई बार शुद्धतावादियों ने ऐतराज भी किए। उन पर उंगलियां उठाईं। लेकिन वे इनसे जरा सा भी न घबराए। अपने गायन पर उन्हें इतना एतबार था कि उन्होंने कभी किसी की परवाह नहीं की। राग-रागनियों के अलावा जगजीत सिंह को संगीत के वाद्ययंत्रों की भी अच्छी समझ थी। वे उन्हें बहुत बढ़िया बजा लिया करते थे। किसी भी गजल का म्यूजिक कंपोजिशन वे चुटकियों में कर लेते थे। गजल गायकी में जगजीत सिंह का एक जो बड़ा योगदान है, उसे कभी भुलाया नहीं जा सकता। उनसे पहले गजल रईसों की बांदी बनी हुई थी, आम अवाम से उसका कोई सीधा-सीधा तअल्लुक नहीं था। जगजीत सिंह, गजल को आम आदमी तक ले गए। उन्होंने गजल को इस अंदाज में गाया कि वह उसे अपनी सी लगी। इसके साथ ही उन्होंने गजलों का इस तरह इंतिखाब किया जिसमें उर्दू के आसान लफ़्ज हों, जो हर एक को समझ में आ जाएं। दरअसल, यही उनकी कामयाबी का मूल मंत्र था।

गालिब, मीर तकी मीर, फिराक गोरखपुरी, जोश मलीहाबादी, जिगर मुरादाबादी, अली सरदार जाफरी, कैफी आजमी, कैफ भोपाली जैसे उस्ताद शायरों के अलावा उन्होंने सुदर्शन फाकिर, बशीर बद्र, निदा फाजली, कतील शिफाई, बेकल उत्साही, अमीर मीनाई, मदनपाल, जावेद अख़्तर की गजलों को गाकर उनमें रूह बख़्शी। दिल की गहराईयों से इन गजलों को गाया। फिल्म निर्देशक-नगमा निगार गुलजार ने गालिब की जिंदगी पर बने अपने महत्वाकांक्षी सीरियल 'मिर्जा गालिब' में जगजीत सिंह को संगीत और गायन का मौका दिया। जब दूरदर्शन पर यह सीरियल प्रसारित हुआ, तो इसने कमाल कर दिखाया। जगजीत सिंह ने गालिब के कलाम को इस अंदाज में गाया कि वह आज भी माइलस्टोन है। एक वक्त ऐसा भी आया, जब जगजीत सिंह अपने बेटे के हादसे में हुई मौत से बिल्कुल टूट गए थे। उन्होंने अपने आप को तन्हा कर लिया था, लेकिन बाद में फिर वापस लौटे। इस मर्तबा उनकी गायकी में एक अजब दर्द था। जगजीत की गायकी में जहां दर्द का रिश्ता जुड़ा, तो उनकी पसंद के दायरे में सूफी कलाम, सबद और भजन भी आ गए। टूटे दिल से उन्होंने जो गजलें गाईं, उन्हें भी प्रशंसकों ने खूब पसंद किया।




जगजीत सिंह ने अपनी गायकी से गजल गायन की पूरी दिशा बदल कर रख दी। उन्होंने गजल को न सिर्फ. मुल्क में बल्कि सारी दुनिया में ऊंचे मुकाम पर पहुंचाया। उनकी ज़िंदगानी में ही 80 से ज्यादा गजल एलबम आए और सभी बेहद मकबूल हुए। 'अनफॉऱगेटेबल' के अलावा 'जाम उठा', 'डिजायर', 'कहकशां', 'ए जर्नी', 'अर्ली हिट्स', 'इनसाइट', 'दर्द-ए-जिगर', 'स्टोलन मोमेंट्स', 'बियांड टाइम्स', 'समवन समव्हेर', 'होप', 'मिराज' और 'प्यार न टूटे' वगैरह वे गजल एलबम हैं, जिनकी रिकार्ड तोड़ बिक्री हुई। जगजीत सिंह यारबाश थे। दोस्तों की हर मुमकिन मदद करते थे। अपने समकालीन और नई पीढ़ी के गजल गायकों को उन्होंने हमेशा बढ़ावा दिया। उन्हें संगीत के साथ-साथ घोड़ों की रेस देखने का भी दीवानगी की हद तक शौक था। तमाम मसरूफियत के बावजूद वे रेसकोर्स में घुड़दौड़ देखने के लिए वक्त निकाल लेते थे।

अपने शानदार गजल गायन से जगजीत सिंह को दुनिया भर के लोगों का बेइंतिहा प्यार मिला। कई मान-सम्मान और पुरस्कारों से नवाजे गए। साल 2003 में वे देश के तीसरे सबसे बड़े नागरिक सम्मान 'पद्म भूषण' सम्मान से नवाजे. गए। सियासत में भी जगजीत सिंह को चाहने वाले थे। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की कविताओं को जहां उन्होंने अपनी आवाज दी, तो पार्लियामेंट के सेंट्रल हॉल में भी उन्हें एक मर्तबा गजल गायन के लिए इनवाइट किया गया। 10 अक्टूबर, 2011 को जगजीत सिंह गजल की महफिल से हमेशा के लिए रुख़्सत हो गए और उनके साथ गुजर गया गजल गायकी का एक सुनहरा दौर। कहने को गजल आज भी गायी जा रही है, लेकिन जगजीत सिंह के बिना गजल की यह महफिल कुछ उदास सी है। उनके जाने से भले ही, अब महफिलें न सजें, मगर उनकी आवाज हमेशा फिजा में गूंजती रहेगी, 'तुम ये कैसे जुदा हो गए, हर तरफ हर जगह हो गए।'

**(लेखक स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं, संपर्क : 94254 89944)**

## व्यंग्य



# उत्तम ज़िले में पुलिस पर्यटन

**अरविंद तिवारी**

उत्तम ज़िला उत्तम प्रदेश में ही संभव है।अगर कोई प्रदेश उत्तम नहीं है और उत्तम ज़िला रखता है, तो यह घटना कुछ उसी तरह की होगी,जैसे कई बार हरी सब्जी के ट्रक में मूली के नीचे गांजे की बोरियों का ट्रांसपोर्ट किया जाता है।वैसे आजकल उत्तम प्रदेश की नकल करने को हर प्रदेश उद्दत है।आजकल नई शिक्षा नीति के तहत एक अनुशासन के साथ दूसरे अनुशासन का विषय पढ़ने की सुविधा मिल गई है,इसलिए कोई भी प्रदेश उत्तम ज़िला रख सकता है।प्रशासन यदि किसी ज़िले को उत्तम नहीं बना पा रहा हो तो सियासत के सहयोग से उस ज़िले का नाम बदलकर उत्तम नगर रख सकता है!नाम बदलकर ज़िले को किस हद तक उत्तम बनाया जा सकता है,इसके लिए आप दिल्ली के उत्तम नगर में जाकर देख सकते हैं।इसके लिए दिल्ली सरकार से अनुमति लेनी होगी।दिल्ली सरकार सिर्फ.अपने शानदार स्कूलों को दिखाती है,बाकी चीजें आपको उसकी अनुमति के बिना ही देखनी होंगी।

सॉरी,विषय का विचलन हुआ जा रहा है।चूंकि मैं कोई राजनीतिक व्यंग्य नहीं लिख रहा हूं,इसलिए यह विचलन वैध नहीं है।दरअसल केंद्र सरकार की मंशा है कि हर ज़िला एक उत्पाद के लिए पहचाना जाए।जैसे आगरा पेठे के लिए,तो फिरोजाबाद चूड़ियों के लिए पहचाना जाता है,वैसे ही हर ज़िले का एक उत्पाद हो।जिस ज़िले की बात मैं कर रहा हूं,वह ज़िला चूंकि उत्तम ज़िले की श्रेणी का ज़िला था,इसलिए बेहद सियासी हलचल वाला ज़िला था।जिस ज़िले में सियासत बच्चों को विरासत में मिलती है,वह ज़िला थोड़ा सा क्रिमिनल टाइप का हो जाता है।या उसे ऐसा कहे जाने का रिवाज चल पड़ता है।संयोग से वह ज़िला कुछ ज्यादा ही क्रिमिनल था,इसलिए वहां अधिकारी कर्मचारी बेहद कुशल थे।व्यापारी से लेकर मजदूर तक थोड़ा बहुत ऊंच नीच करने में विश्वास करते थे।इस ज़िले के लोग चोरियां करने में भी माहिर थे।वे चोरियां प्रायः दूसरे ज़िलों में जाकर करते थे।नौकरियां भी दूसरे ज़िले में करना पसंद करते थे,ताकि कुछ ऊंच नीच होने पर अपने ज़िले में भाग करआया जा सके।पर वे उसी ज़िले के बाशिंदे थे,इसलिए उस ज़िले को चोरों का ज़िला कहा जाने लगा। यह उत्तम ज़िले से मेल नहीं खाता था।उत्तम प्रदेश से तो मेल खाने का सवाल ही नहीं था।

जब एक ज़िला एक उत्पाद की बात चली, तो इस ज़िले के अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों के सामने पहचान का संकट खड़ा हो गया।हालांकि यह युग चोरियों का ही युग कहा जाता है,पर इसका मतलब यह तो नहीं कि अपने ज़िले को चोरियों वाले उत्पाद का ब्रांड बना दें!दूसरा कुछ ऐसा भी नहीं था ज़िले के पास कि उसे ब्रांड बनाया जा सके।तस्करी को भी ब्रांड नहीं बना सकते थे।फिर क्या ऐसी चीज है जिसे एक ज़िला एक उत्पाद के तहत पहचान दिलाई जा सके।चूंकि इस ज़िले के बाशिंदे पूरे भारत में घूमते रहते थे।वहां कुछ ऊंच नीच भी करते थे,इसलिए अक्सर कई राज्यों की पुलिस को ऊंच नीच करने वालों की तलाश में यहां आना पड़ता था।कभी महाराष्ट्र की पुलिस उत्तम ज़िले में दबिश देती थी,तो कभी गुजरात की।कभी कर्नाटक की तो कभी कभी आंध्र की।बहरहाल हर राज्य की पुलिस उस ख्यातनाम उत्तम ज़िले में दबिश दे चुकी थी। प्रशासनिक अधिकारियों की मैराथन बैठकों के बाद यह तय पाया गया कि उत्तम ज़िले को ₹पुलिस पर्यटन केंद्र₹ बना दिया जाए।वैसे भी अलग अलग राज्यों की पुलिस को दबिश देने के लिए आना ही पड़ता है।अब उत्तम प्रदेश के इस उत्तम ज़िले को दबिश ज़िला तो नहीं न बनाया जा सकता,इसलिए उसे पुलिस पर्यटन का उत्पाद बना दिया गया।उत्तम ज़िला इसी ब्रांड के नाम से जाना जाएगा।पर पुलिस पर्यटन की व्यवस्था में यह भी जोड़ा गया कि यह पर्यटन स्थानीय पुलिस गाइड की मदद से ही किया जा सकता है।यदि किसी राज्य की पुलिस बिना गाइड लिए घूमती हुई पाई गई, तो उसका चालान कर दिया जाएगा!

**(लेखक वरिष्ठ व्यंग्यकार हैं)**

रचनाएं हमें ई-मेल से भी भेज सकते हैं-
<raisubhash953@gmail.com>

# प्रेमप्रपंच में हुई थी युवक की हत्या

## पुलिस ने किया घटना का खुलासा, आलाकत्ल के साथ 2 अभियुक्त गिरफ्तार

जनसंदेश न्यूज

**आजमगढ़।** मुबाकरपुर थाना क्षेत्र के मैगापुर गांव में हुई युवक की हत्या का पुलिस ने खुलासा कर दिया। पुलिस ने बताया कि युवक की प्रेम प्रपंच में हत्या हुई थी हत्या में शामिल दो अभियुक्तों को पुलिस ने आलाकत्ल के साथ गिरफ्तार कर लिया।

मुबारकपुर थाना क्षेत्र के मैगापुर गांव में नदी के किनारे 6 फरवरी को मिले शव का पुलिस ने खुलासा कर दिया। पुलिस ने बताया कि राम 2 फरवरी को घर से निकला फिर वापस नहीं गया। उसके परिजनों ने काफी खोजबिन की लेकिन जब पता नहीं चला तो थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज करायी। पुलिस पांच फरवरी को रिपोर्ट दर्ज कर जांच में जुट गयी। 6 फरवरी को मुबारकपुर थाना क्षेत्र के मैगापुर गांव मं नदी के किनारे कुछ बच्चों ने युवक के शव को देखा जिसकी सूचना स्थानीय लोगों ने थाने में दी। हरिनाथ उपरोक्त द्वारा थाना स्थानीय पर लिखित तहरीर दिया गया कि मेरे लड़के राम का शव ग्राम मैगापुर अमरौला देह गाँव की नदी के पास जमीन में गड़ा हुआ मिला हैं। जिसकी पहचान मैने व मेरे घर वालो ने मौके पर जाकर किया। मेरे लड़के की किसी के द्वारा हत्या करके शव को जमीन में गाड़ा गया है।

इस सूचना पर थाना स्थानीय पर अज्ञात के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर जांच शुरू कर दी।

मुबारकपुर निरीक्षक राजकुमार द्वारा विवेचना के दौरान मृतक के भाई की साली रूबीना पुत्री सुक्खू राम ग्राम मैगापुर थाना मुबारकपुर व रविन्द्र कुमार पुत्र टिल्ठू राम ग्राम बगहीडाड थाना मुबारकपुर का नाम प्रकाश में आये अभियुक्तों को ग्राम बगहीडाड थाना मुबारपुर से गिरफ्तार किया गया तथा अभियुक्तों की निशान देही पर पुलिस ने हत्याकाण्ड मे प्रयुक्त आलाकत्ल बरामदगी किया। पुलिस ने दोनों अभियुक्तों को सम्बंधित धाराओं में चालान कर जेल भेज दिया।


पुलिस की गिरफ्त में हत्यारोपी।

### शादी से मुकर जाने पर हुई थी युवक की हत्या

**आजमगढ़।** युवक की हत्या के मामले में गिरफ्तार अभियुक्ता रूबिना ने पुलिस को बताया कि वह मृतक से प्रेम करती थी काफी दिनो से सम्बन्ध था शादी करने की बात से मुकर जाने के कारण उसने अपने पूर्व प्रेमी रविन्द्र कुमार पुत्र टिल्टू राम निवासी बगहीडाड़ थाना मुबारकपुर के साथ मिलकर मृतक राम पुत्र हरिनाथ ग्राम छिछोरी थाना बिलरियागंज की हत्या कर शव को गाड़ा था।

# आटो चालकों ने डीएम को सौंपा ज्ञापन

जनसंदेश न्यूज

**आजमगढ़।** आटो रिक्शा चालक समिति ने अध्यक्ष कृपाशंकर पाठक के नेतृत्व में तीन सूत्री मांगों को लेकर जिलाधिकारी को पत्रक सौंपा। पत्रक में उल्लेख किया है कि बस स्टेशन आजमगढ़ से संचालित बस भी अपने कैंपस से सवारी भर कर निकले दिन और विशेष रूप से रात में भी चलायी जाय। प्रेशर हार्न का प्रयोग न करें। जनहित में आटो रिक्शा ई-रिक्शा के लिए समुचित स्टैंड की व्यवस्था की जाय। अगर रोडवेज की बस भी सड़क पर जाम लगाये तो उनका भी चालान किया जाय। जब तक पड़ाव, अतिक्रमण आदि की समुचित व्यवस्था नहीं किया जाता है तब तक आटो रिक्शा, ई-रिक्शा वाहन मालिकों, चालकों का ई-चालान करके परेशान न किया जाय। यदि उक्त मांगे पूरी नहीं की गयी तो वे धरना प्रदर्शन हेतु बाध्य होंगे जिसकी सारी जिम्मेदारी शासन, प्रशासन की होगी। इस मौके पर गोवरधन राम, बृजेश, सुरेंद्र राम, विजय, नगेंद्र, राम अवतार गोंड, प्रभु नारायण पांडेय, आदि मौजूद रहे।

## संक्षेप

### न्यायिक कार्य से विरत रहे अधिवक्ता



**फूलपुर (आजमगढ़)।** स्थानीय तहसील प्रांगण स्थित अधिवक्ता संघ भवन में अधिवक्ताओं की बैठक संघ अध्यक्ष लालचन्द यादव एडवोकेट की अध्यक्षता हुई। संचालन अधिवक्ता संघ महामंत्री फूलचन्द यादव एडवोकेट ने किया। संघ मंत्री फूलचन्द यादव ने अधिवक्ताओं से बार कौंसिल आफ उत्तर प्रदेश के प्रस्ताव और मागों के बारे में बिस्तार से बताया। अधिवक्ता हित में प्रदेश बार कौंसिल की मांगों के समर्थन की बात की। युवा अधिवक्ता सतिराम यादव सहित समस्त अधिबकताओं ने समर्थन किया। बैठक में निर्णय के बाद राज्यपाल के नाम संबोधित पांच सूत्रीय मांग पत्र के साथ हाथों में काली पट्टी बांध तहसील परिसर में नारे लगाते हुए एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। इस अवसर पर इमरान अहमद, महेंद्र यादव, मुमताज अहमद, मंसूरी, श्रीराम, रामनरायन यादव, इंदुशेखर पाठक, संजय कुमार यादव, नीरज पाण्डे आदि उपस्थित रहे।

### घायल छात्रों की अनुदेशक ने की मदद



**रानीकीसराय (आजमगढ़)।** स्थानीय थाना क्षेत्र क्षेत्र के सहिगड़ा के पास दुर्घटना में घायल छात्रों की मदद के लिए अनुदेशक ने मदद की। रानी की सराय थाना क्षेत्र के काजीभीटी गांव निवासी छात्र रोशन, अंकुर और अंकिता सहिगड़ा स्थित विद्यालय में कक्षा आठ में पढ़ते हैं। विद्यालय से घर जाते समय दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गये थे। उपचार के बाद जहां छात्र छात्रा घर चले आये वहीं एक छात्र के जबड़े का आपरेशन हायर सेंटर में करना पड़ा। छात्रों के घर की माली हालत को देखते हुए अनुदेशक सोनू यादव ने पूर्वांचल जनकल्याण समिति के तहत सोशल मीडिया पर मदद की गुहार लगाई। मदद राशि इकट्ठा कर विद्यालय के शिक्षकों के साथ मंगलवार को छात्रों के स्वजनों को सौंपी। सोनू यादव ने कहा कि ऐसी स्थितियों में सभी को आगे आना चाहिए।

### जीडी ग्लोबल की उपलब्धियो में लगा चार चांद



**आजमगढ़।** करतालपुर स्थित जीडी ग्लोबल में 12वीं के छात्र आर्यन मिश्रा ने आईआईटी मेंस की परीक्षा में 99.79 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जनपद में सर्वोत्कृष्ट स्थान अर्जित किया जिससे पूरा जनपद गौरवान्वित है। विद्यालय के छात्र आर्यन, अभिनव, और आदित्य ने आईआईटी-मेंस परीक्षा में क्रमशः 99.79, 95.91, 91.07 प्रतिशत अंक पाकर विद्यालय की उपलब्धियों में चार चांद लगाया। विद्यालय की प्रार्थना सभा में प्रधानाचार्या मोनिका सारस्वत पाण्डेय ने इन बच्चों को पुरस्कृत किया। उन्होंने बताया कि एनटीए, आल इंडिया लेवल पर आईआईटी मेंस की परीक्षा प्रत्येक वर्ष आयोजित कराती है, जिसमें लाखों बच्चे प्रतिवर्ष परीक्षा देते हैं। इस वर्ष यह परीक्षा जनवरी माह में हुई थी जिसमें विद्यालय के छात्र आर्यन मिश्रा 99.79 प्रतिशत लाकर जनपद में सर्वोत्कृष्ट स्थान प्राप्त किया। आर्यन ने अपनी इस उपलब्धि का श्रेय विद्यालय के सभी शिक्षकों को देते हुए बताया कि हमने अपनी इस परीक्षा में किसी भी कोचिंग का सहारा नहीं लिया। प्रबंधक गौरव अग्रवाल, निदेशिका स्वाति अग्रवाल ने आर्यन मिश्रा को बधाई देते हुए विद्यालय के सभी शिक्षको को श्रेय दिया।

### चौकी इंचार्ज गोसाई बाजार लाइन हाजिर

**लालगंज (आजमगढ़)।** गंभीरपुर थाना क्षेत्र के गोसाई की बाजार चौकी इंचार्ज के खिलाफ मई खरगपुर गांव की महिलाओं द्वारा दुर्व्यवहार की शिकायत पर पुलिस चैकी के सामने रोड को जाम कर दिये जाने की खबर पाकर एसपी सिटी मौके पर पहुंच गए और उन्होंने चौकी इंचार्ज को लाइन हाजिर कर दिये जाने के साथ मामले की इंक्वायरी आर्डर दी। एसपी सिटी ने बताया कि जांच के बाद अग्रिम कार्रवाई की जाएगी। मई खरगपुर गांव में दो पक्षों में किसी बात को लेकर मारपीट हुई थी। इसकी शिकायत लेकर पुलिस चौकी गोसाई बाजार तहरीर देने के प्रयास पर एक पक्ष की महिला के अनुसार पुलिस चौकी प्रभारी गोसाई बाजार सुनवाई के बजाय महिला को मारने पीटने लगे जिससे महिला व उसके परिजन आक्रोशित हो गए और पुलिस चौकी के सामने जाम लगा दिया। सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष गंभीरपुर मय फोर्स मौके पर पहुंच कर ग्रामीणों को समझाने का प्रयास करना शुरू किए। ग्रामीणों के न मानने पर कई थाना की फोर्स और एसपी, सीओ सदर और सीओ लालगंज मौके पर पहुंच गए। एसपी सिटी ने तत्काल प्रभाव से चौकी प्रभारी गोसाई की बाजार को लाइन हाजिर कर दिया तथा इंक्वायरी आर्डर कर दी। जिसके बाद ग्रामीणों ने चक्का जाम समाप्त किया। गोसाई की बाजार चौकी इंचार्ज राकेश कुमार तिवारी को कप्तान ने तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया।

### एमएम इंग्लिश पब्लिक स्कूल में प्लेग्रुप का हुआ उद्घाटन



**लालगंज (आजमगढ़)।** तहसील क्षेत्र के बनारपुर-सलेमपुर में एमएम इंग्लिश पब्लिक स्कूल में प्ले ग्रुप का स्कूल प्रबंधक फैजान अहमद ने फीता काटकर उद्घाटन किया। प्रिंसिपल राजेश सिंह ने कहा कि इसके माध्यम से प्रयास किया जा रहा है कि खेल खेल में बच्चे पढ़ें तथा स्कूल में उनका मन लगे। उन्होंने कहा कि इसका उद्देश्य यह है कि बच्चे घर से स्कूल आने के लिए प्रेरित हों तथा यहां आने के बाद भी वह बोरियत का अनुभव न करते हुए खेल खेल में शिक्षा अर्जित करें। उन्होंने कहा कि खेल से जहां शारीरिक और मानसिक विकास होता है वहीं छोटे बच्चों को खेल अपनी और आकर्षित करते हैं। यही वजह है कि केवल पढ़ाई से वह ऊब कर घर बैठने की जिद न करें और स्कूल में ऐसा माहौल पैदा किया जाय कि बच्चे स्कूल आने के लिए लालायित हों और उनका स्कूल में आने पर भी मन लगे। चेयरमैन अबुल लैस खान ने वर्चुअल माध्यम से स्कूल के इस नव प्रयोग के लिए उप प्रबंधक फैजान अहमद, प्रिंसिपल राजेश सिंह, कमेटी के सदस्य शमीम अहमद उर्फ सम्मू, उप प्रधानाचार्य मिर्जा आसिफ बेग, कोऑर्डिनेटर सुनील कुमार, विज्ञान विभाग के हेड ऑफ डिपार्टमेंट अबू बकर, शैलेंद्र कुमार सिंह, योगेंद्र नाथ यादव, चंदन प्रजापति, सतवंत कुमार रावत, हाफिज मोहम्मद कासिम, शकीला अंसारी, अनीता सिंह, गुलशमन आरिफ, जेबा फिरदौस, शीजा बानो, अनीता सरोज, हिना साहनी, प्रीति मौर्य अरफा खान आदि की मौजूदगी पर धन्यवाद ज्ञापित करते हुए आभार व्यक्त किया।

# अब महंगा हुआ यूपी रोडवेज की बसों का सफर

जनसंदेश न्यूज

**जेब ढीली**

**योगी सरकार ने किराया बढ़ाकर दिया आम आदमी को झटका**

**अतरौलिया (आजमगढ़)।** अब बस से सफर करने वाली आम जनता को बड़ा झटका लगा है और उन्हें सफर के लिए ज्यादा पैसे चुकाने होंगे। सरकार का यह फैसला देर रात से प्रभावी हो गया। अभी तक रोडवेज बसों का किराया 1.05 रुपये प्रति किमी था, लेकिन सोमवार से नया किराया 1.30 रुपये प्रति किमी हो गया है।

साधारण बस किराए के साथ ही एसी बस से सफर करने वालों को भी काफी झटका लगा है। साधारण बस सेवा के किराया बढ़ोतरी के साथ ही निगम की वातानुकूलित बसों के किराये में भी बढ़ोतरी हुई है। क्षेत्र के लोगों का मानना है कि किराया बढ़ने से अब आम लोगों पर इसका सीधा असर पड़ेगा। जहां कम किराए में लोग जनपद तक सफर करते थे उसके लिए अब ज्यादा पैसे देने होंगे। स्थानीय लोगों का मानना है कि इसका सीधा असर गरीबों पर पड़ेगा, क्योंकि रोडवेज बसों में अक्सर गरीब लोग ही सफर करते हैं। बड़े लोग तो अपने स्वयं के वाहन से सफर करते है, ऐसे में सरकार ने गरीबों को एक और बड़ा झटका दिया है। कुछ लोगों ने बताया कि किसी तरह मेहनत मजदूरी कर लोग अपने स्थान तक जाने के लिए रोडवेज बसों का सहारा लेते हैं ऐसे में अब उनकी जेब ढीली होगी।

वहीं स्थानीय लोगों का कहना है कि रोडवेज पर बसों का ठहराव कम होता है जिसकी वजह से लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। वहीं राष्ट्रीय राजमार्ग होते हुए रोडवेज पर आने वाली बसें एनएच 233 बाईपास मार्ग से निकल जाती है, जो रोडवेज पर नहीं रुकती। ऐसे में लोगों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है।

### ऑनलाइन ट्रेनिंग के दौरान युवक को हुआ ब्रेन हेमरेज, इलाज के दौरान मौत

**मेंहनगर (आजमगढ़)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के करेहनुवां गांव निवासी 24 वर्षीय युवक अंकित राम पुत्र सुरेन्द्र की मंगलवार सुबह निजी अस्पताल में ईलाज के दौरान मौत हो गयी। मौत की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। अंकित राम उम्र 24 वर्ष बायोटेक्नोलॉजी में स्नातक के बाद क्षेत्र के निजी महाविद्यालय से बीएड डिग्री हासिल करने के बाद नामांकन करा पठन पाठन कर रहा था। इसी बीच नौकरी के लिए आनलाईन आवेदन करने के दौरान अभी पिछले माह ही अंकित की दिल्ली स्थित इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट में तकनीकी सहायक के पद पर चयन हुआ था और गांव पर रहकर अंकित जिसके लिए छः माह की ट्रेनिंग आनलाईन कर रहा था। सोमवार की शाम आनलाईन ट्रेनिंग समाप्त करने के बाद दोस्तों के साथ घर पर बैठा था। इसी दौरान अंकित दोस्तों से सर में दर्द होने की बात कही, इसी समय उसको उल्टी होने लगी, परिजनों ने आनन फानन में अंकित को आजमगढ़ स्थित निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जंहा इलाज के दौरान मंगलवार सुबह अंकित की मौत हो गई। मौत की सूचना पर मां सुनीता, छोटा भाई अंकुश, दादा राजमणि बेहाल हो गए और शव गांव पंहुचते ही गांव में सियापा छा गया, गांव के लोग पिता सुरेन्द्र, माता सुनिता, छोटे भाई अंकुश की चित्कार सुन रो पड़े।

# अडानी के खिलाफ आम आदमी पार्टी ने किया प्रदर्शन

**रोष**

**जिला प्रशासन को सौंपा राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन**

जनसंदेश न्यूज

**आजमगढ़।** आम आदमी पार्टी द्वारा पूर्वांचल प्रांत के प्रदेश अध्यक्ष राजेश यादव के नेतृत्व में अडानी की कंपनी द्वारा किए गए घोटाले की जांच जेपीसी से और सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में कराने एवं गौतम अडानी का पासपोर्ट जब्त कराने आदि के संदर्भ में जबरदस्त विरोध प्रदर्शन करते हुए राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन जिला प्रशासन को सौंपा।

आज के कार्यक्रम में जनपद बलिया के प्रभारी अंकित कुमार व जिलाध्यक्ष सुशांत राज भारत जनपद मऊ के प्रभारी प्रवीण यादव व जिलाध्यक्ष विक्रम जीत सिंह देवरिया के प्रभारी अमरेंद्र सिंह कोषाध्यक्ष संतोष सिंह महासचिव राजन सिंह आजमगढ़ जिलाध्यक्ष रविंद्र यादव सहित भारी संख्या में कार्यकताओं ने अडानी से यारी देश से गद्दारी का नारा लगाते हुए कलेक्ट्रेट चैराहे पर एक सभा की। पूर्वांचल प्रांत के प्रदेश अध्यक्ष राजेश यादव ने कहा कि अडानी दुनिया के दो नंबर के अमीर बनने के बाद भी भारत के टॉप 15 टेक्स पेयर की सूची में नहीं हैं, इससे स्पष्ट है कि गोलमाल बड़े स्तर पर हुआ है।

मोदी सरकार के इसारे पर एलआईसी से 74000 करोड रूपए अदानी को दिलवा दिया गया। एसबीआई से 35 हजार करोड़ ऊपर कर्जा दे दिया गया। अदानी को इतना कर्ज देकर देश के गरीबों का पैसा सरकार ने डुबा दिया और अडानी के खिलाफ न सीबीआई कुछ कर रही है न ईडी न इनकम टैक्स न सेबी कुछ कर रही है। इस अवसर पर संतोष सिंह, रविंद्र यादव, सुशांत राज, भारत विक्रमजीत सिंह, राजन सिंह, अवनीश सिंह, अनीता मौर्या, ऋषिकेश पांडे, हाजी अब्दुल रहमान, जितेंद्र चैहान, एसके सहाय, राम दरश यादव, अमरनाथ यादव, संदीप सिंह, राजेश सिंह, अभिषेक सिंह आदि मौजूद रहे।


कलेक्ट्रेट के सामने प्रदर्शन करते आप कार्यकर्ता।

# एसपी ने मातहतों संग की अपराध गोष्ठी

जनसंदेश न्यूज

**आजमगढ़।** पुलिस लाइन सभागार में पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य द्वारा अपराध गोष्ठी आयोजित कर जनपद में सुदृढ़ कानून व्यवस्था व अपराधियों पर प्रभावी अंकुश लगाए जाने हेतु कृत कार्यवाहियों की समीक्षा की गयी। गोष्ठी में अपर पुलिस अधीक्षक नगर शैलेंद्र लाल, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण राहुल रूसिया व समस्त क्षेत्राधिकारी, प्रभारी निरीक्षक, थानाध्यक्ष उपस्थित रहे।

गोष्ठी को संबोधित करते हुए पुलिस अधीक्षक श्री आर्य ने बताया कि विगत 3 वर्षों के अपराध व निरोधात्मक कार्यवाही की समीक्षा की गई। थानों पर जनसुनवाई को सम्यक बनाये जाने व जनता की समस्याओं के त्वरित निस्तारण हेतु निर्देशित किया गया। थाना स्तर पर चिन्हित टॉप-10 सक्रिय अपराधियों के विरूद्ध कार्यवाही की समीक्षा की गयी। विगत माह के लम्बित विवेचनाओं से संबंधित समीक्षा कर निस्तारित करने हेतु निर्देशित किया गया है। जनवरी माह में निरोधात्मक कार्यवाही न करने व चोरी की घटनाओं का खुलासा न होने पर प्रारम्भिक जांच के आदेश दिए गए हैं।

उन्होंने बताया कि पूर्व थाना प्रभारी सिधारी द्वारा जनवरी माह में निरोधात्मक कार्यवाही न करने, गुंडा एक्ट, गैंगेस्टर एक्ट में कार्यवाही न करने पर प्रारम्भिक जांच के आदेश दिए गए है। जांचोपरांत दोषी पाये जाने पर विभागीय कार्यवाही की जाएगी। सराहनीय कार्य करने वाले पुलिस कर्मियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया।


गोष्ठी को संबोधित करते पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य।

### गोष्ठी में दिये गये निर्देश

**आजमगढ़।** अपराध गोष्ठी में पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य ने पशु चोर, नकबजन, वाहन चोर के खिलाफ सत्यापन अभियान चलाये जाने का निर्देश दिया। उन्होंने अवैध शराब के निष्कर्षण, परिवहन, बिक्री के खिलाफ कार्यवाही करने, कुख्यात अपराधियों द्वारा अवैध रूप से अर्जित की सम्पत्ति को चिन्हित करने, अपराधिक प्रवृत्ति वाले व्यक्तियों के खिलाफ गुण्डा, गैंगस्टर व हिस्ट्रीशीट की कार्यवाही करने, व्यापारिक प्रतिष्ठान की सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में व्यापारियों के साथ गोष्ठी करने, संवेदनशील स्थानों पर भी सीसीटीवी कैमरा लगवाने, गोवध, तस्करी, बिक्री पर प्रभावी अंकुश लगाने, लम्बित विवेचनाओं का निस्तारण प्रथमिकता के आधार पर करने आदि का निर्देश दिया।

# भण्डारे में श्रद्धालुओं ने ग्रहण किया प्रसाद

जनसंदेश न्यूज

**पटवध (आजमगढ़)।** विकास खंड बिलरियागंज अंतर्गत मानपुर गांव में मां कालिका मंदिर परिसर में भजन कीर्तन के बाद भव्य भंडारे का आयोजन किया गया। मुख्य आयोजक जयदेव राय रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ सुंदरकांड से किया गया और कुछ भजन गीत के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ। तत्पश्चात भण्डारे का आयोजन किया गया।

ऐसी मान्यता है कि मंदिर प्रांगण में हर साल फरवरी माह में बसंत पंचमी के दिन से ही इस तरह के कार्यक्रम की शुरूआत होती है क्योंकि फागुन का महीना बस शुरू होने वाला है। इसलिए चइता, फगुआ गीत का शुभारंभ होता है और अब होली तक यह कार्यक्रम निरंतर चलता रहेगा। मंदिर के मुख्य व्यवस्थापक हरीशचंद्र पांडेय का भजनभाव में विशेष योगदान रहता है। कार्यक्रम में भजन गायक कलाकार सुभाष पांडेय, संजय राय, बिट्टू राय, अभिषेक राय, कौशल राय, नरेंद्र राय, वीरेंद्र राय मौजूद रहे।

# अधिवक्ताओं ने फूंका योगी आदित्यनाथ का पुतला

**लालगंज (आजमगढ़)।** बार कौंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश के आह्वाहन पर मंगलवार को अधिवक्ताओं ने 6 सूत्रीय मांग पत्र के समर्थन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का पुतला फूंका और एसडीएम सुरेन्द्र नारायण त्रिपाठी को पत्रक दिया। सूचना मिलने पर क्षेत्राधिकारी, प्रभारी निरीक्षक देवगांव, चैकी प्रभारी मौके पर पहुंचे तब तक अधिवक्ता पुतला फूंक चुके थे।

तहसील बार एशोसिएशन के अध्यक्ष विजय प्रकाश पाण्डेय व दी बार एशोसिएशन के अध्यक्ष राजनाथ यादव के नेतृत्व में अधिवक्ताओं ने मुख्यमंत्री के नाम सम्बोधित मांग पत्र एसडीएम को दे कर प्रदेश के अधिवक्ताओं के लिए 5 लाख तक का मुफ्त चिकित्सा बीमा कराने तथा आयुष्मान योजना से जोड़ने, उत्तर प्रदेश अधिवक्ता कल्याण निधि न्यासी समिति लखनऊ में मृतक अधिवक्ताओं के लम्बित दावों का यथाशीघ्र भुगतान करने, जिलों में अधिवक्ताओं के चैम्बर का निर्माण कराने, अधिवक्ता व पत्रकार की मृत्यु पर एक समान धनराशि देने, 60 वर्ष से अधिक आयु के लगभग 40 हजार अधिवक्ताओं के लिए पेंशन योजना लागू करने तथा एडवोकेट्स प्रोटेक्शन एक्ट लागू करने की मांग किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ का पुतला ले कर चक्रमण करके नारेबाजी करते हुए पुतला फूंका। इस अवसर पर विंध्यवासिनी राय, धर्मेश पाठक, अमर नाथ यादव, रामसेवक यादव, हामिद अली, चन्द्रमोहन यादव, हरी यादव, लल्ले मिश्रा, अनुज तिवारी, सुन्दर चैहान, जितेंद्र सिंह, राम विजय सिंह, पंकज सोनकर आदि अधिवक्ता उपस्थित थे।


मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का पुतला फूंकते अधिवक्ता।

# विद्यार्थी परिषद जीवन जीने की कला : दानिश आजाद


दीप प्रज्ज्वलित करते मुख्य अतिथि दानिश आजाद व कुलपति प्रोफेसर प्रदीप कुमार शर्मा।


मुख्य अतिथि का स्वागत करते सर्वोदय कालेज के प्रबंधक राजेन्द्र प्रसाद यादव।

जनसंदेश न्यूज

**आजमगढ़।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, गोरक्ष प्रान्त द्वारा आयोजित जिला छात्र सम्मेलन रूपी छात्र महाकुंभ का आयोजन सर्वोदय महिला महाविद्यालय में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश सरकार में अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री दानिश आजाद अंसारी, विशिष्ट अतिथि आजमगढ़ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर प्रदीप कुमार शर्मा उपस्थित थे।

कार्यकम का प्रस्ताव रखते हुए प्रांत उपाध्यक्ष प्रोफेसर प्रशांत राय ने कहा कि विद्यार्थी परिषद जीवन जीने की कला सिखाती हैं। इसके बाद मुख्य वक्ता सौरभ गौड़ ने अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के द्वारा पूरे भारतवर्ष में सम्पादित कार्यों एवं योगदानों से सभी लोगों को अवगत कराया। आजमगढ़ विश्विद्यालय के कुलपति प्रोफेसर प्रदीप कुमार शर्मा जी ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए हमेशा सहयोग का आश्वासन दिया।

इसके साथ ही इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दानिश आजाद अंसारी ने छात्र जीवन में विद्यार्थी परिषद से वर्तमान में उत्तर प्रदेश सरकार में मंत्री तक के मंजिल तक पहुंचने में विद्यार्थी परिषद के योगदान को रेखांकित किया, इसके बाद स्वागत मंत्री राजेंद्र यादव ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगो का धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया। मुख्य वक्ता के रूप में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के प्रांत मंत्री सौरभ गौड़, स्वागत अध्यक्ष डा. शहादुज जफर अली, स्वागत मंत्री राजेंद्र यादव, प्रांत उपाध्यक्ष प्रोफेसर प्रशांत राय, जिला प्रमुख जगदम्बा सिंह, जिला संयोजक गौरव शर्मा सभागार में मंच पर उपस्थित थे।

इस कार्यक्रम की शोभा जनपद के विभिन्न स्कूलों एवं कॉलेजों से आये हुए हजारों प्यारे बच्चे थे। कार्यकम के अगली कड़ी में शोभायात्रा निकाली गयी जो जिले के प्रमुख स्थानों से होकर बेस्ली इंटर कालेज में तैयार खुले मंच अधिवेशन तक पहुँची, जिसमे जनपद के कई छात्रों द्वारा विभिन्न मुद्दों पर भाषण एवं विचार रखे गये, इसके साथ ही इस जिला प्रमुख द्वारा इस कार्यक्रम की समाप्ति की घोषणा की गयी।

कार्यक्रम में विभाग संगठन मंत्री शिवम पांडेय, उत्कर्ष, गोलू, हिमांशु, पवन, राज, प्रियांशु, पंकज सिंह, अब्दुल अजीज, सुनील कुमार, समेत अन्य विद्यार्थी परिषद के वर्तमान एवं पूर्व कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### स्काउट विपरीत परिस्थितियों में जीवन जीने की कला

**आजमगढ़।** आजमगढ़ पब्लिक स्कूल में 7 फरवरी से 9 फरवरी तक तीन दिवसीय प्रवेश कोर्स का आयोजन लीडर ऑफ द कोर्स अवधेश यादव जिला संगठन कमिश्नर (स्काउट) के नेतृत्व में प्रारंभ हुआ। कबिंग का नेतृत्व लीडर ऑफ द कोर्स अनीता साईलेस कर रही हैं। सहायक स्टाफ में मोहम्मद सादिक कोर्स को संचालित करने में अपना सहयोग प्रदान कर रहे हैं। कोर्स का शुभारंभ ध्वज शिष्टाचार से हुआ जिसमें मुख्य अतिथि कालेज के प्रबंधक सीए मोहम्मद नोमान तथा विशिष्ट अतिथि जनपद संयोजक रोवर्स रेंजर्स डॉ.शफीउज्जमा रहे। अध्यक्षता कालेज की प्रधानाचार्या हुमा वसीम ने की। कॉलेज की संयोजिका ऋचा मिश्रा भी उपस्थित रहीं। कॉलेज के प्रबंधक ने स्काउटरों को संबोधित करते हुए कहा कि स्काउट विपरीत परिस्थितियों में जीवन जीने की कला है। और यह विद्यालय जिला के सी.बी.एस.सी बोर्ड का प्रथम विद्यालय है जो पूरी तैयारी के साथ उत्तर प्रदेश भारत स्काउट और गाइड के नेतृत्व में इस कोर्स को संपन्न करा रहा है। प्रधानाचार्या ने बताया कि आज का दिन कॉलेज की शिक्षणेत्तर गतिविधियों को पंख लगाने में मील का पत्थर साबित होगा। अंत में डॉ.शफीउज्जमा ने छात्रों का एक परिचयात्मक सत्र लेते हुए स्काउटिंग के उद्देश्य, नियम, प्रतिज्ञा पर विस्तार से चर्चा की और आगे के प्रशिक्षण से अवगत कराया।

# काठमांडू के पहलवान लक्की थापा के नाम रही पहली कुश्ती

**आयोजन**

**अखाड़े में पहलवानों ने दिखाया दमखम**

**माहुल (आजमगढ़)।** स्थानीय नगर पंचायत में मंगलवार को दो दिवसीय दंगल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। दंगल प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने के लिए हरियाणा, राजस्थान, जम्मू कश्मीर, बनारस, मऊ, आजमगढ़, अन्य प्रांतों से लगभग 50 से ज्यादा पहलवान प्रतियोगिता में शामिल हुए थे। महिला पहलवानों ने भी दंगल में दम दिखाया।

कुश्ती का शुभारंभ ब्लॉक प्रमुख शकील अहमद, भाजपा नेता सुजीत जायसवाल आशु, भाजपा जिला मंत्री दिलीप सिंह बघेल, आयोजक बैरिस्टर कुरैशी, माहुल चैकी इंचार्ज लालबहादुर बिंद द्वारा पहलवानों से परिचय प्राप्त करने के बाद फीता काटकर किया गया। पहली कुश्ती 12 मिनट की नेपाल के काठमांडू के पहलवान लक्की थापा और राजस्थान के पहलवान के बीच शुरू हुई। यह कुश्ती काफी सनसनीखेज रही और कई बार पुलिस प्रशासन और आयोजकों को बीच-बचाव करना करना पड़ा। प्रतियोगिता की यह पहली कुश्ती इतनी रोमांचक होगी किसी कोई अंदाजा नहीं था कुश्ती देख सब के रोंगटे खड़े हो गए। दोनों पहलवानों का अंदाज देख लोगों सिहर उठे। कई बार लोगों में भगदड़ भी मच गई। राजस्थान का पहलवान खेल नियम के विपरीत व्यक्तिगत रूप से हमलावर हो गया। दंगल प्रतियोगिता के आयोजकों ने खेल भावना और खेल नियम के विपरीत बताते हुए बीच बचाव करना पडा तब जाकर कहीं मामला कुछ ठंडा पड़ा। अंत में छोटे कद का नेपाल का पहलवान लकी थापा ने राजस्थान के भारी-भरकम पहलवान को पटकनी दे दी। दूसरी कुश्ती पर ब्लॉक प्रमुख शकील अहमद द्वारा 11 हजार का इनाम रखा गया था। दूसरी कुश्ती जम्मू कश्मीर के पहलवान शमीम और राजस्थान के पहलवान शैतान सिंह के बीच हुई। जिसमें जम्मू कश्मीर के पहलवान शमीम ने अपनी जीत दर्ज कराई। वही प्रतियोगिता में शामिल होने आई हरियाणा की महिला पहलवान हिमांशु कुमारी व मऊ की शिवांगी दोनों के बीच जबरदस्त रोमांचक कुश्ती हुई जिसमें मऊ की शिवांगी पहलवान ने हरियाणा पहलवान हिमांशु को पटकनी दी। बुधवार को फाइनल जीत के बाद पहलवानों को प्रशस्ति पत्र और पुरस्कार दिया जाएगा।


अखाड़े में दांव आजमाते पहलवान।

## संक्षेप

### विदेशी पर्यटकों को खूब भा रहा है विंध्यवासिनी नगरी में बन रहा कॉरिडोर



**मीरजापुर।** मंगलवार को अमेरिका से आए 4 सदस्यों की मंडली में शेल, कोर्टनी, जिम व प्रवासी भारतीय महिला उषा जो करीब हिंदुस्तान 40 वर्षों बाद आई थी। इन सबने काशी विश्वनाथ दर्शन कर विंध्यवासिनी कॉरिडोर देखने मीरजापुर पहुँचे। अमेरिकी निवासी ने जिम ने कहा कि पर्यटक यहां का रुख कर रहे हैं जिसका श्रेय हिंदुस्तान के प्रधानमंत्री को दी जाए। भारतीय संस्कृति के प्रति जानकारी रखने वाले विदेशी पर्यटकों की संख्या भी बढ़ना तय है। हिंदुस्तान के पर्यटन के लिए राहत की बात होगी, इसीलिए पर्यटन स्थलों पर पर्यटकों की सुविधाओं का पूरा ध्यान रखा जाना बहुत जरूरी है। पूरी मंडली को सुरक्षा के साथ दर्शन करवाने के लिए क्षेत्राधिकारी नगर परमानन्द कुशवाहा मौजूद रहे। मण्डली के सदस्यों का नेतृत्व कर रहे दार्शनिक व सांस्कृतिक प्रचारक पंडित दिवाकर मिश्र ने कहा कि पर्यटन विकास से स्थानीय निवासियों को भी रोजगार मिलेगा। पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र भी विंध्यवासिनी कॉरिडोर व काशी विश्वनाथ कॉरिडोर के तर्ज कमाई बढ़ेगी। इसके लिए ऑफ लाइन व ऑनलाइन साइट्स की योजना व कार्यपालक अधिकारी की नियुक्ति हो जाने से पर्यटक व पर्यटन दोनों को बल विश्वास मिलेगा।

### अधिवक्ताओं का कराया जाय पांच लाख का बीमा : सचिव



**लालगंज।** उपरौध अधिवक्ता समिति के सचिव हृदय शंकर चतुर्वेदी एडवोकेट के अध्यक्षता में अधिवक्ता सभागार में एक आवश्यक बैठक संपन्न हुई। बैठक में अधिवक्ताओं की समस्याओं को लेकर प्रस्ताव पारित किया गया बैठक की कॉपी ज्वाइंट मजिस्ट्रेट आईएएस /उप जिलाधिकारी नवनीत सेहरा को सौंपा गया। ज्वाइंट मजिस्ट्रेट आईएएस उप जिलाधिकारी नवनीत चेहरा को पत्रक देते हुए बताया गया कि प्रदेश के अधिवक्ताओं के लिए पांच लाख तक मुक्त चिकित्सा बीमा कराया जाय व आयुष्मान योजना से जोड़ा जाय। लखनऊ में मृतक अधिवक्ताओं के लंबितदाओं का निस्तारण एवं भुगतान किया जाए तथा अधिवक्ताओं का चेंबर निर्माण कराया जावे। अधिवक्ताओं पत्रकार की मृत्यु पर एक सम्मान राशि दिए जाने व 60 वर्ष से अधिक आयु के लगभग चालीस हजार अधिवक्ताओं के लिए पेंशन योजना के तहत जोड़ा जाए। एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट लागू किया जाए। अधिवक्ता कल्याण निधि लखनऊ में मृतक अधिवक्ताओं के लंबित दाओं का यथाशीघ्र भुगतान कराया जाए। पत्रक लेते हुए ज्वाइंट मजिस्ट्रेट आईएएस नवनीत सेहरा ने आगे भेजने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर विपिन तिवारी, गोविंद वर्मा, मनीष शुक्ला, प्रभाकर दुबे, रामेश्वर मिश्रा , आदि दर्जनों अधिवक्ता उपस्थित रहे।

### उपचार के दौरान अधेड़ की मौत

**चील्ह।** सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति की उपचार के दौरान मौत हो गई। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के विष्णु पट्टी गांव निवासी अमृतलाल मोदनवाल 55 वर्ष बीते 22 जनवरी को बाइक से अपने किसी रिश्तेदारी जा रहे थे कि चील्ह गोपीगंज मार्ग पर जैसे ही तिलठी गांव के पास पहुंचे थे कि सामने से आ रही छुट्टा पशु गाय से टकराकर गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की जानकारी पर मौके पर पहुंचे परिजन घायल अमृतलाल को उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देख डॉक्टरों ने स्वरूप रानी प्रयागराज के लिए रेफर कर दिया था जहां उपचार के दौरान 15 दिन बाद सोमवार की शाम उनकी मौत हो गई मौत की सूचना पर परिजनों में कोहराम मच गया।

### ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत

**जिगना।** स्थानीय थाना क्षेत्र के सुमतिया गांव के सामने बीती रात ट्रेन से कटकर युवक की मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। युवक की पहचान प्रयागराज जिले के मांडा थाना क्षेत्र के बादपुर गांव निवासी हरिगोविंद सिंह 27 पुत्र स्व धनंजय सिंह के रूप में हुई। मृतक के चाचा संजय सिंह ने बताया कि सोमवार की शाम से ही वह गायब हो थे। सुबह रेलवे लाइन पर शव मिला। घर से पांच किलोमीटर पूरब रेलवे लाइन पर युवक कैसे पहुंच गया इसे लेकर तरह-तरह की चचाएं होती रही। वहीं पड़ोसियों ने बताया कि उसने क्यों और किन परिस्थितियों में मौत को गले लगा लिया कह पाना मुश्किल है। मृतक दो भाइयों में छोटा था। उसके माता-पिता की सात साल पहले ही मौत हो गई थी। थाना प्रभारी अरविंद पांडेय ने बताया कि पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया।

### छेड़खानी व धमकी देने का आरोपी गिरफ्तार

**मीरजापुर।** थाना लालगंज क्षेत्रान्तर्गत निवासी एक व्यक्ति द्वारा नामजद आरोपी के विरुद्ध अपनी पुत्री के साथ छेड़खानी करने व धमकी देने के सम्बन्ध में लिखित तहरीर दी गई। जिसके आधार पर थाना लालगंज पर धारा 354(क), 506 भा.द.वि. व 7/8 पाक्सो एक्ट पंजीकृत कर विवेचना प्रारम्भ की गई। पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्रा द्वारा नाबालिग के साथ हुई उक्त घटना को गंभीरता पूर्वक लेते हुए आरोपी की यथाशीघ्र गिरफ्तारी करते हुए अग्रिम विधिक कार्यवाही करने हेतु थाना प्रभारी लालगंज को निर्देश दिया था। उक्त निर्देश के अनुक्रम में मंगलवार को उ0नि0 शिवजी सिंह मय पुलिस बल द्वारा प्राप्त मुखबिर की सूचना के आधार पर थाना क्षेत्र से आरोपी साहरुख पुत्र महमुद आलम निवासी जशवर पहाड़ी थाना कोतवाली देहात मीरजापुर को गिरफ्तार कर नियमानुसार कार्यवाही करते हुए जेल भेजा गया।

### संदिग्ध परिस्थिति में वृद्ध की मौत

**जमालपुर।** स्थानीय थाना क्षेत्र के भदावल गांव में मंगलवार की सुबह संदिग्ध हालात में एक बुजुर्ग की मौत हो गई। बताया जाता है कि बनारसी 62 वर्ष पुत्र शामू बियार निवासी भदावल की तबीयत मंगलवार को अचानक खराब हो गई जिसे परिजनों ने आनन फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जमालपुर ले आए जिसे चिकित्सकों ने देखते ही बुजुर्ग को मृत घोषित कर दिया। वहीं परिजनों ने वगैर पुलिस को सूचना दिए बिना मृतक को अपने साथ लेकर चले गए। मृतक मजदूरी करके परिजनों का भरण पोषण करता था। मृतक के पत्नी का मृत्यु पूर्व में हो चुकी है। मृतक के तीन पुत्र और एक पुत्री है जो शादी शुदा है। मृतक की अचानक मौत के बाद लोग तरह तरह की चर्चा कर रहे हैं। इस सम्बन्ध में थाना प्रभारी मनोज कुमार ने बताया कि बुजुर्ग के मौत के बारे में कोई सूचना नहीं है।

### फेरी वाले को बोलेरो सवार ने मारी टक्कर घायल

**मीरजापुर।** विंध्याचल थाना क्षेत्र के रोडवेज के पास तेज गति से एक बोलेरो आ रहा था और नियंत्रण खोकर कटरा कोतवाली थाना क्षेत्र के गणेशगंज मोहल्ले के मानिकचंद 35 वर्ष पुत्र स्वर्गीय प्रेमचंद निवासी प्रतिदिन विंध्याचल की सड़कों एवं गलियों में फेरी करके अपना जीवन यापन करता है को बोलेरो ड्राइवर ने धक्का मार दिया। युवक जमीन पर गिर जाने से गंभीर रूप से घायल हो गया। बोलेरो ड्राइवर तेज गति से भाग रहा था। भारतीय स्टेट बैंक में तैनात पुलिसकर्मी ने अपनी मोटरसाइकिल से पीछा किया। बंगाली चौराहे के पास बोलेरो से ड्राइवर को पकड़ लिए गए जिससे विंध्याचल पुलिस के हवाले किया गया। वही घायल युवक को आसपास के लोगों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र विंध्याचल भर्ती किया गया। हालत गंभीर होने पर मंडल चिकित्सालय रेफर कर दिया गया।

### मोहन भागवत के खिलाफ थाना में की गई शिकायत



**मीरजापुर।** आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत के ब्राह्मण समाज के खिलाफ दिये गये बयान से खफा श्रीविंध्य पंडा समाज के पूर्व अध्यक्ष एवं सामाजिक कार्यकर्ता राजन पाठक ने विंध्याचल थाने में आवश्यक कार्यवाही के लिए तहरीर दी है। उन्होंने कहा हैं कि धर्म और हिंदू समाज को तोड़ने के लिए दिये गये बयान से मान सम्मान और स्वाभिमान को गहरा आघात लगा है। कहा कि जब जाति व्यवस्था ही नहीं थी तो ब्राह्मण समाज पर आरोप लगाना सामाजिक विद्वेष फैलाना है। गलत बयानबाजी कर समाज को तोड़ने का काम किया गया है। इसकी जितनी निंदा की जाय वह कम ही हैं। राजन पाठक ने कहा कि समाज के निर्माण में हर वर्ग का अपना महत्व हैं। जाति व्यवस्था के लिए ब्राह्मण समाज को जिम्मेदार ठहराया जाना कही से भी शास्त्र सम्मत नहीं है। आरएसएस प्रमुख ने ओछी राजनीति से प्रेरित होकर समाज को तोड़ने का काम किया हैं। यह बयान धर्म के साथ ही हिंदू समाज पर किया गया कुठाराघात है। इससे ब्राह्मण समाज के साथ ही हम सबके मान, सम्मान पर गहरा आघात पहुंचा है।

# दुनिया में सबसे तेज गति से देश के विकास की राह दिखाने वाला है बजट

**बैठक**

### डिप्टी सीएम ने जिले का किया तूफानी दौरा

### पुरानी टैक्स व्यवस्था को खत्म कर नौकरीपेशा लोगों को दिया ऐतिहासिक तोहफा

**जनसंदेश न्यूज**

मीरजापुर। कटरा बाजीराव स्थित एक लान में भाजपा जिलाध्यक्ष बृजभूषण सिंह की अध्यक्षता में अमृत काल के प्रथम बजट 2023-24 पर संगोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश सरकार के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक रहे। भाजपा जिलाध्यक्ष आये हुए मुख्य अतिथि जी का अंगवस्त्र व स्मृति चिन्ह के साथ स्वागत किया तथा अपने स्वागत भाषण में आये हुए सभी जनप्रतिनिधि, पदाधिकारीगण एवं कार्यकर्ता व जनपद से आये हुए सभी प्रबुद्ध समुदाय के लोगों का हार्दिक स्वागत अभिनन्दन किया। तत्पश्चात उप मुख्यमंत्री अपने संबोधन में बजट पर चर्चा करते हुए बताया कि यह बजट अमृत काल का पहला आम बजट 2023-24 एक लोक-कल्याणकारी बजट है। यह गाँव, गरीबों, किसानों, आदिवासियों, दलितों, पिछड़ों, शोषितों, वंचितों, दिव्यांगजनों, आर्थिक रूप से पिछड़े तथा मध्यम वर्ग के लोगों को सशक्त और सक्षम बनाने वाला बजट है। यह ग्राम विकास, कृषि विकास, श्रमिक कल्याण, इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट, डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर, पूर्वोत्तर एवं पहाड़ी क्षेत्रों सहित पूरे देश के समग्र विकास को समर्पित बजट है। उन्होंने यह भी बताया कि यह प्रधानमंत्री के नेतृत्व में केंद्र की भारतीय जनता पार्टी सरकार द्वारा देश के नागरिकों को सामाजिक न्याय, समानता, सम्मान और समान अवसर उपलब्ध कराने वाला बजट है। देश का 75वां आम बजट ईज ऑफ लिविंग को बढ़ाने पर जोर देने वाला बजट है। यह दुनिया में सबसे तेज गति से देश को विकास की राह दिखाने वाला और भारत को बनाने वाला बजट है। प्रधानमंत्री ने इस बजट के माध्यम के माध्यम से पुरानी टैक्स व्यवस्था को खत्म करते हुए मध्य वर्ग के नौकरीपेशा लोगों को ऐतिहासिक तोहफा दिया है। अब नौकरी पेशा लोगों को 7 लाख रुपये सालाना की आय पर कोई टैक्स नहीं देना होगा। मोटे अनाज उगाने के मोर्चे पर भारत लगातार बेहतर प्रदर्शन कर रहा है। भारत श्री अन्न का सबसे बड़ा उत्पादक और दूसरा सबसे बड़ा निर्यातक देश है। भारत को श्री अन्न का ग्लोबल हब बनाने के लिए हम कटिबद्ध हैं। इस दिशा में हैदराबाद में इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ मिलेट रिसर्च स्थापित करना एक बहुत बड़ा कदम है। मोदी सरकार द्वारा पशुपालन, डेयरी और मत्स्य पालन पर ध्यान देने के साथ कृषि ऋण लक्ष्य को बढ़ाकर 20 लाख करोड़ रुपये किये जाने के निर्णय का हृदय से स्वागत करता हूँ। युवा उद्यमियों द्वारा कृषि-स्टार्टअप को प्रोत्साहित करने के लिए एक कृषि त्वरक कोष की स्थापना का निर्णय भी एक सराहनीय कदम है जो कृषि विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। अगले 3 साल तक 1 करोड़ किसानों को नेचुरल फार्मिंग में मदद की जाएगी। इसके लिए 10 हजार बायो इनपुट रिसोर्स सेंटर्स बनाए जाएंगे जो कि एक स्वागत योग्य कदम है। रेलवे के लिए 02 लाख 40 हजार करोड़ रुपये का बजट दिया गया है जो कांग्रेस की यूपीए सरकार के समय के 2013-14 के बजट से 9 गुना अधिक है। इन्वेस्टमेंट खर्च को 33 प्रतिशत बढ़ाकर 10 लाख करोड़ रुपये किया जा रहा है जो 2019-20 की तुलना में लगभग 33 प्रतिशत अधिक है। राज्यों को मिलने वाले इंटरेस्ट-फ्री लोन को भी एक साल के लिए आगे बढ़ा दिया गया है। साथ ही इसकी पूंजी को भी 1.30 लाख करोड़ रुपये बढ़ा दिया गया है। इस बजट में पीएम आवास योजना का बजट बढ़ कर 69 हजार करोड़ रुपये कर दिया गया है। पीएम आवास योजना में 66 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी दिखाती है कि नरेन्द्र मोदी सरकार गरीबों के लिए कितनी संवेदनशील है। इस प्रकाश उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने बताया कि कुल मिलाकर यह बजट आजादी के 100 साल बाद भारत की कल्पना का बजट है इस बजट में किसान, मध्यम वर्ग, महिला से लेकर समाज के सभी वर्ग के विकास की रूपरेखा है। भारतीय अर्थव्यवस्था सही रास्ते पर है और उज्ज्वल भविष्य की ओर बढ़ रहा है।



अधिकारियों से विकास परख योजनाओं की जानकारी लेते डिप्टी सीएम

### उप मुख्यमंत्री ने लिया विकास कार्यों का जायजा



विकास कार्यो की जांच करते डिप्टी सीएम

**राजगढ़।** सूबे के उपमुख्यमंत्री का काफिला विकास खंड राजगढ़ के धनसीरियां गांव में पहुंचा। इस दौरान गांव में शासन द्वारा संचालित योजनाओं का स्थलीय निरीक्षण किया। उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक पूर्वांचल दौरे पर निकले हैं। जहां उत्तर प्रदेश के अन्तिम छोर पर स्थित सोनभद्र जनपद में विभागीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक किया एवं शासन की मंशानुरूप कार्य करने की बात कही इसके बाद जनपद मुख्यालय पर रात्रि प्रवास करने के बाद प्रोटोकॉल के तहत मंगलवार को मीरजापुर के विकास खंड राजगढ़ अन्तर्गत धनसीरियां गांव में कम्पोजिट विद्यालय का निरीक्षण किया जिसमें बाल संसद भवन, शिक्षण कक्ष, भोजनालय कक्ष, तथा बागवानी में लगे फूल पत्ती का अवलोकन किया? और शिक्षा की गुणवत्ता परखने के लिए बच्चों के साथ बैठकर बातचीत की। इस दौरान उन्होंने बच्चों को शुद्ध पेयजल की व्यवस्था के लिए लगे वाटर प्लांट को देखा। धनसीरिया गांव में माडल स्कूल के बच्चों को फल आदि का अपने हाथों से वितरण किया। इसके बाद धनसरियां के गो आश्रय स्थल पर पहुंचे जहां पशुओं के रख रखाव एवं चारा पानी की व्यवस्था का जायजा लिया। जिसके बाद बस्ती में पहुंचे और सीधे लाभार्थियों से मिलकर सरकार की योजनाओं पर चर्चा की। उपमुख्यमंत्री के आगमन को लेकर जहां जिले के आलाधिकारियों में हड़कंप मचा रहा। वहीं मौके पर किसी तरह की गड़बड़ी नहीं मिलने पर राहत की सांस ली। धनसीरियां गांव के बाद ददरा सहकारी समिति पर धान खरीद एवं खाद आपूर्ति की व्यवस्था देखने पहुंचे जहां सब कुछ ठीक पाया गया। उपमुख्यमंत्री का दौरा सकुशल संपन्न होने से क्षेत्रीय अधिकारियों ने भी राहत की सांस ली।

### पूर्व नगर अध्यक्ष के घर पहुंचे डिप्टी सीएम जताई संवेदना

**मीरजापुर।** उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने भारतीय जनता पार्टी के पूर्व नगर अध्यक्ष बिंदा प्रसाद विश्वकर्मा की पुत्री व भाजपा पिछड़ा वर्ग के जिलाध्यक्ष राम कुमार विश्वकर्मा की बहन विगत दिनों हृदयाघात के कारण आकस्मिक निधन पर बथुआ स्थित उनके आवास पर पहुंच कर परिवार वालों से मिलकर गहरा शोक व्यक्त कर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित किया। उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने कहा कि बहन राधा विश्वकर्मा छात्र जीवन से राष्टीय स्वंसेवक संघ व विद्यार्थी परिषद से जुड़ महिलाओं को आत्म निर्भर एवम स्वाभिमानी बनाने के मिशन में जुटी रही। शोक संवेदना व्यक्त करने वालो में प्रमुख रूप से भाजपा जिलाध्यक्ष बृजभूषण सिंह, पूर्व मंत्री व मड़िहान विधायक रमा शंकर सिंह पटेल, नगर विधायक रत्नाकर मिश्र, विधान परिषद सदस्य विनीत सिंह, हेमंत त्रिपाठी, नितिन विश्वकर्मा, सियाराम बिंद, कमलेश यादव, विद्या मौर्य, संपूर्णानंद निषाद, योगेंद्र यादव आदि लोग उपस्थित थे।

### बार्डर पर आते ही डिप्टी सीएम का कार्यकर्ताओं ने किया भव्य स्वागत



वृद्ध महिला की समस्या सुनते डिप्टी सीएम

**मड़िहान।** मीरजापुर दौरे पर मंगलवार को उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक पहुँचे जहां भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा भव्य स्वागत किया गया। उपमुख्यमंत्री जिले के धनसीरिया गांव के प्राथमिक विद्यालय व गौशाला का निरीक्षण किया तत्पश्चात राजगढ़ विकास खण्ड के धान क्रय केन्द्र ददरा, हिनौता का निरीक्षण कर किसानों से वार्ता किया। हर घर नल से जल योजना के तहत लगे नल पर पानी पिया और जल की बर्बादी रोकने हेतु उक्त नल के टोटी को बन्द कर जल संरक्षण का संदेश दिया। उपमुख्यमंत्री का काफिला सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मड़िहान पहुँचा जहां अस्पताल का निरीक्षण कर इलाज सम्बंधित विस्तृत जानकारी प्राप्त किया। जिसके बाद उपमुख्यमंत्री ने ग्राम पंचायत बसही के मनरेगा पार्क का निरीक्षण किया। पार्क में वृक्षारोपण भी किया। बसही से निकलने के बाद उपमुख्यमंत्री सीधे दीपनगर के आई स्पर्श इण्टर कालेज पहुँचे जहां उन्होंने लगभग दस करोड़ की लागत से वर्ष 2016 से लंबित आई स्पर्श कालेज का निरीक्षण किया। उपमुख्यमंत्री के निरीक्षण में विद्यालय का भाग्य खुलता नजर आ रहा व लंबित विद्यालय के धीमी निर्माण को लेकर ब्रजेश पाठक ने नाराजगी व्यक्त किया। सितंबर से पूर्व हर हाल में अधूरे कार्य को पूरा करने हेतु पैकफेड के प्रोजेक्ट मैनेजर को हैंड ओवर करने का निर्देश दिया। जिसके बाद क्लॉस चलाने हेतु डीएम को निर्देश दिया। तत्पश्चात छानबे विधानसभा के विधायक राहुल प्रकाश कोल के निधन पर पटेहरा कलां आवास पर जाकर चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दिया। पिता सोनभद्र सांसद पकौड़ी लाल कोल पुत्र सम्राट सिंह, पत्नी रिंकी सिंह, बेटी अंशिका व आस्था व भाई जगप्रकाश कोल से मिलकर दुःख की घड़ी में हर सम्भव सहयोग का आश्वासन दिया। उपमुख्यमंत्री के साथ क्षेत्रीय विधायक रमाशंकर सिंह पटेल, एमएलसी विनीत सिंह, जिलाधिकारी दिव्या मित्तल, पुलिस अधीक्षक संतोष मिश्रा, जिला पंचायत अध्यक्ष राजू कनौजिया, मिन्टू पाण्डेय, जगदीश सिंह, संतोष तिवारी, विजय बहादुर पाण्डेय, गजेन्द्र प्रताप सिंह, अखिलेश्वर पाण्डेय, सत्येंद्र सिंह, राजेश सिंह, मनीष सिंह, अमला सिंह, अविनाश सिंह, सोनू सिंह आदि लोग रहें।

# मीरजापुर को हर दृष्टि से बनाएंगे नंबर वन : बृजेश पाठक



मां का दर्शन करते डिप्टी सीएम


**मीरजापुर।** जनपद में निरीक्षण, भ्रमण के साथ ही उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने मंडलीय समीक्षा बैठक की। इसके बाद माता विंध्यवासिनी के दरबार में पूजन अर्चन किया। समीक्षा के दौरान उन्होंने जिले को हर क्षेत्र में विकास की दृष्टि से नंबर वन बनाने की बात कहा। अस्पतालों की समीक्षा और चिकित्सकों की तैनाती करने की जिम्मेदारी जिलाधिकारी को सौंप कर व्यवस्था को दुरुस्त करने को कहा। माता विंध्यवासिनी का दर्शन करने के बाद पत्रकारों से वार्ता किया। कहा कि आज मंडलीय समीक्षा बैठक की है। बिंदुवार सभी विभागों की समीक्षा की गई। हर स्थिति में हम मिजार्पुर जनपद को नंबर 1 जनपद बनाएंगे। विकास की दृष्टि से डेवलपमेंट की दृष्टि से और योजनाओं की दृष्टि से केंद्र प्रदेश की सभी योजनाओं का शत-प्रतिशत क्रियान्वयन धरातल पर हो। सड़क, पानी, बिजली, स्कूल व अस्पताल शत-प्रतिशत जन सुविधाओं के लिए काम करें। इसके लिए समीक्षा बैठक हुई है। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि पुनः शीघ्र वह फिर आएंगे। हमारी सड़के जो टूटी हैं उसके लिए प्रस्ताव मांगा है। बिजली के जो ट्रांसफार्मर है वह तय सीमा में बदले जाएं। बिजली की निर्बाध आपूर्ति सब लोगों को मिलती रहे। इसके लिए आदेश दिया है। कहा कि ला एण्ड आर्डर की स्थिति बहुत ही अच्छी हैं। कहा कि सभी ब्लाकों का बिंदुवार समीक्षा किया गया है। मंडलीय अस्पताल में निष्प्रयोज्य पड़े उपकरणों की ओर ध्यान खींचे जाने पर कहा कि जिलाधिकारी को हमने कहा है कि सभी अस्पतालों की समीक्षा करें। यदि कहीं चिकित्सक या दवा की कमी है तो हमे बताएं उसे पूरा करेंगे। डॉक्टरों की तैनाती के लिए हमने उन्हें अधिकार दिया है। दर्शन पूजन के दौरान नगर विधायक रत्नाकर मिश्र, मड़िहान विधायक रमाशंकर सिंह पटेल, जिलाध्यक्ष बृजभूषण सिंह एवं पूर्व पालिकाध्यक्ष मनोज जायसवाल समेत तमाम नेता उपस्थित थे। दर्शन पूजन शिवजी महाराज प्रधान श्रृंगारिया ने कराया ।

# बस चालक की मौत हो जाने के बाद परिजनों ने काटा बवाल

**आक्रोश**

### मोर्चरी हाउस का ताला तोड़कर शव को सड़क पर रखकर लगाया जाम

**जनसंदेश न्यूज**




मौत के बाद सड़क जाम करते परिजन

**चुनार।** स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के जगरनाथपुर निवासी बस चालक की वाराणसी जिले में संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। घटना के बाद परिजनों ने सड़क जाम करके बवाल काट दिया। परिजनों के आक्रोश को देखते हुए भारी संख्या में पुलिस बल की तैनाती कर दी गई। चुनार थाना क्षेत्र के जगरनाथ पुर निवासी विजय राजभर पुत्र लालता राज भर उम्र 48 वर्ष कोलना स्थित एक स्कूल में बस चालक है। सोमवार की शाम 5 बजे बस चालक अपने घर से निकला था। परिजनों के मुताबिक बस चालक स्कूल के प्रिंसपल के रिश्तेदारी अखरी वाराणसी में शादी में बस लेकर गया था। रात में करीब 10 बजे खलासी ने मृत विजय के लड़के गोलू के मोबाइल पर फोन किया कि विजय की तबियत ठीक नहीं है। रात करीब 11 बजे खलासी मृतक को बस से ले जाकर घर से पांच सौ मीटर दूर मिल्कीपुर में छोड़ कर भाग गए। परिजनों जब अस्पताल लेकर गए तो चिकित्सको ने मृत घोषित कर दिया।परिजन के द्वारा 1076 पर फोन करके शिकायत दर्ज कराई। मौके पर पहुंची चुनार पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी घर में रखवा दिए। परिजन के द्वारा दी गई तहरीर पर मुकदमा पंजीकृत नही होने पर अक्रोशित परिजनों ने मोर्चरी हाउस का ताला तोड़कर मंगलवार को 11 बजे शव को सड़क पर जाम लगा दिया, जहां पुलिस के खिलाफ नारेबाजी करने लगे, जहां लाठी डंडा लेकर पुलिस की गाड़ी को ओर बढ़ गए। परिजनों के बवाल को देखते हुए अदलहाट, अहरौरा, जमालपुर, मड़िहान सहित अन्य थानों की पुलिस मौके पर पहुंच गई। करीब दो बजकर तीस मिनट पर परिजनों को समझा बुझाकर कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया।

> घटना की सूचना पर मौके पर जाकर शव को कब्जे लेकर मर्चरी हाउस में रखवा दिया। तहरीर पर मुकदमा पंजीकृत कर पीएम कराया जा रहा है। पीएम रिपोर्ट के अनुसार कार्यवाही की जायेगी
>
> **त्रिवेणी लाल सेन, थाना प्रभारी चुनार**



# शासन की योजनाओं से पात्रों को किया जाये लाभान्वित : डिप्टी सीएम

**दिए निर्देश**

**उप मुख्यमंत्री ने कलेक्ट्रेट सभागार में अधिकारियों के साथ की विकास कार्यों की समीक्षा**



कलेक्ट्रेट सभागार में विकास कार्यों की समीक्षा करते डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक

**सोनभद्र।** उप मुख्य मंत्री बृजेश पाठक ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में विकास कार्यों की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने सभी अस्पतालों में दवाओं की पर्याप्त मात्रा में उपलब्धता सुनिश्चित किए जाने और मरीजों को बाहर की दवाएं न लिखी जाने का निर्देश देते हुए अस्पताल से ही सभी आवश्यक दवाएं उपलब्ध करायी जाने का निर्देश दिया। उन्होंने जिलाधिकारी को अस्पतालों में डाक्टरों की कमी दूर करने के लिए शासन को पत्राचार किया जाये और विज्ञापन के माध्यम से नये डॉक्टरों की तैनाती कराए जाने का निर्देश दिया। डिप्टी सीएम ने कहा कि जनपद में संचालित अस्पतालों का सौन्दर्यीकरण करते हुए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सरकारी अस्पतालों में सुनिश्चित करायी जायें, जिससे कि मरीजों को प्राईवेट अस्पतालों में ईलाज हेतु न जाना पड़े। उन्होंने कहा कि सरकारी अस्पतालों में ही लोग प्रसव करायें, इसके लिए उन्हें जागरूक किया जाये और प्रसव के पश्चात बच्चों को सभी प्रकार के टीकाकरण करने के पश्चात ही उन्हें अस्पताल से डिस्चार्ज किया जाये, इस दौरान उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार की मंशा के अनुरूप मरीजों को सभी चिकित्सा ईलाज की व्यवस्थाएं समय से उपलब्ध करायी जाये। आयुष्मान कार्ड बनाने का कार्य तीव्रगति से पूर्ण किया जाना सुनिश्चित किया जाये और हर पात्र व्यक्तियों का आयुष्मान कार्ड बन जाये।

जिलाधिकारी चन्द्र विजय सिंह ने बताया कि सिंगल यूज प्लास्टिक पर प्रभावी नियंत्रण लगाने हेतु जनपद में मेरा प्लास्टिक मेरी जिम्मेदारी अभियान चलाकर लोगों को अपने घर के सामने बोरी टॉगकर प्लास्टिक इकठ्ठा करने के लिए प्रेरित किया गया, इसी प्रकार पानी में फ्लोराइड व आयरन की अधिकता वाले क्षेत्रों में फिल्टर का वितरण किया गया और शुद्ध पानी पीने के लिए फिल्टर का उपयोग करने हेतु उन्हें प्रेरित किया गया। इसी प्रकार से जनपद में ड्रैगनफ्रूट की खेती हेतु किसानों को जागरूक किया जा रहा है। जनपद में ग्राम समाधान दिवस के माध्यम से ग्रामीणों की समस्याओं का उनके गांव में ही निस्तारण किया जा रहा है। जनपद में लगभग 4 लाख 30 हजार आयुष्मान कार्ड बनाये जा चुके हैं, शेष व्यक्तियों के कार्ड बनाये जा रहे हैं। उप मुख्यमंत्री ने उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप पात्र व्यक्तियों को केन्द्र एवं प्रदेश सरकार द्वारा संचालित योजनाओ से लाभान्वित किया जाये।

कानून व्यवस्था की समीक्षा के दौरान कहा कि जनपद में अनावश्यक विवादों पर रोक लगाने के लिए जमीन सम्बन्धित जो भी विवाद हो उसका निस्तारण पुलिस व राजस्व विभाग आपस में समन्वय स्थापित करते हुए समस्या का निराकरण न्यायोचित तरीके से करना सुनिश्चित करें। शासन की मंशा के अनुरूप जनपद सोनभद्र में सभी आवश्यक संसाधन को विकसित करते हुए विकास के पथ पर जनपद को आगे ले जाने हेतु सभी योजनाओं का बेहतर ढंग से संचालन सुनिश्चित किया जाये, जिससे कि जनपद सोनभद्र में अग्रणी जनपदों की श्रेणी में शामिल हों और जनपद का समुचित विकास हो। समीक्षा बैठक के बाद डिप्टी सीएम ने जिला चिकित्सालय, कस्तूरबा बालिका विद्यालय, दलित बस्ती, गोवंश आश्रय स्थल का निरीक्षण किया। इसके अलावा केकराही पंचायत भवन, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र व प्राथमिक विद्यालय का निरीक्षण किया। इस मौके पर विधायक सदर भूपेश चौबे, घोरावल अनिल कुमार मौर्या, मण्डलायुक्त डा. मुथु कुमार स्वामी बी, सीडीओ सौरभ गंगवार, एसपी डा. यशवीर सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष अजीत चैबे, एसडीएम सदर रमेश कुमार, शेषनाथ चौहान, डीआईओ विनय सिंह समेत जिला स्तरीय अधिकारीगण समेत अन्य सम्बन्धितगण उपस्थित रहे।

## उप मुख्यमंत्री ने चांचीकला यज्ञ मंडप का किया भूमि पूजन

**कोन।** अति दुरुह पिछड़ा नक्सल प्रभावित गांव चांचीकला मे प्रदेश के उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने पहुंच कर शक्ति धाम पीठ परिसर मे आयोजित महालक्ष्मी यज्ञ के शुभारंभ हेतु भूमि पूजन करते हुये दिव्यांग जन व वरिष्ठ नागरिकों को संबोधित किये। कार्यक्रम के आयोजक वरिष्ठ भाजपा नेता जयप्रकाश चतुर्वेदी के नेतृत्व मे यज्ञ समिति ने उप मुख्यमंत्री का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। उप मुख्यमंत्री ने चांचीकला व तरिया क्षेत्र मे नेटवर्क विहीन व स्वास्थ्य सुविधा नहीं होने की बात को संज्ञान लेते हुये जल्द ही चांचीकला मे एक अस्पताल व मोबाइल नेटवर्क बहाल कराने का आश्वासन दिया। इस दौरान पांच दिव्यांगों को उपकरण भी वितरण किया। श्री पाठक ने कहा की चतुर्वेदी जी हमेशा अपने क्षेत्र को विकास कराने को लेकर योजना बनाते रहते है।

बतादे कि चांचीकला शक्तिधाम पीठ परिसर में 7 फरवरी से 14 फरवरी तक भव्य महालक्ष्मी यज्ञ व रासलीला, प्रवचन का कार्यक्रम चलता रहेगा। कार्यक्रम मे मुख्य रुप से समाज कल्याण मंत्री संजीव गोंड ,सदर विधायक भूपेश चौबे, घोरावल विधायक अनिल मौर्या, जिला अध्यक्ष अजीत चौबे,मिडिया प्रभारी अनुप तिवारी, रूबी मिश्रा, शशांक शेखर मिश्रा,वंशीधर, शिवकुमार गुप्ता, समेत सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे। सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद रही।



भूमि पूजन करते डिप्टी सीएम

## जल शक्ति मंत्री ने कनहर परियोजना का किया निरीक्षण, कमियां देख कर्मियों को लगाई फटकार

**दुद्धी।** जलशक्ति एवं सिचाईं कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने सोमवार को अमवार में बन रहे कनहर सिचाईं परियोजना का दौरा किया। परियोजना के बायीं रॉकफिल पर पहुंचे मंत्री ने तेवर के साथ कार्यदायी संस्था व सिचाईं विभाग के अधिकारियों से सवाल दागना शुरू किए, जिसे देख सिंचाई विभाग के साथ कार्यदायी संस्था के हाथ पांव फूलने लगे। मंत्री के तेवर देख जिम्मेदार परेशान दिखे। मंत्री ने रॉकफिल में प्रयोग किये जा रहे बोल्डर व रेत के प्रयोग किये जाने के एग्रीमेंट व परियोजना में कार्य कर रहे मजदूरों की रिपोर्ट तलब की। लेकिन अधिकारियों ने न तो एग्रीमेंट पेपर मौके पर दिखाया और न ही संतोषजनक जवाब दिये। इसके बाद मंत्री बांध के पानी के ठहराव के कैचमेंट एरिया देखने के लिए दायीं रॉकफिल पर पहुंचे। जहां स्थानीय लोगों ने कार्यदाई संस्था द्वारा पेटिदारों से कमिशन लेकर कार्य कराने की शिकायत की, जिस पर जलशक्ति मंत्री ने सिंचाई विभाग के अधिकारियों व कार्यदाई संस्था के लोगों को फटकार लगाई और इसमें तत्काल सुधार करने की बात कही। इसके बाद एक किमी दूरी पैदल चलकर स्पिलवे पहुंचे। चीफ इंजीनियर हर प्रसाद से कहा कि परियोजना के निर्माण में गति तेज करते हुए 30 जून तक इसे पूर्ण करायें और इसका प्रत्येक माह की प्रगति रिपोर्ट रजिस्टर में दर्ज करें। मैं प्रत्येक माह अब परियोजना का दौरा करूंगा। मंत्री ने अधिकारियों से कहा कि सरकार भ्रष्टाचार मुक्त है।

इसके बाद वहां से वापस हुए मंत्री ने कनहर तट पर बने पंचमुखी हनुमान का दर्शन पूजन कर परिक्रमा की। मंदिर परिसर में विस्थापितों ने छूटे परिवारों को विस्थापन पैकेज न मिलने, विस्थापितों पर मुकदमा दर्ज करवाये जाने की बात बताई, जिस पर मंत्री ने उनके समस्यायों के निस्तारण का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि अधिकारियों को गांवों में भेजकर पुनः सर्वे कराकर उनकी समस्यायों का निस्तारण करते हुए पुनर्वास कालोनी में मूलभूत सुविधाओं को मुहैया कराया जाएगा। कनहर विस्थापित संघ के अध्यक्ष ईश्वर प्रसाद निराला ने 11 ग्राम पंचायतों के प्रधानों के हस्ताक्षरित 14 सूत्रीय ज्ञापन मंत्री को सौंपा। जिस पर अमल कर निवारण किये जाने का मंत्री ने भरोसा दिया।



कनहर परियोजना का निरीक्षण करते जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह

### कोर्ट की स्थापना के लिए जल शक्ति मंत्री को सौंपा ज्ञापन

**दुद्धी।** अधिवक्ताओं ने दुद्धी में अतिरिक्त न्यायालय कोर्ट की स्थापना की मांग से संबंधित ज्ञापन सोमवार की देर शाम जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह को सौंपा। मांग पत्र मेंकहा कि काफी लंबे समय से अपर जिला जज एसीजेएम सिविल जज के न्यायालय की स्थापना की मांग को लेकर शासन में मामला लंबित है। मुकदमों की पैरवी को लेकर क्षेत्र के गरीब आदिवासी लोगों को यहां से 80 किलोमीटर से 100 किलोमीटर की दूरी तय करना पड़ता है, जिससे लोगों को काफी आर्थिक परेशानियों के अलावा काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। उच्च न्यायालय व सरकार कानून मंत्रालय में यह मामला लंबित है, मामले को सुलझा कर यहां पर शीघ्र अन्य न्यायालय की स्थापना की जाए। इस मौके पर दुद्धी बार एसोसिएशन के अध्यक्ष रामपाल जौहरी, सिविल बार संघ के अध्यक्ष प्रभु सिंह कुशवाहा, प्रेमचंद यादव, कुलभूषण पांडे आदि मौजूद रहे।

### राज्यमंत्री ने किया भव्य जनजातीय उत्सव का शुभारंभ

**बीजपुर।** एनटीपीसी रिहंद में जनजातीय उत्सव का आयोजन 6 से 8 फरवरी तक किया जा रहा है, जिसका उद्घाटन राज्यमंत्री संजीव कुमार गोंड़ ने फीता काटकर किया। सशक्त जनजाति सशक्त भारत की मूल मान्यता को ध्यान में रखते हुए जनजातीय उत्सव का आयोजन किया जा रहा है, जिससे स्वदेशी संस्कृति के संरक्षण और संवर्धन को बल प्रदान किया जा सके। जनजातीय उत्सव एनटीपीसी रिहंद, लोक एवं जनजाति कला एवं संस्कृति संस्थान व सेवा समर्पण संस्थान, चपकी के सहयोग से किया जा रहा है। राज्य मंत्री ने जनजातीय उत्सव में बने जनजातीय गांव का भ्रमण किया। जनजातीय समुदाय द्वारा ग्रामीण परिवेश में जीवंत प्रस्तुति का आयोजन किया गया। मुख्य महाप्रबंधक रिहंद ए के चट्टोपाध्याय ने राज्य मंत्री एवं सह संगठन मंत्री, सेवा समर्पण संस्थान, सेवाकुंज आश्रम, चपकी आनंद जी, ब्लॉक प्रमुख म्योरपुर मान सिंह गोंड, अतुल द्विवेदी एवं उपस्थित सभी लोगों का स्वागत करते हुए कहा कि एनटीपीसी रिहंद हमेशा से ही आस-पास के गाँव के लोगों के उत्थान हेतु समर्पित रहा है। इसी कड़ी में जनजातीय उत्सव का आयोजन जनजातीय समुदाय के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए किया जा रहा है। राज्यमंत्री ने कहा कि एनटीपीसी रिहंद बिजली के साथ-साथ अपने नैगम सामाजिक दायित्व के तहत विभिन्न कल्याणकारी कार्य करता आ रहा है जो परियोजना के आस-पास के ग्रामीण क्षेत्र के लोगों के आर्थिक, सामाजिक एवं सामुदायिक विकास के लिए बहुत ही आवश्यक एवं लाभप्रद रहा है। एनटीपीसी की यह पहल जनजातीय समुदाय को बढ़ावा और आम लोगो में जनजातीय समूह की सांस्कृतिक विरासत को लोगों से परिचित कराने में भी सहायक होगा।



दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ करते राज्यमंत्री संजीव गोड़

## संक्षेप

### रिहंद व आस-पास के ग्रामीणों ने आनंद मेले का उठाया लुत्फ



आनंद मेले में केक काटते अधिकारी

**बीजपुर।** एनटीपीसी रिहंद स्टेशन की स्वयंसेवी संस्था वर्तिका महिला मण्डल समिति द्वारा रिहंद महोत्सव के अंतर्गत आयोजित किए गए दो दिवसीय आनंद मेले में हजारों की तादात में रिहंद व उसके समीपवर्ती ग्रामीणों ने जमकर लुत्फ उठाया। शनिवार की सायं उक्त मेले का उद्घाटन रिहंद स्टेशन के मुख्य महाप्रबंधक अशेष कुमार चट्टोपाध्याय ने अन्य सहअतिथियों के साथ मेले के मुख्य द्वार पर बंधे फीते को काट कर किया। तत्पश्चात मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अथितियों ने गणेश पूजन, दीप प्रज्वलन व केक काट कर आनंद मेले का शुभारंभ किया। इसके पश्चात अतिथिगणों ने मेले में लगे सभी स्टालों पर बारी-बारी से पहुंच कर उनका निरीक्षण किया। इसके अतिरिक्त मेले में एक्वागार्ड, इलेक्ट्रोनिक आइटम, यूएनआई कपड़े, बैग, चूड़िया, मोटर साइकील, झूले, कार, फ्लैट सहित बिक्री संबंधी स्टाल पर दर्शकों की काफी भीड़ देखी गई। मेले का मुख्य आकर्षण सांस्कृतिक कार्यकर्मों की प्रस्तुतियों ने अतिथियों को मंत्र मुग्ध कर दिया। अतिथियों एवं अन्य लोगों नें गेम्स एवं फन के साथ मेले का आनंद उठाया। इसी कड़ी में 3 दिवसीय जनजातीय उत्सव का भी आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम में परियोजना प्रमुख बसुराज गोस्वामी, जयिता गोस्वामी, ई सत्या फनी कुमार, सरोजा फनी कुमार, कृष्णा चट्टोपाध्याय समेत तमाम लोग मौजूद रहे। संचालन वरिष्ठ प्रबन्धक सी एंड एम तनुजा सिंह एवं कार्यपालक नैगम संचार ग्रीष्मा कुमारी ने संयुक्त रूप से किया।

### बावली में डूबने से बालक की मौत

**बभनी।** थाना क्षेत्र के नधिरा गांव में मंगलवार को दोपहर में नहाने के दौरान बावली में डूबने से एक बालक की मौत हो गई। घटना से परिवार के लोगों में कोहराम मच गया। मृतक कक्षा तीन का छात्र था। नधिरा ग्राम पंचायत में मंगलवार को दोपहर नहाते समय विकास कुमार विश्वकर्मा (आठ वर्ष) पुत्र अरविंद कुमार विश्वकर्मा निवासी नधीरा की पानी मे डूबने से मौत हो गयी ।मृतक गांव के बच्चों के साथ अपने घर से दूर स्थित प्राथमिक विद्यालय प्रथम में पढ़ने गया था। छुट्टी के बाद स्कूल से वापस आते समय स्कूल से पांच सौ मीटर दूरी पर बनी बाउली में नहाने गया था ।इसी दौरान पैर फिसलने से बाउली में गिर पड़ा ।उसके साथ में नहा रहे अन्य बच्चों ने तत्काल परिवार के लोगों को घटना की जानकारी दी ।जब तक कोई कुछ कर पाता विकास (मृतक) गहरे पानी में डूब गया ।मौके पर पहुंचे परिजनों ने बालक को पानी से निकाल कर सीएचसी म्योरपुर में भर्ती कराया जहां उपस्थित चिकित्सक डा० संजीव बिंद ने मृत लाया घोषित कर दिया। वहीं सूचना पर पहुंची बभनी पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु दुद्धी भेज दिया।

### अपहृत बालक को पुलिस ने किया बरामद

**ओबरा।** पुलिस अधीक्षक डॉ यशवीर सिंह के निर्देशन में जनपद में गुमशुदा बच्चो के सफल बरामदगी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में मंगलवार को पुलिस ने क्षेत्र से अपह्रत हुए 15 वर्षीय बालक को बरामद कर परिजनों को सौंप दिया। प्रभारी निरीक्षक मिथिलेश मिश्रा ने बताया कि बीते 10 सितंबर को पतिराज सिंह पुत्र स्व. जय लाल सिंह निवासी झरकटिया पोस्ट सूडा, चितरंगी सिंगरौली ने थाने पर तहरीर देकर अपने पुत्र श्याम बिहारी सिंह 15 पुत्र पतिराज के ओबरा बाजार से गायब हो जाने की बात कही गई थी। तहरीर के आधार पर पुलिस द्वारा अज्ञात के खिलाफ अभियोग पंजीकृत किया गया था। बालक के बरामदगी हेतु प्रभारी निरीक्षक ने टीम गठित किया था। टीम के अथक प्रयास से गुमशुदा बालक की बरामदगी जनपद शामली से कर उसके परिजनों को सुपुर्द कर दिया गया। टीम में प्रभारी निरीक्षक, इमरान खां, हेमन्त बारी शामिल रहे।

### राष्ट्रीय लोकदल कार्यकर्ताओं ने किया कलेक्ट्रेट का घेराव

**सोनभद्र।** राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद चौधरी जयंत सिंह के निर्देश पर राष्ट्रीय लोकदल द्वारा सवा माह से किसान संदेश अभियान चलाया जा रहा है। प्रयागराज क्षेत्र के संगठन महासचिव एवं किसान संदेश अभियान के प्रभारी श्रीकान्त त्रिपाठी के नेतृत्व में राष्ट्रीय लोकदल के कार्यकर्ताओं ने कलेक्ट्रेट का घेराव कर धरना प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी के माध्यम से भेजकर सत्र 2022-2023 का गन्ने का लाभकारी मूल्य की घोषणा करने, आवारा पशुओं से किसानों की फसल बचाने हेतु उचित समाधान करने, बकाया गन्ना मूल्य का ब्याज सहित भुगतान कराने की मांग किया। सरकार को चेतावनी भी दिया कि यदि शीघ्र ही किसानों की समस्याओं का समाधान न किया गया तो राष्ट्रीय लोकदल के कार्यकर्ता व पदाधिकारी कमिश्नरी का घेराव कर सरकार के खिलाफ सड़कों पर उतरकर विशाल धरना प्रदर्शन करने को बाध्य होंगे, जिसकी जिम्मेदारी सरकार की होगी। इस मौके पर रामसेवक पटेल, अभय पटेल, पवन शुक्ला, उदय प्रकाश, भोला बाबा, केशव, चन्द्रभान सिंह, पिन्टू, फूल सिंह, रामलाल, बीरबल, अनिल पटेल, सन्त कुमार, हनुमान, श्यामसुंदर, नगीना पटेल, रामधनी, सूर्य प्रकाश, विरेन्द्र , शंभुनाथ, विश्वनाथ, लाले आदि उपस्थित रहे।

## मुठभेड़ में तमंचे के साथ नक्सली सरगना गिरफ्तार

**सफलता**

**एक बदमाश के पैर में लगी गोली, दूसरा दबोचा गया, एएसपी समेत तमाम अधिकारी मौके पर**

जनसंदेश न्यूज

**सोनभद्र/डाला।** जनपद में चार दिन पूर्व हुए कार लूट कांड में फरार अंतरराज्यीय शातिर दो लुटेरे बदमाशों व चोपन पुलिस और एसओजी के बीच मंगलवार की रात्री दो बजे मुठभेड़ हुई। जबाबी कार्यवाई में एक लूटेरे के दाहिने पैर में गोली लग गई और दूसरा लूटेरे को घेरेबंदी करके दबोच लिया गया। घायल बदमाश को पुलिस द्वारा सामुदायिक अस्पताल में भर्ती कराया गया। घटना की जानकारी मिलते ही एडिशनल एसपी कालू सिंह व सीओ सीटी राहुल पाण्डेय ने मौके का निरीक्षण करके आवश्यक दिशा निर्देश दिया।

एसपी डा. यशबीर सिंह ने बताया कि चार दिन पूर्व बदमाश गढ़वा से कार बुक करके चले मालोघाट टोल प्लाजा के आगे कार को लूट लिया और कार चालक को चोपन के मंगलेश्वर मार्ग स्थित अवई नहर पर जंगल में छोड़ कर कार लेकर फरार हो गए, जांच पड़ताल दो दिनों के भीतर ही दो लोगों को कार सहित गिरफ्तार किया गया, लूट की कार से 6 फरवरी की रात्रि बिहार राज्य सासाराम जिले में किसी बड़े व्यवसायी की हत्या/लूट करने की योजना थी।

जिसमें दो और शातिर अपराधी शामिल हैं। शातिर लूटेरों को पकड़ने के लिए चोपन पुलिस व एसओजी द्वारा संयुक्त रुप से जगह-जगह छापेमारी कर रही थी कि जरिए खास मुखबीर से सूचना मिली की एक मोटरसाइकिल से दोनों अपराधी डाला स्थित बग्घानाला के पास पहुंच रहे हैं, सूचना मिलते ही चोपन पुलिस ने घटना क्रम की जानकारी ओबरा व डाला पुलिस को दी, बग्घानाला पहुचते ही मोटरसाइकिल को रोकने का प्रयास किया तो मोटरसाइकिल पर बैठा लुटेरा 35 वर्षीय सुशील कुमार उर्फ गुरु उर्फ रितेश पुत्र बैजनाथ राम निवासी ढाचाबार, थाना पाण्डू, जनपद पलामू (झारखण्ड) ने चोपन पुलिस की वाहन पर ताबड़तोड़ चार फायर झोक दिया और एक गोली पुलिस की वाहन पर लग गई। फायरिंग के दौरान चोपन थाना प्रभारी वाहन को स्वंम चला रहे थे जिसमे चोपन थाना प्रभारी सही सलामत बच गए। इस दौरान सुशील के दाहिने पैर में गोली लगी सुशील पिस्टल सहित सड़क पर गिर गया और दूसरा लूटेरा 25 वर्षीय दिलिप पासवान पुत्र संजय पासवान निवासी बासडीह खुर्द थाना केतार जिला गढ़वा भागने लगा। दोनों अभियुक्तों को घेरेबंदी करके दबोच लिया गया।

घायल अपराधी को चोपन सामुदायिक अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां उपचार चल रहा है। सुशील ऊर्फ गुरु नक्सली है जिसके विरुद्ध झारखंड राज्य के विभिन्न जिलों में दर्जनों मुकदमें पंजीकृत हैं, पकड़ने के दौरान मुठभेड़ में सुशील के दाहिने पैर में गोली लगी है और दिलिप पासवान को सही सलामत घेरेबंदी करके पकड़ लिया गया है। अभियुक्तों के पास एक पिस्टल समेत मोटरसाइकिल बरामद किया गया है। पकड़े गए दोनों अपराधियों के विरुद्ध 25- 25 हजार का इनाम सोनभद्र पुलिस द्वारा घोषित किया गया था। गिरफ्तार अभियुक्तों के विरुद्ध आवश्यक कार्यवाही की जा रही है।



घटना का निरीक्षण करते सीओ सीटी

### फंदे से लटकता मिला विवाहिता का शव, तीन पर केस

**बीजपुर।** थाना क्षेत्र के ग्राम सभा पिण्डारी की एक नवविवाहिता ने मंगलवार को घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। एसएसआई बिनोद यादव ने बताया कि सरिता 22 पत्नी अनिल कुमार निवासी पिण्डारी किसी बात से नाराज होकर सोमवार की सुबह अपने घर में ही फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उधर मामले की जानकारी लगते पहुंचे लड़की के पिता श्याम बिहारी भारती ग्राम डूमरडूहा ने पुलिस को दहेज हत्या का तहरीर देकर पुत्री के पति, सास, ससुर पर कार्रवाई की मांग की। तहरीर के आधार पर पुलिस पति अनिल, ससुर रामसजीवन, सास पर मुकदमा पंजीकृत कर अग्रिम कार्यवाई में जुट गई।

### जनपद के प्रभारी मंत्री का आगमन आज

**सोनभद्र।** राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार/जनपद प्रभारी मंत्री का आगमन बुधवार को जनपद में आगमन हो रहा है। वे भारतीय जनता पार्टी द्वारा आयोजित बजट पर संगोष्ठी में 12.00 बजे आरएस ग्रैण्ड होटल सिविल लाइन्स रोड, राबर्ट्सगंज में प्रतिभाग करेंगे। दोपहर 1.00 बजे होटल में पत्रकार वार्ता करेंगे।

## मांगों को लेकर अधिवक्ताओं ने आवाज की बुलंद

**सोनभद्र।** यूपी बार काउंसिल के आह्वान पर मंगलवार को अधिवक्ताओं ने राबर्ट्सगंज कचहरी परिसर का चक्रमण करते हुए विरोध प्रदर्शन किया। इसके बाद बारी-बारी से अधिवक्ता क्रमिक अनशन पर बैठकर विरोध जताया। डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं ने अध्यक्ष रामचंद्र सिंह एडवोकेट के नेतृत्व में कचहरी परिसर में क्रमिक अनशन बारी बारी से किया। 6 सूत्री मांगों में अधिवक्ताओं के लिए पचास हजार का मुफ्त चिकित्सा बीमा कराया जाए, उत्तर प्रदेश अधिवक्ता कल्याण निधि न्यासी समिति लखनऊ मृतक अधिवक्ताओं के लंबित दावों को अविलंब निपटाया जाए, सभी जिलों में अधिवक्ताओं को चैबर का निर्माण कराया जाए, अधिवक्ता एवं पत्रकार की मृत्यु पर एक समान धनराशि दिया जाए, 60 वर्ष से अधिक के अधिवक्ताओं को पेंशन दिया जाए एवं एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट को लागू करने की मांग किया। इस अवसर पर राजबहादुर सिंह, मनोज कुमार पांडेय, वीपी सिंह, विश्राम सिंह, पवन कुमार सिंह, महेंद्र प्रताप सिंह, अशोक कुमार कनौजिया, सुरेश कुमार सिंह, केके त्रिपाठी, सुरेश पाठक आदि लोग उपस्थित रहे। उधर सोनभद्र बार एसोसिएशन अध्यक्ष नरेंद्र कुमार पाठक के नेतृत्व में वकीलों ने कचहरी परिसर का चक्रमण कर विरोध प्रदर्शन किया। इस मौके पर आनंद कुमार मिश्रा, मनोज कुमार मिश्रा, गोविंद मिश्र, अखिलेश कुमार मिश्र, राजीव कुमार सिंह गौतम, दिनेश दत्त पाठक, शारदा प्रसाद मौर्य आदि शामिल रहे।



सदर तहसील परिसर में आक्रोश जताते अधिवक्ता

### दुद्धी में अधिवक्ताओं ने नायब तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

**दुद्धी।** दुद्धी बार एसोसिएशन संघ तथा सिविल बार एसोसिएशन संघ ने मंगलवार को बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश के आह्वान पर जुलूस निकाल तहसील पर प्रदर्शन किया। संयुक्त रूप से अधिवक्ताओं के हित के लिए 6 सूत्रीय ज्ञापन नायब तहसीलदार अमित कुमार को सौंपा। कार्यक्रम में रामपाल जौहरी, प्रभु सिंह कुशवाहा, विजय सिंह, राजेंद्र श्रीवास्तव, भूषण पांडे, छोटे लाल, राकेश तिवारी, रविंद्र यादव, विष्णु कांत तिवारी, सत्यनारायण यादव, आशीष गुप्ता, आनंद कुमार समेत तमाम अधिवक्ता मौजूद रहे।

### चंदौली ने आगरा को व वाराणसी ने रांची को हराया

**म्योरपुर।** स्थानीय खेल मैदान पर चल रहे 19वें अन्तर्राजिय क्रिकेट प्रतियोगिता में मंगलवार को दो मुकाबला खेला गया। पहला मुकाबला चंदौली और आगरा के बीच खेला गया। टॉस जीतकर आगरा ने पहले बल्लेबाजी का फैसला लिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए आगरा की टीम 14.3 ओवर में 100 पर आल आउट हो गयी। आगरा की ओर से अखिल ने 25 व रवि ने 32 रन बनाए। चंदौली की टीम ने रनों का पीछा करते हुए 9.2 ओवर में 1 विकेट के नुकसान पर 100 रन बनाकर जीत दर्ज कर लिया। वही दूसरा मुकाबला वाराणसी व रांची के बीच खेला गया। टॉस जीत कर पहले वाराणसी की टीम ने क्षेत्ररक्षण का फैसला किया। रांची टीम के बल्लेबाज पहले बल्लेबाजी करते हुए तास के पत्ते की तरह बिखर गये। रांची की ओर से अदनान ने 13 रन बनाए। वाराणसी के गेंदबाज सचिन ने 10 रन खर्च कर शानदार 4 विकेट लिये व विजेंद्र 3 व इन्देश को दो विकेट मिले। लक्ष्य का पीछा करते हुए वाराणसी के बल्लेबाज 5.4 ओवर में 2 विकेट के नुकशान पर मैच को अपने नाम कर लिया। वाराणसी की ओर से रितिक 15 इंद्रेश 13 रन बनाए। बेस्ट प्रदर्शन के लिये सचिन को मैन ऑफ द मैच का इनाम दिया गया।

## ट्रक चालक की पिटाई फ्लाईओवर से नीचे गिरकर हुआ घायल

**सोनभद्र।** खनन विभाग की जांच के दौरान ओवर ब्रीज से गिरकर चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। डॉक्टर के अनुसार चालक कार दोनों पैर टूट गया है। इस घटना के बाद खनन विभाग की टीम मौके से फरार हो गयी। सूचना पाकर पहुंचे पुलिस कर्मियो ने गंभीर रूप घायल चालक रवि शर्मा 30 को जिला अस्पताल मे भर्ती कराया गया है। वही जिले में दो दिवसीय दौरे पर आए डिप्टी सीएम ब्रिजेश पाठक जिला अस्पताल के निरीक्षण के दौरान घायल चालक रवि शर्मा का हाल चाल लेते हुए मौजूद चिकित्सको समुचित इलाज कराने का निर्देश देते हुए घटना की उच्चस्तरीय जाँच कराकर दोषीयों पर सक्त कार्यवाही का आश्वासन दिया है। इस घटना से ट्रक मालिकों में गहरा आक्रोश व्याप्त है। वाहन स्वामियों का कहना है की खनन विभाग लोडिंग पॉइंट से ओवरलोडिंग पर रोक ना लगाकर सिर्फ रोड पर चेकिंग अभियान चलाकर उत्पीड़न के साथ जुमार्ने व ट्रक सीज की कार्रवाई की जाती है। वही वाहन स्वामी उपेन्द्र यादव का कहना है की मेरी ट्रक का बालू का परमिट था लोढ़ी पर कागजात चेक होकर निकली फ्लाईओवर पर ट्रक का पहिया पंचर हो गया तभी मंगलवार की भोर में खनन इंस्पेक्टर ईश्वर चन्द्र तथा एक्स आर्मी के जवानो ने जबरिया ओवरलोडिंग बालू कह कर मेरे चालक से मारपीट करने लगे उसी दौरान फ्लाईओवर ओवर से निचे गिरकर गंभीर रूप से जख्मी हो गया। ट्रक एसोसिएशन अध्यक्ष कमल किशोर ने कहा कि लगातार खनन विभाग उत्पीड़न कर रहा है हम लोग अब शांत नही रहेंगे। इसके पहले खनन निरीक्षक गाड़ी से दबकर एक महिला की मौत हो थी। इस मामले में जिसमे रावटर्सगंज कोतवाली में मुकदमा दर्ज किया गया था। इनके उत्पीड़न से ट्रक चालक का दोनों पैर टूट गया है।

# पुरानी पेंशन के मुद्दे पर एकजुट हों शिक्षक : देवेंद्र प्रताप


पुरानी पेंशन को लेकर बैठक में विचार-विमर्श करते शिक्षकगण।

**शहाबगंज।** कस्बा स्थित ब्लॉक संसाधन केंद्र पर मंगलवार को अटेवा की बैठक हुई। जिसमें अध्यापकों, सफाई कर्मचारियों सहित पेंशन विहीन कर्मचारियों ने पुरानी पेंशन के लिए हुंकार भरी। इसकी शुरूआत मां सरस्वती के तैल चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन से हुई। कार्यक्रम में अटेवा की ब्लाक शहाबगंज कार्यकारिणी का पुनर्गठन और विस्तार किया गया। ब्लॉक संयोजक चंद्रजीत यादव, महामंत्री अशोक प्रजापति, कोषाध्यक्ष प्रभु पाल, सहसंयोजक शमशुल हुदा, मीडिया प्रभारी शमीम अहमद, आईटी सेल विवेक जायसवाल, संरक्षक केशरी नंदन जायसवाल को चुना गया। जिला संयोजक देवेंद्र प्रताप सिंह ने सभी संगठनों का आह्वान किया कि वे पुरानी पेंशन के मुद्दे पर एकजुट होकर अटेवा और विजय कुमार बंधु के हाथों को मजबूत करें। जिससे देश के पांच राज्यों की तरह उत्तर प्रदेश में भी पुरानी पेंशन के लक्ष्य को हासिल किया जा सके। केशरीनंदन जायसवाल ने कहा कि 2024 में केंद्र का चुनाव है और पांच राज्यों में पुरानी पेंशन बहाल होने के बाद केंद्र पर दबाव बनाने का यही सबसे अच्छा समय है। विधायक व सांसद एक बार निर्वाचित होने पर पेंशन के हकदार हो जाते हैं लेकिन कर्मचारी 60 साल तक सरकार की सेवा के बाद भी पेंशन का हकदार नहीं है।

कार्यक्रम में अरविंद कुमार कौशल और राम स्वरूप यादव ने पेंशन गीत के माध्यम से सबका मन मोह लिया। इस अवसर पर प्रवीण, विमला कुमारी, दीपा विश्वकर्मा, प्रतिभा प्रजापति, रिंकी गुप्ता, रानी चैरसिया, फिरोज अहमद, विकेंद्र सिंह, अशफाकुर्रहमान, संजय सोनकर, दिवाकर सिंह, कृष्ण मोहन सिंह, निर्मल कुमार सिंह, संतोष त्रिपाठी, दीनदयाल मौजूद रहे। अध्यक्षता रामस्वरूप यादव और संचालन कन्हैया लाल गुप्ता ने किया।

## अधिवक्ताओं ने की बीमा समेत अन्य सुविधाओं की मांग

**चंदौली।** सिविल बार एसोसिएशन पदाधिकारियों ने मंगलवार को बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश के प्रस्ताव पर मुख्यमंत्री के नाम 6 सूत्रीय मांगपत्र लेकर जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचे। जहां पर अपर जिलाधिकारी उमेश कुमार मिश्रा को सौंपा। इस दौरान अधिवक्ताओं ने कहा कि प्रदेश के अधिवक्ताओं के लिए 5 लाख का मुफ्त चिकित्सा बीमा उपलब्ध कराया जाए। उत्तर प्रदेश अधिवक्ता कल्याण निधि न्यासी में मृतक अधिवक्ताओं के लंबित दावों का शीघ्र निस्तारित करते हुए भुगतान सुनिश्चित किया जाय। जिले में अधिवक्ताओं के चैंबर का निर्माण, अधिवक्ता एवं पत्रकार की मृत्यु पर एकसमान धनराशि के भुगतान का बंदोबस्त हो। 60 वर्ष से अधिक उम्र के अधिवक्ताओं के लिए पेंशन, एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट की मांग को दोहराई गई। इस मौके पर चंद्रभान सिंह, अनिल कुमार सिंह, संजीव श्रीवास्तव, उज्जवल सिंह, भीष्म नारायण सिंह उपस्थित रहे।

### वृद्धजनों में भोजन व वस्त्र का हुआ वितरण

**चंदौली।** सत्कार निधि का प्रथम वर्षगांठ पर मंगलवार को वृद्धाश्रम में बुजुर्ग वृद्धाओं का सम्मान में वस्त्र व भोजन का कार्यक्रम किया गया। वृद्धों से कंपनी के लोगों ने आशीर्वाद लिया और आगे भी सहयोग करने के लिए आश्वस्त किया। इस दौरान डायरेक्टर आशीष पटवा ने कहा कि संस्था सामाजिक कार्यों को बढ़ावा देने के लिए बढ़-चढ़कर भागीदारी निभा रही है। इसी क्रम में आज वृद्ध जनों को भोजन के साथ-साथ वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान वीरेंद्र सिंह, रत्नेश,मिथिलेश पटवा, सूरज उपस्थित रहे।

## खनन विभाग के जांच अभियान में बालू लदे 12 ट्रक सीज

**चंदौली।** खनन अधिकारी सुखेंद्र सिंह ने मंगलवार को नेशनल हाइवे पर जांच अभियान चलाया। इस दौरान उन्होने बिहार प्रांत से बालू लादकर आ रहे 12 ट्रकों को जांच के लिए रोक लिया। जांच के बाद सभी वाहनों को नवीन मंडी में सीज कर दिया गया। अनुमान है कि वाहनों के सीज करने से लगभग दस लाख रुपए का राजस्व प्राप्त होगा। डीएम ईशा दुहन के निर्देश के क्रम में खनन अधिकारी सुखेंद्र सिंह ने नवीन मंडी के समीप हाइवें पर वाहनों की जांच की। जांच के दौरान उन्होने बालू लदे 12 ट्रकों को रोक लिया। सभी वाहन चालकों के पास मौरंग के परिवहन का वैध दस्तावेज मौजूद नहीं था। जिसके चलते खनन अधिकारी ने सभी वाहनों को सीज करके नवीन मंडी में खड़ा करा दिया। साथ ही वाहनों के सीज करने की रिपोर्ट डीएम को भेज दिया। उन्होने बताया कि डीएम के निर्देश पर मौरंग लदे वाहनों की जांच के लिए अभियान चलाया जा रहा है। बालू का अवैध भंडारण करने और परिवहन करने वालों को भी चिन्हित किया जा रहा है। जल्द ही ऐसे लोगों के खिलाफ अभियान चललाया जाएगा।

# युवती ने पिंटू बाबा के खिलाफ दर्ज कराया एफआईआर

**चंदौली।** महिला से दुराचार के आरोपित गांधीनगर निवासी पिंटू बाबा के खिलाफ पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। पिंटू बाबा पर वाराणसी निवासी 25 वर्षीय युवती के साथ दुराचार का आरोप हैं। वाराणसी निवासी पीड़ित युवती ने बताया कि उसकी तबीयत खराब रहती है। ऐसे में पड़ोसियों के कहने पर अपनी सहेली के साथ चकिया के गांधीनगर निवासी पिंटू बाबा से इलाज कराने पहुंची। कथित बाबा ने झाड़-फूंककर भभूत दिया। 20 जनवरी को दोबारा बुलाया। युवती दोबारा अपनी सहेली के साथ पहुंची। इस दौरान झाड़-फूंक के बहाने तीन मंजिला आश्रम के एक कमरे में ले गया। सहेली को भी दूसरे कमरे में बैठाकर बाहर से दरवाजा बंद कर दिया। आरोप है कि कथित बाबा ने युवती के साथ दुराचार किया। किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता सहेली को लेकर कोतवाली पहुंची। काफी दबाव के बाद पुलिस ने कथित बाबा के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया। कोतवाल मुकेश कुमार ने बताया कि पीड़िता की तहरीर पर कथित बाबा के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। पीड़िता का मेडिकल मुआयना किया गया है। आरोपी बाबा की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम गठित कर दी गई है। जल्द ही सलाखों के पीछे होगा।

## जनता की भलाई व सेवा असली पूजा व धर्मः अंजनी सिंह


सैयदराजा में आयोजित नेत्र शिविर में उपस्थित अंजनी सिंह।

**सैयदराजा।** वार्ड नंबर 10 अबुल कलाम नगर में निःशुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन कैम्प का आयोजन कराया, जिसमें डा.निशांत सिंह आनंद नेत्रायलय के सौजन्य से कई दर्जनों मरीजों का निःशुल्क नेत्र परीक्षण किया गया। इस दौरान जिला पंचायत सदस्य अंजनी सिंह ने कहा कि समाजसेवा मेरे जीवन की प्राथमिकता और उद्देश्य है। जीवन के अंतिम क्षण तक जरूरतमंद व समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति की मदद के लिए तत्पर रहूंगा। उन्होंने कहा कि मेरा मानना है कि जन्म से लेकर मृत्यु तक पूरी जिंदगी सर्व समाज के प्रति सद्भाव जनमानस के संग मानवतापूर्ण सोच एवं व्यवहार के साथ जरूरतमंद लोगों की सेवा मदद का कार्य करता रहूंगा। इस मौके पर बीपी शुगर हार्ट की समस्या से ग्रसित मरीजों को जरूरी चिकित्सकीय सलाह मशविरा दिया गया। आपरेशन के लिए इच्छुक चौदह मरीजों को ऑपरेशन के लिए आनंद नेत्रालय भेजा गया। इस मौके पर कैंप आयोजन में हमारे सहयोगी युवा समाज सेवी नासिर जमाल नवयुवक जन सेवा समिति के अध्यक्ष अंकित जायसवाल नौशाद अली,फैयाज अंसारी, निजामुद्दीन अंसारी, इस्माइल अंसारी व इबरार अंसारी सहित अन्य सहयोगी युवा साथ उपस्थित रहे।

























# स्पोर्ट्स

### सानिया और बेथानी आबूधाबी ओपन से बाहर हुई

**अबुधाबी।** भारत की सानिया मिर्जा और उनकी जोड़ीदार अमरीका की बेथानी माटेक सैंड्स अबुधाबी ओपन टेनिस के महिला युगल मुकाबले में हार के साथ ही बाहर हो गयी हैं। सानिया और बेथानी को पहले ही दौर में बेल्जियम की क्रिस्टीन फ्लिपकेंस और जर्मनी की लौरा सीजमंड ने एक घंटे से अधिक समय तक चले संघर्ष के बाद 3-6, 4-6 से हराया।

सानिया अब अपने करियर का अंतिम टूर्नामेंट 19 फरवरी से दुबई ओपन खेलेंगी। सानिया ने पहले ही घोषणा कर दी थी कि दुबई टेनिस चैम्पियनशिप के बाद वह खेल को अलविदा कह देंगी।

सानिया इससे पहले अपने अंतिम ग्रैंडस्लैम ऑस्ट्रेलियाई ओपन के मिश्रित युगल में रोहन बोपन्ना के साथ उपविजेता रहीं थीं।

## ऑस्ट्रेलियाई टी20 टीम के कप्तान फिंच ने खेल को कहा अलविदा



**सिडनी।** ऑस्ट्रेलियाई विश्व विजेता टी20 क्रिकेट टीम के कप्तान आरोन फिंच ने खेल के सभी प्रारुपों से संन्यास ले लिया है। 36 वर्षीय फिंच साल 2015 में आईसीसी पुरुष एकदिवसीय क्रिकेट विश्व कप विजेता टीम में भी शामिल रहे थे। वहीं साल 2021 में टी20 विश्व कप विजेता टीम के वह कप्तान थे। खेल से संन्यास की घोषणा करते हुए फिंच ने कहा कि उन्होंने यह फैसला इसलिए किया है क्योंकि बढ़ती उम्र के कारण वह अगले विश्वकप तक नहीं खेल पायेंगे। इसलिए मैंने सोचा कि यह सही समय है जब मैं पद छोड़ सकता हूं ताकि टीम को योजना बनाने का समय मिल सके।

इसके साथ ही फिंच ने अपने परिवार और प्रशंसकों विशेष रूप से पत्नी एमी, टीम के साथियों, क्रिकेट क्लब विक्टोरिया, क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया और ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर्स असोसिएशन को सहयोग के लिए धन्यवाद। परिवार के प्रति आभार जताते हुए कहा कि मुझे उस खेल को खेलने की अनुमति दी जो मुझे पसंद है। इसके साथ ही मैं उन सभी प्रशंसकों को बहुत-बहुत धन्यवाद देना चाहता हूं जिन्होंने मेरे पूरे अंतरराष्ट्रीय करियर में मेरा समर्थन किया। इस क्रिकेटर ने कहा, साल 2021 में टी20 विश्व कप की पहली जीत और 2015 में घरेलू धरती पर एकदिवसीय विश्व कप जीत हमेशा ही मेरे लिए यादगार पल रहेंगे। साथ ही कहा कि करीब 12 वर्षों तक ऑस्ट्रेलिया की ओर से दिग्गज खिलाड़ियों के साथ खेलना एक बड़ा सम्मान रहा है। गौरतलब है कि फिंच टी20 अंतरराष्ट्रीय में ऑस्ट्रेलिया की ओर से सबसे अधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज हैं। उन्होंने 34.28 रन की औसत और 142.53 के स्ट्राइक-रेट से इस सबसे छोटे प्रारुप में 3120 रन बनाए हैं। साल 2018 में जिम्बाब्वे के खिलाफ उन्होंने सबसे अधिक 172 रन बनाये थे , यह रिकार्ड आज भी कायम है। इस क्रिकेटर ने एकदिवसीय क्रिकेट से पहले ही संन्यास ले लिया था।


## जीवन पर्यन्त शिक्षा देने का काम करता है शिक्षकः आनन्द

**चंदौली।** उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ जनपद चंदौली की बैठक पूर्व माध्यमिक विद्यालय सदर चंदौली में आहूत की गई, जिसमें शिक्षक समस्याओं को ध्यान में रखते हुए उसके निराकरण के लिए सक्षम अधिकारियों से वार्ता किया गया। इसके उपरांत कंपोजिट विद्यालय हृदयपुर चहनियां के नंद कुमार शर्मा को राज्य शिक्षक सम्मान से सम्मानित किए जाने पर उन्हें बधाई दी। जिलाध्यक्ष आनंद कुमार पांडेय के नेतृत्व में उन्हें अंगवस्त्रम, स्मृति चिन्ह एवं माला पहनाकर उन्हें सम्मानित किया। कहा कि शिक्षक जीवन पर्यंत शिक्षा देने का कार्य करता है और उसका फल आने वाले समय में दिखाई देता है। नंद कुमार शर्मा जी बहुत ही निष्ठा के साथ अपने कार्य के प्रति समर्पित रहे। आदर्श शिक्षक बलराम पाठक ने कहा शिक्षक राष्ट्र निमार्ता होता है इसलिए बच्चों को अच्छे संस्कार अच्छी शिक्षा आचार व्यवहार से अलंकृत करते हुए उसे कुशल नागरिक बनाने के लिए प्रयास करना चाहिए तभी हम सबका अपने कार्यों के प्रति सच्ची सेवा होगी। शशिकांत ने विद्यालयों में समय का ध्यान रखते हुए अपने कार्यों एवं दायित्वों का निर्वहन हमें समय के साथ करना चाहिए जिससे विद्यालय परिवेश अच्छा बना रहेगा। मंत्री सुनील ने कहा कि संगठन अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए शिक्षक हित में हमेशा समर्पित रहेगा। इस अवसर पर धनंजय सिंह, अजीत सिंह, अच्युतानंद त्रिपाठी, लक्ष्मीकांत त्रिपाठी, संतोष कुमार त्रिपाठी, राजकुमार गुप्ता, हिमांशु तिवारी, सरोज उपाध्याय, जितेंद्र सिंह, अनिल कुमार मौर्य, गोपाल खरवार, संजय राम आदि रहे।



## बॉलीवुड न्यूज

### ऋषभ शेट्टी ने किया फिल्म के कांतारा-2 का ऐलान



**मुंबई।** होम्बले फिल्म की 'कांतारा' ने असल मायने में लोगों के दिलों को छुआ है और फिल्म की जबरदस्त सफलता इस बात की गवाही है। महज 16 करोड़ के बजट में बनी इस फिल्म न सिर्फ बॉक्स ऑफिस पर 450 करोड़ की भारी भरकम कमाई की, बल्कि इस फिल्म को बॉलीवुड सेलिब्रिटी से लेकर अलग अलग जगत की कई जानी मानी हस्तियों ने साराह और तारीफ की। यही नही कांतारा 2022 की एक धमाकेदार ब्लॉकबस्टर के रूप में उभरी और साल की सबसे बड़ी फिल्म बनकर अपनी सफलता की नई मिसाल कायम की। जबकि दर्शक अब भी कांतारा को लेकर पूरे जोश में हैं, इसके सीक्वल की अफवाहें भी चारों ओर छाई हुई थी, जिससे दर्शकों का उत्साह अगले लेवल तक बढ़ गया। फिल्म को मिली शानदार सफलता के बाद दर्शक इसके सीक्वल की घोषणा का इंतजार कर रहे थे और अब आखिरकार निर्माताओं ने फिल्म के सीक्वल का एलान कर दिया है। हाल ही में कांतारा ने 100 दिन पूरे किए हैं और फिल्म के इस उल्लेखनीय सफर को मार्क करते हुए फिल्म की टीम ने इसे सेलिब्रेट किया। इसी खास मौके पर फिल्म के लेखक, अभिनेता और निर्देशक ऋषभ शेट्टी कांतारा के सीक्वल के बारे में बोलते नजर आए। उन्होंने कहा कि हम बहुत खुश और उन दर्शकों के लिए आभारी हैं जिन्होंने कांतारा को अपार प्यार और समर्थन दिया और इस सफर को आगे बढ़ाया, सर्वशक्तिमान देव के आशीर्वाद से फिल्म ने सफलतापूर्वक 100 दिन पूरे कर लिए हैं और मैं इस खास मौके पर कांतारा के प्रीक्वल की घोषणा कर रहा हूं। आपने जो देखा है वह वास्तव में पार्ट 2 है, पार्ट 1 अगले साल आएगा। जब मैं कांतारा की शूटिंग कर रहा था तो यह विचार मेरे दिमाग में आया क्योंकि कांतारा के इतिहास में इसकी गहराई अधिक है, और जहां तक राइटिंग पार्ट की बात करें, तो फिलहाल हम उस पर और ज्यादा काम कर रहे हैं। क्योंकि रिसर्च अब भी जारी है, इसलिए फिल्म की डिटेल के बारे में कुछ भी खुलासा करना बहुत जल्दबाजी होगी।

### अलीबाबा चैप्टर 2 दमदार कहानी से दर्शकों को बांधा



इंदौर। सोनी सब के पारिवारिक मनोरंजक शो अलीबाबा- एक अंदाज अनदेखा : चैप्टर 2 ने अपनी दमदार कहानी से दर्शकों को बांध रखा है। हालिया एपिसोड्स में, हमने देखा कि सिमसिम (सायंतनी घोष) के बारे में पता लगाने के लिये अली (अभिषेक निगम) ने पहाड़ों का रुख किया है। दूसरी ओर, अली को पता है कि इबलिस सिमसिम की कमजोरी है और वह हर तरह से इबलिस को नुकसान पहुंचाने की कोशिश कर रहा है, ताकि सिमसिम आखिरकार अपनी पहचान का खुलासा कर दे। दूसरी ओर, सिमसिम अपने पत्ते फेंक रही है और इबलिस को परवाज के चंगुल से बचाने और वापस अपनी गुफा में ले जाने की कोशिश कर रही है। सिमसिम अपने एक जीनी के साथ एक सौदा करती है और आखिरकार यह पता लगाने का रास्ता ढूंढ लेती है कि इबलिस के साथ क्या हुआ था। अभिषेक निगम, जोकि अली का किरदार निभा रहे हैं, ने कहा, इस सप्ताह अलीबाबा-एक अंदाज अनदेखा : चैप्टर 2 में दर्शकों को कुछ मजेदार सीक्वेंस देखने को मिलेंगे। अली को धीरे-धीरे सिमसिम का सच पता चल रहा है और वह हर कदम फूंक-फूंक कर रख रहा है। ये एपिसोड्स दर्शकों को यह अंदाजा लगाने पर मजबूर करेंगे कि अली वास्तव में करने क्या वाला है या क्या वह सिमसिम की दुष्ट चाल में फंस जायेगा?

## संक्षेप

### किसानों की समस्या को लेकर एडीएम से मिला प्रतिनिधिमंडल

**चंदौली।** राष्ट्रीय लोक दल का प्रतिनिधिमंडल काशी प्रांत अध्यक्ष समरनाथ सिंह यादव के नेतृत्व में अपर जिलाधिकारी उमेश कुमार मिश्रा से मिला। इस दौरान कलेक्ट्रेट में मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार के नाम का मांग पत्र सौंपा। मांग किया कि पिछले वर्ष थे तो आपने सितंबर में ही गन्ने का भाव घोषित कर दिया था। इस वर्ष गन्ने का सीजन तीन माह निकल गया, अभी तक भाव घोषित नहीं हुआ। हम किसान अपनी फसल का मूल्य बिना जाने मिल को दे रहा हूं। बड़ी असमंजस की स्थिति है व आवारा पशु हमारी फसलों को नष्ट कर दे रहे हैं और हमला करके घायल और जान ले रहे है। अपनी जान पर खेलकर फसल पैदा कर रहे है। बुनियादी समस्याओं पर आप द्वारा ध्यान नहीं दिया जा रहा है। महंगाई बेरोजगारी अपराध भ्रष्टाचार दिन पर दिन बढ़ता जा रहा है। आमजन वह किसान परेशान है तत्काल निदान किया जाए। कहा कि सरकार ने चुनाव में जो वादा किया है उसे पूरा किया जाए प्रतिनिधिमंडल में समरनाथ सिंह यादव, शिव कुमार पटेल, भागवत नारायण चौरसिया, मदन कुमार यादव, कैलाश विश्वकर्मा थे।

### अधिवक्ताओं ने चैंबर निर्माण के लिए सौंपा ज्ञापन

**सकलडीहा।** यूपी बार काउंसिल के आवाहन पर सकलडीहा तहसील के अधिवक्ताओं ने विभिन्न मांगों के समर्थन में मंगलवार को काली पट्टीबांध कर विरोध जताया। अपनी छह सूत्री मांग पत्र मुख्यमंत्री के नाम से एसडीएम मनोज पाठक व सीओ राजेश कुमार राय को सौपा। अधिवक्ताओं ने पांच लाख का मुफ्त चिकित्सा बीमा अथवा आयुष्मान कार्ड बनाने की मांग किया। अधिवक्ता कल्याण निधि न्यास समिति लखनऊ में अधिवक्तओं के लंबित दावों का यथाशीघ्र भुगतान कराने व जिले व तहसील पर अधिवक्ता चेंबर बनाने और अधिवक्ता व पत्रकार की मृत्यु पर एक समान धनराशी देने की मांग किया। इसके साथ ही 60 वर्ष आयु के अधिवक्ताओं को पेंशन व एडवोकेट प्रोक्टेशन लागू कराने की मांग को पत्रक सौपा। इस मौके पर बार अध्यक्ष अशोक कुमार मिश्रा,शिव कुमार सिंह, राम अवध यादव, नितिन तिवारी, पंकज सिंह, मनोज पांडेय, अभय मौर्य, अरुण कुमार, अजय सिंह, संतोष सिंह, राजकुमार सिंह, आनंद सिंह, दुर्गेश सिंह, आशुतोष सिंह, सुरेश यादव, डीपी सैनी, राजेश पाल मौजूद रहे।

### पूर्व सैनिकों ने की कार्यालय व विश्रामगृह निर्माण की मांग

**चंदौली।** जिला सैनिक बंधु की बैठक जिलाधिकारी श्रीमती ईशा दुहन के निर्देशन में अपर जिलाधिकारी उमेश कुमार मिश्र की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक की कार्यवाही कर्नल हृदेश कुमार चैधरी जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी चंदौली द्वारा शुरू की गई। बैठक में आये हुए पूर्व सैनिकों से पेंशन, चिकित्सा, आर्थिक अनुदान, बैंक ऋण, पुलिस सुरक्षा, जमीन सम्बंधी समस्याओं पर चर्चा की गई। जिस पर अपर जिलाधिकारी ने व्यक्तिगत बात कर समस्याएं सुनी तथा समस्याओं के निस्तारण हेतु सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया। सभी पूर्व सैनिकों ने अपर जिलाधिकारी को सैनिक कार्यालय एवं विश्रामगृह निर्माण के लिये भूमि आवंटन हेतु निवेदन किया, जिसपर अपर जिलाधिकारी ने जल्द से जल्द कार्यवाही करने का आश्वासन दिया। बैठक में आये हुए सभी पूर्व सैनिकों व उनके आश्रितों को अपनी अपनी समस्या से सम्बन्धित पत्र अपर जिलाधिकारी को दिया। जिस पर अपर जिलाधिकारी ने संबंधित विभाग को आवश्यक कार्यवाही करने हेतु निर्देशित करते हुए कहा कि मौके पर जाकर स्थलीय निरीक्षण करें और निष्पक्षता से शत प्रतिशत निस्तारण करे। इस दौरान मुख्य कोषाधिकारी, पुलिस क्षेत्राधिकारी, सैनिक कल्याण अधिकारी, कर्मचारी भूतपूर्व सैनिक, आश्रित उपस्थित रहे।

### हिण्डाल्को एचआर हेड ने सफाई कर्मियों संग मनाया अपना जन्मदिन

**रेणुकूट।** हिण्डाल्को क्लस्टर के एच.आर. हेड जसबीर सिंह ने अपना जन्मदिन सफाई कर्मियों एवं अन्य कर्मचारियों के साथ मनाया। एच.आर. विभाग के लॉन में बहुत ही सादे समारोह में संस्थान में कार्यरत सफाई कर्मियों को वैल्यूज मंथ कार्यक्रम के तहत सम्मानित करते हुए जसबीर सिंह ने केक काट कर अपना जन्मदिन मनाया। हिण्डाल्को क्लस्टर के मुखिया एन. नागेश ने गुलदस्ता भेंट कर जसबीर सिंह को जन्मदिन की बधाई दी। संस्थान के इतने बड़े अधिकारी का जन्मदिन अपने बीच मनाये जाने पर सफाईकर्मी गौरवान्वित थे। जसबीर सिंह ने कहा कि आप सभी के साथ मनाया गया यह मेरा जन्मदिन मेरे लिए बहुत ही यादगार रहेगा और यह मुझे समाज के लिए कुछ न कुछ करते रहने की प्रेरणा देता रहेगा। कार्यक्रम के समापन पर सभी सफाई कर्मियों ने केक एवं अल्पाहार का आनंद उठाया।



### यात्री सुविधाओं में बाबतपुर एयरपोर्ट प्रथम

बाबतपुर। वाराणसी का लालबहादुर शास्त्री अंतराष्ट्रीय हवाई अड्डे को देश के 13 हवाई अड्डे में प्रथम स्थान मिला है। जबकि अंतराष्ट्रीय स्तर पर 38 वा स्थान प्राप्त हुआ है। ये रैंकिंग हवाई अड्डे को यात्रियों को बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने के मामले में दी गई है। यात्रियों को अच्छी और बेहतर सुविधाएं देने के चलते वाराणसी हवाई अड्डे को देश में प्रथम स्थान मिला है। गौरतलब है कि देश के 13 हवाई अड्डे का सर्वे किया गया था, जिसमें 4.96 रेटिंग के साथ वाराणसी हवाई अड्डे ने प्रथम स्थान हासिल किया है।सर्वे के आधार पर रिपोर्ट में 4.96 रेटिंग के साथ वाराणसी को प्रथम स्थान मिला है. जबकि दूसरे नंबर पर इंदौर हवाई अड्डे को शामिल किया गया है। निदेशक आर्याम सान्याल ने बताया है कि यात्रियों को बेहतर सुविधा देने की पूरी कोशिश लगातार एयरपोर्ट अथॉरिटी की तरफ से की जा रही है. एयरपोर्ट काउंसिल इंटरनेशनल की तरफ से एयरपोर्ट सर्विस क्वालिटी को लेकर यह सर्वे कराया गया था। इसके पहले भी सर्वे में 2020 में वाराणसी को पहला स्थान मिल चुका है। लेकिन इस वर्ष वाराणसी एयरपोर्ट को एक बार फिर इस सर्वे में पहला स्थान मिला है। सर्वे के दौरान यात्रियों को दी जाने वाली सुविधाओं के लिए उन्हीं से प्रतिक्रिया ली गई थी। इसमें हवाई अड्डे पर मिलने वाली तमाम सुविधाओं को जोड़ा गया था जिसमें पार्किंग शुल्क से लेकर सुरक्षा व्यवस्था और अन्य सुविधाएं शामिल की गई थी।

### जवाहर नवोदय में प्रवेश के लिए आवेदन तिथि बढ़ी

**पिंडरा।** जवाहर नवोदय विद्यालय गजोखर में कक्षा छह में सत्र 2022 -23 के लिए प्रवेश परीक्षा आगामी 29 अप्रैल को होगा। ऑनलाइन फॉर्म जमा करने की तिथि अब आठ फरवरी के बजाय 15 फरवरी कर दी गई है। दूसरी बार यह तिथि बढ़ाई गई। प्राचार्य पीके सिंह ने बताया कि कक्षा छह में प्रवेश के लिए प्रवेश फॉर्म भरने की पहले अंतिम तिथि 31 जनवरी थी। बाद आठ फरवरी की गई थी अब नवोदय विद्यालय समिति द्वारा उसे दूसरी बार बढ़ाकर 15 फरवरी कर दी गई है। परीक्षा की तिथि 29 अप्रैल 2023 है।

## मिनी स्टेडियम के लिए दंडवत यात्रा विधायक आवास पहुंचे खिलाड़ी

**आश्वासन**

**विधायक का भरोसा, विधानसभा में मामले को उठाने का होगा काम**

**डीडीयू नगर।** स्पोर्ट्स एसोसिएशन आफ चंदौली के नेतृत्व में मंगलवार को मिनी स्टेडियम निर्माण को लेकर खिलाड़ियों के साथ पदयात्रा निकली गई। इस दौरान संस्था के प्रमुख कुमार नन्द ने सकलडीहा रोड अलीनगर बिछड़ी हनुमान मंदिर से दंडवत यात्रा कर मुगलसराय विधायक रमेश जायसवाल के आवास पर पहुंचे और मांग पत्र दिया। दंडवत यात्रा के दौरान जिले के खेल पदाधिकारी के साथ सैकड़ो की संख्या खिलाड़ी अलीनगर सकलडीहा मोड़ से पैदल यात्रा निकाल कर नगर जीटी रोड होते हुए गल्लामंडी स्थित विधायक आवास पहुंचे। यात्रा के दौरान वार्ड 25 के सभासद राजेश जायसवाल ने दंडवत यात्रा कर रहे कुमार नंद का माल्यार्पण कर स्वागत किया। साथ ही सभी खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया। पत्रक देते हुए कुमार नंद ने कहा कि मिनी स्टेडियम बनाने की मांग हम लोग कई साल से कर रहे है। लेकिन हम नगर के जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों से सिर्फ आश्वासन ही मिला है। चंदौली जिले में ऐसे कई खिलाड़ी है जो खेलो में मेडल जीतकर जिले का नाम किया है।

बावजूद खिलाड़ियों को कोई सुविधा और खेलने के लिये स्टेडियम नहीं मिला पाया। जिसको लेकर आज हम लोग एक बार फिर मुगलसराय विधायक को पत्रक दिया है। मुगलसराय विधायक रमेश जायसवाल ने कहा कि आपकी समस्याओं का निस्तारण जरूर किया जायेगा। मिनी स्टेडियम को लेकर मुख्यमंत्री और चन्दौली डॉ सांसद महेन्द्र नाथ पांडेय को पहले भी अवगत कराया था कि जिले में एक स्टेडियम बनना चाहिए। एक बार फिर आप की मांगों को विधानसभा में इस मुद्दे को उठाऊंगा। कोशिश करूंगा कि जल्द जल्द जिले में एक स्टेडियम बनाया जाय।



डीडीयू नगर में खिलाड़ियों की मांग से अवगत होते विधायक रमेश जायसवाल।

## रेल मंत्री कैंट स्टेशन को देंगे राजभाषा शील्ड

जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** लखनऊ मंडल के कैंट स्टेशन (वाराणसी जंक्शन) को आगामी समय में रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव की ओर से आदर्श स्टेशन के रुप में राजभाषा शील्ड तथा पुरस्कार दिया जायेगा। रेलवे बोर्ड की से इस बात की जानकारी मिलने के बाद स्टेशन के अधिकारियों में खुशी है, स्टेशन निदेशक गौरव दीक्षित ने बताया कि काम के रूप में ही आपको स्थान मिलता है, इस बात की खुशी है कि वाराणसी जंक्शन को आदर्श स्टेशन के रुप में चिन्हित किया गया है।



### क्या है राजभाषा शील्ड पुरस्कार

राजभाषा हिंदी के प्रयोग प्रसार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से क, ख व ग क्षेत्रों में स्थित रेल मुख्यालयों, उत्पादन इकाइयों, मंडलों, स्टेशनों, कारखानों, उपक्रमों तथा केंद्रीय प्रशिक्षण संस्थानों में हिंदी का सर्वाधिक एवं उत्कृष्ट कार्य करने पर रेलमंत्री राजभाषा शील्ड/ ट्रॉफी तथा चल वैजयंती पुरस्कार योजना लागू है।

इस योजना के अंतर्गत हिंदी में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए चयनित संस्थान को रेलमंत्री राजभाषा शील्ड तथा साथ में 14,000 का नकद पुरस्कार प्रदान किया जाता है।

## पीडब्ल्यूडी कर्मियों का कलमबंद हड़ताल जारी

**वाराणसी।** लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) के वरुणापुल स्थित कार्यालय के समस्त खंडों में कार्यरत खंडीय सहायकों द्वारा मंगलवार को अपने कार्यालय में उपस्थित पंजिका पर हस्ताक्षर कर कार्य बहिष्कार (कलम बंद हड़ताल) किया गया। उत्तर प्रदेश, लोक निर्माण विभाग, मिनिस्टीरियल एसोसिएशन के क्षेत्रीय अध्यक्ष विनय कुमार गौतम ने बताया कि यह हड़ताल समस्याओं के निराकरण न होने तक पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार चलता रहेगा। इस दौरान जिला अध्यक्ष जितेंद्र कुमार श्रीवास्तव, जिला मंत्री शैलेश कुमार के साथ एचएन भट्टाचार्य, शिव शंकर यादव, अनिल श्रीवास्तव, मोहन लाल, पूजा श्रीवास्तव, शैलेश कुमार, संजय तिवारी, विमलेश कुमार, शशांक रंजन श्रीवास्तव, मनीष कुमार आदि मौजूद रहे।

## आध्यात्म और दर्शनशास्त्र पर नौवां विश्व सम्मेलन कल से

**बैठक**

**माईर्स एमआईटी वर्ल्ड पीस युनिवर्सिटी पुणे की ओर से श्री काशी विश्वनाथ कॉरिडोर में होगा आयोजन, 11 तक चलेगा**

**वाराणसी।** ज्ञान विज्ञान, अध्यात्म और दर्शनशास्त्र पर 9वां विश्व सम्मेलन नौ फरवरी से काशी विश्वनाथ कॉरिडोर में शुरू हो रहा है। जो 11 फरवरी तक चलेगा। आयोजन में विभिन्न देशों के दार्शनिक, वैज्ञानिक, बुद्धिजीवी, पर्यावरणविद अपने विचार प्रस्तुत करेंगे। 21 वीं सदी में भारत ज्ञान और विश्व गुरू के रूप में उभरेगा, साथ ही पूरे विश्व को सुख, समाधान और शांति का मार्ग दिखाएगा। स्वामी विवेकानंद की इस भविष्यवाणी को पूरा करने के लिए एमआईटी वर्ल्ड पीस युनिवर्सिटी, पुणे भारत द्वारा नौ से 11 फरवरी को नवनिर्मित श्री काशी विश्वनाथ धाम कॉरिडोर में विज्ञान, धर्म, अध्यात्म और दर्शन की 9वीं संसद का आयोजन किया गया है। उक्त बातें मंगलवार को कैंटोमेंट स्थित एक निजी होटल में आयोजित प्रेसवार्ता के दौरान एमआईटी के कुलपति डॉ. विश्वनाथ कराड ने बताई। बताया कि पुणे की एमआईटी वर्ल्ड पीस युनिवर्सिटी द्वारा वैश्विक संसद का आयोजन किया जा रहा है, विश्व शांति को बढ़ावा देने और मानवता के प्रसार के लिए युनिवर्सिटी द्वारा कई गतिविधियां अनेक वर्षों से की गई हैं। उन्हीं में से एक काशी बनारस में नियोजित विश्व सम्मेलन है। युनिवर्सिटी द्वारा संत श्री ज्ञानेश्वर माऊली की 700वीं संजीवन समाधि को लेकर 1996 में संत, वैज्ञानिकों और दार्शनिकों का पहला विश्व दार्शनिक सम्मेलन हुआ। 1998 में स्विट्जरलैंड के जिनेवा में दूसरा विश्व दार्शनिक सम्मेलन हुआ, ऐसे आज तक 8 ऐतिहासिक विश्व ज्ञान विज्ञान, अध्यात्म और दार्शनिक सम्मेलनों का आयोजन किया गया। सम्मेलन में विभिन्न विषयों पर 10 सत्रों का आयोजन किया जाएगा। प्रेसवार्ता में पंडित योगेंद्र मिश्रा, डॉ. मिलिंद पांडेय, डॉ. मुकेश शर्मा और डॉ. संजय आदि मौजूद रहे।



## रात में गर्ल्स हॉस्टल से लाइब्रेरी जाने की उठी मांग

**सौंपा पत्रक**

**बीएचयू की छात्राएं बोलीं-लाइब्रेरी में नाइट स्टडी की मिले छूट**

**वाराणसी।** बीएचूय की छात्राओं ने देर रात लाइब्रेरी में पढ़ने की मांग उठाई। छात्राओं ने कहा कि उन्हें पूरी रात लाइब्रेरी में पढ़ने की छूट है। मगर, गर्ल्स हॉस्टल से बाहर निकलने की अनुमति ही नहीं है। ऐसे में लाइब्रेरी की तरफ से दी गई नाइट स्टडी सुविधा का क्या फायदा होगा। छात्राओं ने सवाल किया, 'हमें हॉस्टल में कैद क्यों रखा जाता है, क्या रात में पढ़ाई करना केवल लड़कों का अधिकार है?' इस बात को लेकर छात्राओं के प्रतिनिधिमंडल ने चीफ प्रॉक्टर प्रो. अभिमन्यु सिंह से भी मुलाकात की और पत्रक सौंपा। छात्राओं ने प्रो. सिंह को ज्ञापन देते हुए महिला सुरक्षा और सुविधाएं बढ़ाने की मांग की गई। छात्राओं ने हॉस्टल से बाहर निकलने की अनुमति मिलने के साथ डीजे पर शोर-शराबे को लेकर भी आपत्ति जताई। कहा कि इससे उनकी पढ़ाई-लिखाई में बाधा आती है। इस पर रोक के लिए तत्काल कार्रवाई की जाए। छात्राओं ने कहा कि बीएचयू प्रशासन को जरूरत पड़े, तो जिला प्रशासन से संवाद करे। छात्राओं ने चीफ प्रॉक्टर से कैंपस बस सर्विस की टाइमिंग बढ़ाने और बसों की संख्या बढ़ाने की बात कही। इससे छात्रों को आने-जाने में सुविधा होगी। इससे सुरक्षा भी सुनिश्चित हो पाएगी। उन्होंने परिसर में हो रही छेड़खानी की घटनाओं पर रोष व्यक्त करते हुए कड़े कदम उठाने की मांग की। प्रतिनिधिमंडल में मानसी शुक्ला, खुशी सिंह, श्रेया शुक्ला, शिवांगी शुक्ला, शिवांगी यादव, पूजा कुमारी, सारिका, चंदन मेहता, अनीक देव सिंह आदि शामिल रहे।



चीफ प्रॉक्टर को पत्रक देती छात्राएं


## भारत में कोरोना संक्रमण 17 गुना ज्यादा

**दावा**

**बीएचयू के वैज्ञानिकों ने किया अध्ययन, कहा वास्तविक मामले कहीं ज्यादा**

जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** आधिकारिक आकंडों के अनुसार भारत में अब तक 4.5 करोड़ आबादी कोरोना से संक्रमित हुई है। हालांकि, बीएचयू वैज्ञानिकों ने वैज्ञानिक अध्ययन में दावा किया गया है कि देश में वास्तविक कोरोना संक्रमण संभवतः 17 गुना अधिक रहा होगा। बीएचयू के जीन विज्ञानी प्रो. ज्ञानेश्वर चौबे के नेतृत्व में हुए इस अध्ययन में देश भर के 34 शोध संस्थानों के 88 वैज्ञानिक शामिल थे। वैज्ञानिकों की टीम ने सितंबर-दिसंबर 2020 के महीने के दौरान छह राज्यों के 14 जिलों के शहरी क्षेत्र में 2301 व्यक्तियों के बीच सेरोसर्वे (एंटीबॉडी परीक्षण) किया। इस अध्ययन का सबसे महत्वपूर्ण पहलू यह था कि भारतीय आबादी का एक बड़ा हिस्सा कोविड संक्रमण के लिए एसिमप्टोमैटिक था और 26-35 आयु वर्ग में एसिमप्टोमैटिक लोगों की अधिकतम संख्या थी। किसी भी कोरोना लहर के बाद लोगों में एंटीबाडी की जांच वास्तविक संक्रमण का सटीक आंकलन करता है। इसी प्रक्रिया वैज्ञानिकों ने अपनाया। छत्तीसगढ़ राज्य के रायपुर जिले में एंटीबॉडी-पॉजिटिव लोगों का न्यूनतम अनुपात देखा गया। जबकि एंटीबॉडी-पॉजिटिव व्यक्तियों का अधिकतम अनुपात उत्तर प्रदेश के गाजीपुर जिले में पाया गया। प्रो. चौबे ने कहा कि अध्ययन के नतीजों को सावधानीपूर्वक समझने की आवश्यकता है, क्योंकि यह एक सीमित भौगोलिक क्षेत्र पर ही आधारित है।



# दवा व्यवसायी हत्या व लूटकांड का एक आरोपित चढ़ा एसटीएफ नोएडा के हत्थे

जनसंदेश न्यूज

**कसा शिकंजा**

**वर्ष 2014 में हुये भीषण कांड से पूरा नगर आ गया था दहशत में**

**परिवार के सभी सदस्यों को मरणासन्न कर लूट ले गये थे जेवर व नकदी**

**दो लोगों की हुई थी हत्या, परिवार को न्याय की जगी आस**

**शाहगंज।** बाबरिया गैंग के दो अपराधियों की मुठभेड़ के बाद गिरफ्तारी के चलते नगर में हुये वर्षों पूर्व बेहद दर्दनाक हादसे की याद ताजा कर दिया। नगर के बहुचर्चित कच्छा बनियान गिरोह ने लूट के बाद दो-दो हत्याओं को अंजाम दिया था। घटना में संलिप्त बग्गा उर्फ शहादत उर्फ मुन्ना को मथुरा जनपद के सुरीर थाना क्षेत्र में एसटीएफ नोएडा ने मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया है। इससे पूर्व यह लखनऊ के मड़ियांव थाना क्षेत्र में लखनऊ एसटीएफ ने गिरफ्तार किया था लेकिन फर्जी जमानतदार खड़ा कर लखनऊ जेल से रिहा हो फरार हो गया। तबसे एसटीएफ तलाश कर रही थी। पचास हजार रुपये का इनामी बदमाश पुनः नोएडा एसटीएफ के चंगुल में फंसा है।

बताते हैं कि वर्ष 2014 को 23-24 अप्रैल की रात दवा व्यवसायी के घर आफत बन टूटा कच्छा बनियान गिरोह द्वारा घर में सो रहे पूरे परिवार को मरणासन्न कर लूटपाट किया गया। घटना में व्यवसायी की पत्नी व पुत्री को जान गंवानी पड़ी।

मालूम रहे खुटहन रोड निवासी दवा व्यवसायी धीरज सिंह के परिवार को गिरोह ने निशाना बनाया था। गिरोह के सदस्यों ने आधी रात को सोने के दौरान परिवार पर लाठी डंडे व लोहे की राड से प्रहार कर मरणासन्न कर लूटपाट किया। उस दौरान धीरज सिंह, पत्नी सुमन सिंह, पुत्री स्वाति सिंह, भाई विवेक सिंह, भयोहू रेनू सिंह, भतिजा अंकुर सिंह घर पर थे। लुटेरों द्वारा किये गये कांड से मरणासन्न पूरा परिवार हास्पिटल पहुंच गया।

उधर आरोपित किसी तरह पकड़ में आते हैं तो फर्जी जमानत दार खड़ा कर जेल से बाहर आ फरार हो जाते हैं। पीड़ित वादी रेनू सिंह ने नवागत पुलिस अधीक्षक डा. अजय पाल शर्मा से मांग की है कि इस बार ऐसा न होने पाये और बचे आरोपित भी जेल जाये तभी परिवार को आठ साल बाद न्याय मिल पायेगा। वहीं इस बावत प्रभारी निरीक्षक सदानन्द राय से जब पूछा गया तो उन्होंने कहाकि घटना की गम्भीरता को देखते हुए मथुरा जेल में बंद बग्गा को रिमांड पर लेने हेतु वारंट तलब कराया है।

# भारत की फार्मेसी दुनिया में सबसे बेहतर : प्रो. आयन दत्ता

जनसंदेश न्यूज



पूविवि में आयोजित कार्यशाला को सम्बोधित करती कुलपति प्रो. मौर्य

**कार्यशाला**

**रसायन विज्ञान शोध में कंप्यूटेशनल केमिस्ट्री की भूमिका महत्वपूर्ण : प्रो. निर्मला एस. मौर्य**

**मॉलिक्युलर डॉकिंग कोरोना वायरस के शोध में महत्वपूर्ण : डॉ. सुबन कुमार साहू**

**जौनपुर।** वीर बहादुर वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय परिसर स्थित प्रोफेसर राजेंद्र सिंह (रज्जू भैया) भौतिकीय विज्ञान अध्ययन एवं शोध संस्थान के रसायन विज्ञान विभाग द्वारा मॉलिक्यूलर मॉडलिंग एवं कंप्यूटेशनल केमिस्ट्री विषय पर दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।

उदघाटन सत्र के मुख्य अतिथि इण्डियन एसोसियेशन फॉर द कल्टिवेशन ऑफ साइन्स कोलकाता के प्रो. आयन दत्ता के अपने व्याख्यान में परमाणु और अणुओं के मध्य बनने वाले रसायनिक बंध के बारे में विस्तार से प्रकाश डाला। प्रो. दत्ता ने बताया कि वैज्ञानिक शोध ने भारत को फार्मेसी के दुनिया में भारत को स्थापित किया जिसके कारण आज भारत में औसत आयु लगभग सत्तर वर्ष हो चुकी है। प्रो. दत्ता ने हाइड्रोजन के बारे में चर्चा करते हुए बताया कि आने वाले समय में यह ऊर्जा का प्रमुख स्रोत होगा। उदघाटन सत्र की अध्यक्षता कर रहीं कुलपति प्रो. निर्मला एस. मौर्य ने कहा कि कंप्यूटेशनल केमिस्ट्री रसायन विज्ञान शोध में भूमिका महत्वपूर्ण निभा रहा है। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि इस तरह की कार्यशाला से शोधार्थियों को अपना शोध कार्य करने में मदद मिलेगी।

कार्यशाला के दूसरे सत्र को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान सूरत के डॉ. सुबन कुमार साहू ने मॉलिक्युलर डॉकिंग और उनके अनुप्रयोग पर प्रकाश डाला तथा मॉलिक्युलर डॉकिंग का प्रशिक्षण विद्यार्थियों को दिया। डॉ. साहू ने कोरोना वायरस के शोध में मॉलिक्युलर डॉकिंग की भूमिका पर चर्चा की। अतिथियों का स्वागत रसायन विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. प्रमोद कुमार ने किया। कार्यशाला का विषय प्रवर्तन संयोजक डॉ. अजीत सिंह ने किया। कार्यशाला का संचालन आयोजन सचिव नितेश जायसवाल ने किया।

धन्यवाद ज्ञापन प्रो. देवराज सिंह ने किया। इस अवसर पर के प्रो. अशोक श्रीवास्तव, प्रो. मानस पांडेय, प्रो. मिथिलेश सिंह, प्रो. रजनीश भास्कर, डॉ. प्रमोद कुमार यादव, डॉ. गिरिधर मिश्र, डॉ. राजकुमार, डॉ. मिथिलेश यादव, डॉ. दिनेश वर्मा, डॉ. श्रवण कुमार, डॉ. दीपक मौर्य, डॉ. सौरभ सिंह, शोधार्थी तथा बड़ी संख्या में छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

# प्रतिभा निखारने का साधन है प्रतियोगिता : कुलपति

**काव्य पाठ में अमृतान्शु कोलाज में आदित्य, पोस्टर में वत्साल्या अव्वल**

**जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय उत्तर प्रदेश राज्य स्थापना दिवस समारोह प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार वितरण कार्यक्रम इंजीनियरिंग के विश्वेश्वरैया हाल में किया गया। विश्वविद्यालय में 24 से 27 जनवरी तक उत्तर प्रदेश राज्य स्थापना दिवस मनाया गया। इसके अंतर्गत रंगोली काव्य पाठ, भाषण प्रतियोगिता, पोस्टर कोलाज एवं परंपरागत खेल में महिला व पुरुष में खो खो की प्रतियोगिता आयोजित की गयी। इसके तहत छात्रों को उत्तर प्रदेश की सांस्कृतिक विरासत इतिहास और प्रदेश की विभिन्न गतिविधियों से अवगत भी कराया गया 24 जनवरी को जिसके अंतर्गत राष्ट्रीय बालिका दिवस पर वर्कशॉप आयोजित किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करती हुई कुलपति प्रो. निर्मला एस. मौर्य ने कहा कि शासन की मंशा के अनुसार ये कार्यक्रम छात्रों की छिपी हुई प्रतिभा को निखारने व उन्हें एक अच्छा नागरिक बनाने के साथ साथ प्रदेश की उन्नति में सहयोग के लिए प्रेरित करेगा। जल संरक्षण कार्यक्रम कुलपति द्वारा किया गया। स्वागत भाषण कार्यक्रम संयोजक प्रो. प्रदीप कुमार ने किया। भाषण प्रतियोगिता प्रथम शरीयत फातमा, द्वितीय अंकित मिश्र, तृतीय आकांक्षा, काव्य पाठ में प्रथम अमृतान्शु, द्वितीय प्रणव सिंह, तृतीय आदित्य, कोलाज में प्रथम शुभम गुप्ता, द्वितीय आलिया एवं टीम तृतीय निधि यादव एवं पोस्टर में प्रथम वत्साल्या, द्वितीय तन्नु एवं अजहर, तृतीय अनन्या मिश्र, रङ्गोली में प्रथम विनीत तिवारी, ग्रुप द्वितीय ज्योति प्रजापति, ग्रुप तृतीय जुली मोदनवाल, ग्रुप खो खो महिला में प्रथम एमबीए एमएफसी व द्वितीय बायो टेक्नोलोजी खो खो पुरुष में बी फार्म व द्वितीय बी टेक को प्राप्त हुआ। आयोजन सचिव डॉ. विनय वर्मा, डॉ. मनोज पाण्डे, डॉ. अन्नु त्यागी ने की। धन्यवाद ज्ञापन मानस पांडेय ने किया। इस अवसर पर कुलसचिव महेंद्र कुमार, प्रो. बीबी तिवारी, प्रो. वंदना राय, प्रो. अशोक श्रीवास्तव, प्रो. रजनीश भास्कर, डा. रसिकेश, डॉ. सत्यम, डॉ. दीप सिंह आदि मौजूद थे।

# डकैती की योजना बना रहे पांच अंतर्जनपदीय लुटेरे गिरफ्तार

जनसंदेश न्यूज



गिरफ्तार लुटेरों के बारे में जानकारी देती पुलिस

**कामयाबी**

**मुंगराबादशाहपुर व मीरगंज पुलिस ने की संयुक्त कार्रवाई**

**कब्जे से अवैध तमंचा, कारतूस, चाकू, 13 एटीएम कार्ड, चोरी की दो बाइक के साथ नकदी बरामद**

**मुंगराबादशाहपुर।** पुलिस अधीक्षक डा. अजय पाल शर्मा द्वारा अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के तहत मुंगरा व मीरगंज पुलिस ने पांच शातिर लुटेरों को गिरफ्तार करने में बड़ी कामयाबी हासिल की है।

पुलिस द्वारा जारी विज्ञप्ति के मुताबिक थानाध्यक्ष विवेक कुमार तिवारी मय हमराह गरियांव रेलवे क्रासिंग के पास चेकिंग कर रहे थे कि थानाध्यक्ष मीरगंज बृजेश कुमार गुप्ता मय हमराह भी आ गये और अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम में बातचीत कर ही रहे थे कि मुखबिर से सूचना मिली कि कुछ शातिर अपराधी पवांरा जाने वाले मार्ग पर सुनसान जगह गरियांव के पास दो मोटरसाइकिल के साथ मौजूद हैं और किसी बड़ी घटना को अंजाम देने के फिराक में है।

इस सूचना पर पुलिस बल हिकमत अमली से नजदीक पहुंची तो जानकारी हुई कि वो पास में स्थित एक पेट्रोल पम्प पर डकैती की योजना बना रहे हैं। योजना बना रहे पांचों बदमाशों में मनीष सिंह पुत्र हवलदार सिंह निवासी ग्राम कोछियां थाना सुरियाँवा जनपद भदोही, दीपक यादव पुत्र रामधनी यादव निवासी ग्राम विलारी बरौत थाना हण्डिया जनपद प्रयागराज, रोहित गौड़ पुत्र गोपाल गौड़ निवासी ग्राम जमुनीपुरमोड़ थाना कोतवाली भदोही जनपद भदोही, प्रभाकर सिंह उर्फ आँशु पुत्र अनिल सिंह निवासी चमरुपुर नन्दवत थाना फुलपुर जनपद प्रयागराज, धर्मेन्द्र कुमार गौतम पुत्र सभाजीत गौतम निवासी ग्राम हरदुआ थाना दुर्गागंज जनपद भदोही को दबिश देकर गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने इनके पास से अवैध देशी तमंचा 315 बोर व एक जिन्दा कारतूस 315 बोर, दो चाकू, 13 एटीएम कार्ड, दो चोरी की मोटरसाइकिल, नकद 3210 रुपया भी बरामद किया।

पुलिस ने गिरफ्तार अभियुक्तों को संबंधित धारा में गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

इस संबंध में थानाध्यक्ष मुंगराबादशाहपुर विवेक कुमार तिवारी ने बताया कि ये काफी शातिर किस्म के अपराधी है। इनके ऊपर अनेक जिलों के विभिन्न थानों में अनेक धाराओं में भी कई मुकदमे पहले से ही दर्ज है। गिरफ्तार व बरामदगी करने वाली पुलिस टीम में उ.नि. बृजेश कुमार गुप्ता (थानाध्यक्ष) मीरगंज मय टीम, उ.नि. पन्नेलाल यादव मुंगरा आदि शामिल रहे।

## संक्षेप

### ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत



मृत युवक की फाइल फोटो

**गौराबादशाहपुर।** स्थानीय थाना क्षेत्र के गोपालपुर गांव में सोमवार की रात रेलवे ट्रैक पार करते समय मोबाइल से बात करना युवक के लिए भारी पड़ गया। घटना के फलस्वरुप ट्रेन के धक्के से युवक की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया। बताया जाता है कि गोपालपुर गांव निवासी प्रिंस मौर्य 19 पुत्र सियाराम सोमवार की रात गांव के बगल से गुजरे जौनपुर-गाजीपुर रेलवे ट्रैक को पार करते समय मोबाइल से बात कर रहा था। इसी दौरान गाजीपुर की तरफ से आ रही सुहेलदेव एक्सप्रेस ट्रेन ने उसे धक्का मार दिया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार ट्रेन का धक्का इतना जोरदार था कि प्रिंस लगभग 60 फीट दूर जाकर गिरा तथा मौके पर ही उसकी मौत हो गई। घर के इकलौते कमाऊ पूत की मौत से परिवार में कोहराम मचा रहा।

### ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत, पुलिस शिनाख्त करने में जुटी

**सरायख्वाजा।** थाना क्षेत्र के महंगावा रेलवे स्टेशन के समीप वाराणसी फैजाबाद रेल प्रखंड पर मंगलवार सुबह एक 25 वर्षीय युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर शिनाख्त करने में जुटी हुई है। सुत्रों के मुताबिक मंगलवार सुबह महंगावा रेलवे स्टेशन के समीप सुबह गांव के कुछ लोग टहलने गए हुए थे। इसी दौरान वहां पर एक अज्ञात युवक का शव देखा। इसकी जानकारी स्थानीय पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर लोगों से पूछताछ करने में जुटी हुई है। थाना अध्यक्ष अखिलेश कुमार मिश्रा ने बताया कि शव की शिनाख्त अभी नहीं हो पाई है। लोगों से पूछताछ की जा रही है शिनाख्त होने के बाद शव का पोस्टमार्टम कराया जाएगा।


### मॉर्निंग वॉक करते समय युवक को ट्रक ने कुचला, मौत

**केराकत।** स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के ग्राम कुसरना मड़ैला के पास सोमवार की सुबह 6 बजे एक ट्रक ने युवक को उस समय कुचल दिया जब वह मार्निंग वॉक कर रहा था। बताते हैं कि ग्राम नारायनपुर निवासी इशाद अहमद उर्फ झल्लर पुत्र अजीम 22 वर्ष नित्य की भांति सोमवार को खुज्झी-केराकत मार्ग पर सोमवार को सुबह मार्निंग वॉक कर रहा था कि उसी समय खुज्जी से केराकत की ओर तीव्र गति से आ रही एक अज्ञात ट्रक ने उसे कुचलते हुए केराकत की ओर निकल गयी। मौके पर ही युवक की दर्दनाक मौत हो गयी। मालूम हो कि मृतक आईटीआई का छात्र था। सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया। युवक की मौत की सूचना मिलते ही मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया तथा गांव में शोक की लहर दौड़ गई।

### सड़क दुर्घटना में सात वर्षीय बालक की मौत

**सुजानगंज।** क्षेत्र के श्रीगौरी शंकर धाम के समीप आनंद गुप्ता के मकान के सामने सड़क दुर्घटना में सात वर्षीय बालक की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार फरीदाबाद ग्रामसभा निवासी रसीद पुत्र अरशद सात वर्ष संस्कृत पाठशाला से संबंधित प्राइमरी स्कूल में कक्षा दो का छात्र था। स्कूल से छुट्टी के बाद घर जा रहे बच्चे को मछली शहर की तरफ से आ रहे तेज रफ्तार मैजिक बच्चे को टक्कर मारते हुए फरार हो गयी। स्थानीय लोगों ने वाहन को पकड़ने की भरपूर कोशिश की लेकिन वह भागने में सफल रहा। स्थानीय लोगों की मदद से घायल बच्चे को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां पर डॉक्टरों द्वारा बच्चे को मृत घोषित किया। घटना की जानकारी मिलते ही घर में कोहराम मच गया। घटना की सूचना थाना पुलिस को दी जा चुकी है। पुलिस शव को अपने कब्जे में लेते हुए विधिक कार्रवाई में जुट गई।

### बैंक में पुलिस अधीक्षक ने किया औचक निरीक्षण



एसबीआई का निरीक्षण करते पुलिस अधीक्षक डा. अजय पाल

**बदलापुर।** मंगलवार की दोपहर नवागत पुलिस अधीक्षक डॉ. अजय पाल शर्मा द्वारा सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर भारतीय स्टेट बैंक का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने बैंक में लगे अलार्म को बजाकर चेक करते हुए, सीसीटीवी कैमरों तथा बैंक आगंतुक रजिस्टर सहित कई खाता धारकों की तलाशी ली। इस दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा बैंक की सुरक्षा में लगे पुलिसकर्मी तथा बैंक प्रबंधक को कई आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए। मौके पर सीओ शुभम तोदी, देवेश सिंह, कोतवाली प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार पाण्डेय, घनश्यामपुर चौकी प्रभारी अनिल कुमार पुलिस टीम के साथ मौजूद रहे।

### पुलिस ने दस वारंटियों को किया गिरफ्तार

**मछलीशहर।** स्थानीय कोतवाली पुलिस ने दस वारंटियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में हाजिर किया। प्रभारी निरीक्षक किशोर कुमार ने बताया कि न्यायालय द्वारा जारी वारंट के बावजूद हाजिर नहीं होने पर सोमवार की रात कोतवाली पुलिस की तीन टीम बनाकर वारंटी अब्दुल समद निवासी कस्बा सैयदराजा, सेराज अहमद कस्बा पुरानी बाजार, राजकुमार निवासी कोढ़ा, राजेश कुमार निवासी कोढ़ा, राहुल कुमार निवासी मतरी, उमेश मतरी, चंद्र भूषण पराहित, श्याम बहादुर कोटवा, रमाशंकर करौरा, रामबहादुर देवरिया समेत दसों वारंटियों को उनके घर से गिरफ्तार कर न्यायालय में हाजिर कर दिया। गिरफ्तारी टीम में वरिष्ठ उपनिरीक्षक रामप्रवेश कुशवाहा, उपनिरीक्षक वसीम रिजवी, उपनिरीक्षक अखिलेश यादव, कांस्टेबल संदीप सिंह, विनोद यादव समेत अन्य पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

### बार काउंसिल के आह्वान पर तहसील परिसर में धरना प्रदर्शन

**मछलीशहर।** बार काउंसिल आफ उत्तर प्रदेश के आह्वान पर मंगलवार को अधिवक्ताओं की हड़ताल कर तहसील परिसर में धरना प्रदर्शन किया। अधिवक्तागण की रक्षा व कल्याण के लिये शासन द्वारा मांगे न मानने व हितकारी कदम न उठाने पर अधिवक्ताओं का चरणबद्ध तरीके से चार चरणों में विरोध जारी है। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि अधिवक्ताओं को 5 लाख मुफ्त चिकित्सा बीमा, 60 वर्ष के ऊपर पेंशन, एडवोकेट प्रोटेक्ट एक्ट, तहसील अधिवक्ताओं को चेम्बर आदि सुविधा मिलनी चाहिये। सभा के बाद अधिवक्ताओं ने प्रदेश सरकार का पुतला फूंका। इस अवसर पर अध्यक्ष रघुनाथ प्रसाद, दिनेश चंद्र सिन्हा, प्रेमचंद्र विश्वकर्मा, अशोक श्रीवास्तव, राम आसरे द्विवेदी, राज कुमार पटवा, हरिशंकर यादव, आलोक विश्वकर्मा, अनुराग श्रीवास्तव, बृजेश यादव, सतीश आदि ने बिचार व्यक्त किया। संचालन विनय प्रिय पाण्डेय ने किया। धरने के बाद उत्तर प्रदेश सरकार का पुतला फूंका गया और अधिवक्ताओं ने काली पट्टी बांधकर विरोध प्रदर्शन किया।

# सह-शैक्षिक गतिविधियों के बिना सर्वांगीण विकास सम्भव नहीं : फादर पी विक्टर

जनसंदेश न्यूज



पुरस्कृत हुए बच्चों के साथ फादर

**समारोह**

**सह-शैक्षिक गतिविधियों में रेड हाउस प्रथम स्थान पर**

**जौनपुर।** सेंटजॉन्स स्कूल सिद्दीकपुर में इस सत्र के सह-शैक्षिक गतिविधियों का समापन समारोह आयोजित किया गया। समारोह में स्कूल कैप्टन श्रेया, आंजनेश दुबे एवं स्कूल वाइस कैप्टन यशोवर्मन मिश्र तथा श्रेया ने स्कूल के ध्वज को विद्यालय के प्रधानाचार्य फादर पी विक्टर को समर्पित किया। फादर ने सत्र समापन की घोषणा की। इस सत्र में रेड हाउस पहले स्थान पर रहा।

प्रधानाचार्य ने रेड हाउस के मास्टर सौरभ सिन्हा, हाउस मिस्ट्रेस समीना फारूकी, हाउस कैप्टन जाह्नवी तिवारी, धीरज राजभर एवं वाइस कैप्टन स्मृति अस्थाना तथा जयदेव को विजेता पदक देकर सम्मानित किया। दूसरे स्थान पर येलो हाउस रहा जिसके मास्टर नीरज मिश्र, अरविंद कुमार मिश्र, मिस्ट्रेस प्रियंका श्रीवास्तव हाउस कैप्टन, अमिताभ पाठक एवं लुबाबा आसिफ को प्रधानाचार्य ने उपविजेता पदक से सम्मानित किया। तीसरे स्थान पर ब्लू हाउस रहा जिसके हाउस मास्टर प्रवीण कुमार उपाध्याय, रामजी तिवारी, मिस्ट्रेस नुरूस सबा, जया सिंह एवं हाउस कैप्टन स्टेफी कुशवाहा, रवि रंजन, वाइस कैप्टन सुभांग मिश्रा एवं कावेरी ने पदक ग्रहण किया। चौथे स्थान पर ग्रीन हाउस रहा जिसके मास्टर पीएस यादव, हाउस मिस्ट्रेस चंचल सिंह, प्रियंका सिंह एवं हाउस कैप्टन अजुमंद काबा, अंकित कुजूर, वाइस कैप्टन रोशन एवं अपर्णा रहे। इसी क्रम में प्रधानाचार्य ने वर्ष भर में आयोजित कार्यक्रमों के विजेताओं को पदक एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

इस समारोह के बाद कक्षा बारहवीं के विद्यार्थियों को विदाई दिया गया। इस समारोह में फादर द्वारा विद्यार्थियों को स्मृति चिह्न प्रदान किया गया। फादर ने अपने उद्बोधन में कहा कि सह-शैक्षिक गतिविधियाँ बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए आवश्यक हैं, इनके बिना बच्चों का सर्वांगीण विकास सम्भव नहीं। कक्षा बारहवीं के छात्र-छात्राओं को आशीर्वाद देते हुए फादर ने कहा कि परीक्षा के लिए मनोयोग से तैयारी करें और अपने लक्ष्य की तरफ कदम बढ़ाएँ।

# सिटी मजिस्ट्रेट व ईओ ने निर्माण कार्यों का किया निरीक्षण



निर्माण कार्यों का निरीक्षण करते सिटी मजिस्ट्रेट देवेंद्र सिंह व ईओ अनिल कुमार सिंह

**जफराबाद।** नगर पंचायत कचगांव के सीमांतर्गत मुख्यमंत्री नगर सृजन योजनातर्गत में चल रहे निर्माण कार्यों का नगर पंचायत के प्रशासक व सिटी मजिस्ट्रेट देवेंद्र सिंह ने अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत कचगांव अनिल कुमार सिंह के साथ निरीक्षण किया। निरीक्षण में सिटी मजिस्ट्रेट व ईओ ने कार्य करवाने वाले ठेकेदार को निर्देश दिया कि कार्य मानक के अनुसार उचित गुणवत्ता पूर्ण ही होना चाहिए। किसी भी प्रकार की नगर के लोगों द्वारा शिकायत नहीं आनी चाहिए। ईओ अनिल कुमार सिंह ने सफाई कर्मियों को वार्डो में नियमित रूप से साफ-सफाई व कूड़ा निस्तारण के लिए निर्देश दिया। इस दौरान लिपिक आसिफ खान, दिवाकर उपाध्याय, नितेश सिंह, कामेश्वर सिंह, उपेंद्र, आनंद, कृष्ण कुमार व अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

# शुभम ने ऑल इंडिया सिविल सर्विसेज में जीता मेडल

**केराकत।** सिहौली गांव के निवासी शुभम यादव ने ऑल इंडिया सिविल सर्विसेज बैडमिंटन टूनामेंट में मेडल जीतकर क्षेत्र का मान बढ़ाया है। गुजरात के गांधीनगर में 31 जनवरी से 6 फरवरी तक चले इस टूर्नामेंट में शुभम यादव को ब्रोंज मेडल मिला। इस टूर्नामेंट में सिविल सर्विसेज की सारी टीमें आई थी। ऑल ओवर इंडिया के इनकम टैक्स डिपार्टमेंट, ऑडिट डिपार्टमेंट, फॉरेस्ट डिपार्टमेंट, सचिवालय स्टेट टीमे आई थीं जिसमें आरएसबी चंडीगढ़ गोल्ड मेडल, सिल्वर मेडल कोलकाता और ब्रॉन्ज मेडल आरएसबी इंफाल को मिला। आरएसबी इंफाल में विद्यासागर सलाम, शुभम यादव, एमसन, राणा बरुआ और टीम मैनेजर रंजीत थे। शुभम के कोच रंजीत ने बताया कि इस टूर्नामेंट में मेडल लगना बहुत ही बड़ी बात है और आरएसबी इंफाल का पहली बार ऑल इंडिया सिविल सर्विसेज में मेडल लगा है। उनके आवास पर माता-पिता को लोगों ने पहुंचकर ढेर सारी बधाई दी।



# झूठ का चमत्कार करने में माहिर है भाजपा : रिबू



पत्रकारों से वार्ता करती सपा की महिला सभा की प्रदेश अध्यक्ष रिबू श्रीवास्तव

**स्वागत**

**जनपद आगमन पर सपा जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत**

**जौनपुर।** समाजवादी पार्टी के महिला सभा की प्रदेश अध्यक्ष रिबू श्रीवास्तव के जनपद आगमन पर वाजिदपुर तिराहे पर जिला अध्यक्ष लाल बहादुर यादव के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया।

मीडिया से बात करते हुए उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने किसानों, नौजवानों को धोखा दिया है, अब सबको धोखा दे रही है। ये तमाम सवाल समाजवादी पार्टी के लोग उठाते रहे हैं। महिलाओं का सम्मान और सुरक्षा सबसे ज्यादा समाजवादी सरकार में रहा है। आज महिलाएं अपने आप को असुरक्षित समझती हैं। ऐसे तमाम मुद्दे हैं जिसको लेकर संघर्ष करूंगी। समाजवादियों ने कभी किसी को अपमानित नहीं किया है, सबको स्वीकार किया। हम लोग भगवान विष्णु से लेकर उनके जितने अवतार है, सबका सम्मान करते हैं। सभी धार्मिक ग्रन्थों का सम्मान करते है। उन्होंने कहाकि संविधान भी हमारा धर्म है, बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर, डा. राम मनोहर लोहिया ने कोशिश किया कि जातियां खत्म हो जायें। नेताजी कोशिश करते रहे जातीय भेदभाव खत्म हो, लेकिन कुछ चीजों में सच्चाई है उसे स्वीकार करना पड़ेगा। लोगों को बीजेपी से बचने की सलाह देते हुए कहा कि वह मायावी पार्टी है कब क्या मुद्दा उठा दे पता नहीं चलेगा। भाजपा झूठ का चमत्कार करने में माहिर है। कहा कि जौनपुर में जितने भी विकास दिख रहे है सब समाजवादी सरकार में हुए हैं। समाजवादी सरकार में बने मेडिकल कॉलेज भाजपा सरकार ने खंडहर के रूप में परिवर्तित कर दिया है। नाम बदल दिया नाम बदलने से विकास नहीं होता है। ये देश का बड़ा सवाल है, एक दिन में समझने से नहीं होगा। स्वागत में मुख्य रूप से जिला उपाध्यक्ष श्याम बहादुर पाल, प्रवक्ता राहुल त्रिपाठी, रुक्सार अहमद, पूनम मौर्या, दीपचंद राम, राजेश यादव, अलमास सिद्दीकी तौफीक अहमद, रामाशंकर यादव, सोनी यादव, राजबहादुर राम, अशफाक आदि लोग उपस्थित रहे।

### गो-वंश तस्कर तमंचा व कारतूस के साथ गिरफ्तार

**गभिरन।** खुटहन पुलिस ने मंगलवार को चेकिंग के दौरान गो-वंश तस्कर को तमंचा व कारतूस के साथ गिरफ्तार किया। थाना प्रभारी निरीक्षक राजेश यादव ने बताया कि एसआइ सर्वजीत व उनके हमराही जगबंदनपुर गांव स्थित बुढ़ऊ बाबा मंदिर के पास संदिग्ध व्यक्तियों व वाहनों की चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान गो-वंश तस्कर सोहराब निवासी बीरी समसुद्दीनपुर को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी में उसके पास से 315 बोर का तमंचा व कारतूस मिला। आर्म्स एक्ट का मुकदमा दर्ज कर आरोपित का चालान कर दिया। आरोपित के विरुद्ध खुटहन व खेतासराय थाना में गैंगस्टर, आर्म्स एक्ट, हत्या के प्रयास, साजिश रचने, गो-वध निवारण अधिनियम की धाराओं में छह मुकदमे दर्ज हैं। गिरफ्तारी करने वाली टीम में हेड कांस्टेबल सुदर्शन यादव, महेंद्र प्रताप सिंह यादव, कांस्टेबल आशीष यादव व राजेंद्र कुमार रहे।

# सरकार के खिलाफ जमकर बरसे तहसील के अधिवक्ता

जनसंदेश न्यूज

**केराकत।** स्थानीय तहसील के अधिवक्ताओं ने बार काउंसिल के आह्वान पर अधिवक्ताओं के शोषण सुरक्षा व्यवस्था प्रोविडेंट फंड आदि तमाम समस्याओं को लेकर जुलूस निकाला और यूपी सरकार का पुतला फूंका। इस मौके पर अधिवक्ताओं ने एसडीएम नेहा मिश्रा को ज्ञापन भी सौंपा।

पूरे कार्यक्रम का नेतृत्व तहसील बार एसोसिएशन के अध्यक्ष कुंवर बहादुर यादव और महामंत्री उदयराज कन्नौजिया ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर अधिवक्ताओं ने कहाकि सरकार को बार काउंसिल से वार्ता करके अधिवक्ताओं के हित में कार्य करना चाहिए। आगामी चरण में कार्यक्रम के मुताबिक अधिवक्तागण विधानसभा का घेराव करने से भी पीछे नहीं रहेंगे। इस मौके पर तहसील बार एसोसिएशन की मीडिया प्रभारी अनुपमा शुक्ला, अखिलेश पांडेय वरिष्ठ उपाध्यक्ष, रविनाथ मिश्र कोषाध्यक्ष, नमःनाथ शर्मा, मांधाता सिंह, दिनेश पांडेय, सुरेश कुमार, विनोद यादव, अनिल सोनकर गांगुली, ज्ञान प्रकाश पांडेय, हिरेंद्र यादव, सतीश कुमार, महेंद्र कुमार, सुनील कुमार वर्मा, मनोज कुमार यादव आदि एडवोकेट उपस्थित रहे।



प्रदेश सरकार का पुतला दहन करते अधिवक्तागण

## अधिवक्ताओं ने सरकार के खिलाफ जमकर की नारेबाजी

**मड़ियाहूँ।** स्थानीय तहसील अधिवक्ताओं ने बार काउंसिल के आह्वान पर अधिवक्ताओं के शोषण, सुरक्षा व्यवस्था, प्रोविडेंट फंड आदि तमाम समस्याओं को लेकर तहसील बार एसोसिएशन के अध्यक्ष कंसराज यादव एडवोकेट की अध्यक्षता में तहसील के तमाम अधिवक्ताओं ने सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और अपने विचारों को रखा। अधिवक्ताओं ने कहाकि सरकार को बार काउंसिल से वार्ता करके अधिवक्ताओं के हित में कार्य करना चाहिए। आगामी चरण में कार्यक्रम के मुताबिक अधिवक्तागण विधानसभा का घेराव करने से भी पीछे नहीं रहेंगे। इस मौके पर तहसील बार एसोसिएशन के महामंत्री देवेंद्र कुमार त्रिपाठी, पूर्व महामंत्री गुलाबचंद दुबे, रमेश चंद्र गौतम, शेषनाथ यादव, तेज बहादुर, चंद्रेश यादव, अनिल कुमार शुक्ला, मंगला प्रसाद यादव, लाल साहब सिंह सहित तमाम वरिष्ठ कनिष्ठ अधिवक्ताओं ने धरना प्रदर्शन किया।

## एसडीएम ने काउंसलिंग स्थल व स्ट्रांग रूम का किया निरीक्षण



स्ट्रांग रूम का निरीक्षण करती एसडीएम नेहा मिश्रा

**केराकत।** स्थानीय क्षेत्र के उदयचन्दपुर में होने वाले क्षेत्र पंचायत चुनाव के मद्देनजर मंगलवार की दोपहर मतगणना स्थल का निरीक्षण करने क्षेत्र पंचायत कार्यालय पहुंची उपजिलाधिकारी नेहा मिश्रा ने स्ट्रांग रूम समेत काउंसलिंग स्थल का निरीक्षण किया। इस दौरान उपस्थित ग्राम विकास अधिकारी जयेश यादव से मतगणना स्थल के सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सघन जानकारी जुटाई।

गौरतलब हो कि अक्टूबर माह में उदयचन्दपुर में निर्वाचित हुए क्षेत्र पंचायत सदस्य ज्ञानेद्र दुबे का निधन हो गया जिसके बाद से वहां पर क्षेत्र पंचायत सदस्य की सीट खाली हो गई थी। चुनाव आयोग खाली पड़े सीट पर 9 फरवरी को मतदान व उसके अगले ही दिन 10 फरवरी को मतगणना किया जाना सुनिश्चित किया है। चुनावी मैदान में दो लोगों ने अपनी दावेदारी ठोंकी है तो वहीं चुनाव सकुशल संपन्न कराने के लिए सुरक्षा व्यवस्था के कड़े इंतजाम प्रशासन द्वारा किया गया है। इस दौरान तहसीलदार अमीत त्रिपाठी, क्षेत्राधिकारी गौरव शर्मा, प्रभारी निरीक्षक संजय वर्मा समेत पुलिस बल मौजूद रही।

## संक्षेप

### सरस्वती पूजन कर किया सभागार का उद्घाटन



**गभिरन।** खुटहन ग्राम विकास इंटर कॉलेज में नवनिर्मित सभागार का मंगलवार को विधान परिषद सदस्य लाल बिहारी यादव ने सरस्वती पूजन कर उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि शिक्षण संस्थानों में शिक्षकों का आपसी विचार, सामंजस्य, शैक्षिक वातावरण और उत्कृष्ट शिक्षण के लिए सभागार की महती आवश्यकता होती है। जहां शिक्षकों के द्वारा नवाचार के नयी विधाओं पर चर्चा कर उसे अमली जामा पहनाने की पहल की जाती है। श्री यादव ने कहा कि संसार में एक मात्र शिक्षा ही वह विधा है जिसके बल पर दुर्लभ लक्ष्य को भी सुलभ बनाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि शिक्षा के साथ साथ छात्रों में संस्कार भी भरें शिक्षक। संस्कार हीन छात्र जीवन में कभी सफल नहीं हो सकता। उन्होंने वालिका शिक्षा पर जोर देते हुए कहा कि इनसे दो कुल रोशन होते हैं। बतौर अध्यक्ष पूर्व मंत्री शैलेन्द्र यादव ललई ने तकनीकी शिक्षा पर जोर देते हुए कहा कि आज के परिवेश में कंप्यूटर का ज्ञान और ब्यवसाय आधारित शिक्षा आवश्यक हो गई है। इस मौके पर प्रबंधक डाक्टर रमेश चंद्र यादव, प्रधानाचार्य अरविंद कुमार, सुनीलकांत तिवारी, ईश्वरदेव यादव, राम अकबाल यादव, लालबहादुर, विनय वर्मा, रामकुमार आदि मौजूद रहे। कालेज की छात्रा एकता प्रजापति और सेजल प्रजापति ने सरस्वती वंदना तथा एनसीसी कैडेट की साक्षी यादव और अंजली यादव ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया।

### बाइक सवार को बचाने में ट्रक पलटा



**सुइथाकला।** थाना क्षेत्र के लखनऊ-बलिया राजमार्ग पर सदरुद्दीनपुर गांव के पास एक कबाड़ लदी ट्रक सोमवार देर शाम बाइक सवार को बचाने के चक्कर में गड्ढे में पलट गयी हालांकि चालक बाल-बाल बच गया लेकिन ट्रक क्षतिग्रस्त हो गई। लोग बाइक सवार को कोसते नजर आये। बता दें कि ट्रक संख्या यूपी50एटी2393 सोमवार की शाम शाहगंज से कबाड़ लादकर कानपुर के लिए निकली। ट्रक जैसे ही लखनऊ बलिया राजमार्ग पर थाना क्षेत्र के सदरुद्दीनपुर गांव के पास पहुँची कि एक बाइक सवार को बचाने के चक्कर में गड्ढे में पलट गयी जिसमें चालक अशोक पुत्र मुन्नालाल निवासी अम्बेडकरनगर भादी शाहगंज को खरोंच तक नहीं आई लेकिन ट्रक क्षतिग्रस्त हो गई।

### नाजायज तमंचा व जिंदा कारतूस के साथ एक गिरफ्तार



**केराकत।** क्षेत्र के डेहरी गांव निवासी कृष्णा राय पुत्र उमेश राय को पुलिस ने सोमवार की शाम सात बजकर चालीस मिनट पर हरिकरन पट्टी से गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा। गौरतलब हो कि पुलिस अधीक्षक डॉ. अजय पाल शर्मा द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये गये विशेष अभियान के तहत प्रभारी निरीक्षक संजय वर्मा के नेतृत्व में उपनिरीक्षक शिव प्रसाद यादव मय पुलिस बल के साथ अभियुक्त को एक अदद नाजायज तमंचा 315 बोर मय एक अदद जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार कर बरामदगी के आधार पर मुकदमा पंजीकृत कर न्यायालय भेजा। गिरफ्तारी करने वाली टीम में हे.का. जयप्रकाश यादव, हरिंदर कुमार, का. निक्कू चौधरी, भूपेश कुमार मौजूद रहे।

### 6 घंटे बाधित रहेगी विद्युत आपूर्ति

**मुंगराबादशाहपुर।** 132 केवीए मुंगराबादशाहपुर-फूलपुर लाईन पर बुधवार 8 फरवरी को वे शिफ्टिंग एवं अनुरक्षण कार्य हेतु इससे सम्बद्ध 33 केवीए मुंगराबादशाहपुर क्षेत्र की विद्युत दिन में 11 बजे से शाम 5 बजे तक आपूर्ति बाधित रहेगी। उक्त जानकारी अधिशासी अभियंता उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन ट्रांसमिशन कापोर्रेशन ने प्रेस को जारी विज्ञप्ति में दी।

### बैठक कल

**जौनपुर।** जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में 9 फरवरी को अपरान्ह 4 बजे कलेक्ट्रेट सभागार में उ.प्र. खेल विकास एवं प्रोत्साहन समिति की बैठक आहूत की गयी है।

### धारा 20 का पर्चा वितरण

जौनपुर। ग्राम कैलावर में 22 जुलाई 1999 अर्थात 24 वर्ष पहले चकबन्दी प्रक्रिया प्रारम्भ हुयी थी। ग्राम में दो-दो बार चकबंदी विभाग व सहायक चकबन्दी अधिकारी द्वारा प्रयास किया गया था परन्तु चकबन्दी सफल नहीं हो पायी थी। बीते सोमवार को प्रवीण कुमार सिंह सहायक चकबन्दी अधिकारी मड़ियाहूँ द्वारा धारा 20 का पर्चा वितरण अपनी उपस्थिति में करवाकर चकबन्दी को आगे बढ़ा?या गया है। समस्त ग्रामवासियों में हर्ष व्याप्त है।

## एनसीसी के सेकंड ऑफिसर की पदोन्नति



जनसंदेश न्यूज

**खेतासराय।** सर्वोदय इंटर कॉलेज खुदौली के एनसीसी के सेकंड आफिसर विनोद कुमार मिश्रा का ओहदा पहले से बढ़ गया है। उनके ओहदे को बढ़ाकर फर्स्ट आफिसर बना दिया गया है। उनके पदोन्नति पर कालेज के प्रधानाचार्य अनिल कुमार उपाध्याय समेत शिक्षकों में खुशी की लहर है।

यह कार्यक्रम मंगलवार को 98 यूपी बटालियन एनसीसी जौनपुर के कमान अधिकारी कर्नल निकेत सिंह नेगी के निर्देश पर जिला कार्यालय में आयोजित हुआ जहां कैप्टन से मेजर बने रजनीश सिंह, लेफ्टिनेंट से कैप्टन बने सुनील कुमार, सेकंड आफिसर से फर्स्ट आफिसर बने विनोद कुमार मिश्रा और थर्ड आफिसर से सेकंड आफिसर बने पुष्कर दुबे को रैंक लगाकर उज्जवल भविष्य की कामना की गई। इस मौके पर एडम ऑफिसर लेफ्टिनेंट कर्नल मनजीत, मेजर रमेश मणि त्रिपाठी, मेजर पीपी सिंह, लेफ्टिनेंट जेपी सिंह, फर्स्ट ऑफिसर वीके सिंह, फर्स्ट ऑफिसर सुरेंद्र प्रताप सिंह, कैप्टन राजेश कुमार यादव मौजूद रहे।

## अधिवक्ता समिति ने तहसीलदार को सौंपा पांच सूत्री मांग पत्र

**शाहगंज।** तहसील मुख्यालय पर अधिवक्ता समिति द्वारा बार काउंसिल आफ उत्तर प्रदेश के आह्वान पर पांच सूत्रीय मांग पत्र तहसीलदार महेंद्र बहादुर सिंह को सौंपा गया। अध्यक्ष स्कन्द कुमार यादव महामंत्री पुष्पकांत यादव के नेतृत्व में ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में कहा गया है कि कौंसिल प्रदेश अध्यक्ष पांचू राम मौर्य द्वारा 16 अगस्त 2022 को सरकार को पांच सूत्रीय मांग पत्र सौंपा गया था जिसका समाधान न कर पोर्टल पर निस्तारित अंकित कर दिया गया जिससे अधिवक्ताओं में रोष व्याप्त है। लिहाजा उक्त मांगों को तत्काल निस्तारित किया जाये। ज्ञापन में सभी अधिवक्ताओं को पांच लाख रुपये का मुफ्त चिकित्सा बीमा अथवा आयुष्मान योजना से जोड़ने की मांग की गई है। वहीं अधिवक्ता कल्याण निधि न्यासी समिति के मृतक अधिवक्ताओं के लम्बित दावों के यथा शीघ्र भुगतान, एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट लागू करने समेत जनपद व तहसीलों में अधिवक्ता चैम्बर निर्माण की मांग की गई है। साथ ही 60 वर्ष से अधिक लगभग चालीस हजार अधिवक्ताओं को पेंशन योजना लागू करने को कहा गया है।

## इंसान ज़िंदगी के हर क्षेत्र में सूझ बूझ और हिकमत का परिचय दे : हमीदुल हसन

**आयोजन**

### मौलाना महमूदुल हसन खां की बरसी पर आयोजित हुई मजलिस



**जौनपुर।** नगर के जामिया ईमानिया नासिरया में पूर्व प्रधानाचार्य एवं पूर्व इमामे जुमा शिया जामा मस्जिद नवाब बाग मौलाना महमूदुल हसन खां मरहूम की बरसी के मौके पर ईसाले सवाब के लिए मजलिसे तरहीम का आयोजन मंगलवार को किया गया।

जामिया नाजमिया लखनऊ के पूर्व प्रधानाचार्य आयतुल्ला मौलाना सैय्यद हमीदुल हसन तक़्वी ने सम्बोधित करते हुए कहा कि हर इन्सान को ज़िन्दगी में सूझबूझ और हिक्मत से काम लेना चाहिए। एक कामयाब इन्सान वही है जो मामेलात में खरा हो। हिन्दुस्तान के शिया उलेमा का ज़िक्र करते हुए कहा कि हमारे उलेमा का सम्मान इराक और ईरान के उलेमा की निगाह में आज भी बहुत है इसलिए हम में किसी तरह का एहसासे कमतरी नहीं होना चाहिए। हमारे उलेमा भी मरजा, आलम रह चुके हैं। उन्होंने कहा कि इमाम हुसैन अलैहिस्सलाम की अजादारी इस्लाम का एक ऐसा प्रचार तंत्र है जो हमेशा इस्लाम और पैगम्बरे इस्लाम हजरत मोहम्मद सअव और अहलेबैत अस के दुश्मनों के मन्सूबों को परास्त करता रहता है इसलिए अजादारी की हिफाजत किजिए। उन्होंने आयतुल्ला मौलाना महमूदुल हसन खां मरहूम और उनके पिता मौलाना बख़्तावर अली खान मरहूम को? याद करते हुए कहा कि ये दोनों भी उलेमा की जमात उसी कड़ी का हिस्सा हैं? जिन्होंने दीने इस्लाम की तबलीग और इमाम हुसैन अलैहिस्सलाम की अजादारी की हिफाजत में अपनी पूरी ज़िंदगी लगा दी।

मजलिस में आयतुल्ला मौलाना सैय्यद हमीदुल हसन ने हजरत इमाम हुसैन अलैहिस्सलाम का मसायब पढ़ते हुए उनकी शहादत का ज़िक्र किया कि किस तरह से इमाम हुसैन अलैहिस्सलाम को कर्बला में तीन दिन का भूखा प्यासा शहीद किया गया। उनके बेटे, भाई, भतीजे, भान्जों के अलावा उनके परिवार के अन्य सदस्यों के साथ ही उनके सहाबियों को भी भूखा प्यासा शहीद कर दिया गया। मजलिस में मौजूद तमाम मोमेनीन की आंखें अश्कबार हो गईं। मजलिस में मौलाना सैय्यद शमीम हैदर रिजवी शिवली आजमगढ ने? तिलावते कुराने मजीद किया। सैय्यद अली काविश ने सोजखानी की। सादिक जलालपुरी और मेहदी मिर्जापुरी ने कलाम पेश किया। मजलिस का संचालन मौलाना सैय्यद आबिद रजा रिजवी मोहम्मदाबादी ने किया। मजलिस में शिरकत करने वाले तमाम मोमेनीन? का शुक्रिया मजलिस के आयोजक आयतुल्ला मौलाना महमूदुल हसन खां मरहूम के सुपुत्र मौलाना महफुजुल हसन खां प्रधानाचार्य जामिया ईमानिया नासिरया एवं इमामे जुमा ने अदा किया।

## संक्षेप

### निशुल्क हड्डी रोग जांच व परामर्श शिविर का किया गया आयोजन



**गोपीगंज।** आनंद पाली क्लिनिक एंड ट्रामा सेंटर गोपीगंज पर मंगलवार को निःहुल्क हड्डी रोग जांच एवं परामर्श शिविर का आयोजन किया गया। इसमें डॉक्टर ए एन सिंह, डाक्टर राजेश सिंह ने करीब तीन सौ रोगियों का जांच एवं उपचार किया तथा कई रोगियों के घुटने बदलने की सलाह दी गई। शिविर का आयोजन आनंद पाली क्लिनिक एंड ट्रामा सेंटर गोपीगंज के सहयोग से किया गया, तथा इसमें सभी प्रकार के जोड़ों, कमर एवं पीठ दर्द के लिए परामर्श दिया गया तथा हड्डी व जोड़ संबंधी रोगों से बचाव तथा हमारी जीवन शैली का प्रभाव के संबंध में सुझाव व समाधान प्रस्तुत किए गए। शिविर में आए सभी रोगियों की सामान्य स्वास्थ्य जांच के साथ-साथ हड्डियों में कैल्शियम के स्तर की भी निःशुल्क जांच की गई। डॉ. राजेश सिंह ने नई तकनीक के माध्यम से जटिल विकारों के आसान समाधान से सामान्य जीवन शैली की प्राप्ति को रेखांकित किया। डॉ. हिमांशु आनंद ने डॉ. आनंद कुमार पांडेय व शाहरुख हुसैन व उनके सहयोगियों का सहभागियों की तरफ से आभार व्यक्त किया एवं उपस्थित गण्यमान्य व्यक्तियों तथा प्रतिभागियों का भी आभार व्यक्त किया।

### नाबालिग को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने व दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**भदोही।** थाना गोपीगंज क्षेत्र अंतर्गत आरोपी युवक द्वारा नाबालिग को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने की घटना सामने आयी थी। इस सम्बन्ध में प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना स्थानीय पर मु.अ.सं.-06/2023 धारा- 363, 366 भा.द.वि. का अभियोग पंजीकृत कर विवेचनात्मक कार्यवाही प्रचलित की गयी। डॉ. अनिल कुमार, पुलिस अधीक्षक भदोही द्वारा वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी व महिला सम्बन्धित अपराध में त्वरित कार्यवाही के निर्देश के क्रम में स्थानीय पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना के आधार पर नाबालिग अपहृता को सकुशल बरामद करते हुए उक्त अभियोग से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त सुरेंद्र पाल पुत्र अशोक कुमार उम्र करीब 27 वर्ष निवासी 468 अर्जुन कैंप महिपालपुर बाईपास थाना वसंतकुंज नई दिल्ली को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त हुई। साक्ष्य संकलन, मेडिकल परीक्षण व अपहृता द्वारा धारा-164 सीआरपीसी अंतर्गत दिए गए बयान के आधार पर विवेचना के क्रम में दुष्कर्म की घटना प्रकाश में आने पर विधिक कार्यवाही करते हुए पंजीकृत अभियोग में धारा- 376 भा.द.वि. व 3/4 पाक्सो एक्ट की बढ़ोत्तरी करते हुए अभियुक्त का चालान न्यायालय किया गया।

### तीन जोन व एक दर्जन सेक्टरों में बंटा परीक्षा केंद्र

**ज्ञानपुर।** तीन जोन व 12 सेक्टरों में परीक्षा केन्द्र बाटे गए हैं। 105 केंद्रों पर बच्चे परीक्षा देंगे। 60015 छात्र-छात्राएं हैं। सभी केंद्रों पर स्टेटिक मजिस्ट्रेटों की तैनाती रहेगी। हाईस्कूल-इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षा को नकलविहीन संपन्न कराने के लिए जिले में बनाए गए केंद्रों को तीन जोन व 14 सेक्टरों में बांटा गया है। सभी केंद्रों पर स्टेटिक मजिस्ट्रेट की तैनाती की जाएगी। बोर्ड परीक्षा के लिए जिले में 105 विद्यालयों को केंद्र बनाया गए हैं। हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की परीक्षा में पंजीकृत मिलाकर 60015 छात्र.छात्राएं परीक्षा देगीं। परीक्षा को नकलविहीन संपन्न कराने को लेकर तहसीलवार तीन जोन में बांटा गया है। जिसमें संबंधित तहसील के उप जिलाधिकारी जोनल मजिस्ट्रेट रहेंगे। 12 सेक्टरों में जिला स्तरीय अधिकारियों को सेक्टर मजिस्ट्रेट की जिम्मेदारी दी जाएगी। इसी तरह सभी केंद्रों पर वहां के केंद्र व्यवस्थापक के साथ एक-एक अतिरिक्त केंद्र व्यवस्थापक की तैनाती की जाएगी। जो कि दूसरे विद्यालय के प्रधानाचार्य शिक्षक होंगे। जिला विद्यालय निरीक्षक विजय सिंह यादव ने बताया कि परीक्षा की तैयारी पूरी कर ली गई है।


जनसंदेश टाइम्स प्रा.लि.के लिए **प्रवीण कुमार कुशवाहा,** सी 28 /121, तेलियाबाग, प्रथम तल, वाराणसी से प्रकाशित एवं मीडिया टेक्स्ट (Media Text) प्रा.लि. प्रेस, रोहनिया, वाराणसी से मुद्रित।

**प्रधान सम्पादक - सुभाष राय**

**स्थानीय सम्पादक -प्रवीण कुमार कुशवाहा**

पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से सम्बन्धित विवादों का न्याय क्षेत्र वाराणसी होगा।

फोन नं. 8177008889

आरएनआई नं. **UPHIN/2012/46221**

डाक पंजीयन सं.: जीपीओएलडब्ल्यू / एनपी - 78/2011-13।


# केवाईसी के लक्ष्य को 15 फरवरी तक करें पूरा: एमडी

**निर्देश**

### पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम के प्रबंध निदेशक ने भदोही पहुंचकर केवाईसी के बारे में जानकारी लेने के साथ दिया अधिकारियों को निर्देश

जनसंदेश न्यूज



विद्युत वितरण खंड प्रथम भदोही का निरीक्षण करते पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम के प्रबंध निदेशक शंभू कुमार

**भदोही।** विद्युत वितरण खंड प्रथम भदोही में मंगलवार को पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम के प्रबंध निदेशक शंभू कुमार नेल केवाईसी की जानकारी लेने और निरीक्षण करने पहुंचे। जहां पर केवाईसी का लक्ष्य पूरा न किए जाने पर उन्होंने नाराजगी जताई और प्रतिदिन 20 हजार केवाईसी किए जाने का निर्देश दिया।

इस अवसर पर एमडी ने कहा कि प्रतिदिन 10 हजार केवाईसी किए जाने से 15 फरवरी तक लक्ष्य पूरा नहीं हो पाएगा। इसके लिए प्रतिदिन 20 हजार केवाईसी करना होगा। तभी लक्ष्य पूरा किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि भदोही का वसूली बहुत खराब है। 5 किलों वाट के जितने भी उपभोक्ता हैं। उनकी वसूली शत प्रतिशत होनी चाहिए। अगर वह बिलों का बकाया नहीं जमा कर रहे है तो उस स्थिति में उनका कनेक्शन काट दिया जाएं। उन्होंने अवर अभियंताओं को निर्देश दिया है होने वाले मीटर रीडिंग की कम से कम एक प्रतिशत क्रास चेकिंग की जाएं। ताकि उनके बारे में जानकारी हो सकें।

एमडी ने बारिश के मौसम में वर्क शॉप में लगे पानी की समस्या का समाधान कराने के निर्देश दिए। गर्मी की तैयारियों पर अधीक्षण अभियंता अशोक कुमार ने बताया कि छोटी-मोटी समस्याओं को दूर किया जाएगा ताकि गर्मी के मौसम में ट्रांसफार्मर जलने न पाए।


इस मौके पर विभाग के एक्सईएन अभिषेक यादव, एसडीओ धीरज मिश्र, विजलेंस प्रभारी दीपक शुक्ला, अवर अभियंता कुँवर ज्योति प्रकाश, विवेक सिंह सहित अधिकारी प्रमुख रूप से मौजूद रहें।

## दबंगई के साथ सड़क पर बहाया जा रहा गंदा पानी

जनसंदेश न्यूज

**मनमानी**

### अगर कोई टोका टाकी करता है तो गाड़ी धुलाई करने वाले मार पीट पर हो जाते हैं उतारू



**ज्ञानपुर।** केंद्र व प्रदेश सरकार जहाँ जल संरक्षण के लिए रेन वाटर हार्वेस्टिंग व अमृत सरोवर के नाम पर करोड़ो रुपए की धनराशि खर्च कर रही हैं। वही कालीन नगरी में वाहन धुलाई के नाम पर हजारों लीटर दबंगई से बर्बाद किया जा रहा है व विरोध करने पर दबंग मारपीट पर उतारू हो जाते हैं। शहर के काजीपुर रोड फकीर सेठ के अहाता के बगल में वाहन धुलाई के नाम पर अवैध तरीके से सैकड़ों लीटर पानी बर्बाद कर गाड़ी धुलाई का काम चल रहा है।

शहर के व्यस्तम मार्ग होने के साथ ही उरूज शादी खाना भी है। जहां सैकड़ो लोगों का आना जाना रहता है। लबे सड़क के बगल में गाड़ी धुलाई का कार्य होने से सड़क से गुजर रहे राहगीरों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ता है। राहगीरों के ऊपर गंदा पानी पड़ने से अगर कोई टोका टाकी करता है तो गाड़ी धुलाई करने वाले मार पीट पर उतारू हो जाते हैं। राहगीरों ने इस तरह से सड़क किनारे धुलाई का कार्य रोकने की डीएम से मांग की है। इस मामलें में उपजिलाधिकारी भदोही से बात करने का प्रयास किया गया किन्तु उन्होंने फोन नही उठ पाया।

# जिलाधिकारी गौरांग राठी ने किया संभावित स्थलों का निरीक्षण

**जायजा**

### उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक अटल बिहारी बाजपेयी की प्रतिमा का करेंगे अनावारण

जनसंदेश न्यूज



**ज्ञानपुर।** उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक का आगमन कालीन नगरी में हो चुका हैं। वह सुरियावां नगर में स्थापित दिवंगत पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी की प्रतिमा का अनावरण भी करेंगे। मंगलवार को उपमुख्यमंत्री के कार्यक्रम को लेकर जिला प्रशासन तैयारियों में जुटा रहा।

जिलाधिकारी गौरांग राठी के साथ मुख्य विकास अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी सहित प्रशासनिक अफसरो ने सुरियावां नगर का भ्रमण किया। उन्होंने बाईपास चौराहे पर स्थापित अटल प्रतिमा का निरीक्षण किया। उपमुख्यमंत्री की ओर से इस अटल बिहारी बाजपेयी की प्रतिमा के अनावरण के बाद बाईपास चौराहे का नाम अटल बिहारी वाजपेयी चौराहा हो जाएगा। जिलाधिकारी ने उपमुख्यमंत्री पाठक के प्रस्तावित निरीक्षण के पूर्व संभावित स्थलों का दौरा कर आवश्यक निर्देश दिए। उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक के प्रस्तावित जनपद भ्रमण के दृष्टिगत जिलाधिकारी गौरांग राठी के निर्देशन व निरीक्षण में प्रशासनिक अमला द्वारा सुरियावां क्षेत्र में अटल चौराहे पर प्रतिमा अनावरण, विकासखंड सुरियावां कार्यालय के निकट अनुसूचित जाति बस्ती, धान क्रय केंद्र, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, कस्तूरीपुर गौशाला व प्राथमिक विद्यालय आदि स्थलों का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया है।

# सीआईएसएफ जवान को पुलिस ले आई कोतवाली, ग्रामीणों का प्रदर्शन

**आक्रोश**

### पुलिस के खिलाफ प्रदर्शन करती महिलाएं जवान को छुड़ाने के लिए दिया धरना

जनसंदेश न्यूज



**गोपीगंज।** कोतवाली क्षेत्र के सेंट थॉमस स्कूल जोगिनका गाँव की महिलाए पुलिस व एक जिम्मेदार प्रतिनिधि के खिलाफ उस समय आक्रोशित हो गई, जब रास्ते पर आने जाने के विवाद को लेकर एक जिम्मेदार जन प्रतिनिधि के कहने पर गांव के युवक सत्येंद्र कुमार 37 पुत्र स्व. छत्रधारी जो बाबतपुर एयरपोर्ट पर तैनात सीआईएसएफ का जवान है और बतौर ड्यूटी तीन दिन पूर्व तबियत खराब होने पर घर आए थे। साथ ही गाव निवासी राजकुमार को भी पुलिस कोतवाली उठा ले आई। जिसको लेकर आक्रोशित गांव की दर्जनों महिलाए पकड़े गए जवान और युवक को छुड़ाने कोतवाली पहुचकर हंगामा करते हुए धरने पर बैठ गई।

महिलाओं का आरोप है कि मंगलवार की सुबह एक व्यक्ति ब्रेजा कार से गाव के रास्ते जबरन राजमार्ग की तरफ जा रहा था, जिससे कार की चपेट में रोहित 20 वर्ष पुत्र राजकुमार आ कर घायल हो गया। इस बात को लेकर कार चालक और ग्रामीणों के बीच कहासुनी भी हुई। महिलाओ का आरोप रहा कि कार सवार लोगो के द्वारा परिवार की एक वृद्ध महिला को भी धक्का दे दिया गया। महिलाओ ने पुलिस पर तानाशाही का आरोप लगाते हुए धरना प्रदर्शन किया। इस दौरान श्याम कुमारी, रीना, सरोजा, राजकुमारी, चन्द्रकला, गीता, सुगवंती, चंप्पा देवी सहित लगभग दो दर्जन महिलाएं थाने पर बैठी रही। मामले को लेकर कोतवाल सदानंद सिंह ने कहा कि ग्रामीणों द्वारा कार का शीशा तोड़ा गया है और कार चालक की पिटाई भी की गई है सीसीटीवी फुटेज के आधार पर जांच कर दोषी के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

# आंखों की आधुनिक बीमारी का कारण मोबाइल व कम्प्यूटर



जितेंद्र श्रीवास्तव

**वाराणसी।** बदलती जीवन शैली ने हर नागरिक के जीवन में खासा बदलाव लाया है। इसमें से एक है मोबाइल, लैपटॉप और कम्प्यूटर। हालांकि ये हमारे कामकाजी जीवन का अनिवार्य हिस्सा बन चुके हैं। लेकिन इसके उपयोग से हमारे जीवन के अभिन्न आंख पर काफी गहरा असर पड़ने लगा है। कहने का आशय यह कि दैनिक जीवन में मोबाइल, लैपटॉप या कम्प्यूटर पर घंटों लगे रहने से आंखों में जलन, सूखापन, भारीपन और सिर दर्द होने लगे तो समझ लीजिए कि आप आधुनिक बीमारी के शिकार हो गए हैं। चिकित्सकीय भाषा में इसे 'कंम्प्यूटर विजन सिंड्रोम' कहते हैं। लिहाजा, आप इन आधुनिक उपकरणों का उपयोग उतना ही करें, जितना आवश्यक हो। यदि आवश्यकता के बीच लगातार घंटों इस पर टकटकी लगाना जरूरी है तो हर आधे-आधे घंटे पर दो से पांच मिनट का विश्राम आंखों को देना भी आवश्यक है। ऐसे ही कुछ सावधानी बरतने और नियमों का पालन कर हम इस बीमारी से बच सकते हैं। यह कहना है बीएचयू अस्पताल स्थित नेत्र रोग विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर एवं नेत्र कैंसर, चोट व ऑक्लुप्लास्टी के प्रभारी डॉ. राजेंद्र प्रकाश मौर्य का। 'जनसंदेश टाइम्स' से 'खास मुलाकात' के दौरान उन्होंने इस बारे में अपने अनुभव साझा किये। उन्होंने ऐसे लोगों को कुछ सलाह भी दी, जो मोबाइल, लैपटॉप या कंम्प्यूटर से घंटों चिपके रहते हैं। प्रस्तुत है उनके बातचीत पर आधारित रिपोर्ट।



एशिया पैसिफिक एकेडमी ऑफ ऑप्थल्मोलॉजी अचीवमेंट अवार्ड-2021 से सम्मानित डॉ. राजेंद्र प्रकाश मौर्य ने बताया कि मोबाइल, लैपटॉप या कंम्प्यूटर के वीडियो डिस्प्ले टर्मिनल से निकलने वाली इलेक्ट्रो मैग्नेटिक किरणें आंखों की पुतली और मांसपेशियों को संकुचित कर देती है। लंबे समय तक संकुचन से नेत्र की मांसपेशियों में तनाव आ जाता है। जिससे आंखों में भारीपन, थकान या दर्द शुरू हो जाता है। सामान्य व्यक्ति की पलकें एक मिनट में करीब 10 बार झपकती है। पलकों का झपकना महत्वपूर्ण प्रक्रिया है, इससे आंख की पुतली साफ रहती है। आंसू का जल एक समान रूप से फैलता है और जल में घुलित ऑक्सीजन पुतली को मिलती रहती है। मगर इन आधुनिक उपकरणों पर एकटक देखने से पलकों के झपकने की दर काफी कम हो जाती है। इससे पुतली पर सूखने के धब्बे बन जाते हैं और व्यक्ति को धुंधला दिखने लगता है। इसके साथ ही आंखों में जलन, आंखों का गढ़ना भी शुरू हो जाता है। सिर चकराने लगता है। मस्तिष्क में दर्द सा महसूस होने लगता है। ऐसे में आवश्यक है कि इन उपकरणों का प्रयोग करने के दौरान बीच-बीच में आंखों को विश्राम दें। साथ ही पलकों को बराबर झपकाते रहे। हर दो से तीन घंटे पर आंखों को साफ पानी से धो लें ताकि आंखों की ताजगी बनी रहे।

**इलेक्ट्रो मैग्नेटिक किरणें करती है आंखों की पुतली और मांसपेशियों को संकुचित**

**पलक झपकाए बगैर काम करने से हो सकती है आंखों में जलन, सूखापन, भारीपन व सिर दर्द की शिकायत**

**आंखों से स्क्रीन रखें 25 सेमी दूर, एंटी-ग्लेयर चश्मा लगाएं, हर 30-40 मिनट पर ब्रेक लेना न भूलें**

**'कंम्प्यूटर विजन सिंड्रोम' नामक होती है आधुनिक बीमारी : डा. राजेंद्र प्रकाश मौर्य**

**खास मुलाकात**



डा. राजेंद्र प्रकाश मौर्य

## कितनी दूरी पर रखें मोबाइल लैपटॉप या कम्प्यूटर?

घर हो या दफ्तर। काम करने वाले अधिकांश लोगों को यह समस्या सामने आती है कि देर तक मोबाइल देखने, लैपटॉप या कम्प्यूटर पर काम करने से आंखों में थकावट और सूखापन आने लगता है। ऐसे में आवश्यक है कि इन उपकरणों का इस्तेमाल करते समय आप स्क्रीन को कम से कम 20 से 25 सेंटीमीटर दूर ही रखें। कम्प्यूटर का इस्तेमाल करते समय तो इस बारे में विशेष सावधानी बरतें। काम करते समय एंटी-ग्लेयर चश्मा या स्क्रीन पर एंटी-ग्लेयर रिफलेक्टर लगा दे। हर 30 से 40 मिनट पर छोटा से ब्रेक लें। आंखों में जलन होने पर लूब्रीकेंट आई-ड्राप का प्रयोग करें।

## सीधा देखने पर निगाह टेढ़ी क्यों नजर आती है?

आंखों में भेंगापन या स्कीवींट एक खास बीमारी है। बच्चों में यह बीमारी अक्सर देखने को मिलती है। इसके लिए नियमित चश्मे के पावर व आंखों के पर्दे की जांच कराते रहना चाहिए। पांच साल से पहले यदि बच्चे का इलाज कराने से बेहतर परिणाम मिलते हैं। बेहतर वाली आंख की पैचिंग करना चाहिए, इसे 'आक्लूजन थेरैपी' कहते हैं। इससे कमजोर आंख में ताकत आती है और आंख सीधी हो सकती है अन्यथा आगे चलकर ऑपरेशन की जरुरत पड़ सकती है।

## लंबे समय से दूर के लिए चश्मा लगाने और पॉवर बढ़ने पर क्या करें?

यह मायोपिया का लक्षण है। दूर की वस्तु देखने में दिक्कत होती है। कम उम्र के बच्चों में भी यह लक्षण देखने को मिल रहा है। वैसे उम्र बढ़ने के साथ एक्जियल लेंथ भी बढ़ता है, जिससे चश्मे का पॉवर आ जाता है। चश्मा लगाना ही लगाना है, लेकिन रिजिड कांटेक्ट लेंस भी लगवाया जा सकता है। नियमित चश्मे की जांच कराते रहते रहना चाहिए। नियमित योगा और एक्सरसाइज भी करें। वैसे, पॉवर न बढ़े, इसके लिए हरी साग-सब्जी और एंटी आक्सीडेंट युक्त फलों का भी सेवन करना चाहिए। चश्मा लगाने के बाद भी यदि पढ़ते या टीबी, मोबाइल देखते समय बीच में काला धब्बा दिखता है तो यह संकट की बात है। इसे उम्रदराज मैक्युलर डी-जेनेरेशन कहते हैं। इसमें रेटिना का सबसे संवेदनशील हिस्सा मैक्युला क्षतिग्रस्त होने लगता है। इसके लिए रेटिना विशेषज्ञ से पर्दे की जांच व उचित इलाज कराना चाहिए।

### अपनाएं '20-20' फॉर्मूला

कंम्प्यूटर विजन सिंड्रोम से बचने के लिए '20-20' का फॉर्मूला अपनाना होगा। इसके तहत आपको कम्प्यूटर स्क्रीन व अपनी आंखों के बीच की कम से कम 20 इंच दूरी रखनी चाहिए। कम्प्यूटर का मॉनीटर 20 से 30 अंश के कोण में झुका होना चाहिए। हर 20 मिनट पर आंखों को स्क्रीन से अलग करना चाहिए। अक्षर फांट की साइज बड़ा करके ही काम करना चाहिए। स्क्रीन के ब्लैक बैंकग्राउंड पर नहीं, बल्कि सफेद बैंकग्राउंड पर काम करना चाहिए।

### मोतियाबिंद क्यों होता है और इसका उपचार क्या है?

आंखों के प्राकृतिक व पारदर्शी लेंस धुंधला हो जाने को मोतियाबिंद कहते हैं। यह जन्मजात (गर्भावस्था में कुपोषण एवं संक्रमण के कारण) भी हो सकता है। सबसे अधिक वृद्धावस्था में होने वाली शारीरिक परिवर्तन के कारण उम्रदराज लोगों को मोतियाबिंद होता है। मोतियाबिंद चोट लगने से भी हो सकता है। मोतियाबिंद का निदान केवल ऑपरेशन ही है। ऑपरेशन के जरिए लेंस प्रत्यारोपण के माध्यम से पूरी रोशनी प्राप्त की सकती है।

### ये भी हैं गंभीर नेत्र लक्षण

डॉ. मौर्य का कहना है कि आंखों की कुछ बीमारियों काफी गंभीर होती है। मसलन आंखों के सामने अचानक धुंध छा जाना या अचानक रोशनी कम हो जाने की समस्या भी कई लोगों के सामने आयी है। ऐसा आंख का पर्दा फटने या पर्दा खिसकने या खून की नस के फट जाने से होता है। इसके अलावा, आंखों के सामने अचानक जलती हुई ज्वाला या जुगनू जैसी चकम का दिखाई देना, आंखों के सामने तैरते हुए काले धब्बे या उड़ता हुआ मच्छर जैसा प्रतीत होना, तेज सर दर्द के साथ आंख की रोशनी कम होना, अचानक आंख का तिरछा (भेंगापन) होना, दर्द के साथ आंखों का लाल होना, दर्द के साथ आंख में पानी आना, एक वस्तु का दो-दो दिखाई देना, दर्द के साथ आंखों में सूजन या आंख का बाहर की ओर निकलना आदि लक्षण गंभीर प्रवृत्ति के माने जाते हैं। इसमें लापरवाही कदापि नहीं बरतनी चाहिए। तत्काल चिकित्सक से संपर्क करना चाहिए और उनकी सलाह के अनुसार काम करना चाहिए।

### पलक गिरने का क्या है कारण?

पलक का गिरना टोसिस कहलाता है। नसों के कमजोर होने, लकवा मारने, ब्रेन में चोट लगने से या जन्मजात भी यह हो सकता है। इसके लिए लिवेटर मसल्स की सर्जरी करते हैं या फेसिया लाटा स्लिंग सर्जरी के माध्यम से इसे पूरी तरह से ठीक किया जा सकता है।

### नेत्र प्लास्टिक सर्जरी क्या है?

यह आंखों की सर्जरी की नई विधि है। इसमें कास्मेटिक सर्जरी के माध्यम से पलक, नेत्र गोलक या चेहरे के किसी भी भाग की विकृति को ठीक किया जाता है। पूर्वांचल में यह सुविधा महज बीएचयू के सरसुंदर लाल चिकित्सालय में ही उपलब्ध है।


### आंखों में पानी आए तो क्या करें?

आंखों को नम रखने के लिए जो पानी बनता है, वह अश्रु नलिका के माध्यम से नाक में जाता रहता है। बढ़ती उम्र में पंप मैकेनिज्म कमजोर होने से पानी गिरने लगता है। इसे 'इपीफोरा' कहते हैं। लिहाजा, आंखों में एंटीबायोटिक ड्राप डालना चाहिए। नेत्र चिकित्सक से सलाह लेकर नली का सिरिंजिंग कराना चाहिए। यदि नली ब्लॉक होगी तो सर्जनी करानी पड़ सकती है।

# वाराणसी से प्रयागराज का किराया अब 194 रुपये




## यात्रियों ने कहा बढ़े किराये का बोझ महीने के खर्च को प्रभावित करेगा



वाराणसी। उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम ने यात्रियों के जेब पर एक बार फिर बोझ डाल दिया, निगम ने अपने बसों को किराया बढ़ा दिया, वाराणसी कैंट रोडवेज से अन्य शहरों को जाने के लिए बसों के लिए यात्रियों बढ़ा किराया देना होगा। सोमवार की रात 12 बजे से बढ़े किराये को प्रभावी कर दिया गया मंगलवार को निगम की बसों से गंतव्य की ओर जाने वाले यात्रियों ने कहा कि आम लोगों के जीवन पर सरकार के दमनकारी नीतियों को हमेशा प्रभाव पड़ता रहा है। चुनाव से पहले तमाम वादों का पीटारा तो एक समय के बाद बंद हो जाता है, लेकिन चुनाव के बाद समस्याओं का पीटारा खोल दिया जाता है। मंहगाई के बोझ से दिन प्रति लोगों का जीना मुहाल हो रहा है। अब तो रिश्तेदारी में भी जाना समस्या भरा हो गया।

### वाराणसी से अब इन मार्गों पर देना होगा बढ़ा किराया

| प्रमुख मार्ग | पहले | अब |
|---|---|---|
| वाराणसी - लखनऊ | 375- | 454 |
| वाराणसी- प्रयागराज | 162- | 194 |
| वाराणसी- आजमगढ़ | 138- | 168 |
| वाराणसी- शक्तिनगर | 284- | 341 |
| वाराणसी- गोरखपुर | 270- | 327 |
| वाराणसी- गोरखपुर | 264- | 323 |

### कब-कब बढ़ा किराया

| | |
|---|---|
| 2 फरवरी 2013 | 74 पैसे प्रति किमी |
| 17 जुलाई 2013 | 78 पैसे प्रति किलो |
| 11 फरवरी 2014 | 79 पैसा प्रति किमी |
| 21 अगस्त 2014 | 81 पैसा प्रति किमी |
| 18 जुलाई 2016 | 86 पैसा प्रति किमी |
| 4 अक्टूबर 2017 | 95 पैसा प्रति किमी |
| 1 फरवरी 2020 | 105 पैसा प्रति किमी |
| 6 फरवरी 2023 | 25 पैसा प्रति किमी |

### किराये पर ध्यान व्यवस्था नजर अंदाज

गोरखपुर जाने वाले तस्लीम बताते हैं कि निगम की ओर से अपने राजस्व पर ध्यान दिया जा रहा है लेकिन यात्रियों की सुविधाओं पर किसी की नजर नहीं जाती, बताया कि बसों की स्थित ठीक नहीं साफ सफाई पर कोई ध्यान नहीं, लेकिन राजस्व पर हमेशा नजर रहती है। वहीं आजमगढ़ जाने वाले सुहैल अहमद ने बताया कि बस स्टेशन पर ना तो पीने का पानी है ना ही बैठने का उपयुक्त स्थान और किराये के प्रति संवेदनशील,

### बोले यात्री

पांडेयपुर निवासी राधाकृष्णा कहते हैं कि मंहगाई रुपी डायन ने किसी क्षेत्र को नहीं छोड़ा है, आम लोगों की सरकार कहे जाने वाले लोगों पहले आम आदमी के जरुरतों को समझना होगा, वहीं तेलियाबाग के जितेन्द्र बताते हैं कि निजी संस्थान में तनख्वाह तो बढ़ता नहीं लेकिन अन्य क्षेत्रों में बढ़ती मंहगाई से जीना मुहाल हो रहा है, जौनपुर जाने वाले जौनपुर के ही अमित बताते हैं कि वाराणसी में कार्य के सिलसिले के चलते लगातार आना जाना होता है बढ़े किराये का बोझ महीने के खर्च को प्रभावित करेगा।

# ढुंढिराज गणेश मंदिर के लिए चलेगा एक-एक रुपये दान का महाअभियान

**रोप-वे निर्माण**

**काशीवासियों के सहयोग से होगा मंदिर का जीर्णोद्धार**

**वाराणसी।** श्रीकाशी विश्वनाथ मंदिर के द्वार संख्या एक के पास स्थित प्रथम पूज्य ढुंढीराज गणेश की मूर्ति और मंदिर को स्थानांतरित करने का प्रयास चल रहा था। जिस पर विराम लग चुका है। ऐतिहासिक और प्राचीन ढुंढीराज गणेश मंदिर के सुंदरीकरण को लेकर अन्नपूर्णा मंदिर में महंत शंकरपुरी महराज की अध्यक्षता में बैठक सम्पन्न हुई। जिसमें ढुंढीराज जीर्णोद्धार कमेटी के गठन को लेकर चर्चा हुई। बैठक में यह तय हुआ कि 09 फरवरी गुरुवार को गणेशजी अनुमति पूजा की जाएगी और सुंदरीकरण का कार्य शुरू होगा। महंत शंकर पुरी महराज ने कहा एक रुपए गणेशजी के नाम पर भक्त मुहिम चलाना चाहते हैं जो स्वागत योग्य है। कहा कि ढुंढीराज गणेश मंदिर का अब भव्य सुंदरीकरण होगा। अन्नपूर्णा मंदिर के प्रबंधक काशी मिश्र ने बताया कि महंत के लिए फैसले से काशीवासी प्रसन्नचित्त हैं। अब काशी की जनता के सहयोग से ढुंढीराज गणेश मंदिर का सुंदरीकरण होगा। इसके लिए हर काशीवासी से एक रुपए दान की अपील की गई है। इसके लिए कमेटी का गठन के बाद बैंक एकाउंट खोला जाएगा। केंद्रीय ब्राह्मण महासभा के प्रदेश अध्यक्ष अजय शर्मा ने कहा कि काशी मोक्ष की नगरी है। महादेव पुत्र के मंदिर के जीर्णोद्धार में काशीवासियों की भागीदारी तय होगी। एक-एक रुपए के दान का महाभियान शुरू किया जाएगा। काशी की धार्मिक जनता के सहयोग एक-एक रुपए दान का महाभियान से ढुंढीराज गणेश मंदिर का जीर्णोद्धार चलेगा। बैठक में प्रवीण उपाध्याय,सोना लाल सेठ, मार्कण्डेय तिवारी,महादेव विनय, दीपू तिवारी,राकेश तिवारी,सत्य पांडेय सहित अन्य गणमान्य मौजूद रहे।



# जे.ई.ई मेन 2023 में कैटजी के विद्यार्थियों का बेहतर प्रदर्शन

वाराणसी। मंगलवार को घोषित जे.ई.ई मेन 2023 की जनवरी वाली परीक्षा के में महमूरगंज, वाराणसी स्थित आई.आई.टी/मेडिकल की कोचिंग कैटजी के 24 विद्यार्थिओं ने 98 परसेंटाइल से ज्यादा अंक प्राप्त कर संस्था का गौरव बढाया है। निदेशक एस के अग्रवाल ने सफल विद्यार्थियों को बधाई दी, बताया की कैटजी की नए सत्र की प्रवेश परीक्षाएं 12 मार्च से होंगी, कक्षा नौ का नया सत्र 22 मार्च से और कक्षा 11 का नया सत्र 29 मार्च से शुरू होगा। निदेशक एस के अग्रवाल ने बताया कि कैटजी का पहला टॉपर विवेक कुमार उपाध्याय संस्था के ऑनलाइन प्लेटफार्म कैटजी ऑनलाइन क्लासेज का विद्यार्थी है और हरियाणा में रह कर जे.ई.ई की तैयारी करता आ रहा है, उसने अपनी सफलता में कैटजी ऑनलाइन क्लासेज का एक बड़ा योगदान बताया, वर्ष 2020 में प्रारंभ हुए कैटजी ऑनलाइन क्लासेज ने विगत तीन वर्षों में जोर शोर से अपनी पहुंच बढ़ाई है और आज उत्तर प्रदेश के आस पास के कई राज्य जैसे मध्य प्रदेश, पश्चिम बंगाल, हरियाणा, ओड़िशा, महाराष्ट्र और झारखण्ड, छत्तीसगढ़ के कई सौ विद्यार्थी कैटजी ऑनलाइन क्लासेज से जुड़े हैं और अपनी जे.ई.ई और नीट की तैयारी को घर बैठे आगे बढ़ा रहे हैं। निदेशक एस.के.अग्रवाल ने बताया कि कैटजी ऑनलाइन क्लासेज कैटजी की विगत 25 वर्षों के सुनियोजित और व्यवस्थित शिक्षण शैली से जन्म लिया एक ऐसा माध्यम है जिसने आज एक मेहनती बच्चे को घर बैठे अपने लक्ष्य तक पहुंचने का एक रास्ता दिखला दिया है. उन्होंने ये बताया की अभी हमारी पहुँच उत्तर, पश्चिम, मध्य और पूर्वी भारत तक तो अच्छी है परन्तु दक्षिण भारत के बच्चों तक श्कैटजी ऑनलाइन क्लासेज को इस वर्ष पहुंचाना हमारा लक्ष्य है।



**ये विद्यार्थी रहे सफल:** संस्था से विवेक कुमार उपाध्याय ने 99.9973152 परसेंटाइल; वैभव प्रकाश (99.8372675); जय मंगल पांडे (99.7250394); सनी कुमार (99.6760181); काजल (99.5260729); आरव कुमार यादव (99.4821941); अंशिका राज यादव (99.4421118); प्रियांस केशरी (99.3984314); प्रांजल गुप्ता (99.3853401); सिद्धार्थ सिंह (99.3777924); हर्षित चौधरी (99.2366685); अनुब्री गुप्ता (99.2238913); आयुष उपाध्याय (98.9497784); आदित्य चतुर्वेदी (98.9288525); ऋष रंजन (98.8400561); अभिनंदन साहू (98.733129); नयनिमा जायसवाल (98.691549); शुभम सिंह (98.5636234 ); वात्सल्य सिंह (98.5166391); कुमार सार्थक प्रतीक (98.3745854); तनीश बोस (98.3626564); तमन्ना कपूर (98.1902121); रतन यादव (98.147637); और तपश जायसवाल ने 98.0863293 स्कोर किया.

# ऑटो स्टैंड होगा अन्य स्थान पर शिफ्ट

**रोप-वे निर्माण**

**सर्कुलेटिंग एरिया में बने ऑटो स्टैंड पर ही बनाया जायेगा रोपवे स्टेशन**

जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** रोपवे स्टेशन निर्माण के चलते कैंट स्टेशन (वाराणसी जंक्शन) के सर्कुलेटिंग एरिया में स्थित ऑटो स्टैंड को अन्यत्र हस्तानांतरित किये जाने की प्रकिया जल्द ही शुरू कर दी जायेगी। प्रधानमंत्री के ड्रीम प्रोजेक्ट में शामिल शहर में बनने वाला रोप-वे भी है, इसका खाका तैयार किया जा रहा है। इसका पहला स्टेशन कैंट के सर्कुलेटिंग एरिया में बनाने का प्रस्ताव रखा गया है। जिसकी तैयारी भी शुरू कर दी गयी है। कैंट स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया में बने ऑटो स्टैंड के स्थान को चिन्हित किया गया है, इसी स्थान पर रोप-वे का पहला स्टेशन बनाया जायेगा। रेल के अधिकारियों की माने तो इस पर ऑटो संचालकों से वार्ता भी शुरू कर दिया गया है। वाराणसी जंक्शन पर बनने वाले रोप-वे स्टेशन के लिए जल्द ही ऑटो स्टैंड को सर्कुलेटिंग एरिया में ही अन्यत्र शिफ्ट करने की कवायद शुरू कर दी गयी है।

> ऑटो स्टैंड को सर्कुलेटिंग एरिया में ही कहीं शिफ्ट किया जायेगा जिससे यात्रियों को ज्यादा परेशानी ना हो, रोपवे स्टेशन के लिए चिन्हित स्थान पर ही रोपवे स्टेशन बनाये जाने की प्रक्रिया संबंधित विभाग की ओर से शुरू की जायेगी।
>
> गौरव दीक्षित, स्टेशन निदेशक, वाराण्सी कैंट स्टेशन